





सचित्र

श्री कल्पसूत्र

प्रवर्त्तक अमर मुनि

Illustrated

KALPASUTRA

Pravartak Amar Muni

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्री कल्पसूत्र

श्रमण वर्ग की आचार-मर्यादाओं, परम्पराओं एवं समाचारी आदि का सूचन एवं प्ररूपण करने वाला सूत्र-शास्त्र कल्पसूत्र कहा जाता है। इसके 1215 श्लोक प्रमाण होने से बारह सौ सूत्र (बारसा कल्प) भी इसका नाम प्रसिद्ध हो गया है।

कल्पसूत्र श्रुत केवली भद्रबाहुस्वामी द्वारा विरचित है। उन्होंने प्रत्याख्यान प्रवाद, बृहत्कल्प, आचारदशा आदि शास्त्रों से चुन-चुनकर इसमें दस कल्पों तथा साधु-समाचारी आदि का निरूपण किया है। वैसे यह दशाश्रुत स्कंध नामक छेद सूत्र का आठवाँ अध्ययन माना जाता है।

कल्पसूत्र में तीन विषयों का प्रतिपादन किया गया है—

1. तीर्थंकर चरित्र-कल्प मर्यादाओं के प्रेरक एवं निर्देशक श्रमण भगवान महावीर आदि 24 तीर्थंकरों का जीवन-चरित्र।

2. स्थविरावली-कल्प-मर्यादा में स्वयं स्थिर रहने और अपने गण के साधु वर्ग को स्थिर रखने वाले ज्ञान एवं चारित्र गुणों में श्रेष्ठ स्थविरों का परिचय एवं उनकी परम्परा।

3. समाचारी-साधु वर्ग के लिए पालनीय पर्युषण (वर्षावास) कल्प एवं साधु-व्रत, नियम समाचारी आदि का निरूपण।

SHREE KALPASUTRA

The scripture that details and prescribes the code of conduct, the rules of discipline and the traditional norms to be followed by the ascetic community is known as the Kalpasutra. As it is a volume in size equivalent to 1215 couplets it is also popularly known as 'Baraha Sau Sutra' (Barasa Kalpa) or Twelve Hundred Aphorisms.

The author of Kalpasutra was Shrut-kevali Bhadrabahu Swami. He selected important material from Pratyakhyan Pravad, Brihatkalpa, Achardasha and other such works and framed the ten Kalpas and Sadhu-samachari parts of this work. It is generally believed that this work is the eighth section of the Chheda Sutra (a classification of Jain scriptures) named the Dsshashrut Skandha.

Mainly three topic have been dealt with in the Kalpasutra-

1. Tirthankar Charitra-The biographical sketches of the Tirthankars-the propagators and teachers of the code of conducts-including Shraman Bhagavan Mahavir.

2. Sthaviravali-The profiles and chronological lineage of the Sthavirs, in Mahavir's tradition. The Sthavirs are those senior monks who immaculately follow the code of conduct and as the leaders of the organization ensure that the ascetics of their group strictly observe the prescribed code.

3. Samachari-The rules of ascetic discipline during the monsoon stay (Paryushan and otherwise)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राकृत भारती पुष्प : 239

चरम श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु स्वामी प्रणीत

सचित्र श्री कल्पसूत्र

शुद्ध मूल पाठ, हिन्दी-अंग्रेजी अनुवाद तथा संक्षिप्त कथा विस्तार

प्रधान सम्पादक

उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. के सुशिष्य

प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

सह-सम्पादक

श्रीचन्द सुराना 'सरस'

सह-सम्पादक

श्री वरूण मुनि "अमर शिष्य"

अंग्रेजी अनुवादक

श्री सुरेन्द्र बोथरा

प्रकाशक

पद्म प्रकाशन, पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-40

श्री दिवाकर प्रकाशन, आगरा

प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सचित्र आगम माला का तृतीय पुष्प

प्रथम संस्करण

आगम रत्नाकर आचार्य सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी म. के दीक्षा शताब्दी वर्ष तथा उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. के दीक्षा स्वर्ण जयन्ती वर्ष के अवसर पर प्रकाशित

द्वितीय संस्करण

आगम रत्नाकर आचार्य सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी म. एवं उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. की पुण्य स्मृति में प्रकाशित

चरम श्रुतकेवली श्री भद्रबाहु स्वामी प्रणीत : सचित्र श्री कल्पसूत्र

❐ *प्रधान सम्पादक* : प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि

❐ *सह-सम्पादक* : श्रीचन्द सुराना 'सरस'

❐ *सह-सम्पादक* : श्री वरुण मुनि "अमर शिष्य"

❐ *अंग्रेजी अनुवादक* : श्री सुरेन्द्र बोथरा, जयपुर

❐ *चित्रकार* : सरदार पुरुषोत्तमसिंह, सरदार हरविंदरसिंह

❐ *प्रकाशक* : ***पद्म प्रकाशन***

पद्म धाम, नरेला मण्डी, दिल्ली-110 040

श्री दिवाकर प्रकाशन, आगरा

ए-7, अवागढ हाउस, अंजना सिनेमा के सामने,

एम. जी. रोड, आगरा-282 002 फोन : (0562) 2851165

E-mail : sansuman21@rediffmail.com

प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर

13-ए, मेन मालवीय नगर, जयपुर-302 003 फोन : 2524827

E-mail : prabharati@datainfosys.net

❐ *प्रथम आवृत्ति* : चैत्र, वि. सं. 2057, मार्च, ईस्वी सन् 2001

❐ *द्वितीय आवृत्ति* : वि. सं. 2065, ईस्वी सन् 2008

❐ *मूल्य* : छह सौ रुपया मात्र (600/-) US $ 30

❐ ISBN : 978-81-89698-47-8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Prakrit Bharti Pushp - 239

Last Shrutakevali Shri Bhadrabahu Swami's

ILLUSTRATED SHRI KALPASUTRA

Original Text, Hindi and English Translations with Brief Narrative Elaboration

❐ EDITOR-IN-CHIEF ❐

Pravartak Shri Amar Muni

(the disciple of Uttar Bharatiya Pravartak Bhandari Shri Padmachandra Ji Maharaj)

❐ CO-EDITOR ❐

Srichand Surana 'Saras'

❐ CO-EDITOR ❐

Shri Varun Muni "Amar Shishya"

❐ ENGLISH TRANSLATOR ❐

Shri Surendra Bothara

PUBLISHERS

PADMA PRAKASHAN, PADMA DHAM, NARELA MANDI, DELHI-40
SHREE DIWAKAR PRAKASHAN, AGRA
PRAKRIT BHARATI ACADEMY, JAIPUR

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Illustrated Agam Publication Series : Book Three

First Edition

Published on the occasion of the Diksha centenary year of Agam Ratnakar Acharya Samrat Shri Atmaram Ji M. and the Diksha Golden Jubilee year of Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padam Chandra Ji M.

Second Edition

Published in pious memory of Agam Ratnakar Acharya Samrat Shri Atmaram Ji M. and Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padam Chandra Ji M.

ILLUSTRATED SHRI KALPASUTRA
(Last Shrutakevali Shri Bhadrabahu Swami's)

- ***Editor-in-Chief*** : Pravartak Shri Amar Muni
- ***Co-Editor*** : Srichand Surana 'Saras'
- ***Co-Editor*** : Shri Varun Muni "Amar Shishya"
- ***English Translator*** : Shri Surendra Bothara, Jaipur
- ***Illustrations*** : Sardar Purushottam Singh, Sardar Harvinder Singh
- ***Publishers*** : **Padma Prakashan**
  Padma Dham, Narela Mandi, Delhi-110 040

  Shree Diwakar Prakashan, Agra
  A-7, Awagarh House, Opp. Anjna Cinema.
  M. G. Road, Agra-282 002
  Ph. (0562) 2851165,
  E-mail : sansuman21@rediffmail.com

  Prakrit Bharati Academy, Jaipur
  13-A, Main Malviya Nagar, Jaipur-302 003
  Ph. : 2524827 E-mail : prabharati@datainfosys.net
- ***First Edition*** : 2057 V., 2001 A.D.
- ***Second Edition*** : 2065 V., 2008 A.D.
- ***Price*** : Six Hundred Rupees only (Rs. 600/-) US $ 30
- **ISBN** : 978-81-89698-47-8

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशकीय

आगम रत्नाकर आचार्य सम्राट् श्री आत्माराम जी म. ने जैन आगमों के प्रचार/प्रसार एवं अध्ययन-अध्यापन की दृष्टि से जो अविस्मरणीय कार्य सम्पादन किया, वह जैन आगम साहित्य के इतिहास में सदा अमर रहेगा। उनकी प्रेरणा से तथा उन्हीं के कृत कार्य को आगे बढ़ाने में उनकी सुविज्ञ शिष्य परम्परा सदा अग्रणी रही है। उनके आगम रहस्यवेत्ता विद्वान शिष्यों ने जिनवाणी के अध्यात्मज्ञान को जनव्यापी बनाने में अपने जीवन का बहुत बड़ा योगदान किया है। इसी पावन परम्परा में आचार्य सम्राट् के विद्वान शिष्य पंडित-रत्न श्री हेमचन्द्र जी महाराज के सुशिष्य उत्तर भारतीय प्रवर्त्तक गुरुदेव भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी महाराज का नाम भी सदा स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

प्रवर्त्तक गुरुदेव श्री भण्डारी जी म. की प्रेरणा से एवं आपश्री के विद्वान् शिष्य प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. के सम्पादन में सूत्रकृतांग (दो भाग), प्रश्न-व्याकरण (दो भाग), भगवती सूत्र (चार भाग) आदि विशाल आगमों का हिन्दी व्याख्या के साथ जो सुन्दर जनोपयोगी प्रकाशन हुआ है वह सर्वत्र समादृत हुआ है। आगम पाठकों को उससे बहुत लाभ मिला है। आगम प्रकाशन की इसी महान् श्रृंखला में गुरुदेव श्री भण्डारी जी म. की भावना के अनुरूप प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. ने जैन आगमों का चित्रमय प्रकाशन करने की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा सर्वथा अभिनव योजना का प्रारम्भ किया है।

चित्र-दर्शन से विषय-वस्तु का बोध शीघ्र हो जाता है। इसलिए ज्ञान वृद्धि में चित्रों का एक विशेष महत्त्व है। आगमों का सचित्र प्रकाशन जहाँ एक बहुत विशाल और व्ययसाध्य कार्य है, वहाँ इसका ऐतिहासिक महत्त्व भी है। यह निस्संदेह कहा जा सकता है कि आने वाले युगों में तथा जहाँ पर जैन श्रमण-श्रमणियाँ नहीं पहुँचते हैं, वहाँ इन चित्रमय आगमों से जनता जैन धर्म व संस्कृति की समृद्ध परम्परा और तत्त्वस्वरूप को बहुत ही सरलता/सहजता से समझ सकेगी। इसी दूरदृष्टि को और भविष्य के सुन्दर परिणाम को ध्यान में रखकर गुरुदेवश्री की कृपा से हमने जैन आगम शास्त्रों का चित्रमय प्रकाशन प्रारम्भ किया है।

हमने भगवान महावीर की अन्तिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र का चित्रमय भव्य प्रकाशन किया।

हमने भगवान महावीर की अन्तिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र का चित्रमय भव्य प्रकाशन किया। इस प्रकाशन को सभी ने बहुत पसन्द किया, मुक्त-कण्ठ से प्रशंसा भी की है। उसके बाद अष्टम अंग श्रीमद् अन्तकृद्दशा सूत्र का सचित्र प्रकाशन हुआ, वह भी सर्वत्र प्रशंसित हुआ है। अब अपेक्षा है कि इस प्रकार का श्रेष्ठ और मूल्यवान साहित्य प्रत्येक पुस्तकालय, स्थानक, उपाश्रय और मन्दिर में पहुँचे। लोग इसे अपनी आलमारी में सजाकर ही न रखें, समय-समय पर स्वाध्याय करके लाभान्वित भी हों। आज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नहीं तो कल ऐसा समय आयेगा, जब शास्त्रप्रेमी श्रावक, साधु-साध्वी इस प्रकार के भव्य मनोरम साहित्य को पढ़ने के लिए मँगाने की प्रेरणा देंगे और इसके व्यापक प्रचार में सहयोगी बनेंगे।

हम इस वर्ष श्री कल्पसूत्र का चित्रमय प्रकाशन कर रहे हैं। सामान्य प्रकाशन से चित्रमय प्रकाशन लगभग दस गुना अधिक महँगा पड़ता है, इस कारण उसका मूल्य भी अधिक रखना पड़ता है। किन्तु फिर भी हम लागत मूल्य पर ही इसे घर-घर पहुँचाने का प्रयास करते हैं।

इस आगम सम्पादन में श्रद्धेय प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. ने बहुत ही श्रम किया है। उन्हीं के निर्देशन में प्रसिद्ध विद्वान् तथा जैन चित्रमय साहित्य के मर्मज्ञ श्री श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' ने एक वर्ष के सुदीर्घ परिश्रमपूर्वक इस भव्य कृति को परिपूर्ण किया है तथा श्री सुरेन्द्रकुमार जी बोथरा ने सम्पादन सहयोग के साथ ही मूलानुसारी, सरल भाषा और प्रवाहपूर्ण शैली में अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया है। उनके श्रम के प्रति हमारी संस्था सदा कृतज्ञ रहेगी।

उपप्रवर्तिनी विदुषी-रत्न श्री सरिता जी म. की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन तो मिला ही है, उनकी सत्प्रेरणा से उदार सद्गृहस्थों ने प्रसार में सहयोग भी प्रदान किया है। गुरुदेवश्री के अनेक भक्त सद्गृहस्थों ने भी अपनी भावना के अनुसार बड़ी प्रसन्नता और सहज श्रद्धा के रूप में सहयोग प्रदान कर हमारे कार्य को सुलभ बनाया है, हम उन सबके प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

चित्रकार सरदार पुरुषोत्तमसिंह व सरदार हरविंदरसिंह तथा मुद्रक निर्मल चित्रण, आगरा का भी धन्यवाद करते हैं, जिनका सहयोग हमें प्राप्त होता रहा है।

आशा है सचित्र आगम प्रकाशन की योजना का समाज में, देश-विदेश में स्वागत होगा और यह आगम अपने आप ही अपनी उपयोगिता से जनग्राह्य बनेगा।

द्वितीय आवृत्ति— कल्पसूत्र के सचित्र होने के कारण इसके पठन-पाठन में स्वाध्यायियों की रुचि निरन्तर बढ़ती ही जा रही है। इसलिये इसका प्रथम संस्करण अब प्रायः समाप्त होने को ही है। प्रवर्त्तक श्री अमर मुनि जी म. सा. की भावना है कि यह सचित्र कल्पसूत्र स्वाध्यायियों को सतत उपलब्ध रहे। इसलिए संस्था ने इसके पुनः मुद्रण कराने का निश्चय किया है। इस कार्य में प्राकृत भारती अकादमी (जयपुर) और श्री दिवाकर प्रकाशन (आगरा) ने सहयोगी प्रकाशक के रूप में अपना सहयोग प्रदान किया, हम उनके आभारी हैं।

—महेन्द्रकुमार जैन
अध्यक्ष : पद्म प्रकाशन, दिल्ली

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Publisher's Note

Agam Ratnakar Acharya Samrat Shri Atmaram ji M. has done pioneering work in the field of study, teaching and popularising of Jain canonical literature. His everlasting contribution will always be remembered. The lineage of his learned disciples has continued to be the fore runners in furthering his mission. The scholars of Jain Agams among his disciples have amply contributed towards the spread of the spiritual message propagated by the Jina. In this pious tradition the name of Uttar Bharatiya Pravartak Gurudev Bhandari Shri Padam Chandra ji Maharaj continues to glitter in golden letters. He was a disciple of Pandit Ratna Shri Hemchandra ji Maharaj, a learned disciple of the Acharya Samrat.

The useful and attractive publication of Sutrakritang (two volumes), Prashna-Vyakaran (two volumes), Bhagavati Sutra (four volumes) and others with Hindi commentary has been appreciated everywhere; these works were edited by Pravartak Shri Amar Muni ji, a learned disciple of Gurudev Shri Bhandari ji M. The scholars of the Agam literature have been greatly benefitted by these works. In this great series of the Agam Publication, Shri Amar Muni ji, in order to fulfil the desires of his Guru Shri Bhandari ji M., has also included the important and novel project of illustrated editions of the Agams.

Illustrations are effective means of easily understanding the content of a text, as such the visual media occupies an important place in the field of knowledge and education. Although it is a cost intensive project, the publication of illustrated Agam literature has a historical value too. The future generations as well as the masses, who do not come in contact with Jain ascetics, will undoubtedly be able to know and understand with ease the essentials of Jain tenets and its rich religious and cultural tradition. With the blessing of our Gurudev and keeping in view these far reaching goals, we have launched this project of publishing illustrated Agam literature.

We brought out Illustrated Shri Uttaradhyayan Sutra, the last preachings of Bhagavan Mahavir. It was received well and commended by all. After that we published Illustrated Shrimad Antakriddasha Sutra, the eighth Anga and that too was praised everywhere. We hope that such useful and valuable books reach every library, Sthanak and Temple. People should not only decorate their drawing rooms with such valuable books but also study them regularly. We are confident that a time would come when the scripture loving ascetics as well

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

as laity would inspire others to acquire such attractive and valuable publications, and consequently help in wide spread popularising of the Agam literature.

This year we are coming out with the Illustrated Shri Kalpasutra. The cost of an illustrated edition is almost ten times that of a simple edition. Accordingly the selling price is also to be kept higher. Still for the sake of a wider distribution we try to sell it at the cost only.

Pravartak Shri Amar Muni ji has put in great efforts in editing of this work. Under his guidance the famous scholar and expert of illustrated literature Shri Srichand ji Surana 'Saras' has put in a year of hard work into this project. Besides assisting in the editing, Shri Surendra Kumar ji Bothara has also done the simplified rendering in a flowing style in English language. We express our gratitude to these scholars.

Pravartini Shri Sarita ji M. besides her valued guidence and support, has also inspired prominent citizens to extend their co-operation and contributions to this project. Numerous devotees of Gurudev Shri have made our task easy with their material contribution and support. We express our thanks and gratitude to them.

Our thanks also to Sardar Purushottam Singh and Sardar Harvinder Singh the illustrator; and Nirmal Chitran, Agra, the printer. They have been extremely co-operative.

We hope his project of publishing illustrated Agam literature will be received well in the country as well as abroad and this particular work will become popular on its own merit and for its usefulness.

There has been an ever increasing interest for the illustrated Kalpa Sutra among readers, scholars and teachers. The first edition is almost sold out. Pravartak Shri Amar Muni Ji M. S. feels that this book should be available always for serious readers. Accordingly we have decided to come out with this second edition. Prakrit Bharati Academy Jaipur and Shree Diwakar Prakashan, Agra have extended their enthusiastic support as joint Publishers, we are grateful to them.

—Mahendra Kumar Jain

***President :* Padma Prakashan, Delhi**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कल्पसूत्र : प्रास्ताविक

कल्प का स्वरूप और अर्थ

'कल्प' शब्द के अनेक अर्थ हैं, जैसे–मर्यादा, आचार-संहिता, समाचारी, परम्परा आदि। आचार्य उमास्वाति के अनुसार 'कल्प' शब्द का लक्षण है–"जो कार्य या आचरण ज्ञान, शील, तप आदि का उपकार या संवर्धन करता है तथा दोषों का निग्रह करता है, उसे कल्प और शेष को अकल्प समझना चाहिए।"[1]

कल्प आचार और तप की मर्यादाओं का प्रेरक है। वस्तुतः कल्प, कल्पवृक्ष है, जो साधुओं के वांछित साध्य–फल को प्राप्त कराता है। कल्प सम्यक् रसायन है, जिसके सेवन से त्यागी जीवन परिपुष्ट होता है।[2]

कल्पसूत्र क्या है ?

श्रमण वर्ग की आचार–मर्यादाओं, परम्पराओं एवं समाचारी आदि का सूचन एवं प्ररूपण करने वाला सूत्र–शास्त्र कल्पसूत्र कहा जाता है। इसके १२१५ श्लोक प्रमाण होने से बारह सौ सूत्र (बारसा कल्प) भी इसका नाम प्रसिद्ध हो गया है।

कल्पसूत्र श्रुत केवली भद्रबाहुस्वामी द्वारा विरचित है। उन्होंने प्रत्याख्यान प्रवाद, बृहत्कल्प, आचारदशा आदि शास्त्रों से चुन-चुनकर इसमें दस कल्पों तथा साधु-समाचारी आदि का निरूपण किया है। वैसे यह दशाश्रुत स्कंध नामक छेद सूत्र का आठवाँ अध्ययन माना जाता है।

कल्पसूत्र का प्रतिपाद्य

कल्पसूत्र में मुख्यतः तीन विषयों का प्रतिपादन किया गया है–

१. तीर्थंकर चरित्र–कल्प मर्यादाओं के प्रेरक एवं निर्देशक श्रमण भगवान महावीर आदि २४ तीर्थंकरों का जीवन-चरित्र।

२. स्थविरावली–कल्प-मर्यादा में स्वयं स्थिर रहने और अपने गण के साधु वर्ग को स्थिर रखने वाले ज्ञान एवं चारित्र गुणों में श्रेष्ठ स्थविरों का परिचय एवं उनकी परम्परा।

३. समाचारी–साधु वर्ग के लिए पालनीय पर्युषण (वर्षावास) कल्प एवं साधु-व्रत, नियम समाचारी आदि का निरूपण।

कल्पसूत्र का वाचन और श्रवण

पर्युषण पर्व के आठ दिनों में जीवन के श्रेय और अभ्युदय के लिए कल्पसूत्र के वाचन श्रवण की प्राचीन परम्परा रही है। कल्पसूत्र के प्रकाश में साधु-साध्वी वर्ग को अपने समग्र आचार-विचारों के बोध की पुनरावृति हो जाती थी। फलस्वरूप वह आचार संहिता का विशेष जागृति और सावधानीपूर्वक अप्रमत्त भाव से आचरण

१. "यज्ज्ञान-शील-तपसामुपग्रहं च दोषाणाम्, कल्पयति निश्चये यत्तत्कल्पमवसेयम्।" –*प्रशमरति, श्लोक १२३*

२. "कल्पो रसायनं सम्यक्, कल्पस्तत्त्वार्थ दीपकः।" –*कल्पसमर्थनम् कल्पमहिमा, श्लोक १*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने लगता था। कल्पसूत्र के मूलपाठ के साथ अर्थ और आशय को हृदयंगम करने के लिए साधु वर्ग ८ दिनों में इसका व्यक्तिगत वाचन-श्रवण भी करता था।[1]

प्रश्न है कि कल्पसूत्र का सार्वजनिक रूप से पठन एवं श्रवण कब से प्रारम्भ हुआ और क्यों?

इसके लिए कल्पसूत्र के प्राचीन चूर्णिकार एक ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हैं–"आज से लगभग १५०० वर्ष पहले आनन्दपुर नगर में ध्रुवसेन नाम के राजा थे जो जैन धर्म में पूर्ण निष्ठावान और नीतिनिष्ठ थे। पर्युषण के दिनों में ही उनका इकलौता पुत्र मृत्यु को प्राप्त हो गया। पुत्र की मृत्यु से शोकग्रस्त राजा के शोक को कम करने के लिए एक जैनाचार्य ने चतुर्विध संघ एवं राज-परिवार के समक्ष कल्पसूत्र का सार्वजनिक रूप से वाचन किया, जिससे शोक संतृप्त राज-परिवार को शांति मिली।" तभी से कल्पसूत्र वाचन की परम्परा प्रचलित हो गई।

मुख्य प्रतिपाद्य

कल्पसूत्र में दशविध कल्पों का वर्णन और उनका सम्यक् परिपालन निरूपण है। वे दश कल्प इस प्रकार हैं–

"आचेलक्कुद्देसिय-सिज्जायर-रायपिंड-कितिकम्मे।

वत-जेट्ठ-पडिक्कमणे, मासं पज्जोसवणा-कप्पे॥"

१. आचेलक्य, २. औद्देशिककल्प, ३. शय्यातर (शय्याधर)–पिण्ड, ४. राजपिण्ड, ५. कृतिक्रम (कृतिकर्म = वन्दनाक्रम), ६. व्रतकल्प, ७. ज्येष्ठकल्प, ८. प्रतिक्रमणकल्प, ९. मासकल्प और १०. पर्युषणाकल्प।

ये दस कल्प स्थविरकल्पी साधु वर्ग के लिये विहित हैं।

कल्प के मुख्य दो प्रकार

शास्त्रों में जिनकल्प और स्थविरकल्प ऐसे दो मुख्य कल्प बताये गये हैं। जिनकल्पी श्रमण का लक्षण है–जो वज्रऋषभनाराच-संहनन-धारक हों, कम-से-कम नौवें पूर्व की तृतीय आचारवस्तु का और अधिक-से-अधिक कुछ कम दस पूर्व तक का जिसे शास्त्रज्ञान हो, जिनकल्पी श्रमण संघ में नहीं रहता। वह पहले स्थविरकल्पी-साधना में पारंगत होने पर ही जिनकल्पिक बनता है। जिनकल्पी साधकों के कुछ विशिष्ट उत्कृष्ट कल्प होते हैं। वे नग्न निष्प्रतिकर्म एवं विविध अभिग्रह-धारक होते हैं। इनके दो प्रकार हैं–पाणिपात्र एवं पात्रधारी।

स्थविरकल्पी साधक संघ में या संघ से सम्बद्ध रहकर अपनी साधना करते हैं। स्थविरकल्पी साधु-साध्वियों को दृष्टिगत रखकर दस कल्पों के विधि-निषेध का प्रतिपादन किया गया है।

स्थविरकल्प के दो भेद होते हैं–एक शास्त्रीयकल्प और दूसरे संघीयकल्प।

अतिप्राचीन काल से आगत आचारकल्प शास्त्रीयकल्प हैं, जो तीर्थंकर गणधर आदि द्वारा प्ररूपित हैं। दूसरे संघीयकल्प हैं, जो संघ की सुव्यवस्था के लिये आचार्यों द्वारा द्रव्य, क्षेत्र, काल एवं भाव की स्थिति को देखकर निर्मित किये जाते हैं, इसे संघ की समाचारी भी कहते हैं। कल्पसूत्र में दस प्रकार के शास्त्रीयकल्पों का विधान है।

---

१. "एगग्गचित्ता जिणसासणम्मि, पभावणा पूअपरायणा जे।
तिसत्तवारं निसुणंति कप्पं, भवन्नवं ते लहुसा तरंति॥" —*कल्पसमर्थनम् कल्पमहिमा, श्लोक ४*

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दस कल्पों का स्वरूप

१. **आचेलक्य**–'चेल' का अर्थ है–वस्त्र ! 'अ' शब्द के दो अर्थ होते हैं–निषेध और अल्प। इस अपेक्षा से अचेल, अचेलक या आचेलक्य शब्द यहाँ सर्वथा निषेधार्थक न होकर अल्प वस्त्र का द्योतक है। इसका भाव है–अल्प मूल्य वाले सात्त्विक, अल्प तथा मर्यादित वस्त्र रखना।

पूर्वाचार्य-रचित 'कल्पसमर्थन' में कहा है–प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर का धर्म (आचार), अचेलक (मर्यादानुकूल अल्प मूल्य वाले श्वेत वस्त्र रखना) है और बाईस तीर्थंकरों का धर्म (आचार) सचेलक और अचेलक दोनों प्रकार का है, अर्थात्–वे बहुमूल्य, रंगीन अथवा प्रमाणाधिक वस्त्र भी रख सकते थे।

२. **औद्देशिककल्प**–इसका अर्थ है–साधु या साध्वी का नामोद्देश करके गृहस्थ द्वारा आहार आदि का बनाया जाना औद्देशिक है। प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के शासन के साधु-साध्वीगण के लिए औद्देशिक आहारादि ग्रहण करने का निषेध है, जबकि बीच के बाईस तीर्थंकरों के शासन के अन्य साधु-साध्वी उक्त औद्देशिक आहार को ग्रहण कर सकते हैं, केवल वही साध्वी या साधु ग्रहण नहीं कर सकता, जिसके निमित्त वह आहारादि बनाया गया हो।

३. **शय्यातरपिण्डकल्प**–शय्यातर या शय्याधर (स्थानदाता या उक्त स्थान में ठहरने की आज्ञा देने वाले) के पिण्ड, अर्थात्–अशन, पान, खादिम, स्वादिम, औषधि, वस्त्र, पात्र आदि के ग्रहण करने का निषेध। शय्यातरकल्प सभी तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिए पालनीय है।

निशीथभाष्य के अनुसार स्वयं गृहपति या उसके द्वारा निर्दिष्ट या नियुक्त कोई भी अन्य व्यक्ति शय्यातर हो सकता है। श्रमण या श्रमणी जिस स्थान में रात्रि-निवास करें, सोयें तथा चरमावश्यक कार्य करें, उस स्थान का अधिपति शय्यातर होता है। उसका पिंड–आहार ग्रहण करने का निषेध है।

४. **राजपिण्ड**–अर्थात्–जिसका विधिवत् राज्याभिषेक हुआ हो, उस मूर्द्धाभिषिक्त राजा का भोजन राजपिण्ड है और वह साधु के लिए अग्राह्य है। राजपिण्ड ग्रहण करने के निषेध के पीछे अनेक कारण हैं। निशीथभाष्य, चूर्णि आदि के अनुसार साधु को राजभवन में प्रवेश करते देख कोई अपशकुन समझे, या अनादर कर बैठे, अथवा गुप्तचर समझकर साधु को कष्ट दे, इस कारण राजपिण्ड को अग्राह्य माना है। इसके अतिरिक्त गरिष्ठ, मादक एवं सरस स्वादिष्ट होने से तथा रसलोलुपता बढ़ाने तथा सामिष आहार मिश्रित होने की सम्भावना से भी राजपिण्ड अनेषणीय है। राजपिण्ड ग्रहण करने का निषेध प्रथम और अन्तिम तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिए है, शेष बावीस तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिए नहीं।

५. **कृतिक्रम (कृतिकर्म)**–इसका अर्थ है–अपने दीक्षा (संयमादि अथवा चारित्र गुणों) में ज्येष्ठ श्रमणों का, दीक्षालघु श्रमणों द्वारा वन्दन, अभ्युत्थान, बहुमान तथा हितशिक्षाओं का श्रद्धापूर्वक स्वीकार करना। कृतिक्रमकल्प चौबीस ही तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिए समान रूप में विहित है।

६. **व्रतकल्प**–व्रत का अर्थ है–असत्प्रवृत्ति से निवृत्ति (विरति) और सत् में प्रवृत्ति। इस दृष्टि से भगवान महावीर और भगवान ऋषभदेव के श्रमणों के लिए १. प्राणातिपात, २. मृषावाद, ३. अदत्तादान, ४. मैथुन और ५. परिग्रह, इन पाँच असत् प्रवृत्तियों से निवृत्ति एवं अहिंसा सत्यादिरूप पंचमहाव्रतों में प्रवृत्ति का विधान किया गया है, जबकि बीच के तीर्थंकरों के साधुओं के लिए मैथुन-विरमण को परिग्रह-विरति में समाविष्ट करके चातुर्याम धर्म (चार महाव्रतों) का ही विधान था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका कारण यह बताया गया है कि प्रथम तीर्थंकर के साधु ऋजु-जड़ होते थे, वे किसी बात को कठिनता से समझते थे तथा अन्तिम तीर्थंकर के साधु वक्र जड़ होते हैं। किन्तु मध्यवर्ती युग के २२ तीर्थंकरों के श्रमण ऋजु-प्राज्ञ होते थे। उन श्रमणों के लिए धर्म को समझना और पालना सुगम होता था। यही कारण है–प्रथम और अन्तिम तीर्थंकरों के श्रमण वर्ग के लिए पंचमहाव्रत का और मध्यवर्ती २२ तीर्थंकरों के श्रमणों के लिए चातुर्याम धर्म (चार महाव्रतों) का विधान किया गया।

७. **ज्येष्ठकल्प**–ज्येष्ठकल्प के मुख्यतया तीन अर्थ होते हैं–

(१) मध्यवर्ती २२ तीर्थंकरों के शासनकाल में श्रमण-श्रमणी के सामायिक चारित्र ही होता है, परन्तु प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के समय में श्रमण वर्ग के सामायिक चारित्र के बाद छेदोपस्थापनिक (महाव्रतारोपण) चारित्र भी होता है और इसी चारित्र के आधार से श्रमण ज्येष्ठ या कनिष्ठ होता है। पिता-पुत्र, राजा-मंत्री, सेठ-मुनीम यदि एक साथ दीक्षा ग्रहण करें तो छेदोपस्थापनीय चारित्रानुसार पहले पिता, राजा या सेठ को ज्येष्ठ और पुत्र, मंत्री एवं मुनीम को कनिष्ठ बनाया जाता है। परन्तु यदि पिता, राजा और सेठ, पुत्र, मंत्री और मुनीम की दीक्षा के ६ महीने बाद दीक्षा लें तो ऐसी स्थिति में वे दीक्षा-ज्येष्ठ नहीं बनाये जाते, दीक्षा-लघु ही माने जाते हैं। आजकल सामायिक चारित्र को छोटी दीक्षा और छेदोपस्थापनीय चारित्र को बड़ी दीक्षा कहते हैं।

(२) दूसरे अर्थ के अनुसार ऐसा विधान भी है कि यदि पुत्र आदि ने पिता आदि से प्रथम सामायिक चारित्र ग्रहण कर लिया है और पिता आदि के अन्तर्मानस में बाद में दीक्षा लेने की भावना जागती है, तो चार या उत्कृष्ट ६ मास तक पुत्रादि को छेदोपस्थापनीय चारित्र नहीं दिया जाता, पिता आदि को छेदोपस्थापनीय चारित्र देकर उन्हें ज्येष्ठ बनाया जाता है और पुत्रादि को लघु।

(३) ज्येष्ठकल्प का तीसरा अर्थ होता है–आत्मा के ज्ञानादि गुणों के आध्यात्मिक विकास के आधार पर ज्येष्ठत्व-कनिष्ठत्व। इस दृष्टि से पुरुष-ज्येष्ठ का रहस्यार्थ है आध्यात्मिक विकास की उच्च भूमिका पर पहुँचे हुए पुरुष यानी आत्मा का ज्येष्ठत्व तथा निम्न भूमिका पर रहे हुए पुरुष (आत्मा) का कनिष्ठत्व।

पुरुष-ज्येष्ठ का यह अर्थ सिद्धान्त सम्मत भी है। जैनागमों में भी "पुरुष" शब्द आत्मा के अर्थ में आया है। जैसे–आचारांग में कहा गया है–"पुरिसा ! तुममेव तुमं मित्तं, किं बहिया मित्तमिच्छसि ?" सांख्यदर्शन में आत्मा के अर्थ में सर्वत्र "पुरुष" शब्द का प्रयोग किया गया है।

८. **प्रतिक्रमणकल्प**–प्रतिक्रमण आत्मालोचन एवं आत्मविशुद्धि का मुख्य अंग है, आत्मा का ज्ञान-दर्शन-चारित्ररूप स्व-स्थान (स्वभाव) से हटकर पर-स्थान (राग-द्वेष, क्रोधादि-कषाय, मोह, मिथ्यात्व आदि विभाव) में चले जाना अतिक्रमण है। इस पर-स्थान से आत्मा को वापस स्व-स्थान में लौटा लाना ही प्रतिक्रमण है। १. मिथ्यात्व, २. अविरति, ३. प्रमाद, ४. कषाय और ५. अप्रशस्त योग, ये पाँच दोष आत्मा के लिए पर-स्थान हैं। इन दोषों के परिहार के लिए आत्मा द्वारा आलोचना, निन्दना, गर्हणा करके स्वयं को सम्यक् विरति (व्रत), अप्रमाद, अकषाय (क्षमा, नम्रता) एवं प्रशस्त योग में लौटाना, इनमें रमण कराना प्रतिक्रमण है। प्रतिक्रमण का मुख्य लक्ष्य-आत्मा को पाप-प्रवृत्ति से वापस मोड़ना है। वैसे तो साधक के लिए–१. सामायिक, २. चतुर्विंशति-स्तव, ३. वन्दना, ४. प्रतिक्रमण, ५. कायोत्सर्ग और ६. प्रत्याख्यान, ये छह आवश्यक नियत हैं। प्रतिक्रमण इनमें चौथा आवश्यक है। परन्तु प्रतिक्रमण शब्द इतना रूढ़ हो गया है कि इसी से छहों आवश्यकों का बोध हो जाता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रतिक्रमण के मुख्यतः पाँच प्रकार हैं–१. दैवसिक, २. रात्रिक, ३. पाक्षिक, ४. चातुर्मासिक और ५. सांवत्सरिक। सामान्यतः साधु वर्ग के लिए उभयकाल के अतिरिक्त भिक्षा स्वाध्याय, गमनागमन आदि प्रत्येक चर्या के बाद प्रतिक्रमण करने का विधान है। परन्तु प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के साधु वर्ग के लिए दोनों समय नियमित रूप से प्रतिक्रमण करने का विधान है, किन्तु मध्यवर्ती २२ तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिये ऐसा नियम नहीं है। वे दोष लगने पर ही प्रतिक्रमण करते हैं, अन्यथा नहीं।

९. **मासकल्प**–जैन श्रमण-श्रमणी वर्ग के लिए यह सामान्य विधान है कि चातुर्मास तथा रोगादि कारणों के सिवाय शेषकाल में ग्रामानुग्राम विचरण करें। शेषकाल में साधु वर्ग एक मास तक किसी स्थान पर रह सकता है। वर्षावास का परम प्रमाण चार मास है।

भगवान ऋषभदेव और भगवान महावीर के श्रमण वर्ग के लिए ही मासकल्प का विधान है, शेष बावीस तीर्थंकरों के श्रमणों के लिए नहीं। इसलिए प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के साधु वर्ग के लिए मासकल्प अवस्थित है। मध्यकाल के बावीस तीर्थंकर के साधु वर्ग के लिए यह अस्थिर है।

१०. **पर्युषणाकल्प**–पर्युषण का भावार्थ होता है–सब ओर से आत्मा के समीप रहना। दूसरा अर्थ है–पर-भाव से हटकर स्व-भाव में रमण करना, आत्मस्थ होना। आत्म-रमण का यह पर्व आषाढ़ी पूर्णिमा से होकर ४९वें या ५०वें दिन, अर्थात् भादवा सुदी ४ या ५ को मनाया जाता है, जिसे "संवत्सरी पर्व" कहते हैं। पर्युषणाकल्प का यह एक अर्थ है। पर्युषणाकल्प का दूसरा अर्थ है–एक स्थान पर निवास करना। वह दो प्रकार का है–सालम्बन और निरालम्बन। सालम्बन का अर्थ है सकारण और निरालम्बन का अर्थ है कारणरहित। पर्युषणाकल्प का वर्तमान अर्थ है वर्षावासकल्प। वर्षावास में आचरणीय, कल्पनीय नियमों का विधान तथा अकरणीय का निषेध। वर्तमान में चातुर्मास में यह पर्व आठ दिनों का मनाया जाता है।

वर्षावासकल्प–नियत एवं अनियत

प्रथम और अन्तिम तीर्थंकर के श्रमण वर्ग के लिए वर्षावास (पर्युषणा) का पूर्णतः विधान है, अर्थात् वे वर्षावास (चातुर्मास) में निश्चित क्षेत्र में वास करते हैं, शेष बावीस तीर्थंकरों के साधु वर्ग के लिए ऐसा नहीं है। वे वर्षा आदि के कारण ठहरते भी थे और कारणाभाव में विहार भी कर जाते थे।

दसकल्पों में अस्थिर और अवस्थित कल्प

पूर्वोक्त दस कल्पों में छह कल्प अस्थिर हैं–१. आचेलक्य, २. औद्देशिककल्प ३. प्रतिक्रमणकल्प, ४. राजपिण्ड, ५. मासकल्प और ६. पर्युषणाकल्प तथा शेष चार कल्प अवस्थित हैं, स्थायी हैं–१. शय्यातरपिण्डकल्प, २. चतुर्थ महाव्रत रूप धर्म (व्रतकल्प), ३. ज्येष्ठकल्प और ४. कृतिक्रम ये चार कल्प अवस्थित हैं, जो चौवीस ही तीर्थंकरों के शासन में मान्य होते हैं।

कल्पसूत्र का वर्तमान संस्करण

कल्पसूत्र पर अब तक अनेक आचार्यों, मुनियों एवं विद्वानों द्वारा निर्युक्ति, टीका, चूर्णि, अवचूरी, भाष्य, व्याख्या आदि लिखे गये हैं। कल्पसूत्र पर सबसे प्राचीन व्याख्या ग्रंथ है–द्वितीय भद्रबाहु द्वारा (छठी शताब्दी) रचित निर्युक्ति। इसके बाद इसकी लोकोपकारिता को ध्यान में रखकर प्राकृत-संस्कृत आदि भाषाओं में १०० से अधिक टीका, व्याख्या, टिप्पण, स्तबक आदि रचे गये हैं। गुजराती भाषा में भी इसके अनेक अनुवाद, बांग्ला में

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एक अनुवाद तथा अंग्रेजी में दो अनुवाद—डॉ. हर्मन जैकोबी तथा डॉ. मुकुन्द लाट (प्राकृत भारती, जयपुर) प्रसिद्ध हुए हैं।

स्थानकवासी परम्परा में उपाध्याय श्री प्यारचन्द जी म. का अनुवाद काफी लोकप्रिय हुआ है। श्रमण संघ के वर्तमान आचार्य श्री देवेन्द्र मुनि जी शास्त्री ने भी बहुत ही श्रम करके इसका विद्वत्तापूर्ण सम्पादन एवं विवेचन किया है। आचार्य श्री आनन्द ऋषि जी म. के निदेशन में पं. मुनि श्री नेमिचन्द्र जी ने भी कल्पसूत्र पर सुन्दर विवेचन लिखा है। सभी की अपनी-अपनी विशेषताएँ हैं।

प्रस्तुत संस्करण

प्रस्तुत संस्करण की अपनी अलग ही विशेषता है। इसमें चौवीस तीर्थंकरों के जीवन चरित्र को रंगीन भावपूर्ण चित्रों के साथ प्रस्तुत किया गया है। चित्र के कारण जटिल विषय भी न केवल बोधगम्य हो जाता है, परन्तु रोचक और आकर्षक भी वन जाता है। इस दृष्टि से मैंने सचित्र आगम प्रकाशन की योजना को मूर्त्तरूप दिया, जिसके अन्तर्गत अब तक सचित्र उत्तराध्ययन सूत्र एवं सचित्र अन्तकृद्दशा सूत्र का प्रकाशन हो चुका है। उसी शृंखला में प्रस्तुत कल्पसूत्र का सचित्र अंकन तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद के साथ प्रस्तुतीकरण किया गया है। मुझे विश्वास है, कल्पसूत्र का यह सचित्र प्रकाशन पाठकों, आगम स्वाध्यायियों आदि के लिए रुचिकर तथा सहज बोधगम्य बनेगा। परिशिष्ट में तीर्थंकरों सम्बन्धी अनेक प्रकार की रोचक, ज्ञानवर्धक तथा उपयोगी तालिकाएँ भी हैं।

इस अवसर पर मैं अपने परमाराध्य जैनागम महोदधि, जैन आगमों के रहस्यज्ञाता और विशिष्ट व्याख्याता श्रमण संघ के प्रथम आचार्यदेव, आचार्यसम्राट् श्री आत्माराम जी म. का स्मरण करता हूँ। यह वर्ष आचार्य-सम्राट् का दीक्षा शताब्दी वर्ष है, अतः ऐसे पुण्य प्रसंग पर इस विशिष्ट आगम का प्रकाशन मेरे लिए आनन्द एवं गौरव का विषय है।

आचार्य श्री आत्माराम जी म. के प्रशिष्य मेरे परम पूज्य गुरुदेव श्रद्धेय महामना उ. भा. प्रवर्त्तक भण्डारी श्री पद्मचन्द्र जी म. का दीक्षा स्वर्ण-जयन्ती वर्ष भी इसी वर्ष मनाया जा रहा है। मैंने जीवन में जो भी अक्षर-बोध तथा अन्य कुछ उपलब्ध किया है, वह सब इन्हीं पूज्य गुरुदेवों की कृपा का सुफल है। अतः मैं गुरु-चरणों में अपनी श्रद्धा-भक्ति समर्पित करता हूँ।

कल्पसूत्र के चित्रांकन, सम्पादन, अनुवाद आदि में हमारे परम सहयोगी प्रसिद्ध विद्वान् श्री श्रीचन्द जी सुराना 'सरस' का हार्दिक सहयोग भी मेरे लिए स्मरणीय है तथा अंग्रेजी अनुवाद व सम्पादन सहयोग के लिए श्रीयुत श्री सुरेन्द्रकुमार जी बोथरा, जयपुर का भी सहयोग मिलता रहा है, मिलता रहेगा, ऐसा विश्वास है।

स्वर्गीय महासती श्री शशिकांता जी म. की सुशिष्या उपप्रवर्तिनी डॉ. महासती सरिता जी ने शास्त्र प्रचार एवं प्रकाशन कार्य में स्मरणीय सहयोग किया है तथा अनेक उदारमना गुरुभक्त सद्गृहस्थों ने भी शास्त्र भक्ति के रूप में अपना योगदान किया है, वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

अन्त में मैं यही आशा व्यक्त करता हूँ इस शास्त्र के स्वाध्याय से सभी में देव-गुरु-धर्म की श्रद्धा-भक्ति बढ़े और आत्म-कल्याण के मार्ग में प्रवृत्त हों।

—अमर मुनि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

KALPASUTRA : AN INTRODUCTION

The Word and its Meaning

The word KALPA has numerous meanings—discipline, code of conduct, rules, tradition etc. Acharya Umaswati defines the term KALPA as—"That which refines and enhances indulgence in activities like pursuence of knowledge, virtues, penance etc., and impedes vices and faults, should be known as KALPA (acceptable) and all the rest as Akalpa (unacceptable).

Kalpa is the source of discipline in conduct and practice of penance. Truely speaking the Kalpa is like a wish-fulfilling tree (Kalpa-Vriksha) that provides all what is desired and strived for by the ascetics. The Kalpa is a perfect tonic for the health of the ascetic way of life.

What is Kalpasutra ?

The scripture that details and prescribes the code of conduct, the rules of discipline and the traditional norms to be followed by the ascetic community is known as the Kalpasutra. As it is a volume in size equivalent to 1215 couplets it is also popularly known as 'Baraha Sau Sutra' (Barasa Kalpa) or Twelve Hundred Aphorisms.

The author of Kalpasutra was Shrut-kevali Bhadrabahu Swami. He selected important material from Pratyakhyan Pravad, Brihatkalpa, Achardasha and other such works and framed the ten Kalpas and Sadhu-samachari parts of this work. It is generally believed that this work is the eighth section of the Chheda Sutra (a classificatin of Jain scriptures) named the Dashashrut Skandha.

The Content of Kalpasutra

Mainly three topics have been dealt with in the Kalpasutra—

1. **Tirthankar Charitra**—The biographical sketches of the Tirthankars—the propagators and teachers of the code of conducts—including Shraman Bhagavan Mahavir.

2. **Sthaviravali**—The profiles and chronological lineage of the Sthavirs, in Mahavir's tradition. The Sthavirs are those senior monks who immaculately follow the code of conduct and as the leaders of the organisation ensure that the ascetics of their group strictly observe the prescribed code.

3. **Samachari**—The rules of ascetic discipline during the monsoon stay (Paryushan) and otherwise.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The Reading and Reciting of Kalpasutra

The reading and reciting of the Kalpasutra during the eight days of the Paryushan Parva (a religious festival celebrated during the monsoon season) for the purpose of spiritual awakening and general well being of the masses is an ancient tradition in the Jain community. In the light of Kalpasutra the ascetic community gets a chance to revise and refresh the knowledge of the basic tenets and the codes of conduct. Consequently the individual ascetic becomes more alert, vigorous and steadfast in his observences. In the past, the ascetics used to read and recite Kalpasutra individually as well, in order to memorise the text and the meaning.

An often asked question is—When and why this tradition of reading and reciting of Kalpasutra in congregations began ?

On this matter, the early commentators of Kalpasutra narrate a historical incident—"About 1500 years back, a king named Dhruvasen ruled over the town of Anandpur. He had complete faith in the tenets of Jainism and was a righteous person. It so happened that his only son died during the Paryushan days. In order to disperse the dense fog of sorrow choking the king and his family, a Jain Acharya recited Kalpasutra before a congregation of the members of the ruling family and the public. This alleviated the sorrow of the royal family." This was the beginning of the tradition of the public recital of the Kalpasutra.

Main Themes

Kalpasutra contains the detailed layout and methods of following the ten sets of codes of conduct. The ten classifications are :

1. Aachelakya (relating to dress), 2. Auddeshikakalpa (relating to intent of possession), 3. Shayyatarpindkalpa (relating to the host), 4. Rajpind (relating to the offerings by a king or state), 5. Kritikrama (relating to group ettiquette), 6. Vratkalpa (relating to the vows), 7. Jyeshthakalpa (relating to the group hierarchy), 8. Pratikramankalpa (relating to self-evaluation), 9. Maskalpa (relating to the general period of stay) and 10. Paryushanakalpa (relating to the monsoon-stay).

These ten groups of codes are meant for the ascetics who are Sthavirakalpi (those who stay in a group or at shelters provided by the laity).

Two Broad Categories of Kalpa

In the scriptures there is a mention of two main categories of the Kalpa—Jinakalpa and Sthavirakalpa. The qualifications of a Jinakalpi Shraman, as mentioned in the scriptures, are that his physical constitution should confirm to the Vajra-rishabha-naracha-samhanan (a class of physical constitution of the human body) and he should have the knowledge of at least the third Acharvastu of the ninth Sublime Canon (Purva) and at the most of a little less than ten Purvas. A Jinakalpi Shraman is never a part of the Shraman organisation. He graduates from the Sthavirakalpi class to the Jinakalpi one,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

and follows some special and higher levels of codes. He remains nude and practises a variety of resolutions (Abhigraha). There are two categories of Jinakalpis—Panipatra (those who do not carry alms-pots) and Patradhari (those who carry alms-pots).

The Sthavirakalpis conduct their spiritual practices within the Shraman organisation or attached to it. For the Sthavirakalpi ascetics confirmative and prohibitive rules relating to the ten Kalpas have been formulated.

There are two categories of this Sthavirakalpa also—canonical codes and organisational codes.

The codes of conduct that have been in practice since ancient times and were propagated by Tirthankars or their chief disciples are known as canonical codes. The second category, the organisational codes, is prepared by the Acharyas for the proper functioning of the organisation and taking in consideration the prevailing circumstances (material, geographical, temporal and intellectual parameters). This is also known as 'Sangh Samachari'. In Kalpasutra there is a mention of ten types of canonical codes.

The Ten Kalpas

1. Aachelakya—The term 'Chela' means apparel. The prefix 'A' indicates negation as well as reduction. As such, the word Achela, Achelak or Aachelakya in this context does not indicate total absence of dress. It conveys the meaning of less-dress, or 'to have less, limited, low cost and simple cloths'.

In the book 'Kalpasamarthan' by ancient seers it is mentioned that the code followed by the first and the last Tirthankars was 'Achelaka'. Which means that they used to have low cost and white dress as per the rule. The code followed by the remaining twenty two Tirthankars was 'Achelaka' and 'Sachelaka' both. Which means that they could also use rich, colourful and larger number of dresses.

2. Auddeshikakalpa—The preparing of food or any other thing needed by a Shraman, specifically for him is known as Auddeshika. For the ascetics belonging to the organisations of the first and last Tirthankars it is not allowed to accept such food. However, in case of the ascetics of the organisations of the other twenty two Tirthankars, the negation was meant only for the particular monks for whom the things were prepared; all the remaining monks could accept the preparations.

3. Shayyatarpindkalpa—Shayyatar or Shayyadhar means the provider of the place of stay or the host. The rule is that the ascetic is not allowed to accept any Pind (food, water, dress, medicine, pots etc.) from the person who provides the place of stay. This rule is applicable to ascetics of the organisations of all the Tirthankars.

According to Nishith Bhashya, the owner of the house or any of his representatives is Shayyatar. The ascetics are not allowed to accept any Pind from any Shayyatar whose place they are using for night stay, sleeping or any other daily or essential chores.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

4. Rajpind—The food belonging to a properly coronated king is known as Rajpind and it should not be accepted by an ascetic. There are various reasons for this rule. According to Nishith Bhashya, Churni etc. the reason is that, as there are chances that while entering a royal palace for obtaining something, an ascetic might be ill treated considering him to be a spy or a bad omen. As such, taking alms from king is prohibited. Besides this, there is every chance that such food might be heavy, intoxicating, rich in taste, habit forming, and mixed with non-vegetarian food, making it un-acceptable for an ascetic. This prohibition is meant for the periods of the first and last Tirthankar only.

5. Kritikrama (Kritikarma)—This means the salutation, serving, respect and accepting orders and teachings with due respect, of the senior ascetics by the junior ascetics. The seniority essentially means the seniority in terms of period of initiation and/or level of virtues of conduct. This rule is applicable to the ascetics belonging to the organisations of all the twenty four Tirthankars.

6. Vratkalpa—Vrat means to desist from indulging in vices and to continue to indulge in virtues. With this goal in mind the procedure of observing the five great vows has been laid down for the ascetics following the first and the last Tirthankars. These are non-indulgence in vices like 1. Pranatipat or causing unpleasentness to a living being, 2. Mrishavad or following untruth, 3. Adattadan or accepting what is not given, 4. Maithun or indulging in lustful activities and 5. Parigrah or fondness for possessions. Five great vows including Ahimsa promote the pursuit of this goal. In case of the Tirthankars in between Maithun and Parigrah (fourth and fifth vows) were fused into one and the code was known as Chaturyam or four dimensional.

The reason for this was that the followers of the first Tirthankar were Riju-Jada or simple minded (having no or little rational thinking) and the followers of the last Tirthankar were Vajra-Jada or complex minded (having excessive rational thinking leading to confusion). Both these types have problems in understanding and grasping a thing. As such the code of five vows was formulated for them. The people of the middle period or the followers of the remaining twenty two Tirthankars were Riju-Prajna or balanced minded. For them it was easy to understand and follow a thing. As such, the code of four vows was formulated for them.

7. Jyeshthakalpa—This has three interpretations :

(1) During the period of the twenty two middle Tirthankars the ascetics followed only the Samayik-Charitra (equanimous conduct). However, in case of the first and the last Tirthankar the ascetics additionally follow the Chhedopasthapanik Charitra (the conduct of great vows). On the basis of the commencement of this conduct or time of initiation, the seniority in the monk organisation is established. The rule is that an ascetic initiated early is senior to the ascetic initiated later irrespective of his being senior or junior according to the outside norms. For example a son initiated earlier will be senior to the father initiated later and not the other way round. However, in cases where they are initiated at the same time the mundane seniority is followed even as ascetics. These days the Samayik Charitra

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

is popularly known as Chhoti Diksha (minor initiation) and the Chhedopasthapanik Charitra as the Badi Diksha (major initiation).

(2) According to the second interpretation their is a provision that if a socially junior person is initiated into the Samayik Charitra and his senior also decides to get initiated later, the initiation of the junior into the Chhedopasthapanik Charitra may be delayed by a maximum period of six months and the senior is initiated earlier into this major initiation, so that the social seniority may continue in the ascetic life as well.

(3) According to the third interpretation the seniority is based on the level of spiritual virtues or the spiritual achievements. According to this rule the meaning of Purush-Jyeshtha (literally-male seniority) is that a person or soul at the higher spiritual level is senior to the person at a lower spiritual level irrespective of other considerations. This meaning of the term Purush finds support in scriptures also, because there also, the term Purush has been used for soul (Acharanga etc.). In the Sankhya philosophy, Purush word has been used everywhere for soul.

8. Pratikramankalpa—Pratikraman (self-analysis) is an important practice on the path of purification of soul. Jnana-Darshan-Charitra (knowledge-perception-conduct) is the true abode or firmament of the soul. Drifting into the alien firmament of attachment, aversion, passions like anger, fondness, illusion etc. is known as Atikraman (transgression). To bring it back from the alien firmament to its natural one is known as ingression or Pratikraman. There are five alien firmaments for the soul—1. illusion, 2. indulgence (in the mundane), 3. inaction, 4. passions and 5. misconception. The process of bringing back the soul into its natural firmament by removing the vices with the help of self-analysis, criticism and reproach and establishing it into sincere indulgence in right vows, spiritual activities, benevolence, humility and right path is known as Pratikraman. The basic purpose of Pratikraman is to divert the soul away from sinful activities. There are six essentials for a spiritual practicer—1. Samayik, 2. Chaturvimshati-Stav, 3. Vandana, 4. Pratikraman, 5. Kayotsarga and 6. Pratyakhyan. Although Pratikraman is fourth, it has become so popular that it now envelopes all the six essentials within.

There are mainly five types of Pratikramans—1. Daivasik (day time), 2. Ratrik (night time), 3. Pakshik (fortnightly), 4. Chaturmasik (four monthly) and 5. Samvatsarik (yearly). Generally for monks, the rule is to do Pratikraman after almost every activity including going for alms, studying and moving out for any other work. This is besides the morning and evening Pratikramans. For the ascetics of the organisations of the first and the last Tirthankars it was mandatory to do Pratikraman regularly as per the rules. But the ascetics of the organisations of the other Tirthankars were to do Pratikraman only if and when they did something wrong.

9. Maskalp—The general rule for Jain ascetics is that except the monsoon period (four months of monsoon) they should wander from one place to another unless they are forced to stay due to sickness. The maximum period of their stay at a place should not exceed one month. The maximum span of the monsoon-stay is four months.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

As the Maskalp is applicable to the periods relating to the first and last Tirthankars, the period of stay for the ascetics belonging to the organisations of Bhagavan Rishabhdev and Bhagavan Mahavir have fixed limits whereas that for the ascetics belonging to the organisations of remaining twenty two Tirthankars has no fixed limits.

10. Paryushanakalpa—The inferred meaning of the word Paryushan is to live near one's soul in all respects. Another meaning is to dissociate from others and indulge in self in terms of thought, attitude and feeling. The festival of such indulgence in the self is observed on the 49th or 50th day after the full moon day of the month of Ashadh. It falls on the 4th or 5th day of the bright half of the month of Bhadrapad and is popularly known as Samvatsari-Parva. This is one meaning of the term Paryushanakalp. The other meaning is to stay at one place. This is of two types—one is for a specific purpose and the other is without any purpose. The modern interpretation of this term is the code of monsoon-stay. It envelopes the do's and don'ts during the monsoon-stay. These days this is observed for eight days during the monsoon season.

Varshavaskalpa—Regular and Irregular

This code is also meant for the ascetics of the organisations of the first and twenty fourth Tirthankars and not for those of other Tirthankars. They could stay or move according to their convenience.

Variable and Permanent Kalpa in Ten Kalpas

Out of these ten kalpas six are variable and change according to the needs of time—1. Aachelakya, 2. Auddeshikakalpa, 3. Pratikramankalpa, 4. Rajpind, 5. Maskalpa and 6. Paryushanakalpa. The remaining four are permanent and are applicable to the times of all the twenty four Tirthankars—1. Shayyatarpindkalpa, 2. Vratkalpa, 3. Jyeshthakalpa and 4. Kritikrama.

Modern Edition of Kalpasutra

Numerous commentaries and explanatory works on Kalpasutra (Niryukti, Tika, Churni, Avachuri, Bhashya, Vyakhya etc.) have been written by a number of Acharyas, Ascetics and Scholars. The oldest available work of this category is Kalpasutra-Niryukti by Bhadrabahu-II (6th century A.D.). Looking at its usefulness for the masses, more than a hundred explanatory books were prepared later in Prakrit, Sanskrit and other languages. A number of translations have become popular in Gujarati, one in Bengali, and two in English (one by Herman Jacobi and the other by Mukund Lath).

In the Sthanakvasi tradition the translation by Upadhyay Shri Pyar Chand ji M. has been very popular. The present head of the Shraman Sangh, Acharya Shri Devendra Muni ji Shastri has also brought out a scholarly commentary by putting in a lot of effort. Pt. Muni Shri Nemi Chandra ji has written a beautiful illustration on Kalpasutra under the direction of Acharya Shri Anand Rishi ji M. Every edition has its own value.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

This Edition

(३४) त्रिशला क्षत्रियाणी का पहला स्वप्न था हाथी। वह हाथी चार दाँत वाला, विशाल और ओजपूर्ण था। वह इतना सफेद और आभामय था जैसे वरसे हुए मेघ, मोतियों के गुच्छे, क्षीर समुद्र, चन्द्रमा की किरणें, पानी की बूँदें या चाँदी का विशाल पर्वत होते हैं। उसके ललाट से बहते हुए मद की सुगन्ध से वहाँ भँवरों का झुंड मँडरा रहा था। वह इन्द्र के ऐरावत हाथी की तरह विशाल और सुन्दर था। उसकी चिंघाड़ सजल व घने बादलों की गरज की तरह गंभीर और मधुर थी। सुडोल पीठ वाले उस हाथी में सभी श्रेष्ठ व शुभ लक्षण विद्यमान थे।

DESCRIPTION OF THE DREAMS

1. The Elephant

(34) The first dream that Trishala Kshatriyani saw was of an elephant. That elephant had four tusks, and it was huge and glowing. Like clouds after rain, a bunch of pearls, a sea of milk, moon rays, drops of water or a mountain of silver, it was white and radiant. The sweet aroma of the rut-fluid oozing down its cheek had attracted swarms of black bumble-bees. It was as huge and attractive as Airavat, the elephant belonging to Indra. Its

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

trumpeting was deep and bass, like the rumbling of dense monsoon clouds. That elephant with a shapely back was endowed with all possible marks of excellence and auspicious signs.

२. वृषभ दर्शन

तओ पुणो धवल-कमलपत्त-पयराइरेग-रूवप्पभं पहा-समुदोवहारेहिं सव्वओ चेव दीवयंतं अइसिरिभर-पिल्लणा-विसप्पंत-कंत-सोहंत-चारु-ककुहं तणु-सुइ-सुकुमाल-लोम-निद्ध-छविं, थिर-सुबद्ध-मंसलोवचिय-लट्ठ-सुविभत्त सुंदरंगं पेच्छइ, घण-वट्ट-लट्ठ-उक्किट्ठ-विसिट्ठ-तुप्पग्ग-तिक्ख-सिंगं दंतं सिवं समाण-सोभंत-सुद्ध-दंतं वसभं अमिय-गुण-मंगल-मुहं ॥२॥ ॥३५॥

(३५) स्वप्न में इसके बाद त्रिशला क्षत्रियाणी ने वृषभ देखा। वह सफेद कमल की पंखुड़ियों के समूह से भी अधिक प्रभापूर्ण रूप वाला था। उसमें से एक दीप्त कान्ति चहुँ ओर बिखर रही थी। उसका सुडोल और विकसित कुकुद् सुन्दर, कान्तियुक्त और मनोहर था। उसके रोम सूक्ष्म, कोमल, स्निग्ध, स्वच्छ और चमकीले थे। उसके अंग सुगठित, माँसल, पुष्ट, सानुपात और स्थिर थे। उसके सींग भारी, घुमावदार, पुष्ट, अनुपम, उत्कृष्ट और पैने थे तथा उन पर घी का लेप किया हुआ था। वह शान्त सौम्य था और एक समान सुन्दर स्वच्छ दाँतों वाला था। वह अगणित गुणों वाला था और उसका मुख मांगलिक था।

2. The Bull

(35) After this, Trishala Kshatriyani saw a bull in her dream. It had a gleam white and brighter than the petals of a white lotus. Its scintillating radiance spread all around. Its shapely and pronounced hump was beautiful, radiant and attractive. Its body was covered with a fine, soft, smooth, clean and bright coat of hair. Its body was well formed, fleshy, strong, well proportioned and stable. The horns were heavy, curved, strong, superb and unique, and they were annointed with ghee. This majestic bull was calm and gentle. Its teeth were beautiful and clean. It had all the marks of excellence and its countenance was auspicious.

३. सिंह दर्शन

तओ पुणो हार-निकर-खीर-सागर-ससंक-किरण-दगरय-रययमहासेल-पंडरगोरं रमणिज्ज-पेच्छणिज्जं थिर-लट्ठ-पउट्ठं वट्ट-पीवर-सुसिलिट्ठ-विसिट्ठ-तिक्ख-दाढा-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विडंबिय-मुहं परिकम्मिय-जच्च-कमल-कोमल-पमाण-सोभंत-लट्ठ-उट्ठं, रत्तोप्पल-पत्त-मउय-सुकुमाल-तालु निल्लालियग्गजीहं, मूसागय-पवर-कणग-ताविअ-आवत्तायंत-वट्ट-विमल-तडिय-सरिसनयणं विसाल पीवर-वरोरुं, पडिपुन्न-विमल-खंधं मिउ-विसय सुहुम-लक्खण-पसत्थ-विच्छिन्न-केसराडोव-सोहियं ऊसिय-सुनिम्मिय-सुजाय-अप्फोडिय-लंगूलं, सोमं सोमाकारं लीलायंतं जिंभायंतं नहयलाओ ओवयमाणं, नियग-वयणमइवयंतं पेच्छइ सा गाढ-तिक्ख-नहं सीहं वयण-सिरी पल्लव-पत्त-चारु-जीहं ॥३॥ ॥३६॥

(३६) इसके बाद स्वप्न में सिंह दिखाई पड़ा। वह मोतियों की माला, क्षीर सागर, चन्द्रमा की किरण, जल-कण और चाँदी के पर्वत के समान गौर आभा लिये सफेद और उज्ज्वल था। वह रमणीय और दर्शनीय था। उसके पंजे स्थिर और सुदृढ़ थे। उसके मुँह में शोभित दाढ़ें गोल, सुपुष्ट, परस्पर सटी हुई और खूब तीखी थीं। उसके दोनों होठ कमल के समान कोमल, उपयुक्त आकार के, सुन्दर, पुष्ट और स्वच्छ थे। उसका तालू लाल कमल की पंखुड़ियों सा कोमल और स्निग्ध था। उसकी जीभ मुख से बाहर लपलपा रही थी। उसकी आँखें सुनार के साँचे में पड़े पिघले सोने के समान तप्त, सुनहरी, गोल और चमकदार थीं। उसकी विशाल जाँघें अत्यन्त पुष्ट और सुन्दर थीं। उसके कंधे पूरे भरावदार और सुडोल थे। उसके माथे पर कोमल, साफ, सुन्दर, महीन, घनी और फैली हुई अयाल शोभित हो रही थी। उसकी उठी हुई पूँछ कुण्डलाकार और सुन्दर थी। वह सौम्य था। उसकी चाल शालीन थी। उसके नाखूनों की नोक, सख्त, कठोर और धारदार थी। नई कोंपल के समान सुन्दर जीभ उसके मुख की शोभा को बढ़ा रही थी। त्रिशला ने ऐसे सिंह को जंभाई लेते हुए, खिलवाड़ करते, आकाश से अपने मुख में प्रवेश करते हुए देखा।

3. The Lion

(36) Then she dreamt of a lion. It was brilliant white with a golden hue like strings of pearl, a sea of milk, moon rays, drops of water, and a heap of silver. It was attractive and captivating to look at. Its paws were strong and unrelenting. Its jaws had a strong set of teeth without any gaps and with rounded and sharp canines. Both its lips were lotus soft, beautifully shaped, thick and clean; the palate was smooth and soft like petals of crimson lotus. The tip of its tongue hung out. Like molten gold in a goldsmith's crucible, its eyes were gleaming golden fire balls. It had huge muscular and streamlined flanks, and full and well proportioned shoulders. It had a thick and puffed

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

mane of clean, soft, fine and beautiful hair. Its tail was lifted and it formed an attractive spiral. The lion was majestic and its gait graceful. Its claws were hard and sharp. Soft as petals, its tongue added to the beauty of its open mouth. Trishala Kshatriyani saw such a magnificent lion playfully yawning, descending from the sky, and entering her mouth.

४. लक्ष्मी दर्शन

तओ पुणो पुण्णचंद-वयणा उच्चगयट्ठाण-लट्ठ-संठियं, पसत्थरूवं, सुपइट्ठिय-कणग-कुम्म-सरिसोवमाण-चलणं अच्चुन्नय-पीण-रइय-मंसल-उन्नत-तणु-तंब-निद्ध-नहं, कमल-पलास-सुकुमाल-कर-चरण-कोमल-वरंगुलिं, कुरुविंदावत्त-वट्टाणुपुव्वजंघं, निगूढजाणुं गयवर-कर-सरिस-पीवरोरुं, चामीकर-रइअ-मेहलाजुत्त-कंत-विच्छिन्न-सोणिचक्कं, जच्चंजण-भमर-जलय-पकर-उज्जुय-सम-संहिय-तणुय-आदेज्ज-लडह-सुकुमाल-मउय-रमणिज्ज-रोमाराइं, नाभिमंडल-सुन्दर-विसाल-पसत्थ-जघणं, करयल-माइय-पसत्थ-तिवलीय-मज्झं, नाणामणि-रयण-कणग-विमल-महातवणिज्जा-भरण-भूसण-विराइयंगमंगिं।

हार-विरायंत-कुंदमाल-परिणद्ध-जलजलिंत-थणजुयल-विमल कलसं आइय-पत्तिय-विभूसिएण य सुभग-जालुज्जलेण मुत्ता-कलावएणं उरत्थ-दीणार-मालिय-विरइएणं कंठ-मणिसुत्तएण य कुंडल-जुयलुल्लसंत-अंसोवसत्त-सोभंत-सप्पभेणं सोभा-गुण-समुदएणं आणण-कुडुंबिएणं कमलामल-विसाल-रमणिज्ज-लोयणं, कमल-पज्जलंत-कर-गहिय-मुक्क-तोयं, लीलावाय-कय-पक्खएणं, सुविसय-कसिण-घण-सण्ह-लंबंत-केसहत्थं, पउमद्दह-कमलवासिणिं सिरिं भगवइं पिच्छइ; हिमवंत-सेल-सिहरे दिसागइंदोरु-पीवर-कराभिसिच्चमाणिं।।४।। ।।३७।।

(३७) इसके बाद चंद्रमुखी त्रिशला क्षत्रियाणी ने स्वप्न में देवी लक्ष्मी को देखा। वह अतीव सुन्दरी देवी ऊँचे पर्वत पर उत्पन्न श्रेष्ठ जाति के कमल के आसन पर विराजमान थी। उसके चरण सोने के सज्जित कछुए के आकार जैसा उभार लिए थे। उसके नाखून सुन्दर गोल आकार के और पुष्ट थे। उन पर रंग सज्जा की हुई नहीं थी फिर भी वे सज्जित लग रहे थे, माँसल उभार लिए हुए थे और ताँबे के पत्तर की तरह लाल और चिकने थे। उसके हाथ और पैर कोमल थे और अंगुलियाँ कमल-दल के समान कोमल और सुन्दर थीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसकी पिंडलियाँ नागर मोथा और कदली स्तम्भ के समान गोल, पतली तथा सुडोल थीं। माँसल भराव के कारण उसके घुटने और टखने अलग से दिखाई नहीं देते थे। उसकी जाँघें हाथी की सूँड़ के समान पुष्ट थीं। उसने कमर में सोने की विशाल और चमकीली करधनी पहनी हुई थी। उसकी रोमराजि उत्तम काजल, भँवरे और वर्षा के घने बादलों की तरह काली थी और सीधी, क्रमबद्ध, महीन, सुन्दर, कोमल, मृदु और सुन्दर थी। उसके नितम्ब सुडोल-गोल, सुन्दर और मनोहर थे। उसकी कमर मुट्ठी में आ जाये इतनी पतली थी। पेट पर के तीन सल उसके सौन्दर्य को बढ़ा रहे थे।

उसने अंगोपांगों पर मणियों, रत्नों और लाल आभा वाले सोने के तरह-तरह के सुन्दर गहने पहन रखे थे। सुडोल कलशों के समान सुन्दर उरोज मोतियों के कंठों और कुंद पुष्प की माला से सुसज्जित थे और चमकते हारों की पंक्तियों तथा मोतियों के गुच्छों से उद्‌भासित हो रहे थे। वक्षस्थल पर स्वर्ण-मुद्राओं का हार पड़ा था और गले में मंगल सूत्र शोभित हो रहा था। कानों के चमचमाते कुण्डल कंधों तक लटक रहे थे। उन कुण्डलों की आभा जैसे मुखमंडल की आभा के परिवार की ही हो। सौन्दर्य के गुणों के इस समूह से वह अपूर्व शोभामय हो रही थी। उसके दोनों हाथों में चमकते कमल पुष्प थे, जिनसे मकरन्द की बूँदें टपक रहीं थीं। वह चंचल और डोलते पंखे से विभूषित थी। उसकी सुन्दर, घनी और काली चोटी कमर तक लटक रही थी। कमल के आसन पर बैठी इस देवी का अभिषेक पहाड़ की चोटियों पर खड़े विशाल हाथियों की मोटी सूँड़ों से निकलती जलधाराओं से हो रहा था।

4. Goddess Laxmi

(37) Moon faced Trishala Kshatriyani then saw goddess Laxmi in her dream. That divinely beautiful goddess sat on rare species of Himalayan lotus. Her feet were of the colour and shape of a golden turtle. The nails on her toes were exquisitely rounded and full, smooth and red like copper foil, and without being pedicured and painted they appeared so. Her limbs were delicate and her fingers beautiful and tender like lotus petals. Her lower legs were shapely, round, and tapered like the inside stem of a plantain tree. Her thighs were full and healthy like the trunk of an elephant. Her legs were so full and rounded that the knee and ankle joints were not distinguishable. She had buxom buttocks that were beautiful and captivating. Her waist was as thin as a fist. Three distinct line-like folds on her abdomen added to her beauty.

Different parts of her body were adorned with a variety of ornaments made of gold with a reddish hue and studded with jewels and beads. On her

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

waist rested a large and shining girdle made of gold. On her shapely and beautiful breasts rested strings of pearls and garlands of Kunda flowers, and they were made more prominent by the glow of rows of necklaces with bunches of pearls. In the area just below the neck was placed a necklace of gold coins and a Mangalasutra (the auspicious sign of a married lady). In her ears dangled brilliant earings that touched her shoulders; their glow mingled with that of her face. Her body hair was black like fine collyrium, or bumble-bees, or rain-clouds and also uniform, thin, delicate, soft, and beautiful. Adorned with all the signs of beauty she looked gorgeous. Drops of pollen dripped from the gleaming lotus flowers in both her hands. There was a swinging fan besides her. Her thick and dark hair was knitted into a beautiful tail that hung touching her waist. Two giant elephants from the mountain peaks were annointing this goddess, sitting on a lotus, with streams of water flowing from their thick round trunks.

५. *माला दर्शन*

तओ पुणो सरस-कुसुम-मंदार-दाम-रमणिज्जभूयं चंपगा-सोग-पुण्णाग-नाग-पियंगु-सिरीस-मोग्गरग-मल्लिया-जाइ-जूहियं कोल्ल-कोज्ज-कोरिंट-पत्त-दमणय-नवमालिय-वउल-तिलय-वासंतिय-पउमुप्पल-पाडल-कुंदाइमुत्त-सहकार-सुरभिगंधिं अणुवम-मणोहरेणं गंधेणं दस दिसाओ वि वासयंतं सव्वोउय-सुरभि-कुसुम-मल्ल-धवल-विलसंत कंत-बहुवन्न-भत्तिचित्तं छप्पय-महुयरि-भमर-गण-गुम-गुमायंत-निलिंत-गुंजंत-देसभाग दामं पेच्छइ नहंगण-तलाओ ओवयंतं ॥५॥ ॥३८॥

(३८) इसके बाद त्रिशला क्षत्रियाणी ने माला का स्वप्न देखा। वह माला मन्दार के सरस और ताज़ा फूलों से गुँथी हुई और सुन्दर थी। उस माला में चम्पक, अशोक, पुन्नाग, नाग-केशर, प्रियंगु, शिरीष, मोगरा, मल्लिका, जाई, जूही, अंकोल, कोज्ज, कोरंट-पत्र, दमनक, नवमालिका, बकुल, तिलक, वासन्ती, पद्म, उत्पल, पाटल, कुन्द, अतिमुक्तक और सहकार के सुगन्धमय फूल भी गुँथे हुए थे। यह माला सभी ऋतुओं में खिलने वाले सुगन्धपूर्ण फूलों से बनी थी। मुख्यतया सफेद रंग की इस माला में अनेक तरह-तरह के रंगों के फूल होने से वह अत्यन्त आकर्षक और अद्भुत दिखाई पड़ती थी। माला के चारों ओर षट्पद, भँवरे, मधुमक्खी आदि गुँजन करते हुए मँडरा रहे थे। त्रिशला ने ऐसी माला को आकाश से नीचे आते देखा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

5. The Garland

(38) Her next dream was of a garland. It was a beautiful garland made up of fresh and gleaming Mandar flowers. Also strung in this garland were a variety of exotic, fragrant, and all-season flowers like—Champaka, Ashoka, Punnaga, Naga-keshar, Priyangu, Shirish, Mogra, Mallika, Jai, Juhi, Ankol, Kojja, Korant-patra, Damanak, Nava-mallika, Bakul, Vasanti, Padma, Utpal, Patal, Kunda, Atimuktaka, and Sahakar. The sprinkling of the wide range of colours in the predominently white base made it extremely attractive and splendid. All around this garland could be seen, hovering and buzzing, insects like bumble-bees, honey-bees, wasps, etc. Trishala Kshatriyani saw in her dream such a splendid garland descending from the skies.

६. चन्द्र दर्शन

ससिं च गोखीर-फेण-दगरय-रयय-कलस-पंडुरं सुभं हियय-नयण-कंतं, पडिपुन्नं, तिमिर-निकर-घण-गहिर-वितिमिरकरं, पमाण-पक्खंत-रायलेहं, कुमुद-वण-विबोहयं, निसा-सोभगं, सुपरिमट्ठ-दप्पण-तलोवमं, हंस-पडुवन्नं, जोइस-मुह मंडगं, तम-रिपुं मयण-सरापूरं, समुद्द-दग-पूरगं, दुम्मणं जणं दइय-वज्जियं पायएहिं सोसयंतं पुणो सोम्म-चारुरूवं, पेच्छइ सा गगण-मंडल-विसाल-सोम्म-चंकम्ममाण-तिलगं, रोहिणि-मण-हियय-वल्लहं देवी पुन्नचंदं समुल्लंसतं ॥६॥ ॥३९॥

(३९) फिर त्रिशला क्षत्रियाणी ने स्वप्न में चन्द्रमा देखा। वह चाँद दूध, पानी के झाग, पानी की बूँद, हंस या चाँदी के कलश की तरह सफेद था। वह पूर्ण और शुभ था तथा देखने से आँखों और मन को आनन्द देने वाला था। वह घने अंधकार का नाश करने वाला था। पूनम के चाँद की तरह वह सोलह कलाओं वाला था और उसके प्रकाश से कुमुद खिल उठते थे। रात्रि की शोभा बढ़ाने वाला वह चाँद एकदम साफ दर्पण की तरह चमक रहा था। नक्षत्र और तारों के समूह का वह मुखिया था और अंधकार का शत्रु। कामदेव के बाणों के तरकश के समान वह चन्द्र अपनी किरणों से विरह पीड़ित लोगों की व्यथा बढ़ाता था। सौम्य और सुन्दर रूप वाला वह चन्द्रमा अनन्त आकाश का चंचल तिलक था। रोहिणी का वह प्रीतम समुद्र में ज्वार पैदा करने वाला था। त्रिशला देवी ने ऐसा पूर्ण विकसित चन्द्रमा अपने स्वप्न में देखा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

6. The Moon

(39) After this, Trishala Kshatriyani saw the moon. It was white as milk, froth of water, droplets of water, swan, or a silver pitcher. It was the auspicious full moon that pleased the eyes and mind when beheld. It dispelled the dense darkness of the night. Being the full moon, it embraced all the sixteen waxing stages of its growth. Its beams caused the lotus to bloom. It was shining like a spotless mirror, enhancing the serene beauty of the night. It was the enemy of darkness and chief of the countless stars and planets. Like the arrow of Cupid its rays increased the pain of parted lovers. This soothingly beautiful moon was the alluring ornament of the infinite sky. It was the spouse of the constellation named Rohini and the cause of ebb and flow in the oceans. Trishala Kshatriyani saw such splendid full moon in her dream.

७. सूर्य दर्शन

तओ पुणो तम-पडल-परिप्फुडं, चेव चेयसा पज्जलंतरूवं रत्तासोग-पगास-किंसुय-सुगमुह-गुंजद्ध-राग-सरिसं कमल वणालंकरणं अंकणं जोइसस्स अंबर-तल-पईवं हिमपडल-गलग्गहं गह-गणोरु-नायगं रत्ति-विणासं उदयत्थमणेसु मुहुत्त-सुहं-दंसणं दुन्निरिक्ख-रूवं रत्तिमुद्धायंत-दुप्पयार-पमद्दणं सीयवेग-महणं पेच्छइ मेरु-गिरि-सयय-परियट्टयं विसालं सूरं रस्सी-सहस्स-पयलिय-दित्त-सोहं ॥७॥ ॥४०॥

(४०) इसके बाद उसने सूर्य का स्वप्न देखा। वह सूर्य तेज से प्रदीप्त रूप वाला और अंधकार के समूह का नाश करने वाला था। लाल अशोक, विकसित किंशुक, तोते की चोंच और चिर्मी के रंग की सी ललाई लिए वह सूर्य कमल वनों को विकसित करने वाला था और ज्योतिष चक्र को आँकने वाला था। गगन तल का वह दीपक बर्फ के ढेरों को पिघलाने वाला था। वह रात्रि का नाश करने वाला और ग्रह मण्डल का मुखिया था। उसकी ओर केवल उदय और अस्त के समय ही देख पाना सम्भव था, अन्य किसी भी समय उसकी ओर देख पाना कठिन था। अंधेरे की आड़ में काम करने वाले जार, चोर आदि को त्रास देने वाला था और सर्दी के प्रभाव को कम करने वाला भी। अपनी हज़ारों किरणों से चन्द्रमा व अन्य ग्रहों के तेज को मंद करने वाला वह सूर्य मेरु पर्वत के चारों ओर निर्बाध घूमता था। ऐसा विशाल सूर्य त्रिशला ने अपने स्वप्न में देखा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

7. The Sun

(40) Then Trishala Kshatriyani saw the Sun in her dream. It was brilliantly radiant and scattered the gathered mass of darkness. It was crimson like the colour of the red Ashoka flower, the blooming Kinshuk flower, the beak of a parrot or a gunja seed. The touch of its rays made lotuses bloom. It described the astrological circle. This lamp of the sky melted heaps of snow and ice. It brought the end of the night and was the head of the planets. It was impossible to look at it at any time other then dawn or dusk. It caused consternation to thieves and other denizens of darkness. With its warmth it removed chilling cold. With its brilliance it reduced the glow of the moon and stars to insignificance. It perpetually moved on its circular path around Meru mountain.

८. ध्वजा दर्शन

तओ पुणो जच्च-कणग-लट्ठि-पइट्ठियं [वत्थ-] समूह-नील-रत्त-पीय-सुक्किल्ल-सुकुमालुल्लसिय-मोरपिच्छ-कयमुद्धयं, फालिय-संखंक-कुंद-दगरय-रयय-कलस-पंडरेण मत्थयत्थेण सीहेण रायमाणेणं रायमाणं भेत्तुं गगण-तल-मंडलं चेव ववसिएणं पेच्छइ सिव-मउय-मारुय-लयाहय-पकंपमाणं अतिप्पमाणं जण-पिच्छणिज्जरूवं ॥८॥ ॥४१॥

(४१) फिर त्रिशला क्षत्रियाणी ने स्वप्न में ध्वजा देखी। वह ध्वजा उत्तम सोने के ऊँचे डंडे पर लगी थी और नीले, पीले, लाल, सफेद आदि कई रंगों के कपड़ों से बनी थी। ध्वजा की चोटी पर कोमल मोर-पंख शोभित थे। ध्वजा के आधे भाग में उत्कृष्ट सफेद रंग का सिंह चित्रित था। वह ऊँची ध्वजा मन्द-मन्द हवा के शीतल झोंकों से जब लहराती थी तो लगता था मानो वह सिंह आकाश को चीरने का प्रयत्न कर रहा है। उस ध्वजा का रूप देखते ही बनता था।

8. The Flag

(41) Next to come in her dream was the flag. This flag was made of cloth of blue, yellow, red, white and numerous other colors, and was flying on a staff made of pure gold. At the top of this staff were stuck soft peacock-feathers. A lion, as white as crystal, a conch, a white gem, a Kunda flower, a water drop or a silver pitcher, was painted on one half of the flag. When this flag fluttered in the gentle breeze it appeared as if the lion was trying to tear apart the sky. The beauty of that flag was a treat to the eyes.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९. कलश दर्शन

तओ पुणो जच्च-कंचणुज्जलंत-रूवं निम्मल-जल-पुन्नमुत्तमं दिप्पमाण-सोहं कमल-कलाव-परिरायमाणं पडिपुण्ण-सव्वमंगल-भेय-समागमं पवर-रयण-परायंत-कमलट्ठियं नयण-भूसणकरं पभासमाणं सव्वओ चेव दीवयंतं सोम-लच्छी-निभेलणं सव्व-पाव-परिवज्जियं सुभं भासुरं सिरिवर सव्वोउय-सुरभि-कुसुम-आसत्त-मल्लदामं, पेच्छइ सा रययपुन्न-कलसं ॥९॥ ॥४२॥

(४२) त्रिशला ने फिर स्वप्न में कलश देखा। वह कलश सुनहरी चमक लिए था और चारों तरफ कमल पुष्पों से घिरा हुआ था। स्वच्छ जल से भरा वह कलश मनोहर कान्तियुक्त था। वह सर्वमंगलमय था मानो सभी प्रकार के मंगल चिन्ह उसमें सिमट आए हों। वह उत्तम रत्नों से बने कमल पर रखा हुआ था जिसे देखते ही आँखें आनन्द विभोर हो उठती थीं। वह प्रकाशमय था और उसकी आभा दसों दिशाओं में फैल रही थी। वह शुभ और निर्दोष कलश लक्ष्मी का आवास था। कलश के गले में सर्व ऋतुओं के सुगंधित फूलों की मालाएँ पड़ी थीं।

9. The Urn

(42) After this she saw an urn. This urn was bright golden in colour and was resting in the middle of lotus flowers. Filled with pure clean water, this urn had an attractive sheen. It was all-auspicious, as if all possible auspicious signs had been drawn within it. It rested on a exclusive lotus made up of best quality gems. It was radiant and its sparkle filled all directions. This holy and faultless urn was the abode of the goddess Laxmi. Lying around its neck were garlands of fragrant, all-season flowers.

१०. पद्म-सरोवर

तओ पुणो रवि-किरण-तरुण-बोहिय-सहस्सपत्त-सुरहितर-पिंजर-जलंजलचर-पहगर-परिहत्थग-मच्छ-परिभुज्जमाण-जलसंचयं महंतं जलंतमिव, कमल-कुवलय-उप्पल-तामरस-पुंडरीय-उरुसप्पमाण-सिरिसमुदएणं रमणिज्ज-रूव-सोभं पमुइयंत-भमर-गण-मत्त-महुकरि-गणोक्करोलिज्जमाण-कमल कादंबग-बलाहग-चक्काक-कलहंस-सारस-गव्विय-सउण-गण-मिहुण सेविज्जमाण-सलिलं पउमिणि-पत्तोवलग्ग-जलबिंदु-निचयचित्तं च पेच्छइ सा हियय-नयणकंतं पउमसरं नाम सरं सररूहाभिरामं ॥१०॥ ॥४३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४३) फिर वह पद्म सरोवर का स्वप्न देखती है। वह सरोवर सूर्य की किरणों के प्रभाव से खिले फूलों के मकरन्द से महक रहा था। उसका पानी ललाई लिए पीले रंग का था। उसमें रहने वाले जीव समूह इधर-उधर तैर रहे थे और मछलियाँ पानी पी रही थीं। वह तालाब बहुत विशाल था। सूर्य की किरणों से खिलने वाले कमल, कुवलय, लाल रंग के उत्पल, तामरस, सफेद पुण्डरीक आदि कई तरह के कमल फूलों के विस्तार से तथा उनके अनेक रंगों की नर्तन करती आभाओं से वह सरोवर प्रदीप्त हो रहा था। सरोवर का रूप और उसकी छटा मनोहारी थे। आनन्द से गुंजन करते भँवरों के झुंड और नशे में झूमतीं मधु-मक्खियों के झुंड उन फूलों पर बैठ उनका पराग चूस रहे थे। मीठे स्वर वाले कादम्बक, बक, बगुले, चकवे, कलहंस, सारस आदि पक्षियों के जोड़े हर्ष से उस सरोवर में क्रीड़ा कर रहे थे। कमलिनी दल पर पड़ी पानी की बूँदें मोतियों की तरह चमक रही थीं।

10. The Lotus-pond

(43) Trishala Kshatriyani, then, saw a lotus pond. The flowers in this pond were in full bloom due to the falling sun rays and it was saturated with the fragrance of the pollen of these flowers. It was full of floating and swimming aquatic life. This large pond was resplendent with multicoloured hue of sunrays reflected from a wide variety of lotus flowers of different colours including—Kamal, Kuvalaya, red Utpal, Tamaras, white Pundarik, etc. Swarms of honey-bees and bumble-bees were sucking the pollen, hovering and buzzing with delight. A variety of birds including Kadambak, Baka, Bagula, Chakva, Kalahamsa, Saras, etc., were joyfully playing around and emitting sweet sounds. The dew drops on the petals of lotus flowers were shining like pearls. The pond was stunningly beautiful.

११. क्षीर सागर

तओ पुणो चंद-किरण-रासि-सिरिवच्छ-सोहं, चउगमण-पवड्ढमाण-जल-संचयं, चवल-चंचलुच्चायप्पमाण-कल्लोल-लोलंत तोय-पडु-पवणाहय-चलिय-चवल-पागड-तरंग-रंगंत-भंग-खोखुब्भमाण-सोभंत-निम्मल-उक्कड-उम्मी-सह-सम्बन्ध-धावमाणोव-नियत्त-भासुरतराभिरामं महा-मगरमच्छ-तिमि-तिमिंगल-निरुद्ध-तिलि-तिलिया-भिघाय-कप्पूर-फेण-पसरं, महानई-तुरिय-वेग-समागय-भम-गंगावत्त-गुप्प मारुच्चलंत-पच्चोनियत्त-भममाण-लोल-सलिलं पेच्छइ खीरोय-सागरं सारय-रयणिकर-सोम्मवयणा ॥११॥ ॥४४॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(४४) इसके पश्चात् त्रिशला रानी ने क्षीर सागर का स्वप्न देखा। क्षीर सागर का मध्य भाग चंद्र किरणों के समान उज्ज्वल था। वह बढ़ती जल राशि से चारों दिशाओं में फैलता-सा लग रहा था। चपल, चंचल और ऊँची लहरों से उसकी सतह तरंगित हो रही थी और ऐसा लग रहा था कि वे आपस में टकरा कर दौड़ लगा रही हैं। वे उछलती हुई सुन्दर लहरें नाच रही थीं और अत्यन्त वेग से डोल रही थीं। एक के पीछे एक पंक्ति में दौड़ती वे लहरें चमक रही थीं और रमणीय लग रही थीं। महामगर, मच्छ, जिमि, तिमिंगिल, निरुद्ध, तिलितिलिय आदि जन्तुओं की पूँछों की फटकार से चारों तरफ कपूर जैसे सफेद झाग फैल रहे थे। अनेक महानदियों के प्रबल वेग से गिरते पानी के कारण उसमें गंगावर्त नामक भंवर उत्पन्न होते थे, जिनके कारण पानी उद्वेलित होकर उछलता गिरता और चारों ओर चक्कर लगाता हुआ दिखाई देता था।

11. The Milky Sea

(44) Her next dream was of a milky sea. The surface in the middle of the sea had the brilliant whiteness of moon beams. The swelling mass of its waters appeared to be spreading in all directions. Its surface was violent with surging waves that collided with each other and raced ahead. The vigorous momentum ended in a dance of macabre beauty. Running one after the other, the cascading sequence of these shining waves presented a fascinating view. The surface was covered by an ever spreading, camphor like froth, created by the beating of the waters by tails of giant aquatic creatures such as Mahamagar, Machha, Jimi, Timingal, Niruddha, etc. Many great rivers emptied into it with tremendous speed creating giant whirlpools, known as Gangavarta, and giving a circular motion to the surging and falling mass of water.

१२. देव-विमान दर्शन

तओ पुणो तरुण-सूरमंडल-समप्पभं, (दिप्पमाण-सोहं) उत्तम-कंचण-महामणि-समूह-पवर-तेय-अट्ठसहस्स-दिप्पंत-नह-प्पईवं, कणग-पयर-लंबमाण-मुत्ता-समुज्जलं, जलंत-दिव्वदामं, ईहामिग-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किन्नर-रुरु-सरभ-चमर-संसत्त-कुंजर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्तं, गंधव्वोपवज्जमाण-संपुण्णघोसं, निच्चं सजल-घण-विउल-जलहर-गज्जिय-सद्दाणुणाइणा देव-दुंदुभि-महारवेणं सयलमवि जीवलोयं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पपूरयंतं कालागुरु-पवर-कुंदुरुक्क-तुरुक्क-डज्झंत-धूव-दसंग-मघमघंत-गंधद्धुयाभिरामं निच्चालोयं सेयं सेयप्पभं सुरवराभिरामं पिच्छइ सा सातोवभोगं विमाण-वर-पुंडरीयं ॥१२॥ ॥४५॥

(४५) तत्पश्चात् उसने विमान का स्वप्न देखा। वह देव विमान बाल-सूर्य की तरह चमक वाला और शोभामय था। उसमें सोने और रत्नों से बने आठ हजार स्तम्भ थे जो अपने तीव्र प्रकाश के कारण आकाश में दीप की तरह चमक रहे थे। उसमें सोने के पत्तर पर जड़े हुए बेदाग मोतियों के गुच्छे और चमचमाती दिव्य मालाएँ लटक रही थीं। उस विमान पर अनेक सुन्दर भित्ति चित्र बने हुए थे जिनमें इहा-मृग (शुतुरमुर्ग), वृषभ, अश्व, नर, मगर, पक्षी, सूर्य, किन्नर, रुरु-मृग, शरभ, चमरीगाय, हाथी और वन लता, पद्म लता आदि आँके हुए थे। गंधर्वों द्वारा बजाए वाद्य यंत्रों का मधुर संगीत वहाँ निरन्तर गूँज रहा था। उसमें वर्षा के विशाल मेघों की गर्जना जैसी देव दुन्दुभियों का महाघोष ऐसे हो रहा था, मानो पूरे जीव लोक को अपनी गूँज से आच्छादित कर रहा हो। कृष्णागुरु, श्रेष्ठ कुंदरु, और तुरुष्क (लोबान) की जलती धूप से वह महक रहा था और रमणीय लग रहा था। उस विमान में सदैव प्रकाश रहता था। उसमें सदा देव विचरते थे। वह उज्ज्वल सफेद आभा वाला था। सुख के साधनों से परिपूर्ण ऐसा पुण्डरीक विमान त्रिशला ने सपने में देखा।

12. The Space-ship of Gods

(45) She then saw a space-ship of the gods (Dev Viman) in her dream. It was as bright and beautiful as the rising sun. There were eight thousand pillars made of gold and studded with gems in this ship, and these were glittering like bright lamps in the sky. Golden leaves with bunches of pearls and divine garlands were hanging in it. There were numerous murals on the walls with a variety of motifs, such as Iha Mriga (ostrich), bull, horse, man, alligator, bird, serpent, demi-god, Ruru-Mriga, Sharabh, yalk, Shavapad, elephant, wild creeper, lotus, etc. Lower gods filled it with melodious instrumental music all the time. Divine drums emitted a loud rumbling sound like that coming from dense monsoon clouds, as if the whole universe was filled with that drumming sound. The fragrance of burning incenses like Krishnaguru, Shreshta kunduru, and Turushk made it all the more enchanting. It remained illuminated with a white glow and was furnished with all means of pleasure and convenience. Trishala Kshatriyani saw this magnificent ship that was named Pundarika.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

१३. रत्नराशि

तओ पुणो पुलग-वेरिंदनील-सासग-कक्केयण-लोहियक्ख-मरगय-मसारगल्ल-पवाल-फलिह-सोगंधिय-हंसगब्भ-अंजण-चंदप्पभ-वर-रयणेहिं महियल-पइट्ठियं गगणमंडलंतं पभासयंतं तुंगं मेरुगिरि-सन्निगासं पिच्छइ सा रयण-निकर-रासिं ॥१३॥ ॥४६॥

(४६) फिर त्रिशला ने स्वप्न में रत्नराशि देखी। पुलक, वज्र, इन्द्रनील, शास्यक (सस्यक), कर्केतन, लोहिताक्ष, मरकत, मसारगल्ल, मूँगा, स्फटिक, नील, सौगन्धिक, हंसगर्भ, अंजन और चन्द्रप्रभा आदि उत्तम रत्नों का ढेर जमीन पर लगा हुआ था। उनकी चमक से सारा आकाश आलोकित हो रहा था। वह रत्नों का ढेर मेरु पर्वत के समान ऊँचा लग रहा था।

13. The Heap of Gems

(46) It was a heap of gems that Trishala Kshatriyani saw next in her dream. This heap contained a variety of good quality gems including— Pulak (black stone), Vajra (diamond), Indranil (blue sapphire), Sasyak, Karketan, Lohitaksha (ruby), Markat (emerald), Masargalla (carnelian), Moonga (coral), Sphatik (crystal-quartz), Neel (blue sapphire), Saugandhik (ruby), Hamsagarbh, Anjan, Chandraprabha (monstone), etc. This heap was as high as Meru mountain and a glow spread in the sky due to the radiance of these gems.

१४. निर्धूम अग्निशिखा

सिंहि च सा विउलुज्जल-पिंगल-महुघय-परिसिच्चमाण-निद्धूम-धगधगाइय-जलंत-जालुज्जलाभिरामं तरतम-जोगेहिं जाल-पयरेहिं अण्णमण्णमिव अणुपइण्णं पेच्छइ जालुज्जलणग-अंबरं व कत्थइ-पयंतं अइवेग-चंचलं सिहिं ॥१४॥ ॥४७॥

(४७) अन्त में त्रिशला ने निर्धूम अग्नि शिखा का स्वप्न देखा। उस अग्नि की विशाल ज्वालाएँ ऊपर की ओर उठ रही थीं। निर्मल घी और पीले शहद से बार-बार सींचे जाने के कारण उसकी धधकती लपटें धुँआरहित थीं। उनकी दमक इसीलिए आकर्षक थी। छोटी बड़ी ज्वालाओं का मिश्रण मानो ऊँचा उठकर आकाश को छूने का प्रयास कर रहा हो। ये लपटें वेग से धधकने के कारण अत्यधिक चंचल थीं।

14. The Smokeless Fire

(47) The last dream that Trishala Kshatriyani saw was of a smokeless fire. Its giant flames were reaching the sky. As this fire was fuelled by pure

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Ghee and yellow honey, its towering flames did not emit any smoke and had an attractive glow. These fast leaping low and high flames overlapped each other, swelling with great force.

इमे एयारिसे सुभे, सोम्मे, पियदंसणे, सुरूवे सुमिणे दट्ठूण सयणमज्झे पडिबुद्धा अरविंद-लोयणा हरिस-पुलइयंगी।

एए चोद्दस-सुमिणो, सव्वा पासेइ तित्थयर-माया।
जं रयणिं वक्कमई, कुच्छिंसि महायसो अरहा॥१॥ ॥४८॥

(४८) ये सब शुभ सौम्य, प्रिय, दर्शनीय और सुन्दर स्वप्न देखकर कमल जैसे नयनों वाली त्रिशला हर्ष से पुलकित हो उठी। उसके अंग रोमांचित हो उठे और वह जाग पड़ी।

जिस रात महायशस्वी अरहंत तीर्थंकर अपनी माँ की कोख में आते हैं उस रात उन सभी की माताएँ इसी प्रकार चौदह स्वप्न देखती हैं।

(48) Seeing these auspicious, pleasing, lovely, attractive and beautiful dreams, lotus-eyed Trishala Kshatriyani was filled with joy, and the exhilerating sensation woke her up.

Whenever an illustrious Tirthankar is concieved by his mother, she experiences these same fourteen visions in her dream.

तएणं सा तिसला खत्तियाणी इमेयारूवे ओराले चोद्दस महासुमिणे पासित्ताणं पडिबुद्धा समाणी हट्ठ जाव हय-हियया धाराहय-कलंब-पुप्फगं पिव समूससिय-रोमकूवा सुमिणोग्गहं करेइ, सुमिणोग्गहं करित्ता सयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ, सयणिज्जाओ अब्भुट्ठित्ता पाय-पीढाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता अतुरियं अचवलमसंभंताए अविलंबियाए रायहंस-सरिसीए गईए जेणेव सयणिज्जे जेणेव सिद्धत्थे खत्तिए, तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं सस्सिरियाहिं हियय-गमणिज्जाहिं हियय-पल्हायणिज्जाहिं मिउ-महुर-मंजुलाहिं गिराहिं संलवमाणी संलवमाणी पडिबोहेइ॥४९॥

(४९) चौदह महास्वप्न देखकर जागी त्रिशला आनन्दमग्न हो गई। उसका मन हर्ष-विभोर हो उठा। वर्षा से भीगे कदम्ब के फूल की तरह उसका रोम-रोम पुलक उठा। उसने सपनों को

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

याद किया और फिर शय्या से उठ पाद पीठ पर होती हुई धरती पर उतरी। वह पूर्ण जाग्रत हो तत्काल मन्द-मन्द चपलतारहित राजहंस जैसी चाल से राजा सिद्धार्थ के कमरे में गई। इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, हृदयस्पर्शी, उदार, कल्याणमय, धन्य, मंगलकारी, शोभाकारी, मृदु, मधुर, मंजुल, हृदयग्राही और आह्लादकारक वाणी का उच्चारण कर उसने सिद्धार्थ राजा को जगाया।

(49) Waking up after the vision, Trishala Kshatriyani was filled with joy. Her heart was brimming over with happiness. As a Kadamba flower blossoms at the touch of droplets of rain, every pore of Trishala's body became alive with a sensation of ecstacy. She brooded over the vivid dreams and got up from the bed. She moved away from the bed, drifting with the grace of a swan and approached the bed of Siddhartha with unhurried gait and steady steps. She gently woke him up, uttering loving, touching and suitable words in her soft, sweet, pleasing and melodious vioce with a gracious, open, warm, and polite accent.

तए णं सा तिसला खत्तियाणी सिद्धत्थेणं रन्ना अब्भणुन्नाया समाणी नाणा-मणि-रयण-भत्ति-चित्तंसि भद्दासणंसि निसीयइ, निसीइत्ता आसत्था विसत्था सुहासण-वर-गया, सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं जाव संलवमाणी संलवमाणी एवं वयासी–॥५०॥

"एवं खलु अहं सामी! अज्ज तंसि तारिसंगंसि सयणिज्जंसि वण्णओ जाव पडिबुद्धा, तं जहा–गय वसह. गाहा। तं एएसिं सामी! उरालाणं चउदसण्हं महासुमिणाणं के मन्ने कल्लाणे फलवित्ति-विसेसे भविस्सइ?"॥५१॥

(५०) सिद्धार्थ राजा की अनुमति ले वह सोने के रत्नजड़ित और चित्रित भद्रासन पर बैठी। आश्वस्त होकर उसने सुखासन पर बैठे सिद्धार्थ से अपने मधुर स्वर में कहा–

(५१) "हे स्वामिन्! आज जब मैं अपनी शय्या पर सो रही थी तब चौदह महास्वप्न देखकर जागी। वे चौदह स्वप्न थे–गज, वृषभ आदि। हे स्वामिन्! मैं समझती हूँ कि इन चौदह महास्वप्नों का कोई बहुत कल्याणकारी फल मिलेगा?"

(50), (51) Seeking permission from king Siddhartha, she made herself comfortable on a golden and gem studded seat. Controlling her excitement and regaining her composure she addressed Siddhartha in her sweet voice, "Today, my lord! while I was sleeping in my bed I saw fourteen vivid and radiant dreams that broke my slumber. She then described the fourteen dreams (elephant, bull, etc.) and continued, I have a feeling, my lord, that

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

these great dreams are precursers of some blessed incident in the near future."

तएणं से सिद्धत्थे राया तिसलाए खत्तियाणीए अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठ-तुट्ठ-चित्ते आणंदिए पीइमणे परम-सोमणसिए हरिस-वस-विसप्पमाण-हियए धाराहय-नीव-सुरहि-कुसुम-चंचुमालइय-रोमकूवे ते सुमिणे ओगिण्हति, ते सुमिणे ओगिण्हित्ता, ईहं, अणुप्पविसइ, ईहं अणुप्पविसित्ता अप्पणो साहाविएणं मइपुव्वएणं बुद्धि-विन्नाणेणं तेसिं सुमिणाणं अत्थोग्गहं करेइ, अत्थोग्गहं करित्ता तिसला-खत्तियाणीं ताहिं इट्ठाहिं जाव मंगल्लाहिं पिय-महुर-सस्सिरीयाहिं वग्गूहिं संलवमाणे संलवमाणे एवं वयासी–॥५२॥

(५२) सिद्धार्थ राजा त्रिशला रानी की बात सुन-समझकर प्रसन्न हुआ और उसके मन को संतोष प्राप्त हुआ। उसके मन में प्रीति उत्पन्न हुई। उसे परम सौम्यता और आह्लाद मिले। वह हर्ष-विभोर हो उठा। वर्षा की बूँदों में भीगे सुगन्धित कदम्ब की तरह उसका रोम-रोम पुलकित हो उठा। उसने उन स्वप्नों को समझा और उनके फल का चिन्तन किया। अपनी स्वाभाविक प्रज्ञा और विज्ञान-बुद्धि द्वारा उसने प्रत्येक स्वप्न के विशिष्ट अर्थ व फल का निश्चय किया। फिर वह मधुर वाणी में त्रिशला से बोला–

(52) Trishala's words filled Siddhartha with joy. Like Trishala his heart also brimmed over with delightful ecstasy. He ruminated over the dreams and pondered what they augured. With the help of his inborn intelligence and discerning mind, he interpreted the dreams and what they forbode. He then conveyed sweetly to Trishala—

सिद्धार्थ राजा द्वारा स्वप्न-फलों की विवेचना

"ओराला णं तुमे देवाणुप्पिए! सुमिणा दिट्ठा, कल्लाणा णं तुमे देवाणुप्पिए! सुमिणा दिट्ठा, एवं सिवा, धन्ना, मंगल्ला, सस्सिरीया! आरोग्गतुट्ठि-दीहाउय-कल्लाण-मंगल-कारगा णं तुमे देवाणुप्पिए! सुमिणा दिट्ठा;

तं जहा–अत्थलाभो देवाणुप्पिए!, भोगलाभो देवाणुप्पिए!, पुत्तलाभो देवाणुप्पिए!, सोक्खलाभो देवाणुप्पिए!, रज्जलाभो देवाणुप्पिए!, एवं खलु तुमं देवाणुप्पिए! नवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णामणं अद्धट्ठमाणं य राइंदियाणं विइक्कंताणं अम्हं कुलकेउं, अम्हं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुलदीवं, कुल-पव्वयं, कुल-तिलयं, कुल-किंत्तिकरं, कुल-वित्तिकरं, कुल-दिणयरं, कुल-आहारं, कुल-नंदिकरं, कुल-जसकरं, कुल-पायवं, कुल-विवद्धण-करं, सुकुमाल-पाणि-पायं, अहीण-पडिपुण्ण-पंचेंदिय-सरीरं, लक्खण-वंजण-गुणोववेयं, माणुम्माण पमाण-पडिपुण्ण सुजाय-सव्वंग-सुंदरंगं ससि-सोमाकारं कंतं पियं सुदंसणं दारयं पयाहिसि।'' ॥५३॥

(५३) ''हे देवानुप्रिये! तुमने उदार व कल्याणकारी स्वप्न देखे हैं। हे देवानुप्रिये! तुमने शिव-मंगलरूपादि गुणों वाले स्वप्न देखे हैं। जिनके फलस्वरूप अर्थ, भोग, पुत्र, सुख व राज्य लाभ होगा। यह निश्चित है कि नौ महीने और साढ़े सात दिन पूरे होने पर तुम एक पुत्र को जन्म दोगी। तुम्हारा यह पुत्र हमारे कुल के लिए ध्वजा, दीपक, पर्वत, मुकुट, तिलक आदि के समान कीर्ति प्रदान करने वाला होगा। वह कुल का सूर्य, आधार व पादप वृक्ष होगा। वह कुल का निर्वाह करने वाला, यश बढ़ाने वाला, और विशेष वृद्धि करने वाला होगा। वह-सुकोमल हाथ-पैर वाला, किसी भी प्रकार की हीनता से रहित सम्पूर्ण पंचेन्द्रिय शरीर वाला होगा। उसका शरीर मान, उन्मान और परिमाण से पूर्ण व सर्वांग सुन्दर होगा। वह शुभ लक्षण, व्यंजन आदि गुणों से युक्त होगा। वह शोभावान, चन्द्रमा के समान सौम्य आकृति वाला, कान्त, मनोज्ञ और प्रियदर्शी होगा।''

The Interpretation by King Siddhartha

(53) "O beloved of gods! You have seen bountiful dreams that are harbingers of well being and good fortune. You will gain wealth, grandeur, a son, joy, and expansion of kingdom. It is certain that you will give birth to a son after nine months and seven and a half days from today. This son of yours will bring glory to our clan like a flag, a lamp, a mountain, a crown, and a mark on the forehead do. For our clan he will be like the sun, a support, and a shade giving tree. He will have delicate limbs, faultless and acute senses, and a perfectly formed body. His body will have all the auspicious marks and signs and it will be ideally proportioned in terms of shape, height and weight. Like a divine child he will be absolutely beautiful, charming, and handsome. Like the moon he will be soothingly radiant."

''से वि य णं दारए उम्मुक्क-बालभावे विन्नाय-परिणय-मित्ते जोव्वणगमणुपत्ते सूरे वीरे विक्कंते-विच्छिन्न-विउल-बल-वाहणे रज्जवई राया भविस्सइ. तं उराला णं तुमे.'' जाव दोच्चंपि तच्चं पि अणुबूहइ ॥५४॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(५४) "वह बचपन बीतने पर कला, विज्ञान आदि सभी विषयों में पारंगत होकर यौवन प्राप्त करेगा। तब वह शूरवीर, तेजस्वी, विशाल, बलशाली, वाहन, सेना, राज्य आदि का स्वामी राजा होगा।" इस प्रकार तुमने जो महास्वप्न देखे हैं वे सभी अत्युत्तम हैं। सिद्धार्थ राजा ने अनेक बार स्वप्नों की प्रशंसा की।

(54) "As he passes the age of infancy he will grow into a youth of mature intelligence and having perfect knowledge of all subjects including arts and sciences. He will then be a king having courage, bravery, glory, benevolence, power, vehicles, army and kingdom." Thus you have seen the best of all possible dreams. King Siddhartha praised the dreams over and over.

तए णं सा तिसला खत्तियाणी सिद्धत्थस्स रन्नो अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठ-तुट्ठ. जाव हियया करयल-परिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु एवं वयासी– ॥५५॥

"एयमेयं सामी! तहमेयं सामी! अवितहमेयं सामी! असंदिद्धमेयं सामी! इच्छियमेयं सामी! पडिच्छियमेयं सामी! इच्छिय-पडिच्छियमेयं सामी! सच्चेणं एस अट्ठे, से जहेयं तुब्भे वयह त्ति कट्टु ते सुमिणे सम्मं पडिच्छइ सम्मं पडिच्छित्ता सिद्धत्थेणं रन्ना अब्भणुण्णाया समाणी नाणा-मणि-रयण-भत्ति-चित्ताओ भद्दासणाओ अब्भुट्ठेइ, अब्भुट्ठित्ता अतुरियमचवलमसंभंताए अविलंबियाए राजहंस-सरिसीए गईए, जेणेव सए सयणिज्जे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता एवं वयासी– ॥५६॥

(५५) त्रिशला रानी सिद्धार्थ राजा से स्वप्नों का अर्थ सुन-समझकर अत्यन्त प्रसन्न हुई और दोनों हाथ जोड़ ललाट पर लगाकर आदर सहित बोली–

(५६) "हे स्वामिन्! निःसन्देह आपकी बात सत्य है। यह आशानुरूप, अभीष्ट और इच्छित है। यह स्वप्नफल प्रमाणित है।" स्वप्नों के अर्थ को मन से स्वीकार कर सिद्धार्थ राजा की आज्ञा ले वह भद्रासन से उठी और अपनी स्वाभाविक चाल से चलती हुई अपने शयनकक्ष में आई। शय्या पर बैठकर वह सोचने लगी–

(55), (56) These words of king Siddhartha made queen Trishala happy and contented. She greeted king Siddhartha courteously and with joined palms and exclaimed, "Undoubtedly, my lord, what you say is true. Your statement is not simply desirable; it is also the indicator of the fulfilment of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

our cherished desires. Your interpretation is absolutely correct." Sincerely accepting the interpretation, she begged leave of king Siddhartha, got up from her seat and returned to her bedroom with her natural graceful gait. Sitting on her bed, she started thinking—

"मा मे ते उत्तमा पहाणा मंगल्ला सुमिणा दिट्ठा अन्नेहिं पावसुमिणेहिं पडिहम्मिस्संति" त्ति कट्टु देवय-गुरुजण-संबद्धाहिं पसत्थाहिं मंगल्लाहिं धम्मियाहिं लट्ठाहिं कहाहिं सुमिण-जागरियं जागरमाणी पडिजागरमाणी विहरइ॥५७॥

(५७) "मेरे ये मंगलमय स्वप्न अन्य दु:स्वप्नों से कहीं निष्फल न हो जायें इसलिए मुझे देव और गुरुजन विषयक उच्च, मांगलिक और धर्म-रस से भरी कथाओं की सहायता से जागते रहना चाहिए।" यह सोचकर वह उस रात जागती रही।

(57) "Lest these dreams lose their auspicious effect due to later bad dream; let me keep awake with the help of pious, auspicious, and religious tales about gods and elders." With these thoughts she did not sleep for the rest of the night.

सभा-मण्डप की सज्जा

तए णं सिद्धेत्थे खत्तिए पच्चूसकाल-समयंसि कोडुंबिय-पुरिसे सद्दावेइ, कोडुंबिय-पुरिसे सद्दावित्ता एवं वयासी-"खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! अज्ज सविसेसं बाहिरियं उवट्ठाणसालं गंधोदयसित्त-सम्मज्जिअ-उवलित्तं सुगंध-वर-पंचवन्न-पुप्फोवयार-कलियं कालागुरु-पवर-कुंदरुक्क-तुरुक्क-डज्झंत-धूव-मघमघंत-गंधुद्धुयाभिरामं सुगंध-वर-गंधियं गंधवट्टिभूयं करेह, कारवेह, करित्ता कारवेत्ता य सीहासणं रयावेह सीहासणं रयावित्ता ममेयमाणत्तियं खिप्पामेव पच्चप्पिणह॥५८॥

(५८) उधर प्रात: काल होने पर सिद्धार्थ राजा ने कुटुम्बियों (काम करने वाले सेवकों) को बुलाया और कहा, "हे देवानुप्रियो! आज बाहरी (उपस्थानशाला) सभा मंडप में जल्दी ही उत्तम सुगन्धित जल छिड़को, उसकी सफाई करो और वहाँ पर लेप करो। पाँच रंग के श्रेष्ठ सुगन्धित फूलों से उसे सजाओ। तरह-तरह की सुगन्धित धूप जलाकर उसे सुवासित करो और रमणीय बनाओ। इधर-उधर सुगन्धित चूर्ण बिखराकर उसे सुगन्ध के पिटारे जैसा बना दो। यह सब काम तुम स्वयं तथा अन्यों की सहायता से पूरा कर मुझे सूचित करो।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Decoration of the Assembly Pavilion

(58) As the dawn approached, king Siddhartha summoned the members of his family and staff and said, "O beloved of gods! Hurry up and get the outer assembly hall cleaned, anointed and sprinkled with good fragrant water. Decorate it with special fragrant flowers of five colours. Burn a variety of incenses to make it redolent and pleasent. Turn it into a chamber of perfume by sprinkling aromatic powders. Do all this yourself and with the help of others, and report back."

तए णं ते कोडुंबियपुरिसा सिद्धत्थेणं रण्णा एवं वुत्ता समाणा हट्ठ जाव हियया करयल जाव कट्टु एवं सामित्ति आणाए विणएणं वयणं पडिसुणंति, एवं समित्ति आणाए विणएणं वयणं पडिसुणित्ता सिद्धत्थस्स खत्तियस्स अंतियाओ पडिनिक्खमंति, पडिनिक्खमित्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता खिप्पामेव सविसेसं बाहिरियं उवट्ठाणसालं गंधोदयसित्त। जाव सीहासणं रयावेंति, सिहासणं रयावित्ता जेणेव सिद्धत्थे खत्तिए, तेणेव उवागच्छंति, तेणेव उवागच्छित्ता करयल-परिग्गहियं दसनहं सिरसावत्तं मत्थए अंजलिं कट्टु सिद्धत्थस्स खत्तियस्स तमाणत्तियं पच्चप्पिणंति॥५९॥

(५९) वे कुटुम्बीजन राजा की इस आज्ञा को सुनकर हर्षित हुए और हाथ जोड़कर बोले, "स्वामिन्! जैसी आपकी आज्ञा!" यों विनयपूर्वक स्वामी की आज्ञा स्वीकार कर वे बाहर निकले और सभा मण्डप में आए। राजा की इच्छानुसार सभा मण्डप को तैयार किया, वहाँ सिंहासन लगाया। फिर सिद्धार्थ राजा के पास लौटे और हाथ जोड़कर विनयपूर्वक राजा को कार्य सम्पन्न होने की सूचना दी।

(59) Hearing the kings order they were all pleased, and with joined palms they conveyed their assent, "As you wish, my lord." They immediately went out and reached the assembly hall. They prepared the hall as desired by the king, installed a throne, and returned back to the king to report that his order has been carried out.

तए णं सिद्धत्थे खत्तिए कल्लं पाउप्पभाए रयणीए फुल्लुप्पल-कमल-कोमलुमिल्लियम्मि अहा पंडरे पहाए रत्ता-सोय-पगास-किंसुय-सुयमुह-गुंजद्ध-राग-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरिसे-कमला-यर-संड-बोहए उट्ठियम्मि सूरे सहस्सरस्सिम्मि दिणयरे तेयसा जलंते य सयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ॥६०॥

(६०) ऊषाकाल में पौ फटने पर उत्पन्न कमल की कलियाँ खिलने लगीं थीं और सुनहरी आभा छिटक रही थी। लाल अशोक, टेसू, तोते की चोंच, चिर्मी, रक्तपुष्प, कबूतर के पंजे व आँख, जासू (जवा कुसुम) फूलों का ढेर, सिंदूर आदि के लाल रंग से भी अधिक चमकता और शोभामय सूरज धीरे-धीरे उग रहा था और उसकी किरणों के प्रहार से अंधकार का नाश हो गया था। उसकी पहली किरणों के तेज से समस्त संसार कुंकुम जैसे लाल रंग में नहा गया था। ऐसे तेजोमय हज़ारों किरणों वाले सूर्य के उगने पर सिद्धार्थ राजा अपनी शय्या से उठे।

(60) At the hour of dawn when the sun was slowly rising, buds of Utpal lotus started blossoming and a golden glow started spreading. Brighter and more beautiful then the colour of the red Ashoka flower, the Tesu flower, the beak of a parrot, a gunja seed, a Rakta-pushpa, the talons and eyes of a pigeon, a heap of Javakusum flowers, vermilion, etc., the morning sun was slowly rising on the horizon. The onslaught of its rays had destroyed darkness. Its first rays had coloured everything red, as if the world was drenched in the colour of vermilion. With the dawning of such a scintillating sun having infinite rays, king Siddhartha got up from his bed.

सिद्धार्थ राजा द्वारा व्यायामादि कार्य

सयणिज्जाओ अब्भुट्ठित्ता पायपीढाओ पच्चोरुहई, पच्चोरुहित्ता, जेणेव अट्टणसाला तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता अट्टणसालं अणुप्पविसइ, अट्टणसालं अणुप्पविसित्ता अणेगवायाम-जोग-वग्गण-वामद्दण-मल्ल-जुद्ध-करणेहिं संते परिस्संते सय-पाग-सहस्स-पागेहिं सुगंधवरतेल्लमाइएहिं पीण-णिज्जेहिं जिंघणिज्जेहिं दीवणिज्जेहिं दप्पणिज्जेहिं, मयणिज्जेहिं, विहणिज्जेहिं सव्विंदिय-गाय-पल्हायणिज्जेहिं अब्भंगिए समाणे तेल्ल-चम्मंसि णिउणेहिं पडिपुण्ण-पाणिपाय-सुकुमाल-कोमल-तलेहिं अब्भंगण-परिमद्दणुवल्लण-करण-गुण-निम्माएहिं छेएहिं दक्खेहिं पट्ठेहिं कुसलेहिं मेहावीहिं जिय-परिसम्मेहिं पुरिसेहिं अट्ठिसुहाए मंससुहाए तयासुहाए रोमसुहाए चउव्विहाए सुह-परिक्कम्मणाए संवाहिए समाणे अवगय-परिस्समे अट्टणसालाओ पडिनिक्खमइ॥६१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(६१) शय्या से उठकर पादपीठ पर पैर रखकर वे नीचे उतरे और व्यायामशाला की तरफ गए। उसमें प्रवेश कर उन्होंने शस्त्राभ्यास, कूद, अंगों को मोड़ना, कुश्ती, आसन आदि कई तरह के व्यायाम किये। व्यायाम से थक जाने पर उन्होंने सुगन्धित शतपाक, सहस्रपाक तेलों से मालिश करवाई। यह मालिश रस-रक्त आदि सप्त धातु को बढ़ाने वाली है, शुक्रवर्धक और बलवर्धक है, तथा अंग-प्रत्यंग को आनन्द देने वाली है। मालिश करने वाले अनुचर कोमल हथेलियों और पगथलियों वाले, बलिष्ठ थे। वे तेल लगाने, मालिश करने, पसीना बाहर निकालने, आदि मर्दन कला के विभिन्न अंगों के विशेषज्ञ थे। वे अपने कार्य में प्रवीण, चतुर और मेहनती थे। इन लोगों ने राजा सिद्धार्थ के शरीर को सुख और स्वास्थ्य प्रदान करने वाली चार तरह की, अस्थि-सुखकारक, माँस-सुखकारक, त्वचा-सुखकारक और रोम-सुखकारक मालिश भली प्रकार से की। मालिश द्वारा थकान मिटाकर स्फूर्तिवान राजा सिद्धार्थ व्यायामशाला से बाहर निकले।

The Morning Workout

(61) Stepping on the foot-stool he got down and went to his gymnasium. There, he completed various routines including the practice of weapons, jumping, gymnastics, wrestling and yogic postures. After this tiring routine, he went for a massage with medicated and flavoured oils like Shata-paka and Sahastra-pak. This massage was nourishing to the seven constituents (Dhatu) of the body, including blood, juices and marrow. It increased the potency and strength of the body, and at the same time gave pleasure and exhilaration to every part. The masseures were strong and well built but with soft palms and heels. They were experts of all aspects of massaging including the rubbing of oil, kneading, and making one sweat. They expertly gave king Siddhartha four types of pleasent and healthy massage—bone stimulating, muscle stimulating, skin stimulating and hair stimulating. Removing fatigue and getting refreshed, king Siddhartha came out of the gymnasium.

अट्टणसालाओ पडिनिक्खमित्ता जेणेव मज्जणघरे तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता मज्जणघरं अणुप्पविसइ, अणुप्पविसित्ता समुत्तजाल-कलावाभिरामे विचित्त-मणि-रयण-कुट्टिमतले रमणिज्जे ण्हाण-मंडवंसि नाणामणि-रयण-भत्ति-चित्तंसि ण्हाण-पीढंसि सुह-निसण्णे पुप्फोदएहिं य, गंधोदएहिं य, उण्होदएहिं य, सुहोदएहिं य, सुद्धोदएहिं य कल्लाणय-करण-पवर-मज्जण-विहिए मज्जिए। तत्थ कोउय सएहिं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बहुविहेहिं कल्लाणग-पवर-मज्जणावसाणे पम्हल-सुकुमाल-गंध-कासाइय-लूहियंगे अहय-सुमहग्घ-दूस-रयण-सुसंवुडे, सरस-सुरहि-गोसीस-चंदणाणुलित्तगत्ते, सुइ-माला-वन्नग-विलेवणे-आविद्ध-मणि-सुवन्ने कप्पिय हारद्धहार-तिसरय-पालंब-पलंबमाण-कडिसुत्तय-कयसोहे, पिणद्ध-गेविज्जे अंगुलिज्जग-ललिय-कयाभरणे वर-कडग-तुडिय-थंभिय-भूए अहिय-रूव-सस्सिरीए कुंडल-उज्जोइयाणणे मउड-दित्त-सिरए हारोत्थय-सुकय-रइय-वच्छे मुद्दिया-पिंगसंगुलीए पालंब-पलंबमाण-सुकय-पड-उत्तरिज्जे नाणामणि-कणग-रयण-विमल-महरिह-निउणोचिय-मिसिमिसिंत-विरइय-सुसिलिट्ठ-विसिट्ठ-लट्ठ-आविद्ध-वीरवलए। किं बहुणा? कप्परुक्खए वि व अलंकिय विभूसिए नरिंदे सकोरिंट-मल्ल-दामेणं छत्तेणं धरिज्ज-माणेणं सेयवर-चामराहिं उद्धुव्वमाणीहिं मंगल-जयसद्द-कयालोए अणेग-गणनायग-दण्डनायग-राईसर-तलवर-मंडबिय-कोडुंबिय-मंति-महामंति-गणग-दोवारिय-अमच्च-चेड-पीठमद्द-णगर-निगम-सेट्ठि-सेणावइ-सत्थवाह-दूय-संधिवाल-सद्धिं संपरिवुडे धवल-महामेह-निग्गए इव गहगण-दिप्पंतरिक्ख-तारागणाण मज्झे ससि व्व पियदंसणे नरवई मज्जणघराओ पडिनिक्खमइ॥६२॥

(६२) फिर वे स्नानगृह में गए, जिसमें मोती की झालरों वाला और फर्श में रत्न जड़ा मनोहर स्नानमंडप था। वहाँ पहुँचकर कई मणिरत्नों से बनी अनोखी चौकी पर वे आराम से बैठे और पुष्पोदक, गन्धोदक, उष्णोदक, शुभोदक, और शुद्धोदक से अच्छी तरह स्नान किया। स्नान करते समय उन्होंने अनेक कौतुक-क्रीड़ाएँ (मषीतिलक, आदि) भी कीं। स्वच्छता और आनन्द प्रदान करने वाले स्नान के बाद उन्होंने रोंएदार, नरम और सुगन्धित तौलियों से शरीर पोंछा, सरस व सुगन्धित गोशीर्ष और चन्दन का लेप किया और अंगराग लगाया। उन्होंने पवित्र माला, मणियों से जड़े सोने के हार, अर्द्धहार तथा त्रिशर के हार और कंठे गले में पहने, जिनसे उनका वक्षस्थल दर्शनीय बन गया। कमर में लम्बे झुमकेदार करधनी और हाथों में रत्न जड़े कड़े और भुजबन्ध पहने। अंगुलियों में अंगूठियाँ पहनीं, जिनकी पीत आभा से वे चमकने लगीं। कानों में कुंडल पहने, जिनसे उनका मुख चमकने लगा। मुकुट धारण करने से उनका मस्तक आलोकित हो उठा। इस प्रकार इन आभूषणों से सिद्धार्थ राजा का सारा शरीर दमक उठा। फिर उन्होंने कंधे पर लम्बा लटकता हुआ दुपट्टा डाला। श्रेष्ठ कारीगरों द्वारा बनाया गया, मणिरत्न तथा सोना जड़ा, सुन्दर, बहुमूल्य, चमकीला, दृढ़-सांधों वाला वीर-वलय

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पहना। शब्दों में उनके सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया जाय? सिद्धार्थ राजा मानो साक्षात् कल्पवृक्ष लग रहे थे। सेवकों ने उनके मस्तक के ऊपर कोरंट फूलों की माला लटके छत्र की छाया की हुई थी। अन्य सेवक श्रेष्ठ सफेद चमर ढुला रहे थे। उन्हें देखते ही लोग जय-जयकार करने लगे।

इस तरह सजकर राजा सिद्धार्थ स्नानागार से बाहर निकले। जैसे बादलों से चन्द्रमा निकलकर ग्रह, नक्षत्र और तारों के बीच शोभित होता है, वैसे ही राजा सिद्धार्थ स्नानागार से निकल, अनेक गणनायकों, दण्डनायकों, युवराजों, पट्टधारियों (राज्य सम्मान प्राप्त व्यक्ति), जमींदारों, चौधरियों, मन्त्रियों, महामन्त्रियों, ज्योतिषियों, द्वारपालों, अमात्यों, दासों, पीठमर्दकों, प्रतिष्ठित नागरिकों, व्यापारियों, श्रेष्ठियों, सेनापतियों, सार्थवाहों, दूतों, सन्धिपालों आदि के बीच शोभित होने लगे।

(103) "O beloved of gods! When this child was conceived we knew that the arrival of this new soul in our family would enhance our wealth. It would amply add to the respect and love we inspire in others. By bringing more kings and princes under our influence it would also increase our territorial and political influence. As such, when this child is born we shall give it a name that suits its virtues. And so we decided to name him Vardhaman, the ever-increasing. Now that our hopes and expectations have materialized, we hereby announce that this son of ours should be known as Vardhaman and be called Vardhaman." Thus the new born was formally named Vardhaman by its parents. (Illustration M-8)

विस्तार :

भगवान महावीर के नामकरण के साथ जुड़े उनके सहज गुणों के प्रसंग में वर्द्धमान नाम का कारण तो मूल सूत्र में बताया ही है, उनके अद्‌भुत साहस तथा प्रखर प्रज्ञा बल की दो घटनाएँ भी प्रसिद्ध हैं–

साहस परीक्षा

एक बार कुमार वर्द्धमान अपने संगी-साथियों के साथ आमलकी नामक "क्रीड़ा" खेल रहे थे। तभी एक देवता ने वर्द्धमान के धैर्य व साहस की परीक्षा लेने के लिए काले नाग का रूप बनाया और वह वृक्ष के आस-पास फुँकारने लगा। नाग को फुँकारते देखकर दूसरे बालक डरकर भागने लगे, कोई वृक्ष पर चढ़ गया कोई वृक्ष की ओट में छुप गया। तभी साहसी कुमार वर्द्धमान ने सभी को धैर्य बँधाया, स्वयं काले नाग को पकड़ा और दूर झाड़ियों में ले जाकर छोड़ दिया। सभी ने वर्द्धमान के साहस की जय-जयकार की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फिर बालक "तिंदुषक क्रीड़ा" खेलने लगे। एक वृक्ष को लक्ष्य करके सभी बालक दौड़ लगाते, जो जीत जाता वह बारी-बारी दूसरे बालकों को घोड़ा बनाकर उनकी पीठ पर चढ़ता। उस देवता ने नाग का रूप छोड़कर एक बालक का रूप धारण कर लिया और बालकों के साथ खेलने लगा। खेल में वह जान-बूझकर हार गया, घोड़ा बना और कुमार वर्द्धमान को पीठ पर बैठाकर दौड़ने लगा। थोड़ी दूर चलने के बाद वह अपना आकार बढ़ाने लगा। देखते ही देखते उसने एक विकराल राक्षस का रूप बनाया और आकाश में उड़ने लगा। उस विशाल दैत्य को देखकर सभी बालक घबराकर चीखने-चिल्लाने लगे। किन्तु कुमार वर्द्धमान निर्भय बने रहे। उन्होंने आकाश में उड़ते दैत्य की पीठ पर कसकर एक मुक्का मारा। मुक्के की मार से राक्षस तिलमिलाने लगा। वर्द्धमान ने जैसे ही दूसरा मुक्का उठाया राक्षस डरकर नन्हा-सा रूप बनाकर धरती पर उतर गया और हाथ जोड़कर क्षमा माँगने लगा, "मुझे क्षमा करो वीरवर! मैंने तो आपकी वीरता की परीक्षा लेने के लिये यह अपराध किया था। सचमुच आप जैसा साहसी, वीर, धैर्यवान व्यक्ति संसार में दूसरा नहीं है। आप धीर हैं। महावीर हैं। अभय-करुणा के सागर हैं। मुझे क्षमा करें।" सभी बालक चकित हो देखते रहे। वर्द्धमान ने अभय-मुद्रा में हाथ उठाकर दैत्य के दुष्कृत्य को क्षमा कर दिया। (चित्र M-9)

सन्मति महावीर

बालक वर्द्धमान बाल्यकाल में ही प्रखर बुद्धि के धनी थे। आठ वर्ष की आयु में उन्हें पाठशाला में विद्याध्ययन हेतु भेजा गया। उनके अद्‌भुत ज्ञान और बुद्धि-वैभव को देखकर अध्यापक चकित थे। वे समझ नहीं पाते थे कि बालक वर्द्धमान में ऐसा क्या है। एक दिन इन्द्रदेव ने अध्यापक को वर्द्धमान की अद्‌भुत मेधा शक्ति का परिचय कराने के लिए ब्राह्मण का रूप बनाया और पाठशाला में आकर अध्यापक से व्याकरण के जटिल प्रश्न पूछने लगे। जब अध्यापक निरुत्तर और हतप्रभ हो गये तो कुमार वर्द्धमान ने विद्वान् ब्राह्मण से कहा, "आप इन सामान्य प्रश्नों के लिए मेरे गुरु जी को क्यों कष्ट देते हैं। इनका उत्तर तो मैं ही दे दूँगा।" और बालक वर्द्धमान ने एक-एक करके ब्राह्मण के व्याकरण सम्बन्धी सभी प्रश्नों का तर्कपूर्ण सरल शैली में इतना सटीक उत्तर दिया कि इन्द्रदेव स्वयं चकित रह गये। इन्द्र देवता ने अपना असली रूप प्रकट किया और अतुल बुद्धि निधान सन्मति-सागर वर्द्धमान की भावपूर्वक वन्दना की। अध्यापक धीर गंभीर वर्द्धमान के अद्‌भुत ज्ञान बल के समक्ष नतमस्तक हो गया। (चित्र M-10)

Elaboration :

The incident of naming of Bhagvan Mahavir to suit his virtues is detailed in the original text. There are two more incidents of his childhood, from other sources, that reveal his unusual courage and sharp intelligence. These popular tales are as follows—

The Test of Courage

One day prince Vardhaman was playing the Amalaki game with his friends. During this game a god appeared there in the form of a black cobra in order to test Vardhaman's patience and courage. When children saw this hissing cobra they ran helter and skelter. Fearfully, some of them climbed up the tree and others hid themselves behind the tree trunk. Seeing the commotion Vardhaman reassured them, went forward, caught hold of the serpent, and tossed it behind a distant bush. Everyone hailed Vardhaman's courage.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 9 देव द्वारा बालक वर्धमान के धैर्य व साहस की परीक्षा।
Divine test of child Vardhaman's courage and presence of mind

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 10 पाठशाला में वर्द्धमान द्वारा ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र के प्रश्नों का समाधान।
In school Vardhaman replies to questions by Indra disguised as a Brahman scholar

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The boys than started playing "Tindushka game". This game was also a race to a target tree. The winner was to ride piggy-back on the loser and return to the base. From serpent the god took form of a child and joined the game. He intentionally lost to Vardhaman and carried him piggy-back. When on way to the base the god transformed himself into a giant demon and started flying in the sky. Seeing this giant demon, all the children started crying with fear. But Vardhaman, undaunted, hit the giant with his mighty fist. The god cried with pain and when Vardhaman raised his fist once again the god landed on the ground. Resuming his original tiny form he joined his palms and sought pardon, "Pardon me O courageous one! I indulged in this abominable act just to test your courage. You are indeed, unparalleled in courage, valor, and patience. You are courageous! You are extremely courageous, Mahavir! You are the ocean of benevolence and compassion. Kindly forgive me." The children around stood wide eyed. Vardhaman raised his palm in gesture of benevolence and forgave the god. (Illustration M-9)

Precocious Mahavir

Vardhaman was a precocious child. At the age of eight years he was sent to school for studies. The teachers were astonished and they greatly admired his profound knowledge and wisdom. They could not fathom the inner source of child Vardhaman's wisdom. In order to acquaint his teacher with the extraordinary intelligence of Vardhaman, Indra, the king of gods, came to the school in the guise of a Brahman scholar. He asked some tough questions on grammar from the teacher. When the teacher could not provide answers and looked down in disgust , Vardhaman said to the Brahman scholar, "Why bother my teacher for such simple insignificant questions? Come, I will answer these questions." And child Vardhaman gave answers to all the questions, put forth by the Brahman scholar, one after another in simple but logical style. His appropriate answers astonished the king of gods himself. Indra, then presented himself in his true form and bowed before Vardhaman, the ocean of wisdom and source of unlimited knowledge. The teachers, too, acknowledged the grace and astonishing wisdom of Vardhaman with bowed heads. (Illustration M-10)

समणे भगवं महावीरे कासवगोत्तेणं, तस्स णं तओ नामधेज्जा एवमाहिज्जंति; तं जहा–१-अम्मा-पिउ-संतिए वद्धमाणे, २-सहसम्मुइयाए समणे, ३-अयले भय-भेरवाणं-परीसहोवसग्गाणं खंति-खमे, पडिमाणं पालए धीमं अरति-रति-सहे दविए वीरियसम्पन्ने देवेहिं से नाम कयं समणे भगवं महावीरे॥१०४॥

(१०४) श्रमण भगवान महावीर काश्यप गोत्र के थे। कहा जाता है कि उनके तीन नाम थे–माता-पिता ने उनका नाम वर्द्धमान रखा। विशिष्ट सहज बुद्धिबल और समतामय स्वभाव होने के कारण वे 'श्रमण' कहलाए। भय-भैरव (भयानक संकटों) की उपस्थिति में भी अचल रहने, परिषहों और उपसर्गों को शान्ति और क्षमापूर्वक सहने, भिक्षु-प्रतिमाओं का पालन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

करने, प्रिय-अप्रिय परिस्थिति में समभावी होने, तथा बुद्धिमान, संयमी और परम पराक्रमी होने के कारण देवताओं ने उनका नाम 'श्रमण भगवान महावीर' रखा।

(104) Shraman Bhagavan Mahavir belonged to the Kashyap clan (gotra) It is said that he was known by three names. His parents gave him the name-Vardhaman. His unique natural wisdom and equanimous attitude inspired people to call him Shraman. Due to his unwavering determination, even in presence of fearful predicaments, his peaceful and compassionate tolerance for pain and inflictions, his steadfastness in observing the code of ascetics, his equanimity in favourable and adverse circumstances, his wisdom, discipline, and extreme valor, the gods gave him the epithet 'Shraman Bhagavan Mahavir'.

परिवार परिचय

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पिया कासवगोत्तेणं; तस्स णं तओ नामधेज्जा एवमाहिज्जंति; तं जहा–सिद्धत्थे इ वा, सेज्जंसे इ वा, जसंसे इ वा ॥१०५॥

(१०५) श्रमण भगवान महावीर के पिता काश्यप गोत्र के थे। वे इन तीन नामों से जाने जाते थे–(१) सिद्धार्थ, (२) श्रेयांस, और (३) यशस्वी।

The Family

(105) Shraman Bhagavan Mahavir's father belonged to the Kashyap clan. His three names were –1. Siddhartha, 2. Shreyansa, and 3. Yashasvi.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स माया वासिट्ठा गोत्तेणं; तीसे णं तओ नामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तं जहा–तिसला इ वा, विदेहदिन्ना इ वा, पियकारिणी इ वा ॥१०६॥

(१०६) श्रमण भगवान महावीर की माता वाशिष्ठ गोत्र की थीं। उनके तीन नाम इस प्रकार हैं–(१) त्रिशला, (२) विदेहदिन्ना, (३) प्रियकारिणी।

(106) Shraman Bhagavan Mahavir's mother belonged to the Vashishtha clan. Her three names were–1. Trishala, 2. Videhdinna, and 3. Priyakarini.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पित्तिज्जे सुपासे, जिट्ठे भाया नंदिवद्धणे, भगिणी सुदंसणा, भारिया जसोया कोंडिन्ना गोत्तेणं ॥१०७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 11 वर्द्धमान महावीर का परिवार परिचय।
Family of Vardhaman Mahavir

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 12 (१) नव लोकान्तिक देवों द्वारा दीक्षा संकल्प का अभिनन्दन। (२) वर्षीदान।

(a) Felicitation of the resolution of renunciation by nine gods (b) The year long great charity

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१०७) श्रमण भगवान महावीर के चाचा का नाम सुपार्श्व, बड़े भाई का नाम नन्दीवर्धन, बहन का नाम सुदर्शना और भार्या का नाम यशोदा था। यशोदा कौण्डिण्य गोत्र की थीं।

(107) The name of Shraman Bhagavan Mahavir's uncle (father's younger brother) was Suparshva. His elder brother's name was Nandivardhan and sister's name was Sudarshana. The name of his wife was Yashoda and she belonged to the Kaundinya clan.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स धूया कासवी गोत्तेणं तीसे णं दो नामधेज्जा एवमाहिज्जंति, तं जहा–अणोज्जा इ वा, पियदंसणा इ वा ॥१०८॥

(१०८) श्रमण भगवान महावीर की पुत्री काश्यप गोत्र की थी और उसके दो नाम थे– १. अनवद्या (अनोद्या) और २. प्रियदर्शना (प्रियदर्शना का पाणिग्रहण सुदर्शना के पुत्र राजकुमार जमालि के साथ हुआ)। (चित्र M-11)

(108) The daughter of Shraman Bhagavan Mahavir belonged to the Kashyap clan and had two names—1. Anavadya, and 2. Priyadarshana. (Priyadarshana was married to prince Jamali, the son of Mahavir's sister Sudarshana.) (Illustration M-11)

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स नत्तुई कासवी गोत्तेणं; तीसे णं दो नामधेज्जा, एवमाहिज्जंति; तं जहा–सेसवई इ वा, जस्सवई इ वा ॥१०९॥

(१०९) श्रमण भगवान महावीर की दौहित्री काश्यप गोत्र की थी और उसके दो नाम थे– १. शेषवती और २. यशस्वती।

(109) The grand daughter of Shraman Bhagavan Mahavir belonged to the Kashyap clan and had two names—1. Sheshavati, and 2. Yashasvati.

समणे भगवं महावीरे दक्खे, दक्खपइन्ने, पडिरूवे आलीणे भद्दए विणीए नाए नायपुत्ते नायकुलचंदे विदेहे विदेहदिन्ने विदेह-जच्चे, विदेह-सुउमाले, तीसं वासाइं विदेहंसि कट्टु अम्मा-पिउहिं देवत्त-गएहिं गुरु-महत्तरएहिं अब्भणुण्णाए समत्त-पइन्ने पुणरवि लोयंतिएहिं जिय-कप्पिएहिं देवेहिं ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं मिय-महुर-सस्सिरीयाहिं हियय-गमणिज्जाहिं हियय-पल्हायणिज्जाहिं गंभीराहिं अपुणरुत्ताहिं वग्गूहिं अणवरयं अभिनंदमाणा य अभिथुव्वमाणा य एवं वयासी–"जय जय नंदा! जय जय भद्दा! भद्दं ते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खत्तिया-वर-वसहा! बुज्झाहि भगवं लोगनाहा! पवत्तेहि धम्मतित्थं हिय-सुह-निस्सेसकरं सव्वलोए सव्वजीवाणं भविस्सइ" त्ति कट्टु जय-जय-सद्दं पउंज्जंति॥११०॥

(११०) श्रमण भगवान महावीर दक्ष थे, दक्ष प्रतिज्ञ थे, असामान्य रूपवान थे, स्वात्मलीन थे, सरल स्वभावी थे, विनीत थे, अनुपम कान्तिवान थे, अत्यन्त सुकुमार थे, सुप्रसिद्ध थे, ज्ञातवंश के चन्द्रमा के समान थे, विदेह थे, विदेहदिन्ना (त्रिशलापुत्र) थे, विदेह जात्य (विदेह वासियों में श्रेष्ठ) थे। वे तीस वर्ष तक गृहस्थवास में रहे, पर अलीन–निर्लेप कमल की तरह होकर। अपने माता-पिता के स्वर्गवास के बाद, गर्भ में लिए अपने संकल्प के पूर्ण हो जाने पर अपने बड़ों (बड़े भाई नंदीवर्धन) की अनुमति प्राप्त कर वे गृह-त्याग के लिए उद्यत हुए।

उस समय लोकान्तिक जीतकल्पी देवों ने परम्परानुसार कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, मन को छूने वाली, उदार, कल्याण, शिव और धन्य रूप, मंगलकारी, मृदु, मधुर, मंजुल, शोभाकारी, मन में उतर जाने वाली, चित्त को प्रसन्न करने वाली, गंभीर और पुनरुक्ति रहित वाणी में बारंबार अभिनन्दन करते हुए भगवान की स्तुति की, "हे नन्द! आपकी जय हो, जय हो! हे भद्र! आपकी जय हो, जय हो! आपका कल्याण हो। हे क्षत्रिय-वृषभ! आपकी जय हो, जय हो! हे लोकनाथ! हे भगवान! बोध प्राप्त करो। सारे संसार के सभी प्राणियों के भले के लिए धर्म-तीर्थ का प्रवर्तन करो, जो उनका परम हित, सुख और निःश्रेयस करने वाला होगा।" और देवताओं ने फिर जयघोष किया। (चित्र M-12/1)

(110) Shraman Bhagavan Mahavir was a genius; he was veracious, absolutely self-absorbed simple, and humble. He was extraordinarily handsome, radiant, and delicate. He was famous as moon of the Jnata clan, Videh, Videhdinna (the son of Trishala), and Videhjatya (best of the Videhas). For thirty years he lived as a householder, but with complete detachment like a lotus in a pond. After the death of his parents, according to the resolution he took while in the womb, he sought permission of his elders (elder brother) and prepared for renunciation.

At that moment, the gods from the edge of the universe appeared and, according to the tradition, offered their prayer to Bhagavan in melodious, lovely, attractive, touching, kind, beneficent, auspicious, sweet, musical, soft, rhythmic, hypnotic, pleasing and measured voice, free of repetitions, "Victory be to you, O source of joy! May you be victorious. O noble one! May all go well with you. May you be triumphant, O bull among the Kshatriyas ! O Lord of the universe! O Bhagavan! embrace the great awakening. For the benefit of all the living, establish the ford of Dharma that will bring the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ultimate welfare, happiness, and spiritual upliftment to them." And the gods hailed again. (Illustration M-12/1)

दीक्षा कल्याणक

पुव्विं पि य णं समणस्स भगवओ महावीरस्स माणुस्साओ गिहत्थधम्माओ अणुत्तरं आहोहिए अप्पडिवाई नाण-दसंणे होत्था।

तए णं समणे भगवं महावीरे तेणं अणुत्तरेणं आहोइएणं नाण-दंसणेणं निक्खमण-कालं आभोएइ, अप्पणो निक्खमणकालं आभोइत्ता चिच्चा हिरण्णं, चिच्चा सुवण्णं, चिच्चा धणं, चिच्चा रज्जं, चिच्चा रट्ठं, एवं बलं, वाहणं, कोसं, कोट्ठागारं चिच्चा पुरं चिच्चा अंतेउरं चिच्चा जणवयं चिच्चा विपुल-धण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-संख-सिल-प्पवाल-रत्त-रयणमाइयं संत-सार-सावएज्जं विच्छड्डइत्ता विगोवइत्ता दाणं दायारेहिं परिभाएत्ता, दाइयाणं परिभाएत्ता;

जे से हेमंताणं पढमे मासे पढमे पक्खे मग्गसिर-बहुले, तस्स णं मग्गसिर-बहुलस्स दसमी-पक्खेणं पाईण-गामिणीए छायाए पोरिसीए अभिनिविट्ठाए पमाण-पत्ताए सुव्वएणं दिवसेणं विजएणं मुहुत्तेणं चंदप्पभाए सीयाए, सदेवमणुया-सुराए परिसाए, समणुगम्ममाण-मग्गे संखिय-चक्किय-नंगलिय–मुह-मंगलिय-वद्धमाण-पूसमाणग-घंटिय-गणेहिं ताहिं इट्ठाहिं, कंताहिं, पियाहिं, मणुण्णाहिं, मणामाहिं ओरालाहिं, कल्लाणाहिं, सिवाहिं, धन्नाहिं, मंगलाहिं, मिय-महुर-सस्सिरीयाहिं वग्गूहिं अभिणंदमाणा अभिसंथुवमाणा य एवं वयासी–॥१११॥

(१११) श्रमण भगवान महावीर मानव के रूप में गृहस्थ-धर्म में प्रवेश करने से पहले भी अनुत्तर, इन्द्रियातीत, अप्रतिहत (कभी नष्ट न होने वाले) ज्ञान और दर्शन के धारक थे।

जब उन्होंने अपने ज्ञान से यह जाना कि उनके अभिनिष्क्रमण का समय आ गया है तब उन्होंने चाँदी, सोना, धन, राज्य, राष्ट्र, सेना, वाहन, कोष, कोषागार, पुर, अन्तःपुर, जनपद, आदि सभी सांसारिक वस्तुओं का त्याग कर दिया। उन्होंने अपने अधिकार में रहे विपुल धन, सोना, रत्न, मणि, मोती, शंख, शिला, मूँगा, माणक आदि सभी समृद्धिसूचक पदार्थों को अपने संबंधियों में बाँट दिया और याचकों को दान में दे दिया। (चित्र M-12/2)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेमन्त ऋतु के प्रथम महीने का पहला पक्ष चल रहा था। मार्गशीर्ष कृष्णा दशमी के दिन छाया पूर्व दिशा की ओर ढलने लगी थी और प्रमाणोपेत पौरुषी आ गई थी। उस समय सुव्रत दिवस में, विजय मुहूर्त में श्रमण भगवान महावीर चन्द्रप्रभा नामक पालकी पर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठे। पालकी के पीछे मार्ग पर देवों, मानवों, और असुरों का समूह चल रहा था। उस दीक्षा महोत्सव यात्रा में आगे कितने ही जन शंख बजाते हुए, चक्र लिये हुए, मुख मांगलिक (विरूदावली बोलने वाले), वर्द्धमानक (कन्धों पर दूसरों को बिठाकर चलने वाले), मंगल पाठक और घण्टा बजाने वाले चल रहे थे। दर्शक लोग इष्ट, मधुर, मन आह्लादित करने वाली वाणी में भगवान का अभिनन्दन और स्तुति करने लगे।

The Great Renunciation

(111) Even before he became a householder Shraman Bhagavan Mahavir possessed unique and unimpeded extra-sensory knowledge and perception.

When he became aware that the moment of his renunciation had arrived he renounced all mundane things including silver, gold, wealth, kingdom, territories, army, carriages, treasures, treasuries, living quarters, palaces, towns, etc. He distributed to his relatives and gave in charity to the needy ones all his enormous wealth, gold, gems, beads, pearls, conch shells, precious stones, corals, rubies, and other embodiments of affluence. (Illustration M-12/2)

It was the first month and first fortnight of the winter season. On the tenth day of the dark half of the month of Margshirsh the hour of the noon had passed and the elongating shadow had reached a human length. On that day, known as Suvrata, at the auspicious moment known as Vijaya, Shraman Bhagavan Mahavir took his seat facing the east in the palanquin named Chandraprabha and set out. Throngs of gods, men, and demons followed his palanquin. This ceremonious parade had numerous people; some blowing conches, some carrying chakras (disc weapons), ploughs and even carrying humans. Also there were bards and singers of devotional songs, and some others were ringing gongs. The onlookers started felicitating Mahavir and singing in his praise in melodious, lovely, (etc.) voices.

"जय जय नंदा! जय जय भद्दा!, भद्दं ते अभग्गेहिं णाण-दंसण-चरित्तेहिं, अजियाइं जिणाहि इंदियाइ, जियं च पालेहि समणधम्मं, जिअविग्घो वि य वसाहि तं देव! सिद्धिमज्झे, निहणाहि राग-दोस-मल्ले तवेणं, थिइ-धणिय-बद्ध-कच्छे, मद्दाहि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अट्ठ-कम्म-सत्तू ज्झाणेणं उत्तमेणं सुक्केणं, अप्पमत्तो हराहि, आराहण-पडागं च वीर! तेलोक्क-रंग-मज्झे, पावय वितिमिर-मणुत्तरं केवल-वरनाणं, गच्छ य मोक्खं परमपयं जिणवरोवदिट्ठेणं मग्गेणं अकुडिलेणं, हंता परीसह-चमूं, जय जय खत्तिय-वर-वसहा! बहुइं दिवसाइं, बहुइं पक्खाइं, बहुइं मासाइं, बहुइं अयणाइं, बहुइं संवच्छराइं, अभीए परीसहोवसग्गाणं, खंतिखमे भयभेरवाणं, धम्मे ते अविग्घं भवउ त्ति कट्टु जय जय सद्दं पउंजंति॥११२॥

(११२) "हे नन्द! तुम्हारी जय हो, जय हो! हे भद्र! तुम्हारी जय हो, जय हो! तुम्हारा कल्याण हो। निर्मल ज्ञान, दर्शन चारित्र द्वारा, नहीं जीती हुई इन्द्रियों को जीतो और श्रमण धर्म का पालन करो। हे देव! बाधाओं पर विजय प्राप्त कर तुम मोक्ष की स्थिति में निवास करो। तप से राग-द्वेष रूपी मल्लों का नाश करो। धैर्य रूपी सुदृढ़ कच्छ बाँधकर श्रेष्ठ शुक्ल ध्यान से आठों कर्म शत्रुओं का मर्दन करो। हे वीर! अप्रमत्त बनकर त्रिलोक के रंग मण्डप पर आराधना की विजय ध्वजा फहराओ। अन्धकार से परे अनुत्तर और श्रेष्ठ केवलज्ञान को प्राप्त करो। जिनेश्वरों द्वारा बताये गये सीधे मार्ग पर चलकर तुम मोक्ष के परम पद को प्राप्त करो। परिषहों की सेना का नाश करो। हे क्षत्रियों में श्रेष्ठ नरपुंगव! तुम्हारी जय जय हो! परिषहों, उपसर्गों और भय-भैरव प्रसंगों के बीच बहुत दिनों, पक्षों, महीनों, ऋतुओं, अयनों और वर्षों तक शांति और क्षमा को धारण कर निर्भीक होकर विचरण करो। तुम्हारी धर्म साधना निर्विघ्न हो।"

(112) "Victory be to you O source of joy! May you be victorious O noble one. May all go well with you. May you win over the indomitable senses with the help of pure knowledge, perception, and conduct and follow the path of the Shramans. O Lord! May you attain the ultimate state of liberation by crossing all hurdles. May you destroy the mighty opponents in the form of attachment and aversion with the help of penance. May you don the athletic garb of patience and perseverence and win the bout with the eight wrestlers, in the form of Karmas, with the help of the purest form of meditation—the Shukla Dhyana. O courageous one! May you furl the flag of spiritual practices over the theatre of the three worlds by being in the state of perpetual awakening. May you rise above the mundane darkness and attain the unique and supreme omniscience. Following the straight and righteous path shown by the omniscients, may you reach the ultimate goal of liberation. May you annihilate the army of afflictions. O best among the Kshatriyas! May you be truimphant. May you tread the path filled with

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

painful, fearful, and terrible afflictions for days, fortnights, months, seasons and years undaunted. May your spiritual practices be interminable."

तए णं समणे भगवं महावीरे नयण-माला-सहस्सेहिं पेच्छिज्जमाणे पेच्छिज्जमाणे, वयण-माला-सहस्सेहिं अभिथुव्वमाणे अभिथुव्वमाणे, हियय-माला-सहस्सेहिं उन्नंदिज्जमाणे उन्नंदिज्जमाणे, मणोरह-माला-सहस्सेहिं विच्छिप्पमाणे विच्छिप्पमाणे, कंति-रूव-गुणेहिं पत्थिज्जमाणे पत्थिज्जमाणे, अंगुलि-माला-सहस्सेहिं दाइज्जमाणे दाइज्जमाणे, दाहिणहत्थेणं बहूणं नर-नारी-सहस्साणं अंजलि-माला-सहस्साइं पडिच्छमाणे पडिच्छमाणे भवण-पंति सहस्साइं समइच्छमाणे समइच्छमाणे तंती-तल-ताल-तुडिय-गीय-वाइय-रवेणं महुरेणं य मणहरेणं जय-जय-सद्द-घोस-मीसिएणं मंजु-मंजुणा घोसेण य पडिबुज्झमाणे पडिबुज्झमाणे, सव्विड्ढीए, सव्वजुईए, सव्वबलेणं, सव्ववाहणेणं, सव्वसमुदएणं, सव्वादरेणं, सव्व-विभूइए, सव्वविभूसाए, सव्व-संभमेणं, सव्व-संगमेणं, सव्व-पगईएहिं, सव्व-नाडएहिं, सव्वतालायरेहिं, सव्वावरोहेणं, सव्व-पुप्फ-गंध-वत्थ-मल्लालंकार-विभूसाए सव्व-तुडिय-सद्द-सण्णिणादेणं, महया इड्ढीए, महया जुईए, महया बलेणं, महया वाहणेणं, महया समुदएणं, महया वर-तुडिय-जमग-समग-प्पवाइएणं संख-पणव-पडह-भेरी-झल्लरी-खरमुहि-हुडुक्क-दुंदुहि-निग्घोस-नाइय-रवेणं कुंडपुरं नयरं मज्झं मज्झेणं निगच्छइ, निगच्छित्ता जेणेव, णाय-संड-वणे उज्जाणे जेणेव असोगवर-पायवे तेणेव उवागच्छइ ॥११३॥

(११३) श्रमण भगवान महावीर को इस यात्रा में हज़ारों नेत्र देख रहे थे। हज़ारों मुख उनकी प्रशंसा कर रहे थे। हज़ारों हृदय उनका अभिनन्दन कर रहे थे। हज़ारों मनोरथ उनके दर्शन की इच्छा कर रहे थे। कान्ति, रूप और गुणों के गान से उनकी प्रार्थना हो रही थी। हजारों अंगुलियाँ उनकी ओर इंगित कर रही थीं। वे अपने दाहिने हाथ से हज़ारों नर-नारियों के नमस्कार को स्वीकार कर रहे थे! वीणा, हस्तताल, त्रुटित, वादिन्न, आदि के संगीत के रव (ध्वनि) तथा मधुर मनोहर जयनाद से वे जागरूक हो रहे थे। उनके साथ उनकी समृद्धि के सभी चिन्ह चल रहे थे। उनका सारा जगमग करता ऐश्वर्य, समस्त सेना, वाहन, समुदाय, सम्मान, शोभा, उत्कण्ठा, प्रजाजन, अन्तःपुर, उत्सव, पुष्प, फल, वस्त्र, गन्ध, माला, अलंकार, एक साथ बजते विभिन्न वाद्य-वृन्द आदि सभी सम्मिलित थे उस यात्रा में। ऐसी ऐश्वर्यशाली धर्म-यात्रा सहित श्रमण भगवान महावीर कुण्डपुर नगर के बीच से होते हुए ज्ञातखण्ड वन नामक उद्यान में जहाँ पर उत्तम अशोक वृक्ष था वहाँ पहुँचे।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(113) On this journey Shraman Bhagavan Mahavir was being admired by thousands of eyes and he was being praised by thousands of lips. Thousands of hearts were conveying their salutations and thousands of others were ripe with desire to behold him. Praise of his radiance, beauty and virtues were included in the panegyrics addressed to him. Thousands of fingers pointed at him. He acknowledged the salutations of thousands of men and women with raised right hand. Hails mixed with sweet sounds from musical instruments were creating an atmosphere conducive to his determination. With him could be seen all the signs of his grandeur : his wealth, armies, carriages, family, prestige, glory, spiritual craving, his people, his retinue, festivities, flowers, fruits, perfumes, garlands, ornaments musical instruments, etc. With this grand religious encourage, Shraman Bhagavan Mahavir, passing through Kundgram city, arrived near a grand Ashoka tree in the Jnatakhand-vana garden.

जेणेव असोग-वर-पायवे तेणेव उवागच्छित्ता, असोग-वर-पायवस्स अहे सीयं ठावेइ, अहे सीयं ठावित्ता सीयाओ पच्चोरुहइ, सीयाओ पच्चारुहित्ता सयमेव आहरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, आहरण-मल्लालंकारं ओमुइत्ता सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ; सयमेव पंच-मुट्ठियं लोयं करित्ता छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं, हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं एगं देवदूससमादय एगे अबीए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए ॥११४॥

(११४) भगवान की पालकी अशोक वृक्ष के नीचे रखी गई, और वे पालकी से नीचे उतरे। वर्द्धमान ने अपने आप अपने आभरण, माला, अलंकार, आदि उतारे और अपने ही हाथों से पंच-मुष्ठि लोच किया। उन्होंने छट्ठभक्त व्रत ग्रहण किया और हस्तोत्तरा नक्षत्र का योग आने पर मात्र एक देवदूष्य वस्त्र धारण किये हुए गृहवास त्यागकर एकल अनगार बन गये।

(114) Bhagavan Mahavir's palanquin was put down under the Ashoka tree and he got down. With his own hands Vardhaman took off all his ornaments, garlands, dress, etc. and also pulled out all his hair (formally termed as five-fistful pulling out of hair). He took the vow of the Chhattabhakta penance (one day fast) and at the moment when the moon entered the twelfth mansion he became a solitary ascetic donning just a piece of divine cloth.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विस्तार :

श्रमण भगवान महावीर ने जब केश लोच किया तो देवराज इन्द्र ने जीताचार के अनुसार उन केशों को स्वर्ण थाल में ग्रहण कर एक मंजूषा में सुरक्षित रख लिया। इसके पश्चात् भगवान ने सिद्धों को नमस्कार किया और "**करेमि सामाइयं सव्वं सावज्जं जोगं पच्चक्खामि**" का उच्चारण कर "मैं जीवन पर्यन्त समस्त सावद्य योगों का त्याग करता हूँ" यह प्रतिज्ञा ग्रहण की। सर्व विरति चारित्र धर्म अंगीकार करते ही भगवान को मनःपर्यव ज्ञान प्राप्त हो गया। फिर उन्होंने एक और कठोर संकल्प किया, "जब तक मुझे केवलज्ञान प्राप्त नहीं हो जाता तब तक मैं अपने शरीर के प्रति ममत्व से मुक्त रहकर देव, दानव, मानव, तथा तिर्यंच द्वारा किये गये सभी उपसर्गों को समभावपूर्वक सम्यक् प्रकार से सहन करता रहूँगा।" (चित्र M-13)

Elaboration :

When Shraman Bhagavan Mahavir pulled out his hair, Indra, following the established code, took the hair in a golden dish and preserved the same in a box. After this, Bhagavan offered salutations to the Siddhas (the liberated ones) and took the vow of the abandonment of all intentional sinful activities, and the practice of equanimity. As soon as he took this vow of all-abandoning conduct he acquired extra sensory perception (Manah-paryava-jnana). At this point he made another harsh resolution, "As long as I do not attain omniscience, I will tolerate each and every affliction caused by man, god, demon, or animal equanimously and firmly without a trace of concern for my mundane body". (Illustration M-13)

अन्तिम दान

समणे भगवं महावीरे संवच्छरं साहियं मासं जाव चीवरधारी होत्था, तेण परं अचेले पाणि-पडिग्गहिए ॥११५॥

(११५) श्रमण भगवान महावीर तेरह महीनों तक देवदूष्यधारी रहे। उसके बाद पूर्ण वस्त्र रहित और करपात्री हो गए।

The Last Charity

(115) Shraman Bhagawan moved around with the divine cloth for thirteen months. After this he lost that also and became kara-patri (one who has only his palms as semblence of a pot for accepting alms).

विस्तार :

देवदूष्य वस्त्र के त्याग के विषय में कल्पसूत्र तथा आचारांग सूत्र में संक्षिप्त उल्लेख मात्र ही मिलता है। किन्तु कल्पसूत्र टीका, आवश्यक निर्युक्ति आदि अन्य ग्रन्थों में वस्त्रदान से सम्बन्धित घटना इस प्रकार वर्णित है–

श्रमण भगवान महावीर ने ज्ञातखण्ड वन से प्रस्थान कर कुर्मार ग्राम की ओर विहार किया। तभी एक कृशकाय क्षीणदेह ब्राह्मण लाठी के सहारे चलता भगवान के पीछे हो लिया। तेज कदम चलता वह भगवान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 13 राजसी वस्त्राभूषण उतारकर केश लोच तथा सिद्धों को नमस्कार सहित कठोर दीक्षा संकल्प।
Plucking of hair after shedding regal dress and ornaments, and the tough resolution after salutations of Siddhas.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 14 सोमशर्मा ब्राह्मण को वस्त्रदान।
Presenting the only peice of cloth to Brahman Somasharma.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

के निकट पहुँचा और उनके चरणों में गिर पड़ा। ब्राह्मण करुण स्वर में भगवान से बोला, "कुमार वर्द्धमान! मैं आपके कुण्डग्राम का निवासी ब्राह्मण सोम शर्मा हूँ। आपके पिता महाराज सिद्धार्थ, जिनका मैं कृपापात्र था, की मृत्यु के पश्चात् से मैं आजीविका की खोज में यहाँ-वहाँ भटकता रहा हूँ पर कुछ प्राप्त नहीं हुआ। आपके वर्षीदान की सूचना प्राप्त होते ही मैं लौट पड़ा। पर मेरे जैसा भाग्यहीन यहाँ आज पहुँचा है जब आप सर्वस्व दान कर अनगार बन गये। एक वर्ष तक सौभाग्य का महा मेघ बरसता रहा पर मैं दुर्भागी एक बूँद को भी तरसता ही रह गया। हे दीन उद्धारक प्रभु! मैं दुखियारा दरिद्र हूँ और मेरा जीवन क्षुधा और अभावों से भरा पड़ा है। हे करुणा सिन्धु! मुझ पर दया कीजिये और मेरी दरिद्रता को दूर कर दीजिये।"

दरिद्र ब्राह्मण की दयनीय दशा देख महावीर का कोमल हृदय करुणा से ओत-प्रोत हो गया। पर उस समय उनके पास देने को कुछ बचा ही नहीं था। तभी उनकी दृष्टि अपने कंधे पर पड़े देवदूष्य वस्त्र पर गई। उन्होंने उस कपड़े के दो टुकड़े कर एक उस ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण उस कपड़े को लेकर एक रफूगर के पास गया और उसका मूल्य पूछा। रफूगर ने बताया कि उस वस्त्र का शेष भाग मिल जावे तो वह उसे रफू कर वापस ज्यों का त्यों बना देगा और तब वह एक लाख स्वर्ण मुद्राओं में बेचा जा सकेगा।

ब्राह्मण पुनः दौड़कर भगवान महावीर के निकट गया किन्तु शेष वस्त्र माँगने का साहस न कर सका। अतः वह श्रमण वर्द्धमान के पीछे हो लिया। तेरह महीने बाद एक दिन तेज हवा के झोंके से वह वस्त्र महावीर के शरीर से सरक कर गिर पड़ा। सोम शर्मा ने प्रसन्न हो वह वस्त्र उठा लिया और रफूगर के पास ले आया। जब रफू होकर वह पूर्ण हो गया तब ब्राह्मण उसे महाराज नन्दीवर्धन के पास ले गया और एक लाख स्वर्ण मुद्राओं के बदले बेच दिया। महावीर के द्वारा सांसारिक वस्तुओं का यह अन्तिम दान था। (चित्र M-14)

Elaboration :

Kalpasutra and Acharangasutra have only briefly mentioned the abandoning of the divine cloth by Mahavir. But in other sources like Commentary on Kalpasutra and Avashyak Niryukti, etc. an account connected with this act is available—

Leaving the Jnatakhand-vana garden Shraman Bhagavan Mahavir commenced his journey towards Kurmara village. A wiry and weak Brahman, moving with the help of a stick followed him. Taking quick steps he caught up with Bhagavan Mahavir and fell at his feet. He uttered humbly, "Prince Vardhaman! I am Brahman Som Sharma from your Kundgram. Since the death of your father and my mentor, king Siddhartha, I have been wandering from place to place in search of livelihood, but in vain. When I heard of your great charity I rushed back. But, ill-fated as I am, I reached here only today when you had already donated all you had and become an ascetic. A year of windfall for every one around but I, the cursed one, still remain deprived. O saviour of all! I am a miserable destitute. I live a tormented life plagued by hunger and deprivation. Have pity on me and remove my poverty, O ocean of compassion!"

Seeing the pitiable condition of the Brahaman, Mahavir's soft heart was filled with compassion. But this day he had nothing to give. After donating all his possessions he had become a mendicant. Then he chanced to look at the divine cloth on his shoulders. He tore it into two and gave one half to the Brahman. The Brahman took this torn piece of the divine cloth to a mender and enquired about its value. The mender informed him that if

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the other half was brought to him, he could mend it and bring it back to its original shape. And then it could be sold for one hundred thousand gold coins.

The Brahman ran back to Mahavir but could not dare to ask for the remaining piece. So he followed Vardhaman wherever he went. After thirteen months one day the cloth, blown by wind, slipped away from Vardhaman's body. Som Sharma happily picked it up and returned to the mender. When the divine cloth was mended he took it to king Nandivardhan and sold it for one hundred thousand gold coins. This was the last act of mundane charity in Mahavir's life. (Illustration M-14)

साधना काल

समणे भगवं महावीरे साइरेगाइं दुवालस-वासाइं निच्चं वोसट्ठकाए चियत्त-देहे, जे केइ उवसग्गा उप्पज्जंति, तं जहा–दिव्वा वा, माणुस्सा वा, तिरिक्ख-जोणिया वा, अणुलोमा वा, पडिलोमा वा, ते उप्पन्ने सम्मं सहइ खमइ तितिक्खइ अहियासेइ ॥११६॥

(११६) दीक्षा लेने के बाद बारह वर्ष से कुछ अधिक समय तक श्रमण भगवान महावीर अपने शरीर के प्रति सर्वथा उदासीन रहे। वे शरीर के प्रति सदा इतने अनासक्त रहे मानो शरीर का त्याग ही कर दिया हो। उनमें ऐसा सामर्थ्य, धैर्य और संतुलन था कि अपने साधना काल में देवता, मनुष्य अथवा तिर्यंच के द्वारा किये गये अनुकूल या प्रतिकूल सभी उपसर्ग उन्होंने निर्भय होकर समतापूर्वक सहे।

The Period of Spiritual Practices

(116) For more than twelve years after his renunciation Shraman Bhagavan Mahavir completely neglected his body. He remained so much detached from his body and its needs that it appeared as if he had abandoned it. He was endowed with ample capacity, patience and discipline to have tolerated all the painful and pleasent afflictions and disturbances—be they caused by gods, men, or animals—with courage and equanimity.

विस्तार :

यद्यपि कल्पसूत्र के मूल-पाठ में भगवान महावीर के लगभग बारह वर्षीय साधना-काल का विस्तृत विवरण उपलब्ध नहीं है, यह रोचक और प्रेरक प्रसंगों के रूप में कल्पसूत्र टीका, आवश्यक निर्युक्ति, त्रिषष्ठिशलाका पुरुष चरित्र आदि परवर्ती ग्रन्थों में उपलब्ध है। इनमें से कुछ चुने हुए प्रसंग हम यहाँ दे रहे हैं।

१. दैवीय सुरक्षा अस्वीकार

दीक्षा के अगले दिन श्रमण महावीर ने ज्ञातखण्ड उद्यान से प्रस्थान किया। वे सूर्यास्त के समय कूर्मार

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग्राम के निकट पहुँचे (वर्तमान में कामन छपरा)। वहाँ वे एक वृक्ष के नीचे रुके और स्तम्भ के समान स्थिर खड़े हो ध्यानमग्न हो गये। कुछ देर बाद वहाँ एक ग्वाला अपने बैलों सहित पहुँचा। उसे दूध दुहने के लिए गाँव में जाना था। वह ध्यानमग्न श्रमण के निकट गया और कहा, "मुनिवर! मैं गाँव में गायों को दुहने जाऊँ तब तक आप मेरे बैलों का ध्यान रखें। मैं जल्दी ही लौट आऊँगा।" उत्तर की प्रतीक्षा किये बिना ही ग्वाला वहाँ से चल पड़ा। बिना बँधे अरक्षित बैल घूमते हुए पास के जंगल में चले गये। लौटकर जब ग्वाले ने देखा कि उसके बैल वहाँ नहीं हैं तो उसने पूछा, "मुनिवर! मेरे बैल कहाँ गये?" महावीर मौन रहे। ग्वाला क्रोध में बड़बड़ाया और बैलों को ढूँढ़ने लगा। उसने आस-पास चारों ओर रात भर खोज की पर बैल नहीं मिले। इस बीच वे लौटकर महावीर के निकट आकर बैठ गये थे। थके हुए ग्वाले ने लौटकर यह दृश्य देखा तो क्रोध से आग बबूला हो गया। उसने समझा कि महावीर छद्मवेशी कोई चोर है, जिसने उसके बैलों को रात भर छुपाकर रखा था और अभी उन्हें लेकर भागने ही वाला था और उसने पकड़ लिया। बिना सोचे समझे ग्वाले ने बैल बाँधने की रस्सी से महावीर को पीटना आरम्भ कर दिया। उस मोटी सण की रस्सी की चोट से महावीर की वस्त्ररहित देह पर चौड़े रक्तिम चिन्ह उभर पड़े। इस तीव्र पीड़ा से भी महावीर का ध्यान भंग नहीं हुआ।

तभी एक प्रभावशाली दिव्य व्यक्ति प्रकट हुआ और उच्च स्वर में कहा, "ठहरो, मूर्ख अज्ञानी! तुम घोर पाप कर रहे हो। यह व्यक्ति चोर नहीं है। ये राजा सिद्धार्थ के पुत्र हैं। ये श्रमण महावीर हैं, एक महान् योगी, एक ध्यानमग्न साधु।" ग्वाला महावीर के चरणों में गिर पड़ा और अपनी मूर्खता पर पश्चात्ताप करते हुए उनसे क्षमा प्रार्थना की। जिस दिव्य व्यक्ति ने व्यवधान दिया था वह और कोई नहीं स्वयं देवराज इन्द्र थे। महावीर के शरीर पर उभरे रक्तिम घावों से चिन्तित हो उन्होंने कहा, "प्रभु! ये अज्ञानी लोग अपनी मूर्खतावश आपको पीड़ा देते रहेंगे? कृपया मुझे अपनी सेवा में रहने की आज्ञा प्रदान करें, जिससे मैं आपकी सुरक्षा का प्रबन्ध कर सकूँ।" महावीर ने सहज स्वर में उत्तर दिया, "देवराज! आपको तो यह समझना चाहिए कि आत्म-कल्याण के पथ पर चला साधक केवल अपनी ही साधना, साहस, और संयम के सहारे ही आत्म-शुद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करता है। कोई भी आत्मा देवराज अथवा दानवराज की सहायता से अपने समस्त कर्मों का क्षय कर अर्हत् बन सके, मुक्त हो सके ऐसा कभी नहीं होता।" देवराज ने श्रमण महावीर की प्रशंसा करते हुए सादर वन्दना की और प्रस्थान किया। (ई. पू. ५६९) (चित्र M-15)

Elaboration :

Although the basic text of Kalpasutra does not mention in detail the incidents from the twelve year period of spiritual practices of Bhagavan Mahavir, these are available as interesting and inspiring narratives in other later works like Kalpasutra commentary, Avashyak Niryukti, Trishashtishalaka Purush Charitra etc. We have selected some of these incidents, not necessarily in chronological order.

1. Rejection of the Divine Help

The day after his renunciation Shraman Mahavir left Jnatakhand garden. At sunset he arrived near a small village called Kurmaragram (identified as Kaman Chhapra today). He stopped under a tree, and standing unmoving like a rock, started his meditation. After

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

some time a cowherd arrived there with his oxen. He wanted to go into the village to do his job of milking cows. He approached the meditating Shraman and said, "Ascetic! Please look after my oxen while I go into the village to milk cows. I will return soon." Without waiting for a reply the cowherd went away. The oxen, untethered and uncared for, strayed into the nearby jungle. On his return when the cowherd did not find his oxen, he asked, "Ascetic! where are my oxen?" Mahavir remained silent. The cowherd grumbled and started looking around. He searched all around throughout the night in Vain. The oxen, in the meantime, returned and lay down near Mahavir. When the exhausted cowherd returned in the morning and beheld this scene, he lost his temper. He took Mahavir to be a thief in disguise, whom he had caught just before he was to flee with the oxen that he must have hidden during the night. Without a second thought he started hitting Mahavir with the rope he carried for tying the oxen. The hard sisal rope left large inflamed welts on Mahavir's naked body. Even this excruciating pain did not distract, Mahavir from his meditation.

Just then an overpowering divine person appeared and said in his commanding voice, "Stop it, you ignorant idiot! You are committing a grave crime. This person is no thief. He is the son of king Siddhartha. He is Shraman Mahavir, a great yogi and a meditating ascetic." The cowherd fell prostrate at the feet of Mahavir and repenting for his ignorance begged his pardon. The divine person who had interfered was none else but the king of gods, Indra. He bowed before the Mahashraman. Disturbed by the inflamed marks on the body of Mahavir he said, "Prabhu! these ignorant people will continue to cause you pain due to their foolishness. Please allow me to be in your attendance to provide you protection." Mahavir replied in all humility, "Devraj! you should know that an ascetic on the spiritual path reaches the goal of purity with the help of his own practice, courages, and discipline. It is never with the help of the king of gods or the king of demons that a soul sheds all its karmas and becomes an Arhant or gets liberated." Full of reverence and praise the king of gods bowed before Shraman Mahavir and departed. (569 B. C.) (Illustration M-15)

२. *शूलपाणि का परिषह*

विहार करते हुए महावीर एक दिन वेगवती नदी के किनारे एक सुनसान छोटे से गाँव के निकट पहुँचे। गाँव के बाहर एक छोटी-सी पहाड़ी पर नर कंकालों और हड्डियों के ढेरों से घिरा एक चैत्य था। अपनी साधना के लिए उस स्थान को उपयुक्त जान महावीर ने ग्रामवासियों से वहाँ ठहरने की अनुमति माँगी। एक वृद्ध ग्राम जन आगे बढ़ा और भयातुर स्वर में कहने लगा, "देवार्य! यह सुनसान ग्राम कभी वर्द्धमान नाम का समृद्धिशाली नगर था। बरसाती नदी होने के कारण गर्मी में यह वेगवती अंशतः दलदल बन जाती थी। एक बार धनवाह नामक एक धनी व्यापारी अपनी माल से लदी पाँच सौ बैलगाड़ियों सहित यहाँ आया। नदी पार करते समय वे गाड़ियाँ इस सूखी नदी की बालू में फँस गईं। उसने अपने बैलों में श्रेष्ठ एक बैल की सहायता से एक-एक कर सभी गाड़ियों को दलदल से निकाला। अन्तिम गाड़ी को पार लगाते ही वह बलिष्ट बैल थककर धरती पर गिर पड़ा। अथक प्रयत्न करने पर भी वह व्यापारी अपने बैल का उपचार नहीं कर सका। उसने यहाँ के कतिपय नागरिकों से आग्रह किया कि उसके बैल की समुचित देख-रेख करें और इस

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 15 (१) ग्वाले द्वारा रस्सी से भगवान को उपसर्ग, इन्द्रदेव द्वारा बचाव (२) इन्द्र के सेवा प्रस्ताव का श्रमण महावीर द्वारा अस्वीकार।
(1) Indra interfering in the infliction by the cowherd
(2) Bhagavan Mahavir rejecting Indra's offer to provide protection.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 16 शूलपाणि यक्ष द्वारा भयावने उपसर्ग।
Fearsome afflictions by Shulpani

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्य के लिए उसने उन्हें प्रचुर धन भी प्रदान किया। जैसे ही धनवाह ने अपनी यात्रा पुनः आरम्भ की वे नागरिक भी अपने उत्तरदायित्व को भूल वहाँ से चल दिये। वह रुग्ण बैल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने को अकेला छूट गया। भूख और प्यास की असह्य वेदना भोग उसने अपनी देह त्याग दी।

इस घटना के कुछ दिनों बाद हाथ में शूल लिए एक भयानक दैत्य आकाश में प्रकट हुआ। उसने नगर पर बालू और पत्थरों की वर्षा की और महामारी भी फैला दी। कुछ ही दिनों में वह नगर एक श्मशान घाट में बदल गया। प्रताड़ित नगरवासियों ने तब बलि दी, उस दैत्य से किसी भी नागरिक द्वारा किये गये किसी भी पाप के लिए क्षमा प्रार्थना की। यक्ष ने क्रुद्ध स्वर में कहा, "मैं वही बैल हूँ जिसे पीड़ा भोगते हुए मरने के लिए तुम लोगों ने अकेला छोड़ दिया था। मैं तुम लोगों को उस निर्दय व घृणित कृत्य का फल प्रदान कर रहा हूँ। फिर भी यदि तुम मेरे लिए एक चैत्य बना दो और प्रतिदिन मेरी पूजा अर्चा करो तो मैं तुम्हें सताना बन्द कर दूँगा। पर याद रहे कि यदि मेरे चैत्य में किसी ने भूल से भी रात बिताई तो फिर तुम उस व्यक्ति को जीवित नहीं देख सकोगे।"

"हे श्रमण! उस दिन से वर्द्धमान नगर अस्थिक ग्राम बन गया। यदि आप अपने जीवन से विरक्त नहीं हो गए हैं तो हम आपको इस चैत्य में रात बिताने को नहीं कहेंगे।" इस पर भी महावीर ने उस चैत्य में ध्यान साधना करने की अनुमति प्रदान करने को कहा। ग्रामवासियों ने अनिच्छापूर्वक उनके आग्रह को स्वीकार कर लिया। सूर्यास्त तक महावीर उस चैत्य में एक स्थान पर खड़े हो ध्यानमग्न हो गये। अंधेरा होने पर सारे वातावरण में भयावह ध्वनियाँ गूँजने लगीं। शूलपाणि दैत्य आँगन में प्रकट हुआ और भयकारक स्वर में चिंघाड़ने लगा। ऐसी पैशाचिक ध्वनियों के बीच भी इस मनुष्य को अविचल ध्यानमग्न निष्कंप खड़े देख वह आश्चर्यचकित हो गया। फिर उसने ऐसी तीव्र गरज उत्पन्न की कि मन्दिर की विशाल दीवारें भी हिल उठीं। फिर भी वह श्रमण न तो हिले-डुले और न ही उनके मुख के सौम्य भावों में कोई अन्तर आया। अब तो वह दैत्य क्रोध से आग बबूला हो उठा और अपने क्रूर परिषह आरम्भ कर दिये। एक विशाल मस्त हाथी प्रकट हुआ और महावीर के शरीर को अपने पैने दाँतों से गोदने लगा। उसने उन्हें अपनी सूँड़ में उठा लिया और इधर-उधर उछालने लगा। जब इसका भी कोई प्रभाव नहीं हुआ तो एक क्रूर प्रेत प्रकट हुआ जो महावीर को अपने विशाल पैने दाँतों और नाखूनों से घायल करने लगा। इसके बाद एक काला साँप प्रकट हुआ जिसने महावीर पर अपने विषैले दाँतों और साँसों से आक्रमण किया। जब महावीर इन सभी परिषहों के बीच अविचल रहे तो शूलपाणि ने एक विचित्र परिषह का प्रयोग किया। अपनी राक्षसी शक्ति द्वारा उसने महावीर के शरीर के सात कोमल स्थलों (आँख, कान, नाक, मस्तक, दाँत, नाखून तथा कमर) में अत्यन्त तीव्र पीड़ा उत्पन्न कर दी। महावीर में अनन्त तितीक्षा क्षमता थी। यह तीव्रतम पीड़ा भी उनकी शांत सौम्यता भंग करने में असफल रही।

अपनी दानवी शक्ति का स्रोत सूख जाने पर शूलपाणि के मन में भय व्याप्त हो गया। उसे लगा कि वह अपने से कहीं अधिक प्रभावकारी किसी दैवी शक्ति से सामना कर बैठा है और अपने विनाश की ओर बढ़ रहा है। अनायास ही उसकी आत्मा एक आध्यात्मिक प्रकाश से जगमगा उठी। धीरे-धीरे उसका क्रोध शांत हुआ, भय दूर हुआ और कल्याण की भावना जाग उठी। उसने पश्चात्ताप सहित श्रमण महावीर का चरण स्पर्श किया और नम्रतापूर्वक क्षमा माँगी। महावीर ने आँखें खोलीं और अभय मुद्रा में हाथ उठाकर कहा, "शूलपाणि, क्रोध और भी अधिक क्रोध को जन्म देता है और स्नेह देने से स्नेह प्राप्त होता है। यदि तुम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किसी को आतंकित नहीं करोगे तो तुम सर्वदा सभी आतंकों से मुक्त हो जाओगे। अतः क्रोध और प्रतिकार की बेल को नष्ट कर दो।''

महावीर ने साधना काल का प्रथम चातुर्मास अस्थिक ग्राम में ही किया। (ई. पू. ५६९) (चित्र M-16)

2. The Afflictions by Shulpani

Wandering Mahavir one day arrived near a small forlorn village on the banks of river Vegavati. Outside the village, on a small hillock stood a temple surrounded by heaps of scattered bones and skeletons. Considering it to be an appropriate place for his practices, Mahavir sought permission from the villagers. A village elder came forward and uttered in a terror stricken voice, "Devarya! this forlorn village was once a prosperous town known as Vardhaman town. Being a seasonal river, this Vegavati turned partly into a swamp during summer. Once a rich merchant, Dhandev, came here with five hundred carts load of merchandise. While crossing, the carts got stuck in the sandy river bed. He used the best one of his oxen to help pull out all the carts one after the other. This giant ox fell exhausted on the ground by the time it helped pull out the last cart. In spite of all his efforts the merchant could not bring about any improvement in its condition. He requested some townsfolk to take proper care of the sick ox and gave them a large sum of money for that purpose. As soon as Dhandev left the town on his onward journey the concerned persons also went away betraying the trust. The sick ox was left alone to the elements. After suffering the agony of hunger and thirst it died.

A few days after this incident a ferocious demon with a lance in his hand appeared in the sky. It showered sand and stones on the town and also caused an epidemic. In a few days the town was turned almost into a funeral ground. The tormented citizens, then offered sacrifices to the demon and begged to be foregiven for any sin committed by any of them. The Yaksha scoffed at them, "I am the disabled ox that was left to die in pain by you. I am repaying you for your dastardly act of cruelty. However, now if you build a temple for me and do worship every day, I will stop tormenting you. But beware, if someone spends a night in my temple, even out of ignorance, you will not see him alive".

"Since that day, O ascetic! Vardhaman town has become Asthik (bone) village. We advise you not to spend the night in this temple unless you are tired of your life." Mahavir still requested them to allow him to meditate in the temple. The villagers reluctantly accepted his request. By evening Mahavir was standing at a spot within the temple, completely lost in his meditation. When darkness descended, the air was filled with eerie sounds. Shulpani, the demon with a lance, appeared in the courtyard and started emitting fearful trumpeting noise. He was surprised to see a human being standing fearlessly in meditation undisturbed by his ominous utterings. He produced thunderous roars that shook the thick walls of the temple. But the ascetic still did not move nor did he show any change in his serene expression. The demon lost his temper and commenced his horrifying atrocities. A mad elephant appeared and goaded Mahavir with its pointed tusks. It lifted him in its trunk and tossed around. When this had no effect on Mahavir, a horrible ghost appeared and attacked Mahavir with its large canines and claws. Next appeared a black

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अस्थिक ग्राम से प्रस्थान करके श्रमण महावीर श्वेताम्बिका नगरी की तरफ आगे बढ़े। मार्ग में एक भयानक सुनसान वीरान जंगल पड़ता था।

कुछ ग्वाल-बाल, जो जंगल में अपनी भेड़-बकरियाँ चरा रहे थे, महावीर को उस सुनसान पथ पर जाते देखा तो खूब जोर से पुकारने लगे–"साधु बाबा, रुक जाना, यह रास्ता बड़ा भयानक है, इस रास्ते पर दृष्टिविष कालिया नाग रहता है। उसकी जहरीली फुंकारों से पेड़-पौधे भी भस्म हो जाते हैं, उड़ते पक्षी तड़फड़ाकर गिर जाते हैं, मनुष्य खड़े-खड़े ही लुढ़क जाते हैं, इधर मत जाना, दूसरे रास्ते जाना बाबा।"

ग्वाल-वालों की भय भरी पुकार महावीर के कानों में पड़ी, उन्होंने स्मित भाव के साथ अभय मुद्रा वाला हाथ उठाया। धीर गंभीर गति से चलते हुए महावीर नागराज की बाँवी के निकट पहुँच गये। आस-पास अनेक पशु-पक्षियों व मनुष्यों के कंकाल पड़े थे, वृक्ष सूखकर ठूँठ बन गये थे। बाँबी के ठीक पास में उजड़ा-सा देवालय था। उसी देहरे के पास में महावीर जाकर खड़े हुए और सूर्य के सामने भुजाएँ सीधी लटकाकर नाक के अग्र भाग पर दृष्टि स्थिर करके ध्यान में लीन हो गये।

कुछ ही देर में फुंकारता हुआ विशालकाय कृष्ण नाग अपनी बाँवी से बाहर निकला। अपनी जहरीली लाल आँखों से उसने महावीर को देखा, अग्नि पिंड से जैसे तेज ज्वालाएँ निकलती हैं, वैसी ही उसकी विष बुझी आँखों से जहरीली ज्वालाएँ निकलने लगीं; भयंकर फुँकारें करने लगा, परन्तु महावीर पर तो कोई प्रभाव नहीं हुआ।

दूसरी बार पुनः सूर्य के सामने देखकर नाग ने जहरीली तीक्ष्ण दृष्टि महावीर पर टिकाई, फुंकारें मारीं, परन्तु अव भी स्थिर।

क्रोधाविष्ट नागराज ने तीसरी बार भी डंक मारा। जहरीली फुँकारें कीं। परन्तु उसके तीनों आक्रमण निष्फल हो गये। महावीर तो अभी भी बिना हिले-डुले शान्त खड़े थे। नाग आश्चर्य में डूबकर देखने लगा। यह क्या? जहाँ डंक मारा था, उस अँगूठे से रक्त के स्थान पर श्वेत दूध की धार बह रही है`````` ?

प्रशमरस निमग्न महावीर ने शान्त गंभीर स्वर में उद्‌बोधन दिया–"उवसम भो चंडकोसिया !" हे नागराज चंडकौशिक ! समझो, समझो। अब शान्त हो जाओ। तुम अपने पूर्व-जन्म का स्मरण करो। बार-बार क्रोध करके जीवन बर्बाद मत करो। क्रोध को शान्त करो।

महावीर की अमृत भरी दृष्टि खुली, नागराज ने अपनी दृष्टि मिलाई, तो जैसे उसके हृदय में अपूर्व शान्ति-सी दौड़ने लगी, सचमुच जहर शान्त होता हुआ प्रतीत हुआ। (चित्र M-17)

नागराज को शान्त हुआ देखकर आस-पास के गाँवों से स्त्री-पुरुषों के झुण्ड के झुण्ड आने लगे, खीर, दूध, चढ़ाकर नाग बाबा की पूजा करने लगे। परन्तु नाग देवता तो अपने बिल में मुँह करके शान्त समाधि लीन थे। उसने मन ही मन अनशन का संकल्प ग्रहण कर लिया। भूख-प्यास, सर्दी की पीड़ा सहता रहा, चींटियों के काटने से असह्य वेदना हो रही थी, उसका शरीर छलनी जैसा हो गया, परन्तु फिर भी उसे खीझ तक नहीं आयी। पन्द्रह दिन बाद शरीर त्यागकर नागराज चंडकौशिक सहस्रार स्वर्ग में देवता बना।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The Embodiment of Love

Leaving Asthik-gram Mahavir proceeded in the direction of Shvetambika town. The trail to this town passed through a dense and desolate forest. When some shepherds saw Mahavir entering the forest they shouted, "O Monk, stay put for a minute. This is a dangerous trail. There is a black serpent with venomous gaze on this trail. His hissing and gaze burn plants and trees. Even flying birds and standing humans drop dead. Please leave this trail and take a different route."

Mahavir heard this fear filled call of the shepherds. With a serene smile he raised a hand as a gesture of assurance. With firm steps Mahavir went near the snake-hole. All around human and animal skeletons could be seen. There was not a single green leaf as far as the eye could see. Close to the snake-hole was a delepidated temple. Mahavir stood in the shade of this temple and started his meditation.

After some time the giant black serpent came out of its hole hissing fiercely. It had seen a human being after a long time. The man was standing firm and fearless with closed eyes. The serpent was surprised. It looked at Mahavir with its venomous red eyes. Like flames from a ball of fire, its poisonous eyes emitted waves of venom. It hissed awesomely. But all this had no effect whatsoever on Mahavir. The serpent was astonished—till today every man I came across has been consumed by my first venomous hiss and this man stands still, absolutely unmoved.

The serpent glanced at the sun and once again focused its gaze at Mahavir and hissed at him with renewed anger, but in vain. It slithered from the line of the expected fall of the body and than with all its force sank its fangs in Mahavir's toe and injected all its venom. It drew back and waited expectantly, again in vain.

The angry serpent, vexed further by its failure stung Mahavir twice again. All its three attacks were wasted. Mahavir stood undisturbed. The serpent was astonished to see milk oozing out instead of blood from the spots where it had stung on Mahavir's toe.

Involved in his spiritual pursuits, Mahavir uttered in his deep and tranquil voice, "O Chandakaushik ! Open your inner eyes. Be calm and remember your past life. Do not inject venom of anger in your life. Rise above the deadly poison of anger.

Mahavir opened his ambrosia filled eyes. When the serpent met his gaze, it felt as if a wave of peace and tranquility had engulfed its inner self. It appeared that its venom was slowly vanishing.

Knowing that the serpent had become harmless, throngs of people started arriving from nearby villages. They worshipped the serpent-god by offering milk and sweets. But the serpent was lying, keeping its hood in the hole, in meditation without even a trace of movement. Swarms of ants were attracted by the sweets. They started stinging the serpent. But the serpent tolerated these afflications with equanimity. It silently took the last vow (fast unto death). It tolerated the agony of hunger, thirst and the stings of ants. Its body became almost perforated, but it did not react at all. After fifteen days it died and was reborn as a god in the Sahasrar dimension. (M-17)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 17 चंडकौशिक नाग का उपसर्ग।
Affliction by serpent Chanda Kaushik.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 18 (१) अग्नि लपटों के बीच अकम्प श्रमण महावीर (२) कालहस्ती द्वारा उत्पीड़न।
(1) Shraman Mahavir unmoved by flames (2) Torture by Kalahasti.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

serpent that attacked Mahavir with its venomous fangs and toxic breath. When Mahavir remained unmoved during all these afflictions, Shulpani devised a strange torture. With his demonic powers he caused extreme pain in seven soft spots within Mahavir's body (eyes, ears, nose, head, teeth, nails, and back). Mahavir had an unending capacity to tolerate pain. Even this extreme agony failed to pierce his composure.

Drained of all his demonic energy, Shulpani became apprehensive. He thought that he was facing some divine power much stronger then he and was heading toward his own destruction. All of a sudden, a divine spiritual light illuminated his inner self. Slowly his anger subsided, fear dissolved, and a feeling of goodwill took over. He touched Mahavir's feet and with repentence and humility begged his pardon. Mahavir opened his eyes, and, raising his hand, said, "Shulpani! Anger supplements anger and love begets love. If you do not cause fear you too will become free of all fears always. So destroy the poison ivy of anger and revenge." Mahavir spent his first monsoon stay at Asthika gram. (569 B. C.) (Illustration M-16)

३. लपटों के बीच अकम्प

एक बार श्रावस्ती से विहार कर श्रमण वर्द्धमान हलीद्दुग ग्राम को जा रहे थे। राह में उन्होंने एक विशाल वट वृक्ष देखा। अपनी साधना के लिए उपयुक्त स्थल जान वे उस पेड़ के नीचे गये और खड़े हो अपना रात्रि-ध्यान आरम्भ कर दिया। सर्दी का मौसम था और ठण्डी हवाएँ चल रही थीं। गौशालक भी महावीर के साथ चल रहा था। ठण्डी हवा की चुभन उससे नहीं सही गयी तो वह पेड़ के पीछे चला गया। कुछ देर बाद कुछ यात्री वहाँ आए और उसी पेड़ के नीचे बैठ गए। उन्होंने कुछ सूखी लकड़ियाँ इकट्ठी कीं और भोजन पकाने के लिए आग जला दी। यात्रियों ने रात वहीं बिताई और आग को जलाए रखा। पौ फटने से पूर्व ही वे आगे बढ़ गए और आग को जलते हुए ही छोड़ गए। धीरे-धीरे वह आग पेड़ के नीचे एकत्र हुए सूखे पत्तों और टहनियों में फैलकर और भी भड़क उठी। हवा का बहाव महावीर की ओर था। आग धीरे-धीरे फैलती गई और वहाँ तक पहुँच गई जहाँ महावीर ध्यानमग्न खड़े थे। गौशालक ने चिल्लाकर चेतावनी दी। पर आत्मलीन महावीर तो अन्य किसी आभास से परे थे। वे उन फैलती हुई लपटों के बीच भी अकम्प थे। वे उस चरम अग्नि को शांत करने में जुटे थे जिसे पुनर्जन्म की आग कहते हैं। आग की लपटें महावीर तक पहुँचीं और उनके पैर झुलस गये। यह तीव्र पीड़ा भी उनकी एकाग्रता की गहराई को नहीं छू सकी। कुछ समय बाद आग अपने आप बुझ गई। (साधना काल का पाँचवाँ वर्ष, ई. पू. ५६५) (चित्र M-18/1)

3. Unmoved by Flames

Once, leaving Shravasti, Shraman Vardhaman was going to Haliddug village. On the way he saw a large banyan tree. Finding it suitable he went under it and started his night meditation. It was winter and a cold wind was blowing. Gaushalak was also following him. As Gaushalak could not tolerate the piercing wind, he shifted to the other side of the tree. After some time some wayfarers also stopped under the tree. They collected dry wood and started a fire to cook food. They spent the night there and kept the fire burning. Early in the morning they broke camp and went away. The fire was left burning. Slowly it spread and engulfed the surrounding dry twigs and leaves gathered under the tree. The wind was

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

blowing in the direction of meditating Mahavir. The fire slowly spread and reached the spot where Mahavir was standing. Gaushalak shouted a warning. But Mahavir had no awareness besides his soul. He was unmoved by the heat of the approaching flames. He was busy quashing the ultimate fire, the fire of rebirth. The flames reached him and scorched his feet. Even this acute pain did not reach the depth of his concentration. After some time the fire subsided on its own. (The fifth year of spiritual practices, 565 B. C.) (Illustration M-18/1)

४. कालहस्ति का उपसर्ग

चोरक ग्राम से विहार कर जब महावीर कलम्बुक ग्राम के निकट पहुँचे तब की है यह घटना। इस ग्राम पर मेघ तथा कालहस्ति नामक दो भाइयों का आधिपत्य था। यद्यपि वे जागीरदार और मुखिया थे फिर भी वे पड़ौसी राज्यों में लूटपाट, राह चलते सार्थों को लूटना, तस्करी, आदि त्याज्य कार्यों में लिप्त थे। जब कालहस्ती ने एकाकी पथ पर महावीर को और उनके पीछे-पीछे गौशालक को चलते देखा तो उन्हें रोककर पूछा कि "वे कौन हैं?" उसे महावीर तथा गौशालक दोनों से ही कोई उत्तर नहीं मिला। उसने उन्हें किसी पड़ौसी राज्य का गुप्तचर समझा और रस्सियों से बाँध उन पर अमानुषी अत्याचार करने लगा। इस पर भी जब उसे उनसे कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई तो उसने उन्हें और अधिक यातना देने और प्रश्न पूछने के लिए अपने बड़े भाई मेघ के पास ले जाने की आज्ञा दी।

उन दोनों को चोरों की तरह हथकड़ियों और बेड़ियों से बाँध मेघ के सामने उपस्थित किया गया। महावीर को देख मेघ को लगा उनका चेहरा जाना पहचाना है। उसे अनायास ही याद आया कि उसने एक बार महाराज सिद्धार्थ की राजसभा में कुमार वर्द्धमान को देखा था। उसे यह बेड़ियों से बँधा गुप्तचर कुमार से अनोखी समानता लिए लगा। मेघ ने निकट आकर देखा तो वह तत्काल पहचान गया कि यह बन्दी अन्य कोई नहीं स्वयं कुमार वर्द्धमान हैं जो श्रमण बन गये थे। वह अपनी आँखों में पश्चात्ताप के आँसू लिए श्रमण महावीर के चरणों में गिर पड़ा और उनसे क्षमा याचना की। (चित्र M-18/2)

4. Torture by Kalahasti

This incident occurred when, leaving Chorak village Mahavir arrived at the outskirts of Kalambuka village. This village was ruled by two brothers—Megh and Kalahasti. Although they were landlords and chieftens, they were still involved in unlawful activities like looting the neighbouring kingdoms, raiding passing caravans, smuggling, etc. When Kalahasti saw Shraman Mahavir moving silently on a trail followed by Gaushalak, he stopped Mahavir and asked, "Who are you?" He neither got a reply from Mahavir nor from Gaushalak. He took them to be spies from some neighbouring kingdom. Tying them with ropes, he tortured them inhumanly. When he still could extract no information from them he ordered them to be taken to his elder brother, Megh, for further torture and interrogation.

Shakled like criminals, they were produced before Megh. Megh felt as if he was looking at a known face. He suddenly recalled that once he had seen prince Vardhaman at the court of king Siddhartha. This shakled spy seemed to have an uncanny resemblence with the prince. He came closer and at once recognized that the person in bondage was none else

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

but prince Vardhaman who had become a Shraman. He fell at the feet of Mahavir and with tears of repentence in his eyes he begged to be forgiven. (Illustration M-18/2)

५. *कटपूतना का परिषह*

यह श्रमण महावीर के साधना काल के छठे वर्ष की घटना है। माघ का महीना था और शीतकाल अपने पूर्ण वेग पर था। चुभती हुई बर्फीली हवाएँ चल रही थीं। रात्रि के निस्तब्ध भाग में एकान्त वन में महावीर साधना मग्न खड़े थे। अचानक वहा कटपूतना नामक राक्षसी आई। महावीर को ध्यान मग्न देख वह अकारण ही क्रुद्ध हो गई। वैसे अकारण कुछ भी घटित नहीं होता अतः अवश्य ही पूर्वजन्म का कोई न कोई वैर रहा होगा। जैसे ही वह वैर भावना उदय में आई कटपूतना अपना नियन्त्रण खो बैठी और पूर्वजन्म के किसी भूले बिसरे वैर का बदला लेने के लिए महावीर को सताने लगी। उसने एक विशाल भयावह परिव्राजिका का रूप धरा जिसके लम्बे-लम्बे बाल थे। उन बालों में बर्फीला पानी भर उसने महावीर पर छींटना चालू कर दिया। सारे वातावरण में बर्फीली हवाओं की सांय-सांय और कटपूतना की राक्षसी हँसी की ध्वनि व्याप्त हो रही थी। एक भयावह दृश्य उपस्थित हो गया था। महावीर फिर भी निश्चल और सौम्य हो पूर्ण रूप से साधना के उच्च स्तर पर जा पहुँचे। अन्ततः राक्षसी ने हार मान ली। वह महावीर के चरणों में प्रणाम कर वहाँ से चली गई। आत्म-रूप में इस सम्पूर्ण तल्लीनता और आत्म-शुद्धता के उच्च स्तर के फलस्वरूप तब महावीर को विशिष्ट लोकावधि ज्ञान की प्राप्ति हुई। (ई. पू. ५६४) (चित्र M-21/1)

5. Afflictions by Kataputana

It is an incident from the sixth year of the period of spiritual practices of Shraman Mahavir. It was the month of Magh, the peak of winter season. Chilling and biting winds were blowing, during the quiet part of the night, in a lonely jungle Mahavir was standing in meditation. All of a sudden a witch named Kataputana came there. Seeing Mahavir deep in meditation she became angry for no apparent reason. Mahavir had done no harm to her. But there is nothing that happens without a reason, and there must certainly have been some antagonism from some previous birth. As soon as that feeling surfaced, Kataputana lost her reason, and, in order to take revenge for some forgotten deed from some past life, she started torturing Mahavir. She took the form of a giant and ominous looking Parivrajaka with long strands of hair. Filling ice cold water in her braided hair she sprayed that freezing water on Mahavir. The atmosphere was filled with the moaning sound of icy winds and demonic laughter of the witch. It was a horrific scene. But Mahavir, elevated completely into a higher spiritual realm, remained unmoved and serene. At last the witch accepted her defeat. She bowed at the feet of Shraman Mahavir and left. As a result of his total absorption in the self and his high purity of soul, he acquired the special mental powers of percieving the whole physical world at will (Vishishta Lokavadhi Jnana). (564 B. C.) (Illustration M-21/1)

६. *कारागार में*

अपने साधना काल के छठे वर्ष में एक दिन श्रमण महावीर वैशाली के पश्चिम में स्थित विदेह राज्य के कूपिय ग्राम में आये। दण्ड-नायकों ने उन्हें गुप्तचर समझ बन्दी बना लिया और कारागार में डाल दिया। गाँव

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में विजया व प्रगल्भा नाम की दो परिव्राजिकाएँ थीं। जब उन्होंने सुना कि नग्न श्रमण के वेश में कोई गुप्तचर पकड़ा गया है तो वे उसे देखने आयीं। श्रमण महावीर कारागार में बँधे हुए ध्यानमग्न खड़े थे। परिव्राजिकाओं ने उन्हें पहचान लिया। दुखित हो उन्होंने प्रहरियों से कहा, "तुम अपने को राज्य के रक्षक कहते हो और एक सभ्य नागरिक और चोर के बीच भेद करना नहीं जानते? तुम्हें तो एक श्रमण और तस्कर में अन्तर ही नहीं जान पड़ता। तुम्हें ज्ञात होना चाहिए कि तुम महाराज सिद्धार्थ के तपस्वी पुत्र श्रमण वर्द्धमान को यातना दे रहे हो। क्या तुम्हें देवताओं के कोप का भय भी नहीं है?"

यह तथ्य जानते ही प्रहरी भय से काँपने लगे। उन्होंने तत्काल महावीर को मुक्त कर दिया और क्षमा-याचना की। श्रमण महावीर ने क्षमा व अभय मुद्रा में हाथ उठाया और अन्य किसी एकान्त स्थान की ओर प्रस्थान किया। (ई. पू. ५६४) (चित्र M-21/2)

6. In the Prison

During the sixth year of his practices, Mahavir one day went to the Kupiya village in the state of Videh, east of Vaishali. The village guards caught him and taking him to be a spy, put him in the prison. There were two female mendicants in the village; when they, Vijaya and Pragalbha, heard that a spy disguised as a nude ascetic had been apprehended, they came to see him. Shraman Mahavir, tied up, was standing in meditation in the prison. The mendicants recognized him and became sad. They approached the guards and said, "You call yourself guardians of the state and you fail to distinguish a thief from an honest citizen. You do not find any difference between a Shraman and a smuggler. For your information, you are torturing Shraman Vardhaman, the ascetic son of king Siddhartha. Have you no fear of the wrath of gods."

With this revelation, the soldiers started trembling. They at once released Mahavir and sought his forgiveness. Shraman Mahavir just raised his palm as a gesture of pardon and assurance and left for some other solitary place. (564 B. C.) (Illustration M-21/2)

७. आदिवासियों के बीच

एक बार श्रमण महावीर के मन में विचार उठा—मैं अपनी साधना शहरों और गाँवों के निकट रहे खण्डहरों तथा वनों में करता हूँ। इससे यह सम्भावना बनी रहती है कि जो लोग मुझसे तथा मेरी साधना-प्रक्रिया से परिचित हैं वे मुझे सुविधाएँ प्रदान करने का प्रयत्न करें। इससे कर्म-बंधनों को काटने का कार्य शिथिल होता है और मेरे आत्म-शुद्धि के लक्ष्य में बाधा पड़ती है। अच्छा होगा कि मैं सुदूर निर्जन स्थानों में विहार करूँ। ऐसा लगता है कि इन विचारों से प्रेरित हो श्रमण महावीर ने राढ (लाढ) क्षेत्र में विहार किया। यह क्षेत्र वज्र भूमि तथा शुभ्र भूमि के नाम से भी प्रसिद्ध था और यहाँ कुछ स्थानों पर केवल असभ्य आदिवासी बसे हुए थे। महावीर के पीछे-पीछे गौशालक भी सभी स्थानों पर गया। इस क्षेत्र के वासी श्रमणों और श्रमणचर्या के सम्बन्ध में पूरी तरह अनभिज्ञ थे। जब वे एक निर्वस्त्र व्यक्ति को एकान्त स्थानों पर मूर्तिवत् खड़े देखते तो वे आश्चर्य से घूरने लगते। उस व्यक्ति को जोर-जोर से पुकारने पर भी जब कोई प्रतिक्रिया नहीं होती तो वे झुँझला जाते और महावीर पर लाठियों, भालों, हड्डियों और पत्थरों से प्रहार करते। अन्य आदिवासी बाँस की पतली खपच्चियों से उन्हें मारते जिससे उनके शरीर पर रक्तिम घाव उभर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 19 श्रमण महावीर को आदिवासियों द्वारा विविध उपसर्ग।
Ill treatment of Shraman Mahavir by rustic aborigines

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 20 शीतल तेजोलेश्या द्वारा गौशालक की रक्षा।
Saving Gaushalak using his pacifying power.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 21 (१) कटपूतना द्वारा उपसर्ग (२) परिव्राजिका विजया व प्रगल्भा द्वारा श्रमण महावीर को कारागार से मुक्त कराना।
(1) The afflictions by Katputana (2) The release of Shraman Mahavir from the prison by mendicants Vijaya and Pragalbha

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 22 संगम देव द्वारा एक ही रात्रि में २० भीषण उपसर्ग।
Inhuman tortures by god Sangam

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जाते। ऊपर कीचड़ भी फेंक देते। श्रमण महावीर ने ये सभी यातनाएँ समतापूर्वक सहीं और आत्म-शुद्धि की ओर कदम बढ़ाते रहे।

वे एक स्थान से दूसरे स्थान पर विहार करते थे और यदा-कदा छोटे गाँवों के निकट भी जाते थे। कभी-कभार वे गाँव में भिक्षा के लिए प्रवेश भी करते थे पर अधिकतर उन्हें बासी और शुष्क भोज्य पदार्थ ही मिलते थे। इस क्षेत्र के विहार काल में अधिक समय तक वे निराहार ही रहे। लोग उनकी ओर कौतूहल से ताकते थे और जंगली कुत्ते उन पर झपटते थे और काट भी लेते थे। अपने फूहड़ मनोरंजन हेतु ये आदिवासी कभी-कभी उन्हें उठाकर धरती पर पटक भी देते थे। पर महावीर ने कभी विरोध में एक शब्द भी नहीं कहा। इस मौन के कारण भी उन्हें आदिवासियों के क्रोध का भाजन बनना पड़ता था। ऐसी कष्टदायी विषम परिस्थितियों में महावीर ने उस क्षेत्र के अपने प्रथम विहार काल में लगभग पाँच माह बिताए। वे एक बार फिर अपने साधना काल के नवें वर्ष में इस क्षेत्र में लगभग छः माह के लिए आए थे। (ई. पू. ५६५ तथा ५६१) (चित्र M-19)

7. Among the Aborigines

Once Shraman Mahavir thought—I do my practices in ruins and jungles around towns and villages. There is a chance that people who know about me and my practices may try to provide me with facilities. This impedes the process of shedding karmas and thus it is a hinderance in my progress towards absolute purity. As such, I should go to distant and scarcely populated areas. It appears that guided by these thoughts Shraman Mahavir moved into the Radh (Ladh) country. This area was also known as Vajra Bhumi and Shubhra Bhumi and was inhabited only by scant and scattered population of rustic aborigines. Gaushalak also followed him wherever he went. The people of this area did not know anything about ascetics and their ways. They stared in astonishment when they saw a naked person standing like a statue at godforsaken places. When they did not get any response or even reaction on shouting at him they would get irritated and hit him with sticks, lances, bones and stones. Some others would slash with wet bamboo canes that left inflamed welts and bruises on the body. Shraman Mahavir equanimously tolerated all these tortures and continued his advance toward purity.

He wandered from one place to another and once in a while came across small villages. Not so very often he would enter a village to beg food and generally got dry and stale food. However, most of the time he went without any food. People would curiously stare at him and wild dogs would pounce at him and bite. For their crude entertainment, the aborigines would pick up Mahavir and throw him on the ground. Mahavir never uttered a word of protest. He did not even look at them. This silence also invited abuses from those primitives. Under such gravely adverse circumstance Mahavir spent almost five months in that area during his first visit. Once again, during the ninth year of his practices, Mahavir returned to this area for about six months. (565 and 561 B. C.) (Illustration M-19)

८. गौशालक की रक्षा

एक बार सिद्धार्थपुर से कूर्मा ग्राम की ओर जाते समय महावीर एक घने जंगल से गुजर रहे थे। अचानक पगडण्डी के एक ओर एक खुले स्थान में गौशालक ने एक तापस को देखा। थोड़ा निकट आने पर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उसने देखा कि तापस किसी अनोखी तपस्या में संलग्न था। वह सूर्य की ओर मुँह किये हाथ ऊपर उठाये और सर झुकाए खड़ा था। उसकी लम्बी जटाएँ धरती पर लटक रही थीं मानो वट-वृक्ष की जड़ें हों। तेज धूप की गर्मी के कारण उसके बालों से टपकी जुएँ पीड़ा से छटपटाती थीं और वह उन्हें चुन-चुनकर वापस अपने घने बालों की लटों में रखता जा रहा था।

इस अद्भुत क्रिया-कलाप को देख गौशालक अपनी हँसी नहीं रोक सका। उसने व्यंगोक्ति कसी, "जुओं के शय्यातर! तुम यह क्या कर रहे हो? तुम जुएँ एकत्र किये जा रहे हो और इसे तपस्या समझ रहे हो?" पहले तो वह तापस शान्त रहा पर जब गौशालक ने तीखे व्यंगवाण चलाना बन्द नहीं किया तो उसने क्रोध से जलती आँखों से उसे देखा और कहा, "हे मूर्ख अज्ञानी! मेरा नाम वैश्यायन तापस है और मैं तेरे समान अज्ञानी मूर्खों का काल हूँ!" इस कथन से सँभलकर चुप हो जाने के स्थान पर गौशालक फिर हँस पड़ा। इस पर तापस कुछ कदम पीछे हटा और अपने मुँह से अग्नि स्वरूप तेजोलेश्या छोड़ी (यह शक्ति कठोर और दीर्घ तपस्या से प्राप्त होती है)। क्षण मात्र में आग का धुआँ तेजी से गौशालक की ओर बढ़ा। भयाक्रान्त गौशालक महावीर की ओर सुरक्षा के लिए पुकारता दौड़ा, "भन्ते! मेरी रक्षा करो। यह तापस मुझे भस्म कर देगा।" महावीर के निकट पहुँच वह उनके चरणों में गिर पड़ा।

गौशालक की करुण पुकार सुनकर महावीर के मन में करुणा उमड़ पड़ी। उन्होंने घूमकर, निकट आते आग के धुएँ को देखा। महावीर के करुणामय हृदय से शांत शीतल ऊर्जा का स्वाभाविक स्रोत बहने लगा। जब महावीर की अमृत दृष्टि उस आग के गोले पर पड़ी तो वह शांत हो गया। क्रुद्ध तापस ने अपनी शक्तिशाली तेजोलेश्या को शांत होते देखा तो वह चकित हो गया। उसने श्रमण महावीर को एक अत्यधिक शक्तिशाली शीतललेश्या धारक के रूप में पहचाना और कहा, "क्षमा करें हे कल्याणमूर्ति! मुझे यह पता नहीं था कि यह व्यक्ति आपका शिष्य है।" और इस प्रकार गौशालक की प्राण रक्षा हुई। (ई. पू. ५६०) (चित्र M-20)

8. Saving Gaushalak

Once, while moving from Siddharthapur to Kurma village Mahavir was passing through a dense forest. All of a sudden Gaushalak saw a Tapas ascetic in an opening on one side of the trail. On closer observation he saw that the hermit was busy doing some strange penance. He was standing facing the sun with his head hanging down and arms straight up. Long strands of his hair suspended on the ground like roots of an old banayan tree. Due to the heat of the sun's rays, small insects falling from his unkempt hair were writhing, and out of compassion he was picking them up and putting them back in his dense locks of hair.

Gaushalak could not control his laughter seeing this strange activity. Jokingly he said, "O abode of insects! What do you think you are doing. You are gathering insects and considering the act to be a penance." The hermit remained calm the first time. But when Gaushalak did not stop making biting remarks, the hermit looked at him with his burning eyes and said, "O vicious person! my name is Vaisyayan Tapas and I am the doom of ignorant fools like you." Instead of jolting him to sanity this scornful comment drew an insulting laughter from Gaushalak. The hermit now took a few steps back and angrily started emitting fire from his mouth (this is a miraculous power called Tejoleshya,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

acquired through long and harsh penance). Within no time a ball of fire rushed toward Gaushalak. Gaushalak retreated with fear and ran towards Mahavir, shouting in panic, "Sire! save me. This Tapas will burn me." Reaching Mahavir Gaushalak fell at his feet.

Hearing the pathetic call of Gaushalak, Mahavir was moved. Turning back he saw the approaching fireball. From the compassionate heart of Shraman Mahavir flowed a spontaneous stream of cool pacifying energy. When the nectar-glance of Mahavir fell on the fire ball it subsided. The angry hermit was astonished to see his powerful fire-ball extinguished. He recognized Mahavir as a much greater and more benevolent power then he, and said, "Pardon me O embodiment of benevolence! I did not know that this man was your disciple." Gaushalak was saved from his iminent death. (560 B. C.) (Illustration M-20)

९. संगम के परिषह

एक दिन श्रमण महावीर पेढाल ग्राम के बाहर पेढाल उद्यान के पोलाष चैत्य में कोई विशिष्ट और गहरा ध्यान कर रहे थे। उनकी एकाग्रता की चरम गहराई को देख देवराज इन्द्र अनायास ही कह उठे, "प्रभु वर्द्धमान आप महान् हैं! आज सारे संसार में तपस्वी और शांत, वीर, और समताधारी आत्मवादी के रूप में आपके समान अन्य कोई नहीं है।" यह कथन इन्द्र-सभा में बैठे संगम नामक एक देव को चुभ गया। उसने कहा, "यदि देवराज बाधा नहीं डालने का वचन दें तो मैं महावीर का ध्यान भंग कर सकता हूँ। मेरे लिये तो यह बच्चों का खेल है।" देवराज अनिच्छापूर्वक मौन रहे। इसे स्वीकारोक्ति समझ संगम अपनी शक्ति और चतुराई सहित पोलाष चैत्य में आया। उसने महावीर का ध्यान भंग करने के लिये एक के बाद एक बीस मारक महापरिषह उपस्थित किए—(१) सर्वप्रथम उसने भयानक धूल भरी आँधी चलाई जिससे कुछ ही क्षणों में महावीर बालू के टीले में समा गए। महावीर का निश्चय इतना अटल था कि उन्होंने आँखें तक बन्द नहीं कीं। (२) जैसे ही आँधी बन्द हुई चींटियों का एक झुण्ड आ पहुँचा। महावीर का शरीर काटती, डंक चुभाती चींटियों से ढँक गया। उनका सारा शरीर फफोलों से भर गया पर वे निश्चल रहे। (३) इसके बाद असंख्य मच्छरों ने महावीर की देह पर हमला बोल दिया। उनके शरीर से रक्त इस प्रकार बहने लगा जैसे वृक्ष से गोंद बहता है। (४) मच्छरों के बाद दीमकों का झुण्ड उन पर चढ़ आया उन्हें बांबी के समान कर दिया। (५) फिर उनकी देह पर बिच्छू रेंगने लगे और उन्हें अपने विषैले डंकों से भेदना आरम्भ कर दिया। (६) फिर आक्रमण हुआ नेवलों का, (७) विशाल काले नागों का, और (८) बड़े-बड़े चूहों का। (९) इन सबके बाद एक जंगली हाथी प्रकट हुआ और उसने अपने विशाल तीखे दाँतों से महावीर पर प्रहार किया। (१०) तब उस हाथी ने उन्हें अपनी सूँड से उठाकर उछाल दिया और धरती पर गिरे तो पैरों तले कुचल दिया। (११) तत्पश्चात् आक्रमण किया एक क्रूर पिशाच ने। (१२) फिर एक बाघ उन पर झपट पड़ा और अपने नुकीले पंजों से उनके शरीर पर घाव कर दिये। (१३) जब इन सभी पीड़ादायक परिषहों से महावीर का ध्यान भंग नहीं हुआ तो संगम ने एक नया उपाय सोचा। उसने सिद्धार्थ और त्रिशला के जीवन्त बिम्ब उपस्थित किये जो करुण विलाप कर रहे थे। पर इससे भी महावीर का वज्र निश्चय डिगा नहीं। (१४) तो संगम ने महावीर के पैरों के निकट आग जलाई और भोजन पकाने लगा। (१५) इसके बाद उसने एक बहेलिये का रूप धरा और महावीर के शरीर पर चिड़ियों के पिंजरे टाँग दिये। चिड़ियों ने अपने पंजों और चोंचों से महावीर के शरीर पर नए घाव कर दिये जिससे वे लहूलुहान हो गये। (१६) फिर एक तूफान उठा और तेज वर्षा के साथ बड़े-बड़े ओले

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गिरने लगे। महावीर फिर भी चट्टान के समान निश्चल बने रहे। (१७) अब एक विशाल चक्रवात आया जिसने सभी वस्तुओं को अपने में समेट लिया। महावीर का शरीर तो चक्कर काटने लगा पर मन स्थिर ही रहा। (१८) अन्त में उसने स्वयं एक विशाल दण्ड उठाया और महावीर पर इतना तीव्र प्रहार किया कि वे घुटनों तक धरती में धँस गये। पर उन्होंने पलकें तक नहीं झपकायीं। (१९) शरीर पर इतने प्रहारों के पश्चात् संगम ने मानसिक प्रहार आरंभ किये। वह अपने दैवी रूप में विमान में बैठ महावीर के निकट आया और उनसे कहा, "क्यों इतना कष्ट पाकर भी अभी तक धरती पर ही खड़े हो। मेरे साथ आओ, मैं तुम्हें सशरीर स्वर्ग में ले चलूँगा।" (२०) अन्त में संगम ने अल्प-वसना अप्सरायें प्रकट कीं जो अपनी सुडोल देह और कामुक चेष्टाओं से महावीर को रिझाने के लिए मदमाती चाल से उनके निकट आयीं। संगम ने वसन्त का कामोत्तेजक परिवेश भी उपस्थित कर दिया। महावीर का वज्र मानस तनिक भी चंचल नहीं हुआ। उनका शरीर प्रतिक्रिया रहित ही बना रहा। (चित्र M-22)

संगम की दुराशा पूर्ण नहीं हुई, वह कुंठित तो हो गई पर फिर भी उसने हार नहीं मानी। प्रातःकाल महावीर ने वहाँ से विहार कर दिया, जैसे कुछ हुआ ही न हो। वे तोसाली ग्राम की ओर आये जहाँ संगम ने षड्यन्त्र कर उन्हें चोर बता पकड़वा दिया। पर महाभूतिल नामक एक जादूगर ने उन्हें छुड़वा दिया। वहाँ से महावीर मोसाली ग्राम आये। यहाँ संगम ने यह अफवाह फैला दी कि महावीर अस्त्रों के बड़े तस्कर हैं। महावीर को फाँसी की सजा सुना दी गई। जब उन्हें फाँसी दी गई तो सात बार फंदा टूट गया। वहाँ के दण्डनायकों को यह विश्वास हो गया कि वे कोई दैविक विभूति हैं, और उन्हें सादर छोड़ दिया गया। पूरी तरह पराजित और सत्वहीन हो, संगम देवलोक लौट गया जहाँ उसे आजीवन मंदार पर्वत पर एकान्तवास का दण्ड देवराज द्वारा दिया गया।

9. Torture by Sangam

One day Shraman Mahavir was doing a special one night meditation in the Polash temple in Pedhal garden outside the Pedhal village. Observing the high degree of engrossment in meditation, Indra, the king of gods, exclaimed, "You are great, Prabhu Vardhaman! Today you have no equal as an ascetic and a serene, brave and equanimous spiritualist." Sangam, a god in Indra's assembly, was peeved at this praise of a mortal being. He retorted, "If Devraj promises not to interfere. I can disturb the concentration of Mahavir. It is a child's play for me." Devraj remained silent, though unwillingly. Considering it to be affirmative, Sangam, with all his cunning and power, came to Polash chaitya. One after another he created twenty almost fatal predicaments to disturb Mahavir's meditation— 1. He created a terrible sand storm and in no time Mahavir was submerged in a heap of sand. Mahavir, in his unshakable determination did not even close his eyes. 2. As soon as the storm stopped, arrived a swarm of ants. Mahavir's body was covered with biting and stinging ants. His body became full of blisters but he remained unmoved. 3. After this, innumerable mosquitoes attacked Mahavir's body. Blood dripped from his body as gum drips from a tree. 4. After mosquitoes, came an attack by white ants turning him into a termite hill. 5. Scorpions crawled on his body and pierced it with poisonous stings. 6. This was followed by biting by a mongoose, 7. Large cobras, and 8. Giant field rats. 9. After all this, appeared a wild elephant that goaded Mahavir with its

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

large pointed tusks. 10. This elephant than lifted Mahavir in its trunk and tossed him up. When Mahavir fell on the ground, it crushed him with its legs. 11. This was followed by an attack by an ominous looking ghost. 12. Then a tiger attacked and gored Mahavir with its sharp talons. 13. When all these painful afflictions failed to disturb Mahavir's meditation, Sangam took a different approach. He created a realistic illusion of Siddhartha and Trishala weeping and wailing profusely. But this too could not penetrate Mahavir's iron resolve. 14. Sangam then lit a fire almost touching Mahavir's feet and started cooking. 15. He then took the form of a bird catcher and hung a number of cages on Mahavir. The birds attacked Mahavir with their beaks and talons through the gaps in the cages. Blood oozed from these new wounds. 16. After this came a storm, torrential rain, and a hail-storm. Mahavir still remained unmoved like a rock. 17. Now came a giant whirlwind, lifting and swirling everything that came in its path. Mahavir's body swirled but his mind remained stable. 18. At last Sangam himself lifted a large mace and hit Mahavir. It was a heavy blow that buried Mahavir in the ground up to his knees, but he did not even blink. 19. After all these physical blows, Sangam resorted to a psychological attack. He arrived in his divine form riding a Vimana and said to Mahavir, "Why are you suffering so much and still standing on the ground. Come, I will take you to heaven with this mortal body of yours." 20. Lastly Sangam produced sparsely clad fairies who approached Mahavir and undulated their voluptious bodies invitingly. He also created an atmosphere conducive to lust. Mahavir never even shifted his icy gaze and his body remained reactionless. (Illustration M-22)

The mischievious intention of Sangam lost its edge, but he did not accept defeat. In the morning Mahavir started his journey onwards as if nothing had happened. He went to Tosali village where Sangam caused him to be apprehended as a thief, but a magician, Mahabhutil, got him released. Mahavir then proceeded to Mosali village where Sangam once again spread convincing rumors of his being a big smuggler of weapons. Mahavir was sentenced to death by hanging. When he was hanged, the noose broke down seven times without any apparent reason. Mahavir was finally released by the officials, as they became convinced that he was some divine personage. Completely defeated and humiliated Sangam returned to his abode and was sentenced to complete isolation on the Mandar mountain by the king of gods.

१०. शरणागत असुरराज

विंध्याचल में पूरण नामक एक तापस निवास करता था। कठोर तपस्या के फलस्वरूप उसने असुरराज चमरेन्द्र के रूप में जन्म लिया। उसे अपनी स्वाभाविक आसुरी तथा चमत्कारी शक्तियों के कारण अत्यधिक गर्व उत्पन्न हो गया। जब उसे अपनी आसुरी दृष्टि से यह ज्ञात हुआ कि देवराज शक्रेन्द्र के पास उससे भी अधिक शक्ति और वैभव है, तो उसके अभिमान को ठेस पहुँची, और उसने देवराज को रौंद डालने की ठानी। उसने अपनी आसुरी शक्तियों व अस्त्रों के साथ शक्रेन्द्र के आवास सौधर्म विमान पर आक्रमण की तैयारी कर डाली। पराजय की अवांछित स्थिति में उसे अपने से भी अधिक शक्तिशाली व्यक्ति के सहारे की आवश्यकता लगी। खोजंने पर उसे ज्ञात हुआ कि इस कार्य के लिये सबसे उपयुक्त व्यक्ति श्रमण महावीर ही

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

थे। वह तत्काल सुंसुमारपुर आया जहाँ महावीर ध्यानमग्न खड़े थे। वंदना के पश्चात् उसने कहा, "भंते! मैं, असुरराज चमरेन्द्र, सौधर्मेन्द्र शक्र से युद्ध करने जा रहा हूँ। कृपा कर मेरी रक्षा करें।" उत्तर की प्रतीक्षा किए बिना वह द्रुत गति से देव सभा में गया और देवराज को ललकारा। क्षण भर को शक्रेन्द्र ठगे से रह गये, पर जब उन्होंने देखा कि ललकारने वाला असुरराज चमरेन्द्र है तो उन्होंने बिना किसी उत्तेजना के अपना सबसे शक्तिशाली अस्त्र वज्र उठाया और असुरराज की ओर चला दिया। वज्र अग्नि-स्फुल्लिंग बिखेरता हुआ तीव्र गति से चमरेन्द्र की ओर बढ़ा। इस अद्‌भुत अस्त्र से भयभीत हो चमरेन्द्र उस वृक्ष की दिशा में भागा जिसके नीचे महावीर ध्यानमग्न खड़े थे। जब देवराज को यह आभास हुआ कि चमरेन्द्र भगवान महावीर की ओर जा रहा है तो उन्हें चिन्ता हुई कि कहीं वज्र के प्रभाव से महावीर को कोई पीड़ा न हो जाए। देवराज तत्काल वज्र को पकड़ उसे निरस्त करने के लिये दौड़ पड़े। आकाश में अद्‌भुत दृश्य उपस्थित हो गया। आगे-आगे भय से चीत्कार करता चमरेन्द्र उसके पीछे स्फुल्लिंग बिखेरता वज्र और सबसे पीछे वज्र को रोकने के लिये देवराज।

असुरराज ने सूक्ष्म रूप धर श्रमण महावीर के चरणों में शरण ली और कहा, "प्रभु! मैं आपका शरणागत हूँ, कृपा कर मेरी रक्षा कीजिये।" जैसे ही वज्र चमरेन्द्र पर गिरने वाला था इन्द्र वहाँ पहुँचे और उसे रोक लिया। चमरेन्द्र भय से काँप रहा था और शक्रेन्द्र क्रोध से उत्तेजित हो रहे थे। महावीर ने अपना वरद हस्त उठा दोनों को आशीर्वाद दिया। देवराज ने असुरराज को श्रमण महावीर की शरण लेने के कारण क्षमा कर दिया। दोनों ने उनके चरणों में वन्दना की और अपने-अपने स्थानों को चले गये। (ई. पू. ५५७) (चित्र M-23)

10. Refuge to the Demon King

In the Vindhya range there lived a hermit named Puran. As a result of his rigorous penances he was reincarnated as the king of demons, Chamarendra. He had a bloated ego due to his natural powers and miraculous capacities. When, through his demonic perception, he came to know that the king of gods, Shakrendra, had more power and glory, his ego was hurt and he decided to subjugate the king of gods. He prepared to attack the abode of Shakrendra, the Saudharma Viman (space vehicle), with his demonic arsenal. But in case he faced defeat he wanted support from someone more powerful than him. On searching he found that Shraman Mahavir was the most suitable person. He immediately rushed to Sumsumarpur where Mahavir was standing in meditation. After Vandana he said, "Bhante! I, demon king Chamarendra, am going to fight with Saudharmendra Shakra. Please protect me." Saying thus, he rushed to the assembly of gods and challanged the king of gods. For a moment Shakrendra was taken aback but when he saw that it was demon king Chamarendra, he calmly lifted his most potent weapon, the Vajra, and launched it at the demon king. As the Vajra sped in the direction of Chamarendra it emitted bright sparks. Afraid of this fierce weapon Chamarendra fled in the direction of the tree where Mahavir stood in meditation. When Shakrendra realized where Chamaredra was heading, he became worried about any possible damage the Vajra could cause to Mahavir. He at once rushed after fleeing Chamarendra to defuse the Vajra. It was a strange seen in the sky; first the demon king crying with fear, then the sparkling Vajra followed by the divine king trying to catch his weapon.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 23 (१) चमरेन्द्र द्वारा भगवान महावीर की शरण लेकर शक्रेन्द्र को चुनौती (२) अन्त में महावीर की चरण-शरण

The story of Chamarendra challanging Shakrendra and later taking refuge near Mahavir to save himself.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 24 महावीर का कठोर अभिग्रह और चन्दना द्वारा महावीर का पारणा।
The impossible resolution of Mahavir; and Chandana giving alms to Mahavir for breaking his fast

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The demon king transformed himself into a tiny thing and took refuge near Mahavir's feet uttering, "Prabhu! I am under your protection, kindly save me." As the Vajra was about to hit him and explode, Indra caught it and disabled it. Chamarendra was trembling with fear and Shakrendra was boiling with anger. Mahavir lifted his open palm and blessed them both. Indra pardoned the demon king as he had taken refuge at the feet of Shraman Mahavir. Both bowed before Mahavir and left for their respective abodes. (557 B. C.) (Illustration M-23)

११. असम्भव अभिग्रह और चन्दना

श्रमण महावीर के साधना काल का बारहवाँ वर्ष चल रहा था। वैशाली में चातुर्मास व्यतीत कर वे कौशाम्बी के एक उद्यान में आये। वहाँ पौष कृष्णा एकम के दिन एक असम्भव-सा अभिग्रह लिया, "मैं अपने पारणे के लिये केवल ऐसी राजकुमारी से भिक्षा ग्रहण करूँगा जिसे दासी बना दिया गया हो। वह भी उस स्थिति में जब उसका सिर मुँडा हो, उसे हथकड़ी-बेड़ी पड़ी हो, वह तीन दिन की भूखी-प्यासी हो, न घर के अन्दर खड़ी हो न बाहर, उसके पास बहराने को एक टोकरी में केवल दाल के बाकले हों, उसके होठों पर मुस्कान हो और आँखों में आँसू। जब तक मेरे अभिग्रह की सभी बातें पूरी नहीं होती मैं पारणा नहीं करूँगा।" यह अभिग्रह ले महावीर प्रतिदिन कौशाम्बी में घर-घर भिक्षा के लिये गये। चार माह बीत चले, पर उनका अभिग्रह पूर्ण नहीं हुआ।

तब एक दिन महावीर कौशाम्बी के महामंत्री सुगुप्त के द्वार की ओर बढ़े। सुगुप्त की पत्नी नन्दा भगवान पार्श्वनाथ की भक्त थी और श्रमणचर्या से परिचित थी। जब महावीर उसके द्वार से भिक्षा लिए बिना लौट गये तो वह समझ गई कि उन्होंने कोई अभिग्रह लिया है। उसने अपने पति से आग्रह किया कि वह अभिग्रह का पता लगाने के लिए अपने गुप्तचरों को नियुक्त करें। श्रमण महावीर के गुप्त अभिग्रह और चार माह से अधिक समय से भोजन ग्रहण न करने की बात नगर में चर्चा का विषय बन गई।

महावीर के अभिग्रह के पूर्ण होने का निमित्त बनने के लिए किसी अन्य स्थान और समय पर एक घटनाक्रम आरम्भ हो चुका था। कौशाम्बी के सम्राट् महाराज शतानीक ने राजा दधिवाहन की अनुपस्थिति में वत्स राज्य की राजधानी चम्पा पर आक्रमण कर दिया। काकमुख नामक एक सेनापति ने राज्य के महल को लूटा और महारानी धारिणी तथा राजकुमारी वसुमति को बन्दी बना लिया। कौशाम्बी लौटते समय उसने उनके शीलहरण की कुचेष्टा की। किन्तु जब रानी धारिणी ने शील-रक्षा के लिए आत्महत्या कर ली और वसुमति ने भी वैसा ही करने की धमकी दी तो उसका हृदय-परिवर्तन हो गया। वह वसुमति को पुत्री सम मान अपने घर ले गया। परन्तु जब उसकी पत्नी को वसुमति का घर में रहना सहन नहीं हुआ तो वसुमति के आग्रह पर वह उसे दास-विक्रय स्थल पर बेचकर अपनी पत्नी को प्रसन्न करने के लिए धन-प्राप्त करने को सहमत हो गया।

नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाली थी कौशाम्बी की एक प्रमुख गणिका। वसुमति उसके साथ जाने को सहमत नहीं हुई तो वहाँ झगड़ा हो गया। वसुमति की सहज सुकुमारता और सद्गुणों से प्रभावित हो एक धनी व्यापारी धनावह ने उसे गणिका से बचा लिया। उसने मुँह माँगी मुद्राएँ दीं और वसुमति को अपनी पुत्री बनाकर अपने घर ले आया। जब ऐसी दिव्य सुन्दर कन्या को अपनी गृहस्थी में प्रवेश करते

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देखा तो सेठ की पत्नी मूला शंका और ईर्ष्या से जल उठी। धनावह वसुमति को 'चन्दना' के नाम से पुकारने लगा। एक दोपहर जब धनावह घर लौटा तो उसके पाँव चन्दना धुलाने लगी। जब पानी का प्याला लिए वह झुकी तो उसके लम्बे बाल धरती पर लटक गए। धनावह ने स्नेह से बालों को उठाया। मूला ने इस स्नेह प्रदर्शन का उल्टा अर्थ लगाया। उसके विकारग्रस्त मन ने ईर्ष्या के इस निमित्त को समूल नष्ट करने की एक योजना बना डाली। अगले दिन सेठ दो दिन के लिए यात्रा पर गया। मूला ने घर के सभी नौकरों को छुट्टी दे दी। जब घर में केवल वह और चन्दना रह गये तो उसने चन्दना के सुन्दर वस्त्र उतारकर उसे चीथड़े पहना दिये, उसे हथकड़ी-बेड़ी पहना दी और सिर के लम्बे रेशम जैसे बाल मूँड दिये। इसके बाद उसे एक अँधेरे कमरे (भोंहरे) में बंद कर ताला लगा, वह नगर से बाहर चली गई।

तीसरे दिन जब धनावह घर लौटा तो उसने घर को सूना पाया। वह मूला और चन्दना के नाम पुकारता घर में घूमने लगा। जब वह उस अँधेरे कमरे के पास से गुजर रहा था तो उसने चन्दना का स्वर सुना। सेठ उस कमरे की ओर दौड़ा और लोहे की सलाखों वाले दरवाजे से झाँका। फिर ताला तोड़कर चन्दना को बाहर निकाला। जब चन्दना ने कुछ खाने को माँगा तो धनावह घर में खोज-ढूँढ़कर गायों के लिये बने उर्द के बाकले ही ला सका। उसने वह बाकले की छबड़ी चन्दना को दी और किसी लुहार को लाने चला गया।

महावीर को निराहार रहते पाँच महीने और पच्चीस दिन बीत चुके थे, आज छब्बीसवाँ दिन था। दोपहर बाद भिक्षा को निकले महावीर घूमते-घूमते धनावह के घर की ओर आ निकले। उत्सुक लोगों की भीड़ उनके पीछे चल रही थी। महावीर ने घर की देहरी पर एक पाँव बाहर और दूसरा भीतर रखे चन्दना को बैठे देखा। उसके हाथों में बासी बाकलों की छबड़ी थी। उसके हथकड़ियाँ और बेड़ियाँ पड़ी थीं पर जैसे ही उसने महावीर को आते देखा उसके मुख पर मुस्कान दौड़ गई। उत्साह भरे स्वर में उसने महावीर को अपने हथकड़ी पड़े हाथों से कुछ ग्रहण करने को कहा। महावीर ने उसे भली-भाँति देखा और पाया कि उनके अभिग्रह में अभी भी एक बात की कमी थी। वे लौट जाने के लिए मुड़े। चन्दना की प्रसन्नता तिरोहित हो गई। दुर्भाग्य पर तरस खाकर चन्दना रो पड़ी। महावीर ने फिर मुड़कर देखा। अब उनके अभिग्रह की सभी बातें पूरी हो गई थीं। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ाया और अपने अंजलिबद्ध हाथ चन्दना की ओर बढ़ा दिये। हर्ष से विभोर चन्दना ने उड़द के बाकले छबड़ी में से उठाकर महावीर के हाथों में बहरा दिये। महावीर ने पारणा किया। 'अहोदानं-अहोदानं' के दिव्य घोष से दिशाएँ गूँज उठीं। आकाश में देव दुंदुभि बज उठी। बाद में महावीर द्वारा धर्म संघ की स्थापना होने पर चन्दना ने उनसे दीक्षा ली और साध्वी-प्रमुखा बनी। (५५७ ई. पू.) (चित्र M-24)

11. The Impossible Resolution and Chandana

It was the twelfth year of Shraman Mahavir's spiritual practices. Spending the monsoon stay at Vaishali he came to a garden in Kaushambi. There, on the first day of the dark half of the month of Paush he made an almost impossible resolution, "I will accept alms for breaking my fast only from a princess who has become a slave. That too only if she has a shaven head, her limbs are shackled, she has not eaten for three days, she is on the threshold of a house, she has only wet pulse bran lying in a basket, she is smiling and also has tears in her eyes. Unless all these condition are met I resolve to continue my practices

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

and not break my fast." With this resolution Shraman Mahavir started his quest going from one door to another in the big city of Kaushambi. Four months passed and still the conditions were not met.

One day Mahavir approached the house of the chief minister of Kaushambi, Sugupta. Sugupta's wife, Nanda, was a devotee of Bhagavan Parshvanath and was acquainted with the ways of ascetic Shramans. When Mahavir turned back from her door without accepting alms she realized that he had made some resolution. She requested her husband to assign the task of finding about Mahavir's resolution to some of his spies. Mahavir's secret resolution and his going without food for more than four months became the talk of the town.

At some other place and some other time was unfolding a sequence of events that was to become instrumental in fulfiling of the conditions of Mahavir's resolution. King Shatanik of Kaushambi had attacked Champa, the capital of the state of Vats, in absence of its ruler king Dadhivahan. Kakamukha, a general, raided the palace and captured queen Dharini and princess Vasumati. On his way back to Kaushambi, he tried to violate the modesty of his captives. But when queen Dharini committed suicide and Vasumati also threatened to do so, he had a change of heart. He took her to his home as a daughter. When his wife did not tolerate Vasumati, he was persuaded by Vasumati to auction her in the slave market and please his wife with the proceeds.

In the auction the highest bidder was a courtesan from Kaushambi. There was an altercation when Vasumati refused to go with her. Impressed by Vasumati's beauty and her bearing, a rich merchant, Dhanavah, came to her rescue. He paid the bid amount and with Vasumati's consent, took her home as his daughter. But his wife Mula became doubtful and jealous when she saw a divinely beautiful girl joining her household. Dhanavah started calling her Chandana. One afternoon when Dhanavah returned home it was Chandana who helped him wash his feet. When she bent down with a water bowl, her long hair dropped ahead and touched the ground. Dhanavah affectionately lifted her hair. Mula took this display of affection in ill spirit. Her vile mind concocted a scheme to end this source of her irritation once and for all. Next day, the merchant left town for a couple of days. Mula relieved all the household servants, and, when she was alone with Chandana, she replaced the dress Chandana was wearing with rags, put her in shakles, and shaved off her long silky hair. After this she put her in a dark cell and locking it she left the town.

When on the third day Dhanavah returned, he found nobody in the house. He went around the house shouting the names of Mula and Chandana. When he was passing in front of the dark room he heard Chandana's voice. The merchant rushed to the cell and looked into the cell through the bars in the iron gate. He broke the lock and brought Chandana out. When Chandana asked for something to eat Dhanavah went around the house and the only eatables he could fetch was a basket full of wet pulse bran for cows. He gave this basket of pulse bran to Chandana and proceeded to call a blacksmith.

It was the twenty sixth day of the sixth month of Mahavir's fasting. In the afternoon Shraman Mahavir, wandering for alms, was approaching the house of Dhanavah. An expectant crowd followed him. Mahavir saw Chandana sitting on the threshold of the

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

house, one foot inside and the other outside. In her hand was a basket with stale pulsebran. She was shakled, and, as soon as she saw Mahavir approaching, a smile dawned on her face. With a thrill in her voice, she invited, Mahavir to accept something from her shackled hands. Mahavir carefully observed, and when he saw that there still was one thing missing, he turned to leave. Chandana's joy vanished. Filled with self-pity she started crying. Mahavir turned back and looked. All the conditions of his resolution were fulfilled now. He took one step and extended his cupped palms before Chandana. Joyous Chandana took the pulse bran from the basket and put it in Mahavir's extended palms. Mahavir broke his fast. A divine applause echoed in all directions, "Hail the alms giving!" Divine drums sounded in the sky. Later Chandana joined Mahavir's religious order and became the chief of the female ascetics. (557 B. C.) (Illustration M-24)

१२. अन्तिम परिषह : कानों में कीलें

बारहवाँ चातुर्मास चम्पा में व्यतीत कर महावीर विहार कर छम्माणी ग्राम के बाहर पहुँचे और कायोत्सर्ग में खड़े हो गये। गोधूलि बेला थी और एक ग्वाला अपने खेत से लौट रहा था। महावीर को खड़े देख उसने कहा, "बाबा! आप यहाँ खड़े हैं तनिक मेरे बैलों का ध्यान रखें। मैं किसी कार्यवश जा रहा हूँ शीघ्र ही लौट आऊँगा।" ऐसा कहकर ग्वाला चला गया पर लौटने में उसे कुछ विलम्ब हो गया। बैल चरते हुए दूर निकल गये। अपने बैलों को न देख पाने पर उसने महावीर से पूछा, पर वे ध्यानमग्न थे अतः उत्तर नहीं दिया। ग्वाले ने पुनः प्रश्न किया और फिर भी कोई उत्तर न मिलने पर वह क्रोध से तिलमिला उठा। उसने चिल्लाकर कहा, "हे पाखण्डी! लगता है तू बहरा है। एक क्षण ठहर मैं अभी तेरा उपचार किये देता हूँ।" उसने पास ही काँस नामक घास के कील जैसे नुकीले काँटे उठाये और महावीर के कानों में आर-पार ठोंक दिये।

इतनी असह्य वेदना ने भी ध्यानमग्न महावीर को विचलित नहीं किया। न ही उनके भीतर कोई क्रोध अथवा द्वेष की भावना जन्मी। सामान्य रूप से अपनी साधना पूर्ण कर वे गाँव में भिक्षाटन के लिये गये। वहाँ सिद्धार्थ नामक एक व्यापारी के घर पहुँचे। सिद्धार्थ के पास उसका एक मित्र भी बैठा था जो चिकित्सक था। उन लोगों ने आदरपूर्वक श्रमण महावीर को खाद्यान्न बहराए। चिकित्सक खरक ने सिद्धार्थ को बताया कि श्रमण किसी शारीरिक अन्तर्वेदना से पीड़ित हैं। दोनों मित्रों ने महावीर से रुकने का आग्रह किया जिससे चिकित्सा की जा सके। महावीर अपने व्रत के अनुरूप बिना उत्तर दिये वहाँ से चल पड़े। गाँव से बाहर आकर वे एक पेड़ के नीचे बैठे और आगे की साधना का उपक्रम करने लगे। सिद्धार्थ और खरक उनके पीछे-पीछे गये और जब महावीर बैठे तो दोनों ने उनके शरीर का परीक्षण किया। जब उन्होंने दोनों कानों में चुभी कीलें देखीं तो वे तत्काल उपचार में जुट गये। आवश्यक यन्त्र और औषधियाँ एकत्र करके उन्होंने दोनों काँटों को बाहर निकाल दिया। कानों से खून बहने लगा। चिकित्सक ने संरोहण औषधि का लेप कर दिया। महावीर के साधना काल का यह अंतिम उपसर्ग था और सर्वाधिक कष्टदायी भी। (५५७ ई. पू.) (चित्र M-25)

12. The Last Calamity : Nails in the Ears

After spending the twelfth monsoon stay in Champa, Shraman Mahavir arrived outside a village named Chhammani and stood in meditation. It was the hour of dusk and

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 25 अंतिम उपसर्ग : कानों में कीलें तथा उनका उपचार
The last affliction : Nails in the ears and the treatment

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 26 केवलज्ञान से पूर्व दस महास्वप्न।
Ten great dreams before omniscience

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

a cowherd was returning home from his farm. When he saw Mahavir standing he said, "O ascetic! While you are standing here please look after my oxen. I am going on an errand and will be back in a few minutes." Saying thus he went into the village and returned a little late. The oxen had drifted away grazing. Not finding his oxen he asked Mahavir who was in deep meditation and did not reply. The cowherd repeated his question and when he still got no response he lost his temper. He shouted, "You hypocrite! It seems that you are deaf. Wait a minute, I will give you a proper treatment." He picked long nail like thorns from a nearby shrub of Kansa grass and pierced both the ears of Mahavir deeply by hammering the thorns in.

Even such excruciating pain did not move Mahavir from his deep concentration, neither did it evoke any feelings of anger or aversion. Completing his meditation in due course he went inside the village for alms. He arrived at the house of a trader named Siddhartha. A doctor friend of the trader was also sitting with him. They gave food to Shraman Mahavir with due regard and reverence. The doctor friend, Kharak, informed Siddhartha that the ascetic suffered from some inner agony. They both requested Mahavir to stay and let them try to treat him. Mahavir, as was his resolve, did not reply and walked on. He came out of the village and sat down under a tree to commence his spiritual exploits. Siddhartha and Kharak followed him and when he sat down they examined his body. When they saw two thorns sticking out from each of his ears they were mobilised into action. Bringing necessary instruments and medicines they did the operation and pulled out the deeply imbedded thorns from Mahavir's ears. Blood oozed out from his ears. The doctor dressed the wound with some coagulant ointment. This was the last affliction for Mahavir and the most painful one. (557 B. C.) (Illustration M-25)

१३. दस महान् स्वप्न

एक बार कठोर परिषहों को सहन करने के पश्चात् रात्रि के अन्तिम प्रहर में श्रमण महावीर को कुछ क्षणों के लिए नींद आ गई। तब उन्होंने दस अद्भुत स्वप्न देखे। प्रातःकाल जब ग्रामवासी महावीर के पास एकत्र हुए तो उनमें उत्पल नाम का एक नैमित्तिक भी था। उसे उन स्वप्नों का आभास हो गया और उनके फल का चिन्तन कर वह यह जान गया कि श्रमण वर्द्धमान ही चौवीसवें तीर्थंकर बनने वाले हैं। वे स्वप्न और उनके फल इस प्रकार हैं:

१. **स्वप्न** : महावीर एक ताल-दैत्य को हराते हैं।
   फल : आप शीघ्र ही मोहनीय कर्मों का नाश कर देंगे।

२. **स्वप्न** : महावीर की सेवा में एक श्वेत पक्षी।
   फल : आपकी वृत्ति व भावनाएँ सदा शुद्ध शुक्ल ध्यानमग्न रहेंगी।

३. **स्वप्न** : महावीर के निकट एक रंग-बिरंगा पक्षी।
   फल : आप बहुआयामी ज्ञान का उपदेश बारह अंग सूत्रों के माध्यम से देंगे।

४. **स्वप्न** : महावीर के सम्मुख दो रत्न मालाएँ।
   फल : उत्पल इस स्वप्न को समझ नहीं सका अतः महावीर ने स्वयं बताया–मैं द्विपक्षीय धर्म का उपदेश दूँगा–श्रमणधर्म और श्रावकधर्म।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

५. स्वप्न : महावीर के सम्मुख श्वेत गायों का एक झुण्ड।
फल : चतुर्विध संघ आपकी सेवा में रहेगा (श्रमण, श्रमणी, श्रावक, श्राविका)।

६. स्वप्न : खिले पद्मों का सरोवर।
फल : चार लोकों के देव आपकी सेवा में रहेंगे।

७. स्वप्न : महावीर समुद्र की लहरों को तैर कर पार करते हैं।
फल : आप जन्म-मरण के सागर को पार करेंगे।

८. स्वप्न : सूर्य की किरणें चारों दिशाओं में फैल रही हैं।
फल : शीघ्र ही आप संबुद्ध और केवलज्ञानी बनेंगे।

९. स्वप्न : महावीर अपनी नीलाभ आँतों से मानुषोत्तर पर्वत को घेर रहे हैं।
फल : आप अपने विशुद्ध ज्ञान से तीनों लोकों को प्रभावित करेंगे।

१०. स्वप्न : महावीर मेरु पर्वत के शिखर पर रखे सिंहासन पर बैठे हैं।
फल : आप उच्च आसन पर बैठकर अपना उपदेश देंगे। (चित्र M-26)

13. Ten Great Dreams

After the afflictions by Shulpani, Mahavir was exhausted. This resulted in a slumber for a few moments during the last hour of the night. He saw ten strange dreams during this brief sleep. When the villagers assembled around Mahavir in the morning, an augur, Utpal,was also present. He came to know about the dreams and concluded that Shraman Vardhaman was to be the 24th Tirthankar. The dreams and his interpretations are as follows :

1. **Dream** : Mahavir defeats a Tal demon.
   Interpretation : You will soon destroy the Mohaniya karma (illusory Karma).
2. **Dream** : A bird with white feathers is in attendance.
   Interpretation : You will always have purest attitude or feelings.
3. **Dream :** A bird with multicoloured feathers is around.
   Interpretation : You will propagate multifaceted knowledge through the twelve Angas (canons).
4. **Dream :** Two gem strings appear in front.
   Interpretation : Utpal could not give a meaning to this dream. Mahavir himself explained—I will preach a two forked religion, that is, the code for ascetics and the code for laity.
5. **Dream :** A herd of white cows is in front.
   Interpretation : The four dimensional organization will serve you (Shraman, Shramani, Shravak, Shravika).
6. **Dream :** A pond with blooming lotuses.
   Interpretation : Gods from four dimensions will serve you.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

7. **Dream :** Mahavir crossed a wavy ocean swimming.
Interpretation : You will cross the ocean of rebirths.

8. **Dream** : The Sun's rays are spreading in all directions.
Interpretation : Soon you will get enlightenment and omniscience.

9. **Dream** : Mahavir is encircling the Manushottar mountain with his bluish intestines.
Interpretation : You will pervade the universe with your pure knowledge.

10. **Dream** : Mahavir is sitting on a throne placed on the summit of the mountain Meru.
Interpretation : You will give religious discourse sitting on a high throne. (Illustration M-26)

भगवान महावीर के लिए २१ उपमाएँ

तए णं समणे भगवं महावीरे अणगारे जाए, इरियासमिए, भासासमिए, एसणासमिए, आयाण-भंड-मत्त-निक्खेवणा-समिए, उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण-जल्ल-पारिट्ठावणिया-समिए, मणसमिए, वयसमिए, कायसमिए, मणगुत्ते, वयगुत्ते, कायगुत्ते, गुत्ते, गुत्तिंदिए, गुत्त-बंभयारी, अकोहे, अमाणे, अमाए, अलोभे, संते, पसंते, उवसंते, परिनिव्वुडे, अणासवे, अममे, अकिंचणे, छिन्न-गंथे, निरुवलेवे, कंसपाई इव मुक्कतोए, संखे इव निरंजणे, जीवे इव अप्पडिहयगई, गगणमिव निरालंबणे, वाऊ व्व अप्पडिबद्धे, सारय-सलिलं व सुद्धहियए, पुक्खरपत्तं व निरुवलेवे, कुम्मो इव गुत्तिंदिए, खग्गि-विसाणं व एगजाए, विहग इव विप्पमुक्के, भारंड-पक्खी इव अप्पमत्ते, कुंजरो इव सोंडीरे, वसभो इव जायथामे, सीहो इव दुद्धरिसे, मंदरो इव अप्पकंपे, सागरो इव गंभीरे, चंदो इव सोमलेसे, सूरो वि दित्ततेए, जच्च-कंचणं व जायरूवे, वसुंधरा इव सव्व-फास-विसहे, सुहुय-हुयासणो इव तेयसा जलंते॥११७॥

इमेसिं (एएसिं) पयाणं दुन्नि संगहिणी गाहाओ :

कंसे[१] संखे[२] जीवे[३], गगणे[४] वाऊ[५] य सारय-सलिले[६] य।
पुक्खरपत्ते[७] कुम्मे[८], विहगे[९] खग्गे[१०] य भारंडे[११] ॥१॥

कुंजर[१२] वसभे[१३] सीहे[१४], णगराया[१५] चेव सागरमक्खोभे[१६]।
चंदे[१७] सूरे[१८] कणगे[१९], वसुंधरा[२०] चेव हुयवहे[२१] ॥२॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(११७) श्रमण भगवान महावीर जब से अनगार हुए तब से वे ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-भाण्ड-पात्र-निक्षेपणा और उच्चार प्रस्रवण, खेल-सिंघान-जल्ल परिष्ठापनिका–इन पाँचों समितियों के धारक थे और मन-वचन-काया समितियों का पालन करते थे। वे मन, वचन और काया, इन तीनों गुप्तियों के रक्षक थे और इन्द्रिय-संयमी तथा अंतरंग ब्रह्मचारी थे। वे क्रोध, मान, माया और लोभ से मुक्त थे। वे शान्त, प्रशान्त और उपशान्त होकर सभी प्रकार के सन्तापों से मुक्त हो गये थे। आस्रव, ममता, परिग्रह, ग्रन्थि तथा आसक्ति से रहित हो गये थे।

वे (१) काँसे के बर्तन की तरह निर्लिप्त थे और (२) शंख की तरह निरंजन थे। (३) आत्मा की तरह अबाध रूप से विहार करने वाले वे प्रभु (४) आकाश के समान निरालम्बी थे और (५) वायु की तरह बाधारहित। वे (६) शरद् ऋतु के जल की तरह निर्मल हृदय वाले और (७) कमल के पत्ते के समान निर्लेप थे। वे (८) कछुए के समान गुप्तेन्द्रिय, (९) पक्षियों की तरह स्वतन्त्र विहारी, (१०) गैंडे के सींग के समान एकाकी, (११) भारण्ड पक्षी के समान अप्रमत्त, (१२) हाथी के समान बलवान, (१३) वृषभ के समान पराक्रमी, और (१४) सिंह के समान दुर्द्धर्ष थे। वे (१५) मेरु पर्वत के समान अचल, (१६) सागर की तरह गम्भीर, (१७) चन्द्र के समान सौम्य, (१८) सूर्य के समान देदीप्यमान, (१९) स्वर्ण के समान कांतिरूप, (२०) पृथ्वी की तरह समस्त आघातों को सहने वाले, और (२१) अग्नि के समान तेज से जाज्वल्यमान थे।

21 Metaphors for Bhagavan Mahavir's Virtues

(117) Since becoming a homeless ascetic Shraman Bhagavan Mahavir strictly followed the tri-dimensional (through mind, speech, and body) observance of discipline in movement, utterance, desire, accepting, and discarding. He favoured and practiced complete serenity of mind, speech and action. He commanded absolute control over the physical senses and had total and undeviating immersion in the self every moment. He was free of anger, ego, guile, and greed. Being calm composed and tranquil, he was free of every sort of pain, or sorrow. He had become free of fondness, possessiveness, illusion, and attachment, thereby stopping the Karmic inflow.

He was uncontaminated like the liquid in a bronze vessel (1) and untarnished like a conch-shell (2) or mother of pearl. All pervasive like the spirit (3) in his movement, he was as spontaneous as space (4) and as freeflowing as air (5). His heart was as pure as the autumn dew (6) and as unsullied as the lily leaf (7). His senses were indrawn like the limbs and head of a tortoise (8). He was free like the birds (9), solitary like the horn of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the Asian rhinocerous (10), alert like an eagle (11), strong like an elephant (12), courageous like a bull (13), and invincible like a lion (14). He was as stable as the Meru Mountain (15), as profound as the ocean (16), as soothing as the moon (17), as scintillating as the sun (18), as brilliant as gold (19), as all enduring as the earth (20), and radiantly splendourous like fire (21).

नत्थि णं तस्स भगवंतस्स कत्थइ पडिबंधे। से य पडिबंधे चउव्विहे पण्णत्ते, तं जहा– दव्वओ, खेत्तओ, कालओ, भावओ। दव्वओ णं–सचित्ताचित्त-मीसएसु दव्वेसु; खेत्तओ णं–गामे वा, नगरे वा, अरण्णे वा, खित्ते वा, खले वा, घरे वा, अंगणे वा, नहे वा। कालओ णं–समए वा, आवलियाए वा, आणापाणुए वा, थोवे वा, खणे वा, लवे वा, मुहुत्ते वा, अहोरत्ते वा, पक्खे वा, मासे वा, उऊ वा, अयणे वा, संवच्छरे वा, अन्नयरे वा दीहकाल-संजोगे वा; भावओ णं–कोहे वा, माणे वा, मायाए वा, लोभे वा, भए वा, हासे वा, पेज्जे वा, दोसे वा, कलहे वा, अभक्खाणे वा, पेसुन्ने वा, पर-परिवाए वा, अरति-रती वा, माया-मोसे वा, मिच्छा-दंसण-सल्ले वा; तस्स णं भगवंतस्स नो एवं भवई॥११८॥

(११८) उन श्रमण भगवान महावीर को कहीं पर भी किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था। प्रतिबन्ध चार प्रकार के होते हैं–द्रव्य, क्षेत्र, काल, और भाव। द्रव्य से सजीव, निर्जीव और मिश्र; क्षेत्र से ग्राम, नगर, अरण्य, खेत, खलिहान, घर, आँगन और आकाश। काल से समय, आवलिका, आन-प्राण, स्तोक, क्षण, लव, मुहूर्त्त, अहोरात्र, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, वर्ष अथवा अन्य कोई भी लम्बे समय का संयोग (देखें परिशिष्ट)। भाव से क्रोध, मान, माया, लोभ, भय, हास्य, राग, द्वेष, कलह, अभ्याख्यान, पैशुन्य, परपरिवाद, अरति-रति, माया-मृषावाद तथा मिथ्यादर्शन शल्य। संयमी महावीर इन चारों प्रकार के प्रतिबन्धों से बाधित नहीं हुए।

(118) Shraman Bhagavan Mahavir was unaffected by any impediment of any sort anywhere. Such impediments are said to be of four types—matter, place time, and attitude. The material impediments manifest in forms including sentient, non-sentient, and mixed. The place or the locational impediments include village, city, jungle, farms, barn, house, courtyard, and the sky. The time impediments include short and long spans of time, like Samaya, Avalika, etc. (see appendix–1 for the time scale). The attitude or

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

vice impediments include anger, conceit, guile, greed, fear, mirth, aversion, attachment, discord (calumny, slander, scandal mongering, indulgence, hypocrisy), and the anguish of misconceptions. The spiritual pursuits of the highly disciplined Mahavir were never impeded by any of these.

से णं भगवं वासावासावज्जं अट्ठगिम्ह-हेमंतिए मासे गामे एगराईए, नगरे पंचराईए, वासी-चंदण-समाण-कप्पे, सम-तिण-मणि-लेट्ठु-कंचणे, सम-सुह-दुक्खे, इहलोग-परलोग-अप्पडिबद्धे, जीविय-मरण-निरवकंखे, संसार-पारगामी, कम्म-सत्तु-(संग)-निग्घायणट्ठाए अब्भुट्ठिए; एवं च णं विहरइ॥११९॥

(११९) वे भगवान वर्षा के चार महीनों को छोड़कर गर्मी और सर्दी के आठ महीनों तक विहार करते रहते थे। गाँव में केवल एक रात और नगर में पाँच रातों से अधिक नहीं ठहरते थे। वसूला (लकड़ी काटने का औजार) हो या चंदन, दोनों के स्पर्श में उनकी प्रतिक्रिया समभावयुक्त रहती थी। तिनका या मणि अथवा पत्थर या स्वर्ण सभी के प्रति उनकी वृत्ति सम रहती थी। वे सुख और दुःख को समान भाव से स्वीकार करते थे। इहलोक और परलोक दोनों की आसक्ति से वे मुक्त थे। जीवन और मृत्यु की आकांक्षा से मुक्त हो वे संसार सागर को पार करने वाले थे। ऐसे समत्व से संयमी महावीर कर्म संतति (शत्रु) का नाश करने के लिये तत्पर हो विचरण करते थे।

(119) Shraman Bhagavan Mahavir was always on the move during eight months of the year including summer and winter. He stayed at one place only during the four months of monsoon. He did not stay in a village for more than a night and in a town for more than five nights. He had an equanimous reaction to the touch of a chisel as well as sandal wood. He was equally detached towards a stone or a gem and straw or gold. He accepted pleasure and pain with exactly the same detached serenity. He was above all the attachments of this life and beyond. Free from any desire for life or death, he continued his journey toward transcendance of the mundane world. Disciplined with such equanimity, Mahavir wandered without pause and prepared to destroy the accumulated chain of karmas.

केवलज्ञानोत्पत्ति

तस्स णं भगवंतस्स अणुत्तरेणं नाणेणं, अणुत्तरेणं दंसणेणं, अणुत्तरेणं चरित्तेणं, अणुत्तरेणं आलएणं, अणुत्तरेणं विहारेणं, अणुत्तरेणं वीरिएणं, अणुत्तरेणं अज्जवेणं,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुत्तरेणं मद्दवेणं, अणुत्तरेणं लाघवेणं, अणुत्तराए खंतीए, अणुत्तराए मुत्तीए, अणुत्तराए गुत्तीए, अणुत्तराए तुट्ठीए, अणुत्तरेणं सच्च-संजम-तव-सुचरिय-सोवचइय-(सोवचिय)-फल-परिनिव्वाण-मग्गेणं, अप्पाणं भावेमाणस्स, दुवालस-संवच्छराइं विइक्कंताइं, तेरसमस्स संवच्छरस्स अंतरा वट्टमाणस्स जे से गिम्हाणं, दुच्चे मासे, चउत्थे पक्खे, वइसाह-सुद्धे, तस्स णं वइसाह-सुद्धस्स दसमीए पक्खेणं पाईणगामिणीए छायाए, पोरिसीए अभिनिवट्टाए पमाणपत्ताए, सुव्वएणं दिवसेणं, विजएणं मुहुत्तेणं, जंभियगामस्स नगरस्स बहिया उजुवालियाए नईए तीरे वियावत्तस्स चेइयस्स अदूरसामंते सामागस्स गाहावइस्स कट्ठकरणंसि साल (साला)-पायवस्स अहे गोदोहियाए उक्कुडुय-निसिज्जाए आयावणाए आयावेमाणस्स छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं झाणंतरियाए वट्टमाणस्स अणंते अणुत्तरे निव्वाघाए निरावरणे कसिणे पडिपुण्णे, केवलवरनाण-दंसणे समुप्पन्ने ॥१२०॥

(१२०) अनुत्तरज्ञान, असीम दर्शन, उत्कृष्ट चारित्र, निर्दोष आश्रय, प्रशस्त विहार, अनन्त पराक्रम, सहजतम सरलता व विनम्रता, अनुपम लघुता, सौम्यतम शान्ति, चरम अपरिग्रह, चरम गुप्ति, शाश्वत प्रसन्नता, तथा अनुत्तर सत्य-संयम-तपादि गुणों से आत्मा को परिपूर्ण करते, सम्यक् आचरण करते हुए मोक्ष प्राप्ति के मार्ग पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ते भगवान को १२ वर्ष बीत गये। तेरहवें वर्ष के मध्य की गर्मी का दूसरा महीना चौथा पक्ष चल रहा था। वैशाख शुक्ल दशमी के दिन जब छाया पूर्व दिशा की तरफ ढलने लगी थी, प्रमाणोपेत पौरुषी (दिन का अंतिम प्रहर) आ गई थी। सुव्रत नामक दिन था और विजय मुहूर्त्त। जम्भिका गाँव के बाहर ऋजुबालुका नदी के किनारे खंडहर होते विजयावर्त चैत्य से न अधिक दूर, न अधिक पास श्याम नाम के गृहस्थ के खेत में शाल वृक्ष के नीचे भगवान गोदोहिक आसन में तपस्यारत और चरम एकाग्रतापूर्वक ध्यानमग्न थे। उनको निर्जल छट्ठभक्त तप (बेला) चल रहा था। ऐसे में हस्तोत्तरा नक्षत्र का योग आने पर श्रमण भगवान महावीर को अनन्त, सर्वोत्कृष्ट, अव्याघात, निरावरण, समग्र तथा परिपूर्ण केवलज्ञान और केवलदर्शन उत्पन्न हुए। (५५७ ई. पू.) (चित्र M-27/1)

Attaining Omniscience

(120) Enhancing the purity of his soul through virtues like unparalleled knowledge, infinite perception, sagacious conduct, faultless lodging,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

extensive wandering, unending courage, spontaneous simplicity and humility, unique gentleness, most serene tranquility, ultimate detachment, acute introspection, eternal joy, and unprecedented truthfulness, discipline and penance, Shraman Bhagavan Mahavir spent twelve years progressing on the path of liberation, successfully indulging in the most appropriate and perfect practices. It was the fourth fortnight of the second month of the summer season during the middle of the thirteenth year of his practices. It was the tenth day of the bright half of the month of Vaishakha and the shadows had moved to the east, and measured one man-length, indicating that it was the last hour of the day. The day and the moment came under the auspicious classifications named Suvrata and Vijaya respectively. Outside of Jrimbhika village on the bank of river Rijubaluka, neither very far from nor very near to the ruins of Vijayavarta temple in the farm of citizen Shyamak under a Sal tree, Shraman Bhagavan Mahavir was meditating with ultimate concentration while squatting in the Godohik posture. He was doing the Chhattha-bhakta penance (fasting for two days without water) at the same time. In this state when the moon entered the twelfth lunar mansion, the Hastottara, Shraman Bhagavan Mahavir attained the infinite, supreme, uninhibited, unveiled, total and perfect Kewal Jnana (ultimate knowledge), and Kewal Darshan (ultimate perception) or the state of omniscience. (557 B. C.) (Illustration M-27/1)

धर्मतीर्थ-स्थापना

तएणं से भगवं महावीरे अरहा जाए जिणे केवली सव्वन्नू सव्वदरिसी सदेवमणुयासुरस्स लोगस्स परियायं जाणइ पासइ सव्वलोए सव्वजीवाणं आगइं, गइं, ठिइं, चवणं, उववायं, तक्कं, मणो-माणसियं, भुत्तं, कडं, पडिसेवियं आविकम्मं रहोकम्मं अरहा अरहस्स भागी तं तं कालं मण-वयण-काय-जोगे वट्टमाणाणं सव्वलोए सव्वजीवाणं सव्वभावे जाणमाणे पासमाणे विहरइ॥१२१॥

(१२१) और तब श्रमण भगवान महावीर अर्हत् हुए, जिन हुए, वली-सर्वज्ञ-सर्वदर्शी हुए। भगवान अब देव, मनुज, असुरादि के साथ-साथ संसार के सभी पर्यायों को जानने-देखने लगे। समस्त लोक में समस्त जीवों के आने, जाने, रहने, गिरने, उठने की क्रियाएँ, विचार, मनःस्थिति, संकल्पादि भाव; भोग्य, कृत और सेवित सभी प्रकट तथा गुप्त

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 27 (१) ऋजुबालुका नदी के तट पर भगवान महावीर को कैवल्य प्राप्ति
(२) भगवान महावीर की देवों की उपस्थिति में प्रथम देशना।
(1) Bhagavan Mahavir attains omniscience on the banks of the river Rijubaluka
(2) The first discourse in presence of gods

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



M 28 इन्द्रभूति का आगमन और महावीर के चरणों में सर्वात्मना समर्पण।
Indrabhuti's arrival and total submission before Mahavir.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कार्यों व कर्मों को भगवान जानने-देखने लगे। उनके अर्हत् हो जाने से उनके लिए रहस्य जैसा कुछ भी अजाना बचा नहीं। उस समय सर्वलोकों के मन-वचन-काया की वृत्तियों में लगे हुए सभी जीवों के सभी भावों को जानते-देखते अर्हत् महावीर विचरण करने लगे।

Establishing the Ford

(121) And then Bhagavan Mahavir became Arhat (the revered one), Jina (the conqueror), and omniscient. Now he could observe and understand all forms of life in the world including gods, men, and demons. He could observe and understand all visible and invisible activities of all beings in the universe including their movement, habitation, progress, thoughts, state of mind, attitudes, and all and any involvements, performances, and indulgences. Because he was an Arhat, there remained no secret or unknown for him. During that period—seeing and knowing every thought of every being indulging in any activity of mind-speech-body in every living world in the universe—Arhat Mahavir started moving around.

विस्तार :

परम्परा के अनुसार कैवल्य प्राप्त करने के पश्चात् तत्काल तीर्थंकर समता धर्म का प्रतिपादन करते हैं। भगवान महावीर की प्रथम देशना का लाभ उठाने के लिए देवताओं ने ऋजुवालुका नदी के पावन तट पर समवसरण रचा और अनेक देवता वहाँ उपस्थित हुए। देवगण सत्य, संयम और सद्गुण की प्रशंसा और उपासना तो कर सकते हैं किन्तु वे न तो अध्यात्म-साधना कर सकते और न व्रतादि ग्रहण कर सकते। आत्म-साधना कर संयम ग्रहण करना केवल मनुष्य के लिये ही संभव है। अतः ऐसी मान्यता है कि व्रत ग्रहण करने वालों की अनुपस्थिति में आध्यात्मिक लाभ के संदर्भ में भगवान महावीर की प्रथम देशना निष्फल गई; वहाँ उपस्थित कोई भी जीव व्रत ग्रहण नहीं कर सका। (चित्र M-27/2)

गौतम का संयम ग्रहण

ऋजुवालुका के तट से विहार कर भगवान महावीर मध्य पावा में आये। महसेन वन में देवों ने समवसरण रचा। महावीर के कैवल्य प्राप्ति तथा महसेन वन में देशना देने के समाचार जैसे ही फैले, उत्सुक लोगों के झुण्ड के झुण्ड उपदेश स्थल की ओर प्रस्थान करने लगे। मध्यम पावा वैदिक धर्म का एक महत्वपूर्ण केन्द्र था और सोम शर्मा एक समर्थ क्रियाकाण्डी उपासक। वैशाख माह में सोम शर्मा ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया था। ग्यारह प्रसिद्ध तथा प्रकाण्ड विद्वान् अपने ४४०० शिष्यों सहित यज्ञ के क्रियाकाण्ड में भाग लेने वहाँ उपस्थित थे। उनमें इन्द्रभूति गौतम प्रमुख थे।

भगवान महावीर के अचानक आने के समाचार सुनकर सोम शर्मा चिन्तित हो गये। उन्हें श्रमण संस्कृति की यज्ञ विरोधी भावना का आभास था। वे इन्द्रभूति के पास गये और अपनी चिन्ता व्यक्त की। इन्द्रभूति ने उन्हें आश्वासन दिया, "श्रमण वर्द्धमान के पास अवश्य ही आध्यात्मिक साधना का बल और तप का तेज है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

फिर भी ज्ञान में वे हमारे सामने नहीं टिक सकते। हमें चिन्ता करने की आवश्यकता नहीं है। हमें उनका समुचित विरोध करने की तैयारी करनी चाहिए।" और महापण्डित इन्द्रभूति अपने ५०० शिष्यों सहित महावीर के समवसरण की ओर चल पड़े।

दूर से उन्हें भगवान महावीर के मुख का अपूर्व तेज दिखाई पड़ा। उनके बढ़ते चरण मन्द हो गए और वे दुविधा से काँपने लगे।

"इन्द्रभूति गौतम! तुम आ गए?"

जैसे ही वे धर्म-सभा में प्रविष्ट हुए भगवान का गंभीर स्वर इन्द्रभूति के कानों में पड़ा, वे चौंक गए। "इन्द्रभूति गौतम, यद्यपि तुम वेदों के प्रकाण्ड विद्वान् हो फिर भी तुम्हारे मन में आत्मा के अस्तित्व के विषय में संशय है।" महावीर के शब्द इन्द्रभूति के कानों में गूँजे और वे स्तम्भित हो गये। उन्होंने सोचा, "यह रहस्य तो कोई नहीं जानता। फिर महावीर ने कैसे जाना? क्या वे वास्तव में सर्वज्ञ हैं?"

"इन्द्रभूति, आत्मा के विषय में तुम्हारे संदेह तुम्हारे वेद-ज्ञान पर आधारित हैं। पर उन्हीं वेदों में आत्मा के स्वतन्त्र अस्तित्व के अकाट्य प्रमाण भी उपलब्ध हैं ...." महावीर ने मधुर पर प्रभावी वाणी में गौतम को समझाया। महावीर के अकाट्य तर्कों ने इन्द्रभूति के सन्देहों को दूर कर दिया, उनका अहं पिघल गया। और तब इन्द्रभूति गौतम भगवान महावीर के प्रथम शिष्य बने। उनके पाँच सौ शिष्य भी संघ में दीक्षित हो गये। (चित्र M-28)

इसके पश्चात् एक के बाद एक बाकी बचे सभी दसों प्रकाण्ड पण्डित, जिनके प्रमुख इन्द्रभूति थे, महावीर के पास गये और अपने संदेहों के निराकरण के बाद अपने शिष्यों सहित उनके शिष्य बन गये। महावीर के धर्म संघ के स्तम्भ स्वरूप इन ग्यारह गणधरों तथा उनके शिष्यों की सूची (विस्तृत वर्णन परिशिष्ट में देखें) निम्न है :

१. इन्द्रभूति, २. अग्निभूति, ३. वायुभूति, ४. आर्य व्यक्त, ५. सुधर्मा, ६. मण्डित, ७. मौर्यपुत्र, ८. अकम्पित, ९. अचलभ्राता, १०. मेतार्य और ११. प्रभास।

तीर्थ-स्थापना

वैशाख शुक्ला एकादशी के उस दिन सहस्रों अन्य स्त्री-पुरुषों ने श्रमण धर्म स्वीकार किया। कुछ साधु बने और अन्यों ने श्रावक धर्म के व्रत ग्रहण किये। चन्दनबाला महावीर की प्रथम श्रमण शिष्या बनीं। शंख और शतकादि प्रमुख श्रावकों सहित बहुतों ने श्रावक धर्म के व्रत लिये और सुलसा सहित अन्य अनेक स्त्रियों ने श्राविकाओं के रूप में संघ में प्रवेश लिया। महावीर ने अपने धर्म संघ को विशुद्ध गणतांत्रिक पद्धति से गठित किया। समस्त संघ के चार स्थूल विभाजन किये--१. साधु, २. साध्वी, ३. श्रावक, ४. श्राविका। यह चतुर्विध संघ के नाम से जाना जाने लगा। संघ की संगठनात्मक संरचना आत्मशुद्धि तथा त्याग के स्तरानुसार की गई, न कि किसी व्यक्ति की सांसारिक उपलब्धियों तथा प्रभाव के अनुसार। इन चार तीर्थों की स्थापना के साथ ही भगवान महावीर का तीर्थंकर पद सार्थक हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration :

Traditionally, immediately after his gaining omniscience, a Tirthankar preaches the religion of equanimity. To take advantage of the first divine discourse of Mahavir, the gods created the divine pavilion (Samavasaran) on the pious banks of Rijubaluka river and numerous gods attended it. The gods may admire and eulogize truth, discipline, and virtues, but they cannot do spiritual practices or take vows. Only man is capable of entering the discipline of spiritual practices. As such, it is said that in absence of human beings, the first discourse of Bhagavan Mahavir was a failure in the context of spiritual gains, as none of those present took any vow. (Illustration M-27/2)

The Indoctrination of Gautam

From the banks of Rijubaluka, Mahavir came to Madhya Pava. A divine pavilion was created in the Mahasen jungle. As soon as the news of Mahavir's attaining omniscience and his discourse in Madhyam Pava spread, masses of people became curious and set out to visit the place of congregation. Madhyam Pava was a prominent centre of Vedic religion and Som Sharma a resourceful follower. During the month of Vaishakh, Som Sharma had organized a great Yajna. Eleven famous and great scholars headed by Indrabhuti Gautam and with their 4400 disciples were there to take part in the ritual ceremonies.

On hearing of the sudden arrival of Bhagavan Mahavir, Som Sharma became worried. He was aware of the anti-Yajna attitude of the Shraman culture. He went to Indrabhuti and conveyed his misgivings. Indrabhuti reassured him, "Shraman Vardhaman certainly has the power of spiritual practice and the fire of penance but still he is no match for us in knowledge. We need not worry. We should prepare ourselves to oppose him effectively." And Mahapandit Indrabhuti with his 500 disciples, started for Mahavir's Samavasaran.

From a distance he saw the astonishing glow on the face of Shraman Mahavir. His advancing steps lost firmness and he started shaking with uncertainty.

"Indrabhuti Gautam ! You have arrived?"

The deeply resonent words of Mahavir fell on Indrabhuti's ears the moment he entered the assembly, and he was dumbstruck. "Indrabhuti Gautam, although you are a great scholar of the Vedas, you are still doubtful about the existence of the soul." Mahavir's words echoed in the ears of Indrabhuti and he was stunned. "This is a secret nobody knows. How is it that Mahavir knows about it? Is he really a Sarvajna (omniscient)?", he thought.

"Indrabhuti, your doubt about soul is based on your knowledge of the Vedas. But the same Vedas contain undeniable proofs of the independent existence of the soul ...." Mahavir explained everything in his penetratingly sweet voice. Mahavir's irrefutable logic removed all Indrabhuti's doubts and his ego melted. Indrabhuti Gautam then became the first disciple of Bhagavan Mahavir. His five hundred disciples were also initiated into the order. (Illustration M-28)

After this, one after the other, all the remaining ten great scholars of the group headed by Indrabhuti came to Mahavir, and removing their doubts, became Mahavir's disciples alongwith their own disciples. The list of the eleven great scholars and their disciples that formed the core of Mahavir's religious order is as follows (see for Appendix) :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

1. Indrabhuti, 2. Agnibhuti, 3. Vayubhuti, 4. Arya Vyakt, 5. Sudharma, 6. Mandit, 7. Mauryaputra, 8. Akampit, 9. Achalbhrata, 10. Metarya and 11. Prabhas.

The Establishment of the Ford

On this eleventh day of the bright half of the month of Vaishakh thousands of other men and women were also converted to the Shraman religion. Some became ascetics and others took the vows for the laity. Chandanbala became the first woman disciple of Mahavir. Shankha and Shatak with many others joined Mahavir's order as lay followers. Sulasa and many other women also joined the religious family. Mahavir organized all his followers in an ideally democratic system. The total mass of followers was divided into four broad groups 1. Sadhu, 2. Sadhvi, 3. Shravak, 4. Shravika. It became known as the four fold organization or the Chaturvidh Sangha. The organisational hierarchy was formed according to the level of spiritual development and abstinence of the individual, and not on any mundane achievement or power. The title Tirthankar became meaningful the moment Mahavir founded these four Tirths or fords.

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे अट्ठियगामं नीसाए पढमं अंतरावासं वासावासं उवागए। चंपं च पिट्ठिचंपं च निस्साए तओ अंतरावासे वासावासं उवागए। वेसालिं नयरिं वाणियगामं च निस्साए दुवालस अंतरावासे वासावासं उवागए। रायगिहं नगरं नालंदं च बाहिरियं निस्साए चोद्दस अंतरावासे वासावासं उवागए। छम्मिहिलाए, दो भद्दियाए, एगं आलंभियाए, एगं सावत्थीए, एगं पणियभूमीए, एगं पावाए मज्झिमाए हत्थिवालस्स रन्नो रज्जुग-सहाए अपच्छिमं अंतरावासं वासावासं उवागए॥१२२॥

(१२२) उस काल के उस भाग में श्रमण भगवान महावीर ने पहला वर्षावास (चौमासा) अस्थिक ग्राम के आश्रय में किया। चम्पानगरी और पृष्ठ-चम्पा में उन्होंने तीन चातुर्मास किए। वैशाली और वाणिज्यग्राम में उन्होंने बारह वर्षावास बिताए। राजगृह में तथा उसके निकट नालन्दा में भगवान ने चौदह चातुर्मास व्यतीत किये। इनके अलावा छह मिथिला में, दो भद्दिया (बंगाल का भेदिया ग्राम) में, एक आलम्भिका में, एक श्रावस्ती में और एक प्रणीतभूमि (वीरभूम) में किये। अन्तिम एक चातुर्मास के लिए भगवान मध्यम पावा के राजा हस्तिपाल के लेखन-मण्डप में गये।

(122) During that time in that period Shraman Bhagavan Mahavir spent his first monsoon in Asthik village. He did three monsoon-stays in Champanagari and Prishtha-champa. Twelve of his monsoon-stays were in Vaishali and Vanijyagram. In Rajagriha and nearby Nalanda he spent fourteen monsoon-stays. Besides these he did one Chaturmas each at Alambhika, Shravasti, Praneetbhumi, two in Bhaddiya, and six in Mithila.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

For the last Chaturmas he selected the writing hall of king Hastipal of Madhyam Pava.

परिनिर्वाण

तत्थ णं जे से पावाए मज्झिमाए हत्थिवालस्स रन्नो रज्जुगसभाए अपच्छिमं अंतरावासं वासावासं उवागए। तस्स णं अंतरावासस्स जे से वासाणं चउत्थे मासे सत्तमे पक्खे कत्तिय-बहुले, तस्स णं कत्तिय-बहुलस्स पन्नरसी-पक्खेणं जा सा चरिमा (चरमा) रयणी, तं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए विइक्कंते, समुज्जाए छिन्नजाइ-जरा-मरण-बंधणे, सिद्धे, बुद्धे, मुत्ते, अंतगडे, परिनिव्वुडे सव्व-दुक्ख-पहीणे, चंदे नामं से दोच्चे संवच्छरे, पीइवद्धणे मासे, नंदिवद्धणे पक्खे, अग्गिवेसे (सुव्वयग्गी) नामं से दिवसे उवसमित्ति पवुच्चइ; देवाणंदा नामं सा रयणी निरई त्ति पवुच्चइ, अच्चे लवे, मुहुत्ते पाणू, थोवे सिद्धे, नागे करणे, सव्वट्ठसिद्धे मुहुत्ते, साइणा नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं कालगए विइक्कंते जाव सव्वदुक्ख-पहीणे॥१२३॥

(१२३) मध्यम पावा में हस्तिपाल राजा की रज्जुक सभा में अंतिम चातुर्मास के समय वर्षा ऋतु का चौथा महीना, सातवाँ पक्ष चल रहा था। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अंतिम रात्रि अर्थात् अमावस्या को श्रमण भगवान महावीर काल धर्म को प्राप्त हुए। वे पुनर्जन्म की शृंखला का मूल सहित नाश करके चले गये। उनके जन्म, जरा और मरण के सभी बन्धन नष्ट हो गये। भगवान सिद्ध हुए, बुद्ध हुए, मुक्त हुए, अन्तकृत् हुए और समस्त दुःखों का नाश कर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

श्रमण भगवान महावीर जिस क्षण सिद्ध हुए उस समय चन्द्र नाम के दूसरे संवत्सर का प्रीतिवर्द्धन नाम का महीना और नन्दिवर्धन नाम का पक्ष चल रहा था। वह सुव्रताग्नि अथवा उपशम नाम के दिन के बाद की देवानन्दा अथवा निरति नामक रात्रि में नाग नामक करण था। उस क्षण सर्वार्थसिद्ध नामक मुहूर्त्त में अर्च नामक लव के सिद्ध नामक स्तोक का नाग नामक करण था। काल के उस सूक्ष्मांश में जब स्वाति नक्षत्र का योग आया तो भगवान इस संसार को छोड़ समस्त दुःखों का नाश कर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

The Liberation

(123) It was the fourth month and the seventh fortnight of the monsoon season during his last Chaturmas in the Madhyam Pava. On the fifteenth

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

day of the dark half of the month of Kartik, Shraman Bhagavan Mahavir breathed his last. Destroying the chain of rebirth completely, he passed away. All the ties of birth, decay and death became extinct for him. He attained the state of ultimate perfection, enlightenment, liberation, and absolute purity of soul. Destroying all sorrows, he got nirvana.

The precise moment when Shraman Bhagavan Mahavir attained liberation is defined in astrological terms as follows—it was the second year (of the five year cycle) named Chandra, and the Nandivardhan fortnight of the Preetivardhan month. It was the Karan (a twelve hour specific astrological division of a fortnight) named Naga during the night named Devananda or Nirati following the day named Suvratagni or Upasham. It was the Prana (fraction of time elapsed in one inhalation and exhalation) named Muhurta of the Stok (seven Pranas) named Siddha of the Lava (seven Stok) named Archa of the Muhurta (77 Lava which is equal to 48 minutes) named Sarvarthasiddha. At that moment of time, when the moon entered its fifteenth mansion named Swati, Bhagavan Mahavir left this world, and destroying all sorrows, attained nirvana.

दीपोत्सव

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे, सा णं रयणी बहूहिं देवेहिं य देवीहिं य ओवयमाणेहिं उप्पयमाणेहिं य उज्जोविया यावि होत्था॥१२४॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे, सा णं रयणी बहूहिं देवेहिं य देवीहिं य ओवयमाणेहिं य उप्पयमाणेहिं य उप्पिंजलग-माणभूया कहकहगभूया या वि होत्था॥१२५॥

(१२४) जिस रात को श्रमण भगवान महावीर के समस्त दुःख नष्ट हो गये और उनका निर्वाण हुआ वह रात बहुत से देव-देवियों के ऊपर-नीचे आने-जाने के कारण प्रकाश से जगर-मगर हो गई थी।

(१२५) देवताओं के इस आवागमन से उस रात बहुत हलचल मच गई और चारों ओर कोलाहल व्याप्त हो गया था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

The Festival of Lights

(124) The night of Shraman Bhagavan Mahavir's nirvana became resplendent with divine light as numerous gods descended and ascended in the sky.

(125) This movement of the gods caused much disturbance and clamour all around.

जं रयणिं च समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे तं रयणिं च णं जेट्ठस्स गोयमस्स इंदभूइस्स अणगारस्स अंतेवासिस्स नायए पेज्जबंधणे वोच्छिन्ने, अणंते अणुत्तरे जाव केवलवरनाण-दंसणे समुप्पन्ने ॥१२६॥

(१२६) उसी रात श्रमण भगवान महावीर के ज्येष्ठ अन्तेवासी शिष्य गौतम गोत्र के इन्द्रभूति अनगार का अपने गुरु के प्रति जो अटूट स्नेह बन्धन था वह टूट गया और फलस्वरूप उन्हें अनन्त अभूतपूर्व केवलज्ञान व केवलदर्शन की प्राप्ति हुई।

(126) The same night the strong bond of reverential affection that Indrabhuti Gautam, the senior disciple of Shraman Bhagavan Mahavir, had with his Guru shattered and consequently he acquired infinite and unprecedented Kewal Jnana and Kewal Darshan.

जं रयणिं च णं समणे जाव सव्वदुक्ख-पहीणे, तं रयणिं च णं नव मल्लइ, नव लच्छई, कासी-कोसलगा अट्ठारस्स वि गणरायाणो अमावासाए पाराभोयं पोसहोववासं पट्ठविंसु, गए से भावुज्जोए, दव्वुज्जोयं करिस्सामो ॥१२७॥

(१२७) उसी रात काशी प्रदेश के नौ मल्लवंशीय और कौशल प्रदेश के नौ लिच्छवी-वंशीय, कुल अठारह गणराजाओं ने अमावस्या का आठ पहर का पौषध उपवास व्रत किया हुआ था। उन गणराजाओं के मन में विचार उठा, "ज्ञान के प्रकाश का अन्त हो गया है इसलिए अब हम भौतिक प्रकाश (दीप जलाकर) करेंगे।"

(127) The same night also saw the nine chiefs of the Malla clan of Kashi and nine of the Lichchhavi clan of Kaushal practicing the one day partial detachment vow (Paushadh Vrata) prescribed for the fifteenth day of the dark half of a month. These chiefs had an inspiration that night, "The lamp of knowledge is extinguished we shall light the earthen lamps now."

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दुष्टग्रह की छाया

जं रयणिं च णं समणे जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे, तं रयणिं च णं खुद्दाए भास-रासी महग्गहे दो-वास-सहस्स-ट्ठिई समणस्स भगवओ महावीरस्स जम्म-नक्खत्तं संकंते॥१२८॥

(१२८) श्रमण भगवान महावीर के निर्वाण की उस रात हानिकारक प्रभावों वाला भस्मराशि नामक महाग्रह, जो दो हजार वर्ष तक प्रभावी रहता है, उनके जन्म नक्षत्र में आया।

Shadow of the Evil

(128) On the night of the nirvana of Shraman Bhagavan Mahavir a great planet called Bhasmarashi (the planet of ashes) came in conjunction with the constellation of Mahavir's birth. It remains effective for two thousand years, and casts off evil effects.

जप्पभिइं च णं से खुड्डाए भास-रासी-महग्गहे दो-वास-सहस्सट्ठिई समणस्स भगवओ महावीरस्स जम्मनक्खत्तं संकंते, तप्पभिइं च समणाणं निग्गथाणं निग्गंथीण य नो उदिए-उदिए पूया-सक्कारे पवत्तइ॥१२९॥

(१२९) जब से यह दुष्ट ग्रह प्रभावी हुआ तब से श्रमण तथा निर्ग्रन्थ साधु-साध्वियों के पूजा-सत्कार में निरन्तर वृद्धि बाधित हो गई।

(129) Since this evil planet has become effective, the ever-increasing reverence and influence of Shraman and Nirgrantha (bondless) ascetics has been obstructed.

जया णं से खुड्डाए जाव जम्म-नक्खत्ताओ विइक्कंते भविस्सइ, तया णं समणाणं निग्गंथाणं निग्गंथीण य उदिए उदिए पूया-सक्कारे पवत्तिस्सति (भविस्सइ)॥१३०॥

(१३०) जब यह दुष्ट-ग्रह भगवान महावीर के जन्म नक्षत्र पर से हट जायेगा तब से पुनः श्रमण-श्रमणी के पूजा-सत्कार में निरन्तर वृद्धि होने लगेगी।

(130) When this planet finally moves out of the constellation of Mahavir's birth, they will regain their enhancing reverence and influence.

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे कालगए जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे, तं रयणिं च णं कुंथु अणुद्धरी नामं समुप्पन्ना, जा ठिया अचलमाणा छउमत्थाणं निग्गंथाणं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निग्गंथीण य नो चक्खुफासं हव्वमागच्छइ, जा अठिया चलमाणा छउमत्थाणं निग्गंथाणं निग्गंथीण य चक्खुफासं हव्वमागइच्छइ, जं पासित्ता बहुहिं निग्गंथेहिं निग्गंथीहिं य भत्ताइं पच्चक्खायाइं ॥१३१॥

(१३१) श्रमण भगवान महावीर की निर्वाण रात्रि को कुन्थु नाम के सूक्ष्म जीव समूह उत्पन्न हुए। ये जीव जब स्थिर रहते तो छद्मस्थ साधु-साध्वियों को दिखाई नहीं देते पर जब वे हिलते-डुलते तो उन्हें दिखाई देते। इन जीव समूहों को देख बहुत से साधु-साध्वियों ने अनशन कर लिया था।

(131) On the night of the nirvana of Shraman Bhagavan Mahavir, a micro-organism called Kunthu came into existence. When these organisms are still they are not normally visible to the ascetics; they are seen only when there is some activity in them. Many ascetics took the vow of fasting after seeing these organisms.

से किमाहु भंते?, अज्जप्पभिइं संजमे दुराराहए भविस्सइ ॥१३२॥

(१३२) ऐसा किसलिए किया? इस प्रश्न का समाधान है, "आज के बाद संयम का पालन कठिन (दुःसाध्य) होगा (इस संभावना से)।"

(132) "Why so?" The answer is, "Starting from this day the observance of the discipline and code of conduct of an ascetic would be very difficult.

भगवान महावीर की शिष्य-संपदा

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणस्स भगवओ महावीरस्स इंदभूइ-पामोक्खाओ चउद्दस-समण-साहस्सीओ उक्कोसा समण-संपया होत्था ॥१३३॥

समणस्स भगवओ महावीरस्स अज्जचंदणा-पामोक्खाओ छत्तीसं अज्जिया-साहस्सीओ उक्कोसिया अज्जिया-संपया होत्था ॥१३४॥

समणस्स भगवओ महावीरस्स संख-सयग-पामोक्खाणं समणोवासगाणं एगा सय-साहस्सी अउणट्ठिं च सहस्सा उक्कोसिया समणोवासयाणं संपया होत्था ॥१३५॥

समणस्स भगवओ महावीरस्स सुलसा-रेवई-पामोक्खाणं समणोवासियाणं तिन्नि-सय-साहस्सीओ अट्ठारस य सहस्सा उक्कोसिया समणोवासियाणं संपया होत्था ॥१३६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स तिन्नि सया चोद्दस-पुव्वीणं अजिणाणं जिणसंकासाणं सव्वक्खर-सन्निवाईणं जिणो वि व अवितहं वागरमाणाणं उक्कोसिया चोद्दस-पुव्वीणं संपया होत्था ॥१३७॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स तेरस-सया ओहिनाणीणं अइसेसपत्ताणं उक्कोसिया ओहिनाणीणं संपया होत्था ॥१३८॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स सत्तसया केवलनाणीणं संभिन्न-वर-नाण-दंसण-धराणं उक्कोसिया केवलनाणीणं संपया होत्था ॥१३९॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स सत्तसया वेउव्वीणं अदेवाणं देविड्ढिपत्ताणं उक्कोसिया वेउव्विअ-संपया होत्था ॥१४०॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पंचसया विउलमईणं अड्ढाइज्जेसु दीवेसु दोसु य समुद्देसु सण्णीणं पंचिंदियाणं पज्जत्तगाणं जीवाणं मणोगए भावे जाणमाणाणं उक्कोसिया विउलमईणं संपया होत्था ॥१४१॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स चत्तारि-सया वाईणं, सदेव-मणुयासुराए परिसाए वाए अपराजियाणं उक्कोसिया वाई-संपया होत्था ॥१४२॥

(१३३) काल के उस भाग में श्रमण भगवान महावीर के अनुयायी श्रमणों की उत्कृष्ट सम्पदा चौदह हजार थी जिनके प्रमुख इन्द्रभूति थे।

(१३४) उनके शिष्य समुदाय में श्रमणियों की संख्या छत्तीस हजार थी और उनकी प्रमुख आर्या चन्दना थीं।

(१३५) श्रमणोपासकों अथवा श्रावकों की अधिकतम संख्या एक लाख उनसठ हजार थी जिनमें मुख्य थे शंख, शतक, आदि।

(१३६) श्रमणोपासिकाओं अथवा श्राविकाओं की संख्या तीन लाख अठारह हजार थी, जिनमें मुख्य थीं सुलसा, रेवती, आदि।

(१३७) जो जिन न होने पर भी जिन के समान ही सत्य प्रतिपादन तथा शंका समाधान करने वाले थे और जिन के समान ही सर्वाक्षर सन्निपाती या चौदह पूर्वों में संकलित जिनोपदेशित वाणी के पूर्ण ज्ञाता, ऐसे चौदह पूर्वधरों की श्रमण भगवान महावीर की शिष्य संपदा में उत्कृष्ट संख्या तीन सौ थी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१३८) उनके विशिष्ट अतिशय संपन्न तेरह सौ अवधिज्ञानियों की उत्कृष्ट संपदा थी।

(१३९) सम्पूर्ण श्रेष्ठ ज्ञान व दर्शन प्राप्त कर लेने वाले केवलज्ञानियों की संख्या उनके शिष्य समुदाय में सात सौ थी।

(१४०) श्रमण भगवान महावीर के निकट वैक्रिय लब्धिधारक देव तो नहीं थे, किन्तु देवों जैसी समृद्धि प्राप्त सात सौ वैक्रिय लब्धिधारक श्रमणों की उत्कृष्ट संपदा थी।

(१४१) अढाई द्वीप और दो समुद्रों में रहने वाले छह पर्याप्तियों से युक्त संज्ञी पंचेन्द्रिय जीवों के मनोगत भावों को जानने वाले विपुलमति संपन्न मनःपर्यव ज्ञानियों की संख्या महावीर के शिष्य समुदाय में पाँच सौ थी।

(१४२) देवों, मनुष्यों और असुरों की परिषदा में शास्त्रार्थ करते हुए पराजित न हों ऐसे चार सौ वादी उनके शिष्य समुदाय में थे।

The Mass of Bhagavan Mahavir's Disciples

(133) During that period of time the maximum number of male ascetics among his disciples was fourteen thousand and their chief was Indrabhuti.

(134) The number of female ascetics among his disciples was thirty six thousand and their chief was Arya Chandana.

(135) The maximum number of Shravakas (male members of the laity) was one hundred and fifty nine thousand; prominent among them were Shankh, Shatak, etc.

(136) The number of Shravikas (female members of the laity) was three hundred and eighteen thousand, and prominent among them were Sulasa, Revati, etc.

(137) Among the disciples of Shraman Bhagavan Mahavir, there were three hundred all-knowing ascetics. They were also called Chaudah Purvadharas because they had complete knowledge of and complete command over the fourteen volumes of works that enveloped all the knowledge propagated by the Jina. Although they were not Jina, they were none the less capable of removing doubts and explaining truth just like Jina.

(138) There were thirteen hundred highly accomplished ascetics in his organisation who possessed Avadhi Jnana (complete knowledge of the material world).

(139) He had seven hundred ascetic disciples who acquired the supreme knowledge and perception and became omniscients.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(140) He had seven hundred ascetic disciples who possessed occult powers. Although they were not gods, like gods they had the capacity to attain any desired form.

(141) Among his disciples were five hundred ascetics who possessed Manah-paryava Jnana (para-psychological powers, extra sensory perception). They had the capacity to read thoughts of all the living beings having fully developed five senses and six parameters.

(142) He had four hundred disciples who were such accomplished logicians that they could come out with flying colours in any debate in any assembly of humans, gods and demons.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स सत्त अंतेवासि-सयाइं सिद्धाइं जाव सव्व-दुक्ख-पहीणाइं, चउद्दस अज्जियासयाइं सिद्धाइं ॥१४३॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स अट्ठसया अणुत्तरोववाइयाणं गइकल्लाणाणं ठिइकल्लाणाणं आगमेसिभद्दाणं उक्कोसिया अणुत्तरोववाइयाणं संपया होत्था ॥१४४॥

(१४३) श्रमण भगवान महावीर के अन्तेवासी शिष्यों में से सात सौ साधु और चौदह सौ साध्वियाँ समस्त दुःख नष्ट कर सिद्ध हुए, निर्वाण को प्राप्त हुए।

(१४४) उनके शिष्य समुदाय में आठ सौ अनुत्तरोपपातिक श्रमण थे। ये शुद्धि के उस स्तर पर पहुँच चुके थे जहाँ प्रत्येक गति में कल्याण ही प्राप्त होता है, प्रत्येक स्थिति में कल्याण ही का अनुभव होता है। ये श्रमण अनुत्तरविमानों में जन्म ले भविष्य में मनुष्य गति में उत्पन्न होकर कल्याणमय निर्वाण प्राप्त करने वाले हैं।

(143) Out of all these disciples of Shraman Bhagavan Mahavir, seven hundred male and fourteen hundred female ascetics destroyed all miseries and attained liberation.

(144) Out of all these disciples, eight hundred were extremely pure ones. They had reached a level of purity where every action and state is beneficent. These disciples were to be reborn as gods in the highest dimension, and from there to be reborn as human beings and attain liberation.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स दुविहा अंतगडभूमि होत्था, तं जहा–जुगंतकडभूमी य परियायंतकडभूमी य, जाव तच्चाओ पुरिसजुगाओ जुगंतकडभूमी, चउवास-परियाए अंतमकासी ॥१४५॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१४५) श्रमण भगवान महावीर के केवलज्ञान के पश्चात् श्रमणों या अन्य भव्य आत्माओं के मोक्ष गमन का काल दो सीमाओं में बँधा है–युगान्तकृत् भूमि और पर्यायान्तकृत् भूमि। युग प्रधान शिष्य परम्परा में एक के बाद एक मोक्ष गमन का क्रम न टूटने तक का काल युगान्तकृत् भूमि है (महावीर-सुधर्मा-जम्बू)। तीर्थंकर के केवलज्ञान प्राप्ति के समय से जब प्रथम कोई जीव मोक्ष में जाये तब तक के समय का अन्तराल पर्यायान्तकृत् भूमि है (महावीर के केवलज्ञान के पश्चात् चार वर्ष)। अतः श्रमण भगवान महावीर के कैवल्य प्राप्ति के चार वर्ष पश्चात् मोक्ष गमन काल आरंभ हुआ जो उनके प्रपट्टधर जम्बू स्वामी के मोक्ष गमन तक चला।

(145) On the time scale, the period during which deserving souls attained liberation after Shraman Bhagavan Mahavir attained omniscience is bracketed between two specific periods known as Yugantakrit Bhumi and Paryayantakrit Bhumi. The Yugantakrit Bhumi is the period starting with the Nirvana of Mahavir and ending when the chain of the Nirvana-attaining heads of the organisation is broken, viz. Mahavir-Sudharma-Jambu. The Paryayantakrit Bhumi is the period starting with the Tirthankar attaining omniscience and ending when the first pure soul attains Nirvana (it was after four years of Mahavir's attaining omniscience that the first pure soul attained Nirvana). As such the period of liberation started after four years of Mahavir's attaining omniscience and ended at the moment Jambu attained Nirvana.

आयु तथा समय

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे तीसं वासाइं अगारवास-मज्झे वसित्ता, साइरेगाइं दुवालस-वासाइं छउमत्थ-परियाणं पाउणित्ता, देसूणाइं तीसं वासाइं केवलि-परियागं पाउणित्ता, वायालीसं वासाइं सामन्नपरियायं पाउणित्ता, बावत्तरिं वासाइं सव्वाउयं पालइत्ता, खीणे वेयणिज्जाउय-नाम-गोत्ते इमीसे ओसप्पिणीए दुसम-सुसमाए समाए बहु-विइक्कंताए तिहिं वासेहिं अद्धनवमेहिं मासेहिं सेसेहिं पावाए मज्झिमाए हत्थिवालगस्स रन्नो रज्जुगसभाए, एगे अबीए छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं साइणा नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं पच्चूस-काल-समयंसि संपलियंक-निसन्ने पणपन्नं अज्झयणाइं कल्लाण-फल-विवागाइं, पणपन्नं अज्झयणाइं पावफल-विवागाइं, छत्तीसं च अपुट्ठवागरणाइं वागरित्ता पहाणं नाम अज्झयणं विभावेमाणे विभावेमाणे कालगए,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विइक्कंते समुज्जाए छिन्न-जाइ-जरा-मरण-बंधणे, सिद्धे, बुद्धे, मुत्ते, अंतगडे, परिनिव्वुडे, सव्व-दुक्ख-प्पहीणे॥१४६॥

(१४६) उस काल के उस भाग में श्रमण भगवान महावीर जन्म के बाद तीस वर्ष तक गृहस्थ अवस्था में रहे। बारह वर्ष से कुछ अधिक समय तक छद्मस्थ अथवा सामान्य श्रमण अवस्था में रहे, और तीस वर्ष से कुछ कम समय तक केवलज्ञानी श्रमण अवस्था में रहे। गृहस्थावस्था के तीस और श्रमणावस्था के बयालीस मिलाकर उनकी पूर्ण आयु बहत्तर वर्ष की थी। यह आयु पूर्ण होने पर उनके सभी वेदनीय, आयुष्य, नाम और गोत्र कर्मों का क्षय हो गया। उस समय वर्तमान अवसर्पिणी का दुषम-सुषम नामक चौथा आरा बीत जाने में तीन वर्ष साढ़े आठ महीने बाकी थे। भगवान मध्यम पावा नगरी में हस्तिपाल राजा के लेखन-मण्डप रज्जुक सभा में निर्जल छट्ठभक्त-तप का पालन कर रहे थे। वे पद्मासन में बैठे थे और कल्याण फल विपाक के पचपन अध्ययन, पाप फल विपाक के पचपन अध्ययन तथा अपृष्ट व्याकरण (प्रश्न किये बिना समाधान) के छत्तीस अध्ययन पूर्ण करने के बाद प्रधान नामक अध्ययन का प्रतिपादन कर रहे थे। तभी चार घड़ी रात्रि शेष रहने (उषाकाल से पूर्व) पर स्वाति नक्षत्र का योग आने पर वे काल धर्म को प्राप्त हुए। पुनर्जन्म की शृंखला और जन्म-जरा-मरण के बंधनों को तोड़ वे सिद्ध-बुद्ध-मुक्त-अन्तकृत् हो गए। समस्त दुःखों से मुक्त होकर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

Age and Era

(146) During that period in that age, after his birth, Shraman Bhagavan Mahavir spent thirty years as a householder, twelve years in the illusory state (or as a common ascetic), and a little less than thirty years as an omniscient ascetic. Adding all these up, his total age comes to be seventy two years. At the end of this age all his Karmas responsible for pain, life span, social position and physical constitution were destroyed. At that moment the end of the fourth phase of the current six phase cycle of time, Dusham-Susham, was three years and eight and a half months away. Bhagavan was observing the Chhatthabhakta penance (two day fast) in the writing-hall of king Hastipal in the town of Madhyam Pava. He was sitting in the lotus posture and preaching the chapter titled Pradhan after completing fifty five chapters of Kalyan Phala Vipak, fifty five chapters of Papa Phala Vipak, and thirty six chapters of Aprishta Vyakaran. Just then, during tne last quarter of the night when the moon entered the fifteenth lunar mansion, the Swati, he left his earthly body. Terminating the chain of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

reincarnations and breaking the bonds of birth, decay and death he attained the state of ultimate perfection, enlightenment, liberation and absolute purity of soul. Getting free of all miseries he attained Nirvana.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स जाव सव्व-दुक्ख-पहीणस्स नव-वास-सयाइं विइक्कंताइं दसमस्स य वास-सयस्स अयं असीइमे संवच्छरे काले गच्छइ। वायणंतरे पुण अयं तेणउए संवच्छर-काले गच्छइ, इति दीसइ॥१४७॥

(१४७) जब श्रुत-परम्परा के बाद ये शास्त्र लिपिबद्ध हुए उस समय श्रमण भगवान महावीर का निर्वाण हुए नौ सौ वर्ष बीत चुके थे। सहस्राब्दि या दसवीं शताब्दि का अस्सीवाँ वर्ष चल रहा था अर्थात् उनके निर्वाण के बाद नौ सौ अस्सीवाँ वर्ष चल रहा था। (ऐसा लगता है कि इस समय के संबंध में मतांतर है। अन्य वाचना के अनुसार नौ सौ तिरानवेवाँ वर्ष चल रहा था।)

(147) Nine hundred years had passed since the Nirvana of Shraman Bhagavan Mahavir when the canonical literature was compiled in writing, after the long tradition of memorising them. It was the eightieth year of the following tenth century, which means that it was the 980th year after his Nirvana. (It appears that there is a difference of opinion about this period. Another school believes that it was the 993rd year.)

■■

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासे अरहा पुरिसादाणीए पंच विसाहे होत्था;

तं जहा–विसाहाहिं चुए, चइत्ता गब्भं वक्कंते १, विसाहाहिं जाए २, विसाहाहिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए ३, विसाहाहिं अणंते अणुत्तरे निव्वाघाए निरावरणे कसिणे पडिपुण्णे केवल-वर-नाण-दंसणे समुप्पन्ने ४, विसाहाहि परिनिव्वुए ५॥१४८॥

(१४८) काल के उस भाग में पुरुषादानीय (सर्वोत्कृष्ट, अनुकरणीय) अर्हत् पार्श्वनाथ के पाँच कल्याणक विशाखा नक्षत्र में हुए। वे सब इस प्रकार हैं–(१) देवलोक से प्रयाण कर गर्भ में आए, (२) जन्म हुआ, (३) गृहत्याग, मुंडन कर अणगार बने, (४) अनुत्तरादि केवलज्ञान दर्शन प्रकट हुए, और (५) निर्वाण हुआ।

PURUSHADANIYA ARHAT PARSHVANATH

(148) During that period in that age the five auspicious events in the life of Purushadaniya (supreme, exemplary) Arhat Parshvanath occurred when the moon was in the sixteenth (Vishakha) lunar mansion. These are—1. descent from the dimension of gods, 2. birth, 3. renunciation, 4. omniscience, and 5. nirvana.

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासे अरहा पुरिसादाणीए जे से गिम्हाणं पढमे मासे, पढमे पक्खे, चित्तबहुले, तस्स णं चित्त-बहुलस्स चउत्थी-पक्खेणं पाणयाओ कप्पाओ वीसं सागरोवम-ट्ठिइयाओ अणंतरं चयं, चइत्ता, इहेव जंबुद्दीवे दीवे भारहे वासे वाणारसीए नयरीए आससेणस्स रण्णो वामाए देवीए पुव्वरत्तावरत्त-काल-समयंसि विसाहाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आहार-वक्कंतीए भव-वक्कंतीए, सरीर-वक्कंतीए, कुच्छिंसि गब्भत्ताए वक्कंते॥१४९॥

(१४९) काल के उस भाग में गर्मी का पहला महीना और पहला पक्ष चल रहा था। चैत्र कृष्ण चतुर्थी के दिन बीस सागरोपम की आयु पूरी हो जाने पर, भावी अर्हत् पार्श्व के जीव ने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्राणत देवलोक से प्रयाण किया। वह मानवीय आहार, भव और शरीर प्राप्त कर जम्बूद्वीप के भारतवर्ष क्षेत्र की वाराणसी नगरी में मध्य रात्रि के समय विशाखा नक्षत्र का योग आने पर अश्वसेन राजा की रानी वामादेवी की कोख में अवतरित हुआ।

(149) During that time in that age, it was the first month and the first fortnight of the summer season. On the fourth day of the dark fortnight of the month of Chaitra, the soul that was to be Arhat Parshva descended from the Pranat Devlok (a specific dimension of gods). Transforming the state, constitution, and factors of sustenance from the divine to human realm, Lord Parshva was conceived by queen Vamadevi of king Ashvasen of Varanasi around midnight when the moon entered the sixteenth lunar mansion, the Vishakha.

विस्तार :

भगवान महावीर के समान ही भगवान पार्श्वनाथ का जीवनवृत्त भी कल्पसूत्र में संक्षेप में ही दिया है। अन्य ग्रन्थों में उनके पूर्व भवों का वर्णन विस्तार से मिलता है। पार्श्वनाथ की आत्मा के विकासक्रम का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

प्रथम भव : मरुभूति

पार्श्वनाथ के जीव ने आत्म-शुद्धि की दिशा प्राप्त की थी मरुभूति के रूप में। भरत-क्षेत्र के पोतनपुर नगर में विश्वभूति पुरोहित के घर जन्म लिया मरुभूति ने। उनके बड़े भाई का नाम कमठ था। ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते पिता की मृत्यु के बाद कमठ ही राज-पुरोहित पद का अधिकारी था, परन्तु उसके क्रूर, अभिमानी और व्यभिचारी होने के कारण मरुभूति को राज-पुरोहित का पद मिला। लम्पट कमठ मरुभूति की स्त्री वसुन्धरा पर आसक्त हो गया और उसे वासना जाल में फँसा लिया। कमठ की पत्नी को ज्ञात होने पर उसने पहले कमठ को समझाने की चेष्टा की और जब वह नहीं माना तो मरुभूति को सब कुछ बता दिया। मरुभूति ने चतुराई से इस बात की सत्यता का पता लगाया और राजा को सूचना दी। उसने कमठ को निर्वासित कर दिया। कमठ तापस बन गया और तप करने लगा। कुछ समय बाद मरुभूति उससे अपने द्वारा दिये गये कष्ट के लिये क्षमा माँगने गया। मरुभूति निश्छल हृदय से कमठ को नमन करने झुका तो कमठ ने उसके सिर पर एक भारी पत्थर से प्रहार किया और उसका प्राणान्त हो गया। (चित्र P-1/1)

द्वितीय भव : यूथपतिहस्ती

मरुभूति के जीव ने विंध्याचल के जंगलों में हाथी के रूप में जन्म लिया और अपने यूथ का स्वामी बना। उधर पोतनपुर नरेश संसार से विरक्त हो श्रमण बन गये और एक दिन विंध्याचल के जंगल में ध्यानमग्न हुए। यूथपति मुनिवर के निकट आया तो उसे जाति-स्मरण ज्ञान उत्पन्न हो गया। पूर्व जन्म के संस्कारों वश वह मुनि का भक्त बन गया। एक बार जब वन में आग लग गई तो वह गजराज प्राण बचाने के लिए एक

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरोवर में जा खड़ा हुआ। कमठ का जीव कुर्कुट जाति का साँप बन गया था। उसने सरोवर के बीच खड़े गजराज को देखा तो पूर्व-जन्म का वैर उसके मन में जाग उठा। उसने गजराज के मस्तक पर डंक मारकर सारा विष उसके शरीर में उँडेल दिया। गजराज ने समतापूर्वक विष की पीड़ा को सहन किया और शान्ति से शरीर छोड़ दिया। (चित्र P-1/2)

तृतीय भव : अष्टम देवलोक

मरुभूति के जीव ने तीसरे भव में आठवें सहस्रार नामक देवलोक में जन्म लिया।

चतुर्थ भव : राजकुमार किरणवेग

देवलोक से च्यव कर मरुभूति के जीव ने अपने चौथे भव में महाविदेह क्षेत्र के विद्याधर राजा के पुत्र किरणवेग के रूप में जन्म लिया। युवावस्था में क्रीड़ा करते समय सन्ध्या की लालिमा देख उसे सहसा वैराग्य उत्पन्न हो गया। मुनि अवस्था में वह पुष्करवर द्वीप के हिमशैल पर्वत पर ध्यानारूढ़ था उस समय कमठ का जीव नरक भोगकर पुनः एक बार सर्प बना और उसे डस गया। मुनि ने समतापूर्वक पीड़ा सहते हुए प्राण त्याग किया।

पंचम भव : अच्युतकल्प देवलोक

अपने पाँचवें भव में मरुभूति का जीव अच्युतकल्प में देवता के रूप में जन्मा।

षष्ठम भव : वज्रनाभ मुनि

मरुभूति का जीव छठे भव में पश्चिम महाविदेह क्षेत्र की शुभंकरा नगरी के राज वज्रवीर्य के पुत्र के रूप में जन्मा। उसका नाम वज्रनाभ था। क्षेमंकर तीर्थंकर का प्रवचन सुन वे श्रमण बन गये। एकदा जब वे ध्यानमग्न खड़े थे तो कमठ के जीव ने, जो इस जन्म में भील के रूप में जन्मा था, उन्हें वाण से बींध दिया। वज्रनाभ मुनि ने शुक्ल ध्यानपूर्वक देह त्याग दी।

सप्तम भव : मध्यम ग्रैवेयक देवलोक

अपने सातवें भव में मरुभूति का जीव मध्यम ग्रैवेयक देवलोक में देवरूप में जन्मा। कमठ का जीव सातवें नरक में गया।

अष्टम भव : सुवर्णबाहु चक्रवर्ती

आठवें भव में मरुभूति का जीव पूर्व महाविदेह के पुराणपुर नगर के राजा कुशलबाहु के घर में जन्मा। उसका नाम सुवर्णबाहु था और वह छह खण्डों को जीत चक्रवर्ती बना। समस्त ऐश्वर्य भोगने के पश्चात् उसे वैराग्य उत्पन्न हो गया और श्रमण बन उसने उग्र तपस्या की। इसी तपस्या काल में बीस स्थानक सेवन के फलस्वरूप उसने तीर्थंकर नाम-कर्म गोत्र-कर्म का बंधन किया। एक बार जब वह कायोत्सर्ग मुद्रा में ध्यानरत थे तब सिंह के रूप में जन्मे कमठ के जीव ने उन पर घातक आक्रमण किया। मुनि ने सारी पीड़ा सहन कर अत्यन्त विशुद्ध परिणामों के साथ आयुष्य पूर्ण की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



P 1 (१) क्षमा मांगते मरुभूति पर कमठ द्वारा पत्थर मारना (२) कुर्कुट सर्प द्वारा यूथपति हस्ती के मस्तक पर दंश।
(1) Kamath hitting bowing Marubhuti with stone (2) Kurkut serpant biting the king elephant on its head

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



P 2 पार्श्वकुमार द्वारा यवनराज विजय।
Victory over Yavan by Parshwa kumar

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नवम भव : दसवाँ देवलोक

अपने नवें भव में मरुभूति का जीव प्राणत देवलोक में देवरूप में जन्मा। कमठ का जीव नरक में गया।

दशम भव : तीर्थंकर पार्श्वनाथ

प्राणत देवलोक से च्यवन कर मरुभूति का जीव वाराणसी नगरी के अश्वसेन राजा की रानी वामादेवी की कोख में अवतरित हुआ।

Elaboration :

Like Bhagavan Mahavir, the story of the life of Bhagavan Parshvanath has also been mentioned in brief in the Kalpasutra. Other works mention it in greater detail. The sequence of the ascent of the soul that was to be Arhat Parshva, in brief, is as follows :

First Birth : Marubhuti

The soul that was to be Arhat Parshvanath was inspired to take the direction of purity in its birth as Marubhuti. He was born to the wife of Purohit Vishvabhuti living in Potanpur city in Bharat-kshetra. His elder brother was Kamath. As Kamath was cruel, conceited, and a debauch, in spite of being the elder son it was Marubhuti who succeeded his father on the post of Rajpurohit (the director of ritual ceremonies of the king and the state). Attracted towards the beautiful wife of Marubhuti, Vasundhara, Kamath seduced her. When Kamath's wife came to know about the affair, she tried to dissuade him in vain and told Marubhuti about it. Marubhuti made a secret enquiry and conveyed everything in detail to the king. The king exiled Kamath who then became a mendicant and started doing rigorous penances. When Tapas Kamath became famous, Marubhuti went to him to seek pardon for whatever distress he had caused. When marubhuti went near Kamath and bowed before him, Kamath hit him with a heavy stone. Marubhuti died on the spot. (Illustration P-1/1)

Second Birth : The King-elephant

The soul of Marubhuti was reborn as an elephant in the forests of Vindhyachal and became king of the herd. The king of Potanpur became detached and turned to an ascetic. One day when the ascetic was standing in meditation in the Vindhyachal area, the king-elephant came near him. The memory of his past life precipitated and he became a disciple of the ascetic. One day to save itself from a forest fire the elephant entered and stood in the middle of a pond. The being that was Kamath had taken birth as a serpant of the Kurkut species. When the serpant saw the elephant in the middle of the pond it recognized the elephant as its enemy from the last birth. Piercing the skin on the head of the elephant with its fangs, the serpant injected all its venom. The elephant equanimously tolerated the agony and died peacefully. (Illustration P-1/2)

Third Birth : Eighth Dimension of Gods

The being that was Marubhuti was then born as a god in the eighth dimension of gods, known as Sahasrar Devlok, in its third birth.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Fourth Birth : Prince Kiranveg

In its fourth birth the being that was Marubhuti, descending from the dimension of gods, was born as prince Kiranveg, the son of king Vidyadhar in the area of Mahavideh. Admiring the crimson horizon one evening during his youthful activities, he suddenly had a feeling of detachment from mundane things. He became an ascetic and went to Himshail mountain in Pushkarvar island for meditation. The being that was Kamath once again took birth as a snake after suffering a life time in hell. It bit the meditating ascetic who tolerated the agony equanimously before breathing his last.

Fifth Birth : Achyutkalpa Devlok

In his fifth birth the being that was Marubhuti took birth as a god in the Achyutkalpa dimension of gods.

Sixth Birth : Vajranabh

In its sixth birth the being that was Marubhuti took birth as the son of king Vajravirya of Shubhankara city in Mahavideh area. His name was Vajranabh. After listening to the discourse of Tirthankar Kshemankar he became a Shraman. One day while he was standing in meditation, the being that was Kamath, who was born as an aborigine in the Bhil clan, shot him with an arrow. Ascetic Vajranabh rose into the state of purest meditation before his death.

Seventh Birth : Madhyam Graiveyak Devlok

The being that was Marubhuti was born as a god in the Madhyam Graiveyak dimension of gods and the being that was Kamath went to the seventh hell.

Eighth Birth : Suvarnabahu Chakravarti

In its eighth birth the being that was Marubhuti took birth as the son of king Kushalbahu of Puranapur town in East Mahavideh. His name was Suvarnabahu, and conquering the six continents, he became a Chakravarti. After enjoying all the grandeur of the state he got detached. He became a Shraman and did harsh penance. During this period of spiritual practices he earned the Tirthankar Nama-karma gotra-karma as a result of the twenty link chain of practices known as Bis Sthanak. Once when he was standing in meditation the being that was Kamath, born as a lion in this birth, fatally mauled him. The ascetic tolerated all the pain equanimously and maintained a pure attitude till his death.

Ninth Birth : Tenth Dimension of Gods

The being that was Marubhuti in its ninth birth was born as a god in the tenth dimension of gods. The being that was Kamath went to hell.

Tenth Birth : Tirthankar Parshvanath

Descending from the Pranat dimension of the gods, the being that was Marubhuti came into the womb of queen Vamadevi of king Ashvasen of Varanasi.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पासे णं अरहा पुरिसादाणीए तिण्णाणोवगए यावि होत्था–चइस्सामि त्ति जाणइ, चयमाणे न जाणइ, चुएमि त्ति जाणइ। तेणं चेव अभिलावेणं सुविण-दंसण-विहाणेणं सव्वं जाव नियगं गिहं अणुप्पविट्ठा जाव सुहं सुहेणं तं गब्भं परिवहइ॥१५०॥

(१५०) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्व तीन ज्ञान (मति, श्रुत, अवधि) संपन्न थे। इस घटना से लेकर माता के गर्भ को सुखपूर्वक धारण-पालन करने की घटना तक का सारा वर्णन श्रमण भगवान महावीर से संबंधित प्रकरण के समान ही है। (गाथा ३३ से ९२)

(150) Purushadaniya Arhat Parshvanath was endowed with three levels of knowledge—sensory perception, literal or scriptural knowledge, and extra sensory perception (of physical dimension). All other details from this moment to the moment before birth are the same as those mentioned in context with Shraman Bhagavan Mahavir (para 33 to 92 except for specific incidents like Mahavir's stillness in the womb.)

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासे अरहा पुरिसादाणीए जे से हेमंताणं दोच्चे मासे, तच्चे पक्खे, पोस-बहुलस्स दसमी पक्खेणं नवण्हं मासाणं बहु-पडिपुण्णाणं अद्धट्ठमाणं राइंदियाणं विइक्कंताणं पुव्वरत्तावरत्त-काल-समयंसि विसाहाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आरोग्गा आरोग्गं दारयं पयाया।

जं रयणिं च णं पासे अरहा पुरीसादाणीए जाए, तं रयणिं च णं बहूहिं देवेहिं देवीहिं य जाव उप्पिंजलगमाणभूया कहकहगभूया यावि होत्था, सेसं तहेव, नवरं जम्मणं सव्वं पासाभिलावेण भाणियव्वं, जाव तं होउ णं कुमारे पासे नामेणं॥१५१॥

(१५१) उस काल के उस भाग में जब सर्दी का दूसरा महीना और तीसरा पक्ष चल रहा था; पौष कृष्ण दशमी के दिन गर्भ धारण को नौ महीने और साढ़े सात अहोरात्र बीत चुके थे। तब मध्यरात्रि के समय विशाखा नक्षत्र का योग आने पर स्वस्थ माता ने सुखपूर्वक पुत्र-रत्न को जन्म दिया। जिस रात पुरुषादानीय पार्श्वनाथ का जन्म हुआ उस घटना से नामकरण हो जाने की घटना तक का सारा वर्णन श्रमण भगवान महावीर से संबंधित प्रकरण के समान ही है। (गाथा ९४ से १०३)

(151) At that time during that period it was the second month and the third fortnight of the winter season. Nine months and seven and a half days had passed since conception. On the tenth day of the dark half of the month of Paush, at midnight when the moon entered its sixteenth lunar mansion,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

the healthy mother gave birth to a son normally. From this moment till the naming ceremony, all details are similar to those mentioned in paras relating to Shraman Bhagavan Mahavir, save the name. (para 94 to 103)

विस्तार :

अन्य ग्रन्थों में उपलब्ध भगवान पार्श्वनाथ के जीवन चरित्र में से उनकी युवावस्था की दो घटनाएँ विशेष उल्लेखनीय हैं :

(१) यवनराज विजय–पार्श्वकुमार अपूर्व सौन्दर्य और मेधा के धनी थे तथा उनकी प्रसिद्धि दूर-दूर तक फैल गई थी। कुशस्थलपुर के राजा प्रसेनजित् की पुत्री प्रभावती ने मन ही मन पार्श्वकुमार का वरण कर लिया। इससे पहले कि विवाह का प्रस्ताव वाराणसी जाता, कलिंग नरेश यवनराज जो प्रभावती पर आसक्त था, ने कुशस्थलपुर को घेर लिया और संदेश भेजा कि या तो प्रभावती को दे दिया जाये अन्यथा युद्ध में पराजय का मुँह देखना पड़ेगा। प्रसेनजित् यवनराज की शक्ति से परिचित था। उसने सहायता के लिए वाराणसी दूत भेजा। महाराज अश्वसेन यवनराज के दुराग्रह पर क्रुद्ध हुए और अपनी सेना को प्रयाण का आदेश दिया। पार्श्वकुमार ने अपने पिता से प्रार्थना की कि इस युद्ध का संचालन उन्हें करने दिया जाय। अश्वसेन पार्श्वकुमार की अपार शक्ति और रण-चातुर्य से परिचित थे अतः निस्संकोच सहमति दे दी।

युद्ध के लिए तत्पर पार्श्वकुमार प्रयाण करते, इससे पूर्व ही देवेन्द्र ने अपना दिव्य-रथ उनके पास भेजा जो गगनगामी था। पार्श्वकुमार ने प्रयाण से पूर्व एक दूत यवनराज के पास भेजा और संदेश कहलवाया कि प्रसेनजित् अब अश्वसेन के शरणागत हैं, अतः कुशस्थलपुर का घेरा हटा लिया जाय अन्यथा उन्हें वाराणसी की विशाल सेना और पार्श्वकुमार की दिव्य शक्तियों का सामना करना पड़ेगा। यवनराज व उनके युवा दरबारी उत्तेजित हो गये किन्तु उनके वृद्ध मंत्री ने समझाया कि पार्श्वकुमार की सेवा में स्वयं इन्द्रदेव रहते हैं। उनके पास दिव्य शक्तियाँ ही नहीं, इन्द्रदेव का आकाशगामी रथ भी है। उनसे युद्ध करना पराजय का वरण करने के समान है। यवनराज वृद्ध मंत्री की बात से प्रभावित हुए और पार्श्वकुमार के सामने समर्पण कर दिया। (चित्र P-2)

राजा प्रसेनजित् ने पार्श्वकुमार से प्रभावती के विवाह का प्रस्ताव किया किन्तु वे असमर्थता प्रकट कर लौट आये। राजा अश्वसेन ने बाद में बहुत आग्रह कर उनका विवाह प्रभावती से कर दिया।

(२) नाग का उद्धार–एक दिन पार्श्वकुमार अपने महल के झरोखे से नगर निरीक्षण कर रहे थे। झुंड के झुंड नर-नारी पूजा सामग्री लिए एक ओर जाते देख उन्होंने कौतूहलवश सेवकों से पूछा कि उस दिन कोई महोत्सव तो नहीं है ? सेवकों ने उन्हें बताया कि नगर के बाहर कमठ नामक कोई तापस पंचाग्नि तप कर रहा है। उस उग्र तपस्वी के दर्शन हेतु भेंट सामग्री सहित नगरवासी जा रहे हैं। पार्श्वकुमार भी उत्सुकतावश सेवकों सहित तापस को देखने चले। पार्श्वकुमार जन्म से ही तीन ज्ञान के धारक थे। उन्होंने तापस के विषय में तत्काल संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ली। तापस वही कमठ था जिसका उनसे अनेक भवों से वैर संबंध चला आ रहा था। वह नरक की आयुष्य पूरी कर एक दीन-हीन कुल में जन्मा था। भूख और अभाव से पीड़ित हो तापस बन गया था और अज्ञानवश उग्र तप कर लोगों को प्रभावित कर रहा था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



P 3 कमठ के अग्नि कुण्ड से सर्प युगल की रक्षा और उनका धरणेन्द्र-पद्मावती वनना।
Saving the pair of serpants from the fire of kamath and their reincarnation as Dharnendra—Padmavati

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



P 4 मेघमाली (कमठासुर) द्वारा उपसर्ग और धरणेन्द्र-पद्मावती का प्रकट होना।
The afflictions by Meghmali and appearance of Dharnendra-Padmavati

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तापस के निकट पहुँचकर पार्श्वकुमार ने देखा कि उसके चारों ओर लकड़ी के बड़े-बड़े लट्ठे जल रहे थे। उनमें से एक के भीतर एक सर्प भी अग्नि के तीव्र ताप से तड़प रहा था और आग में जलने को ही था। करुणा से द्रवित पार्श्वकुमार ने तापस से कहा, "पंचेन्द्रिय जीवों को आग में होम कर आप कैसे आत्म-कल्याण की अपेक्षा कर रहे हैं?" तापस ने उत्तेजित हो उत्तर दिया, "कुमार! अभी तुम बालक हो। अपनी राजसी क्रीड़ाएँ करो। धर्म के विषय में तुम नहीं, हम तापस ही समझते हैं। तुम क्या जानो कि मेरी पंचाग्नि में कोई जीव जल रहा है?" पार्श्वकुमार के बहुत समझाने पर कि उस लक्कड़ में सर्प जल रहा है, तापस नहीं माना। तब उन्होंने अपने सेवक द्वारा लक्कड़ को अलग कर उसे चिरवाया। अधजला सर्प ताप पीड़ा से तिलमिलाता धरती पर आ पड़ा। उसका अन्त समय निकट जान पार्श्वकुमार ने उन्हें अज्ञानी तापस पर क्रोध न करने और समतापूर्वक देह त्याग का उपदेश दिया और नवकार मंत्र सुनाया। नवकार मंत्र● सुनते हुए समाधिमरण के फलस्वरूप उस सर्प ने नागकुमार जाति के देवों के इन्द्र के रूप में जन्म लिया।

तापस क्रोधावेश में बदले की भावना पालने लगा और मृत्यु के बाद मेघमाली देव बना। (चित्र P-3)

Elaboration :

Out of various incidents about Arhat Parshva's life in other works, two incidents of his youth are worth mentioning :

(1) *Defeat of Yavan*—Prince Parshva was extraordinarily handsome and talented and he became widely famous. Princes Prabhavati, daughter of king Prasenjit of Kushasthalpur, determined to become his wife. Before a proposal for marriage could be sent to Varanasi, Yavan, the king of Kalinga, who was infatuated with the beauty of Prabhavati, surrounded Kushasthalpur. He sent a message to the king to send Prabhavati or face defeat in the battle. Prasenjit was aware of the power of Yavan. He sent a massanger to Varanasi for help. King Ashvasen got irritated at the misconduct of Yavan and ordered his army to march. Prince Parshva requested his father to let him command the army in this battle. Ashvasen was well aware of the prowess and ability of Parshva. He accepted Parshva's proposal without any hesitation.

Before the prince started for the battlefield the king of gods sent a divine and air worthy chariot for Parshva. Prior to giving the armies the command to march, Parshva sent a massage to Yavan that now Prasenjit was under the protection of king Ashvasen, and as such he should discontinue the siege of Kushasthalpur or face the great army of Varanasi and divine powers of Parshva. Although the youthful Yavan and some of his young ministers were provoked, a senior minister informed him that the king of gods himself sided Parshva. He not only had divine powers but also the flying chariot of Indra. To fight him was to embrace defeat. Yavan accepted the advice of the senior minister and surrendered to prince Parshva without a fight. (Illustration P-2)

King Prasenjit offered the hand of Prabhavati to Parshva who excused himself and returned. Later on, king Ashvasen persuaded him and got him married to Prabhavati.

● त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र आदि में एक महानाग का उल्लेख है जबकि उत्तर-पुराण में नाग युगल का। चित्र पहले नाग युगल के वर्णन अनुसार बन चुका है। अतः पाठक उचित संशोधन कर लेवें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(2) *Saving the Serpent-couple*—One day prince Parshva was having a view of the town from the balcony of his palace. When he saw groups of men and women carrying items for worship passing by, he asked out of curiosity if it was some day of religious ceremonies. His attendants informed him that some mendicant named Kamath is doing a harsh penance named Panchagni Tap. The citizens are going to pay homage to him with all these presents. Prince Parshva also went to behold this strange scene. As he was endowed with three levels of knowledge since birth, Parshva percieved everything worth knowing about this person at once. This was the same being that had been nurturing an intense feeling of vengeance for him for many births. After completing his age in the hell he was born in a poor family. Driven by hunger and poverty he had become a mendicant and was influencing the ignorant masses with his harsh penances.

When prince Parshva came near the mendicant he saw that some logs of wood were burning all around him. Inside one of the logs was a serpent, writhing in pain due to the intense heat of the burning flames. Moved by compassion the prince said to the mendicant, "Burning a five sensed being in fire, what sort of self improvement are you striving for?" The mendicant replied angrily. "Prince! You are a child; go and enjoy your princely games. It is mendicants like me who know about religion, not you. How can you claim that some being is burning in the fire around me?" All the efforts to persuade him that a serpent was burning in the fire went in vain. Parshva then ordered his attendents to draw the specific log aside and split it. As the attendents did that, a serpent, partially scorched, fell on the ground writhing in pain. Realizing that it was about to die, prince Parshva preached to it saying that it should not be annoyed with the ignorant mendicant and should remain equanimous during the last moments of its life. He also recited the Namokar Mantra. As a result of equanimous thoughts and hearing the Namokar Mantra, after death it was born as king of the gods of the Nagakumar clan (Dharanendra).

The mendicant was angry and kept on adding more fuel to the fire of vengeance. After death he took birth as god Meghamali.• (Illustration P-3)

पासे णं अरहा पुरिसादाणीए दक्खे दक्खपइन्ने पडिरूवे अल्लीणे भद्दए विणीए तीसं वासाइं अगारवास-मज्जे वसित्ताणं पुणरवि लोगंतिएहिं जियकप्पिएहिं देवेहिं ताहिं इट्ठाहिं, जाव एवं वयासी–'जय जय नंदा! जय जय भद्दा! भद्दं ते जाव जय जय सद्दं पउंज्जंति ॥१५२ ॥

(१५२) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ दक्ष थे, दक्ष प्रतिज्ञ थे, अनुपम रूपवान थे, आत्मा में लीन थे, स्वभाव से सरल और विनयवान थे। वे तीस वर्ष तक गृहास्थाश्रम में रहे। उसके बाद परम्परा के अनुसार लोक के अन्त में रहने वाले देवताओं ने आकर इष्ट व आनन्ददायक

• In the Uttar-purana their is a mention of a serpent, whereas Trishashtishalaka Purush Charitra mentions of a giant serpent. The illustration has been made according to Uttar-purana. Readers may view accordingly.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गंभीर वाणी में कहा, "हे नन्द! जय जय हो। हे भद्र! जय जय हो। आपका कल्याण हो। आप धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करें।"

(152) Purushadaniya Arhat Parshvanath was a genius, he was veracious, absolutely introspective, simple, humble and extraordinarily handsome. For thirty years he lived as a householder. After this, following the tradition, the gods from the edge of the universe appeared and said in pleasant and serene tone, "Victory be to you, O source of joy! May you be victorious, O noble one! May all go well with you. Please establish the ford of religion."

दीक्षा ग्रहण

पुव्विं पि णं पासस्स अरहओ पुरिसादाणीयस्स माणुस्सगाओ गिहत्थधम्माओ अणुत्तरे आहोहियए, तं चेव सव्वं जाव दायं दाइयाणं परिभाएत्ता, जे से हेमंताणं दोच्चे मासे, तच्चे पक्खे, पोस-बहुले, तस्स णं पोस-बहुलस्स एकारसी-दिवसेणं पुव्वण्ह-काल-समयंसि विसालाए सिवियाए सदेव-मणुयासुराए परिसाए; तं चेव सव्वं, नवरं वाणारसिं नयरिं मझं मज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता, जेणेव आसम-पए उज्जाणे, जेणेव असोग-वर-पायवे, तेणेव उवागच्छइ तेणेव उवागच्छित्ता असोग-वर-पायवस्स अहे सीयं ठावेइ, ठावित्ता सीयाओ पच्चोरुहइ, सीयाओ पच्चोरुहित्ता सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, ओमुइत्ता सयमेव पंच-मुट्ठियं लोयं करेइ, पंच-मुट्ठियं लोयं करित्ता अट्ठमेणं भत्तेणं अपाणएणं विसाहाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं एगं देवदूसमादाय तिहिं पुरिससएहिं सद्धिं मुंडे भवित्ता आगाराओ अणगारियं पव्वइए॥१५३॥

(१५३) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्व मनुष्य जन्म के गृहस्थाश्रम में प्रवेश करने से पहले भी अनुत्तरादि ज्ञान-दर्शन के धारक थे। उनके अभिनिष्क्रमण की घटना का विस्तृत वर्णन श्रमण भगवान महावीर के चरित्र में दिये वर्णन के समान ही है। केवल समय और स्थान इस प्रकार हैं–उस समय शीत ऋतु का दूसरा महीना और तीसरा पक्ष चल रहा था। पौष कृष्ण एकादशी के दिन पूर्वाह्न में विशाला नामक पालकी में बैठ वाराणसी नगरी के बीच से निकलते हुए वे आश्रमपद नामक उद्यान में गये और अशोक वृक्ष के नीचे तीन सौ पुरुषों के साथ अनगार बने।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Renunciation

(153) Even before he became a householder, Purushadaniya Arhat Parshva, possessed unique and unimpeded extra sensory knowledge and perception. The detailed description of the incident of his renunciation is similar to that of Shraman Bhagavan Mahavir, only the time and place are as follows—It was the second month and the third fortnight of the winter season. On the eleventh day of the dark half of the month of Paush at forenoon, sitting in the palanquin named Vishala and passing through the city of Varanasi, he went to a garden named Ashrampad and became an ascetic under a Ashoka tree along with three hundred persons.

पासे णं अरहा पुरिसादाणीए तेसीइं राइंदियाइं निच्चं वोसट्ठकाए चियत्त-देहे, जे केइ उवसग्गा उप्पज्जंति, तं जहा–दिव्वा वा, माणुस्सा वा, तिरिक्ख-जोणिया वा, अणुलोमा वा, पडिलोमा वा ते उप्पन्ने सम्मं सहइ, तितिक्खई, खमइ, अहियासेइ ॥१५४॥

(१५४) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्व तिरासी दिनों तक शरीर की ओर से पूरी तरह उदासीन रहे; इतने अनासक्त मानो शरीर का त्याग ही कर दिया हो। छद्मस्थ काल में देवता, मनुष्य अथवा तिर्यंच जाति द्वारा किए गये जो भी अनुकूल या प्रतिकूल उपसर्ग उन्हें मिले उनको निर्भय होकर भली-भाँति सहन किया। ऐसे में उन्होंने अपना सामर्थ्य, धैर्य और संतुलन बनाये रखा।

(154) For eighty three days after his renunciation, Purushadaniya Arhat Parshva completely neglected his body. He remained so detached from his body and its needs that it appeared as if he had abandoned it. During this period he tolerated all the painful as well as pleasent afflictions caused by gods, man, or animals without any fear. He did not lose his capacity, patience, and poise during these afflictions.

विस्तार :

अर्हत् पार्श्व का साधना काल केवल ८३ दिन का था। इस बीच उन्होंने जो परिषह सहे उनमें उल्लेखनीय है :

मेघमाली का उपसर्ग

एक दिन अर्हत् पार्श्व किसी गाँव के पास तापसों के एक आश्रम में वट-वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ खड़े थे। मेघमाली देव, जो कमठ के जीव का पुनर्जन्म था, को अपने विभंगज्ञान द्वारा यह जानकारी मिली। पूर्व जन्म का वैर जाग्रत हुआ और मेघमाली उस स्थान पर आया जहाँ पार्श्व ध्यान में खड़े थे। मेघमाली ने वेताल का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रूप धारण किया और तीव्र अट्टहास कर अर्हत् पार्श्व का ध्यान भंग करने का प्रयत्न किया। जब वे विचलित नहीं हुए तो उसने हाथी, सिंह, भालू, साँप, बिच्छू आदि अनेक प्रकार के जीवों का रूप धर उन्हें प्रचुर पीड़ा दी। पार्श्वनाथ समतापूर्वक इन सभी परिषहों को सहते रहे। मेघमाली का क्रोध अपने चरम पर पहुँच गया। अब उसने आकाश में गहरे काले बादल उत्पन्न किए। घनघोर घटाओं से समस्त आकाश मण्डल आच्छादित हो गया। बिजलियाँ चमकने लगीं और भयावह गड़गड़ाहट के साथ मूसलाधार वर्षा होने लगी। मेघमाली ने इतना पानी बरसाया कि जल प्लावन हो गया। अर्हत् पार्श्व उस घोर वृष्टि की मार को मेरु के समान अचल रहकर सह गये। जल स्तर निरन्तर बढ़ता गया और पार्श्वनाथ के नासिकाग्र तक जा पहुँचा। वे फिर भी अविचल ध्यानमग्न खड़े रहे। परिषह के इस चरम बिन्दु पर धरणेन्द्र का आसन डोल गया। उन्होंने अपने अवधिज्ञान से सारी घटना को जान लिया और पद्मावती सहित वहाँ आ पहुँचे। एक ने प्रभु के नीचे आसन बनाया और दूसरे ने फनों से प्रभु के ऊपर छत्र बनाया। धरणेन्द्र ने मेघमाली को ताड़ना दी और उसने पार्श्वनाथ के चरणों में गिर क्षमा-याचना की। (चित्र P-4)

Elaboration :

The period of spiritual practices of Arhat Parshva lasted only for eighty three days. Of the afflictions he faced during this period, the one caused by Meghmali needs mention here:

Affliction of Meghmali

One day Arhat Parshva was standing in meditation under a banyan tree in an Ashram outside a village. The deity Meghmali, the Kamath of earlier birth, through his divine partial perception became aware of this. Driven by the animosity of earlier births, Meghmali arrived at the spot where Parshvanath was standing in meditation. He took the form of a ghost and tried to disturb Parshvanath with his extremely loud and fearsome laughter. When Parshva remained unmoved, Meghmali inflicted pain on him by attacking in the form of various animals. Parshva tolerated all these afflictions with equanimity. Meghmali's anger reached its peak. Now he created dark and dense clouds in the skys. The sky was completely covered by dark rain-bearing clouds. With fearsome rumbling and thunder and lightening it started raining heavily. Meghmali caused so much rain that it flooded the whole area. Arhat Parshva tolerated the torment of this torrential rain like the Meru Mountain. The water level rose and it reached the tip of Parshvanath's nose. He was still unmoved in his meditation. At this peak of the affliction, the throne of god Dharanendra trembled. He came to know about the incident through his divine powers and reached the spot with Padmavati. One of these snake-gods created a platform under the feet of Parshvanath and the other a canopy of its multiple hoods over his head. Dharanendra admonished Meghmali who then fell at the feet of Parshvanath and sought his forgiveness. (Illustration P-4)

तए णं से पासे भगवं अणगारे जाए, इरियासमिए जाव अप्पाणं भावेमाणस्स तेसीइं राइंदियाइं विइक्कंताए चउरासी-इमस्स राइंदियस्स अंतरा वट्टमाणस्स जे से गिम्हाणं पढमे मासे, पढमे पक्खे, चित्तबहुले, तस्स णं चित्त-बहुलस्स चउत्थी पक्खेणं, पुव्वण्ह-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

काल-समयंसि धायइ-पायवस्स अहे छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं विसाहाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं झाणंतरियाए वट्टमाणस्स अणंते अणुत्तरे निव्वाघाए निरावरणे जाव केवल-वर-नाण-दंसणे समुप्पन्ने, जाव जाणमाणे पासमाणे विहरइ॥१५५॥

(१५५) भगवान पार्श्व के अनगार बनने के बाद ईर्यासमिति, सत्य, संयम, तपादि गुणों से आत्मा को परिपूर्ण कर साधना करते हुए तिरासी दिन बीत गये थे और चौरासीवाँ दिन चल रहा था। वह गर्मी का पहला महीना और पहला पक्ष था। चैत्र कृष्ण चतुर्थी के दिन पूर्वाह्न के समय आँवले के पेड़ के नीचे वे छट्ठभक्त (बेला) तप का पालन करते हुए ध्यानमग्न थे। तब विशाखा नक्षत्र का योग आने पर उन्हें अनन्त, अनुत्तर, निरावरण, श्रेष्ठ केवलज्ञान और केवल दर्शन उत्पन्न हुए। वे सभी कुछ जानते-देखते विचरण करने लगे।

(155) After becoming an ascetic, Arhat Parshvanath spent eighty three days purifying his soul with sagacious conduct, truth, discipline, penance etc. (as detailed in para 120). It was the eighty fourth day. It was the first month and the first fortnight of the summer season. On the fourth day of the dark half of the month of Chaitra at forenoon Parshvanath was observing a two day fast and sitting in meditation under an emblic tree. At that time, when the moon entered the sixteenth lunar mansion–the Vishakha–he attained the infinite (etc. as in para 120) Kewal Jnana and Kewal Darshan. Seeing and knowing everything he started moving around.

अर्हत् पार्श्व की शिष्य-संपदा

पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स अट्ठ गणा, अट्ठ गणहरा होत्था, तं जहा–

सुंभे य अज्जघोसे य, वसिट्ठे बंभयारि य।

सोमे सिरिहरे चेव, वीरभद्दे जसे वि य ॥१५६॥

(१५६) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ के आठ गण और आठ गणधर थे। उनके नाम हैं– शुम्भ, आर्यघोष, वसिष्ठ, ब्रह्मचारी, सोम, श्रीधर, वीरभद्र और यश।

Disciples of Arhat Parshva

(156) Purushadaniya Arhat Parshvanath had eight groups of disciples (Gana) and eight chief disciples and group leaders. There names are Shumbh, Aryaghosh, Vasishtha, Brahmachari, Som, Shridhar, Virbhadra, and Yash.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स अज्जदिन्न-पामोक्खाओ सोलस-समण-साहस्सीओ उक्कोसिया समण-संपया होत्था। पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स पुप्फचूलापामोक्खाओ अट्ठ-तीसं अज्जिया-साहस्सीओ उक्कोसिया अज्जिया-संपया होत्था। पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स सुव्वय-सुनंद-पामोक्खाणं समणोवासगाणं एगा सय-साहस्सी चउसट्ठिं च सहस्सा उक्कोसिया समणोवासग-संपया होत्था। पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स सुनंदा-पामोक्खाणं समणोवासियाणं तिन्नि सय-साहस्सीओ सत्तावीसं च सहस्सा उक्कोसिया समणोवासियाणं संपया होत्था। पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स अद्धुट्ठ-सया चोद्दसपुव्वीणं अजिणाणं जिण-संकासाणं सव्वक्खर-सन्निवाइणं जाव चोद्दसपुव्वीणं संपया होत्था। पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स चोद्दस-सया ओहिनाणीणं, दस सया केवलनाणीणं, एक्कारस-सया वेउव्वियाणं, अद्धट्ठमसया विउलमईणं, छस्सया रिउमईणं, छस्सया वाईणं, दस-समण-सया सिद्धा, वीसं अज्जिया-सया सिद्धा, बारस-सया अणुत्तरोववाइयाणं संपदा होत्था॥१५७॥

(१५७) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ के शिष्य समुदाय में सोलह हजार श्रमण थे जिनके प्रमुख आर्य दिन्न थे, श्रमणियों की संख्या अड़तीस हजार थी और उनकी प्रमुख आर्या पुष्पचूला थीं, श्रमणोपासकों या श्रावकों की संख्या एक लाख चौसठ हजार थी और उनके प्रमुख सुव्रत थे, श्राविकाओं की संख्या तीन लाख सत्ताइस हजार थी और उनकी प्रमुख सुनन्दा थीं। उनके संघ में साढ़े तीन सौ श्रमण चौदह पूर्वधर थे, चौदह सौ अवधिज्ञानी, एक हजार केवलज्ञानी, ग्यारह सौ वैक्रिय लब्धिधारी, साढ़े सात सौ विपुलमति मनःपर्यव ज्ञानी, छह सौ ऋजुमति मनःपर्यव ज्ञानी और छह सौ वादी थे। उनके शिष्यों में बारह सौ अनुत्तरोपपातिक श्रमण भी थे। इस शिष्य समुदाय में से एक हजार श्रमण तथा दो हजार श्रमणियों ने सिद्ध पद प्राप्त किया।

(157) In the mass of his disciples were sixteen thousand male ascetics headed by Arya Dinna, thirty eight thousand female ascetics headed by Arya Pushpachula, one hundred sixty four thousand male members of the laity headed by Suvrat, and three hundred twenty seven thousand female members of the laity headed by Sunanda. Among his ascetic disciples were three hundred fifty Chaudah-purvadhars, one thousand four hundred Avadhi Jnanis, one thousand Kewal Jnanis, one thousand one hundred

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Vaikriya Labdhidharis, seven hundred fifty major Manahparyava Jnanis, six hundred minor Manahparyava Jnanis and six hundred Vadis. These also included one thousand Anutaropapatik ascetics. Of all these disciples, one thousand male and two thousand female ascetics got liberated. (definitions of the titles as in para 133-144)

पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणीयस्स दुविहा अंतकड-भूमी होत्था, तं जहा—जुयंत-कड-भूमी य, परियायंतकड-भूमी य, जाव चउत्थाओ पुरिसजुगाओ जुयंतकड-भूमी तिवास परियाए अंतमकासी ॥१५८॥

(१५८) पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ के कैवल्य के तीन वर्ष बाद प्रथम भव्य आत्मा मोक्ष गई और मोक्ष-गमन का यह क्रम उनके निर्वाण के पश्चात् चौथे पट्टधर तक चला। यह उनकी युगान्तकृत् तथा पर्यायान्तकृत् नामक अन्तकृत् भूमि कही जाती है।

(158) It was after three years of his attaining omniscience that the first deserving soul was liberated. This sequence of liberation continued till the forth generation of his chief disciples after his Nirvana. These are known as the Yugantakrit and Paryayantakrit brackets of time of Arhat Parshvanath. (explained in para 145)

अर्हत् पार्श्व का निर्वाण

तेणं कालेणं तेणं समएणं पासे अरहा पुरिसादाणीए तीसं वासाइं अगारवास-मज्झे वसित्ता, तेसीइं राइंदियाइं छउमत्थ-परियायं पाउणित्ता, देसूणाइं सत्तरि-वासाइं केवलि-परियायं पाउणित्ता, बहु-पडिपुण्णाइं सत्तरि-वासाइं सामन्न-परियायं पाउणित्ता, एक्कं वास-सयं सव्वाउयं पालइत्ता, खीणे वेयणिज्जाउयनाम-गोत्ते इमीसे ओसप्पिणीए दुसम-सुसमाए समाए बहु-विइक्कंताए जे से वासाणं पढमे मासे, दोच्चे पक्खे, सावण-सुद्धे, तस्स णं सावण-सुद्धस्स अट्ठमी पक्खेणं उप्पिं सम्मेय-सेल-सिहरंसि अप्प-चोत्तीसइमे मासिएणं भत्तेणं अपाणएणं विसाहाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं पुव्वण्हकाल-समयंसि वग्घारिय-पाणी काल-गए जाव सव्व-दुक्ख-पहीणे ॥१५९॥

(१५९) उस काल के उस भाग में पुरुषादानीय अर्हत् पार्श्वनाथ तीस वर्ष तक गृहस्थाश्रम में रहे, तिरासी दिन छद्मस्थ अर्थात् सामान्य श्रमण, और सत्तर वर्ष से कुछ कम समय तक केवलज्ञानी श्रमण अवस्था में रहे। इस प्रकार तीस वर्ष गृहस्थ और सत्तर वर्ष श्रमण रहकर एक सौ वर्ष की आयु पूर्ण होने पर उनके वेदनीय, आयु, नाम तथा गोत्र कर्मों का क्षय हो

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गया। उस समय वर्तमान अवसर्पिणी के दुषम-सुषम नामक चौथे आरे का अधिकतर भाग बीत चुका था। वर्षा ऋतु का प्रथम महीना और दूसरा पक्ष चल रहा था। श्रावण शुक्ल अष्टमी के दिन सम्मेतशिखर पर अन्य तेतीस श्रमणों के साथ वे जल-रहित मासिक-भक्त तप का पालन करते हुए कायोत्सर्ग मुद्रा में दोनों हाथ लम्बे किये ध्यानमग्न थे। पूर्वाह्न के समय विशाखा नक्षत्र का योग आने पर वे कालधर्म को प्राप्त हुए। समस्त दुःखों को नष्ट कर परिनिर्वाण को प्राप्त हुए।

Nirvana of Arhat Parshva

(159) During that period in that age, after his birth Purushadaniya Arhat Parshva spent thirty years as a householder, eighty three years in illusory state or as a common ascetic, and a little less than seventy years as an omniscient ascetic. At the end of this one hundred year period all his karmas responsible for pain, life span, social position, and physical constitution were destroyed. At that moment major portion of the fourth phase of the current six phase cycle of time, Dusham-Susham, had elapsed. It was the first month and the second fortnight of the monsoon season. On the eighth day of the bright half of the month of Shravan he was doing the one month fast and was sitting in meditation with thirty three other ascetics on the Sammet Shikhar hill. In the forenoon, when the moon entered the sixteenth lunar mansion—Vishakha—he breathed his last. Destroying all sorrows he attained Nirvana.

पासस्स णं अरहओ पुरिसादाणियस्स, कालगयस्स जाव सव्व-दुक्ख-पहीणस्स दुवालस-वास-सयाइं विइक्कंताइं तेरसमस्स य वास-सयस्स अयं तीसइमे संवच्छरकाल गच्छइ ॥१६०॥

(१६०) आगमों के लिपिबद्ध होने के समय अर्हत् पार्श्व का निर्वाण हुए बारह सौ वर्ष बीत चुके थे और तेरहवीं शताब्दी का तीसवाँ वर्ष चल रहा था अर्थात् बारह सौ तीसवाँ वर्ष चल रहा था।

(160) At the time the canonical literature was compiled in writing, one thousand two hundred years had passed, and the thirtieth year of the thirteenth century since the Nirvana of Bhagavan Parshvanath was running. This means that it was in the 1230th year after his Nirvana that the canonical literature was compiled.

■■

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अर्हत् अरिष्टनेमि

तेणं कालेणं तेणं समएणं अरहा अरिट्ठनेमी पंच-चित्ते होत्था, तं जहा–चित्ताहिं चुए चइत्ता गब्भं वक्कंते, तहेव उक्खेवो, जाव चित्ताहिं परिनिव्वुए॥१६१॥

(१६१) उस काल के उस भाग में अर्हत् अरिष्टनेमि के च्यवन, जन्मादि पाँच कल्याणक चित्रा नक्षत्र में हुए।

ARHAT ARISHTANEMI

(161) During that period in that age the five auspicious events in the life of Arhat Arishtanemi occurred when the moon was in the fourteenth lunar mansion called Chitra.

तेणं कालेणं तेणं समएणं अरहा अरिट्ठनेमी जे से वासाणं चउत्थे मासे, सत्तमे पक्खे कत्तिय-बहुले, तस्स णं कत्तिय-बहुलस्स बारसी-पक्खेणं अपराजियाओ महाविमाणाओ बत्तीसं सागरोवम-ट्ठिइयाओ अणंतरं चयं, चइत्ता, इहेव जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे सोरियपुरे नयरे समुद्दविजयस्स रन्नो भारियाए सिवादेवीए पुव्वरत्तावरत्त-काल-समयंसि जाव चित्ताहिं गब्भत्ताए वक्कंते, सव्वं तहेव सुमणि-दंसण-दविण-संहरणाइयं एत्थ भाणियव्वं॥१६२॥

(१६२) उस काल के उस भाग में वर्षा ऋतु का चौथा महीना और सातवाँ पक्ष चल रहा था। कार्तिक कृष्ण तेरस के दिन भावी अर्हत् अरिष्टनेमि के जीव ने अपराजित नामक देवलोक से तेतीस सागरोपम की आयु पूर्ण कर प्रयाण किया। वह जीव जम्बूद्वीप के भारतवर्ष क्षेत्र के शौर्यपुर (सौरीपुर) नामक नगर में राजा समुद्रविजय की भार्या शिवादेवी की कुक्षि में मध्यरात्रि के समय चित्रा नक्षत्र का योग आने पर गर्भ रूप में अवतरित हुआ। इसके बाद स्वप्न-दर्शन से लेकर धनवृष्टि तक की घटनाएँ महावीर चरित के समान ही हैं।

(162) During that time in that age it was the fourth month and the seventh fortnight of the monsoon season. On the thirteenth day of the dark half of the month of Kartik, the soul that was to be Arhat Arishtanemi left the Aparajit dimension of the gods after completing its age of thirty three Sagaropam (a superlative measure of time). It descended into the womb of

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

queen Shiva Devi, wife of king Samudravijaya of Shauryapur (Sauripur) in the Bharat area of the Jambu continent, at midnight when the moon entered the fourteenth lunar mansion. From this point on, the incidents of dreams etc. upto the "rain of wealth" are similar to those mentioned in context with life of Mahavir.

तेणं कालेणं तेणं समएणं अरहा अरिट्ठनेमी जे से पढमे मासे दोच्चे पक्ख सावण-सुद्धे, तस्स णं सावण-सुद्धस्स पंचमी पक्खेणं नवण्हं मासाणं बहु-पडिपुण्णाणं जाव चित्ताहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आरोग्गा आरोग्गं दारयं पयाया। जम्मणं समुद्दविजयाभिलावेणं नेयव्वं, जाव तं होउ णं कुमारे अरिट्ठनेमी नामेणं॥१६३॥

(१६३) उस काल के उस भाग में वर्षा ऋतु का पहला महीना और दूसरा पक्ष चल रहा था। श्रावण शुक्ल पंचमी को नौ महीने पूरे होने पर चित्रा नक्षत्र का योग आने पर स्वस्थ शिवादेवी ने सुखपूर्वक पुत्र-रत्न को जन्म दिया। इसके बाद नामकरण तक का वर्णन महावीर चरित के समान ही है।

(163) During that time in that age it was the first month and second fortnight of the monsoon season. On the fifth day of the bright half of the month of Shravan, when nine months had elapsed since the conception, healthy Shiva Devi gave birth to a son normally when the moon entered the fourteenth lunar mansion. From this point on, up to the incident of his naming celebration, the details are similar to those mentioned in the context of the life of Mahavir.

अरहा अरिट्ठनेमी दक्खे जाव तिन्नि वाससयाइं अगारवास-मज्झे वसित्ता णं पुणरवि लोयंतिएहि जीय-कप्पिएहिं देवेहिं तं चेव सव्वं भाणियव्वं, जाव दायं दाइयाणं परिभाएत्ता।

जे से वासाणं पढमे मासे दोच्चे पक्खे सावण-सुद्धे, तस्सणं सावण-सुद्धस्स छट्ठी पक्खेणं पुव्वण्ह-काल-समयंसि उत्तरकुराए सीवियाए सदेव-मणुयासुराए परिसाए अणुगम्ममाण-मग्गे जाव बारवईए नयरीए मज्झं मज्झेण निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव रेवयए उज्जाणे, तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता असोगवर-पायवस्स अहे सीयं ठावेइं, सीयं ठावित्ता सीयाओ पच्चोरुहइ, पच्चोरुहित्ता सयमेव आभरण-मल्लालंकारं ओमुयइ, ओमुइत्ता सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ, करित्ता छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्ताहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं एगं देवदूसमादाय एगेणं पुरिस-सहस्सेणं सद्धिं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए॥१६४॥

(१६४) अर्हत् अरिष्टनेमि दक्षप्रज्ञ आदि थे। वे तीन सौ वर्ष तक गृहस्थाश्रम में रहे और फिर गृह त्यागने को उद्यत हुए। याचकों को दान देने तक इस सबका विस्तृत वर्णन महावीर चरित के समान ही है।

वर्षा ऋतु का पहला महीना और दूसरा पक्ष चल रहा था। श्रावण शुक्ल छठ के दिन पूर्वाह्न के समय अर्हत् अरिष्टनेमि उत्तरकुरा नामक पालकी में बैठकर द्वारिका नगरी के बीच होते हुए रैवतक नामक उद्यान में आये। चित्रा नक्षत्र का योग आने पर अशोक वृक्ष के नीचे एक हजार पुरुषों के साथ वे अनगार बन गए। इसका विस्तृत विवरण महावीर चरित के समान ही है। (चित्र AN-3/1)

(164) Arhat Arishtanemi was a genius (as mentioned with reference to Mahavir). For three hundred years he remained as a householder, and then prepared for renunciation. The details up to his year of gift giving charity are similar to those mentioned in the context of the life of Mahavir.

It was the first month and the second fortnight of the monsoon season. On the sixth day of the bright half of the month of Shravan, in the forenoon, Arhat Arishtanemi sat in a palanquin named Uttarkura, and, passing through the town of Dwarika, arrived in the Raivatak garden. When the moon entered the fourteenth lunar mansion he became an ascetic along with one thousand persons under an Ashok tree. The details are similar to those mentioned in connection with life of Mahavir. (Illustration AN-3/1)

विस्तार :

अन्य प्राचीन ग्रन्थों के अनुसार अर्हत् अरिष्टनेमि के गृहस्थ जीवन की कुछ महत्वपूर्ण घटनाएँ हैं :

(१) अपूर्व बल–अर्हत् अरिष्टनेमि के चाचा वसुदेव के पुत्र थे वासुदेव श्रीकृष्ण। वासुदेव अपने काल का सर्वश्रेष्ठ बलशाली व्यक्ति होता है और उसके दिव्य अस्त्रों को चलाना तो क्या, उठा पाना भी कठिन होता है। युवा अरिष्टनेमि एक दिन घूमते हुए श्रीकृष्ण की आयुधशाला में जा पहुँचे। श्रीकृष्ण के दिव्य आयुध देख सहज कौतूहलवश उन्होंने पहले सुदर्शन चक्र को उँगली पर धारण कर सहज ही घुमाया। श्रीकृष्ण के विशाल सारंग धनुष को भी सरकण्डे की तरह झुका दिया, और फिर पाञ्चजन्य शंख को होठों पर लगा बजा दिया। उससे जो तीव्र ध्वनि निकली उसने समस्त नगर को ही नहीं, स्वयं श्रीकृष्ण को भी भयाक्रान्त कर दिया। श्रीकृष्ण दौड़कर आयुधशाला में आये तो देखते क्या हैं कि युवा नेमि ने शंख बजा दिया था। उन्हें आश्चर्य हुआ और आशंका भी कि वासुदेव से बलशाली यह कौन महान् आत्मा है। उन्होंने नेमि के बाहुबल का परीक्षण करने के लिए स्पर्धा का आमंत्रण दिया। दोनों व्यायामशाला में गए। पहले

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

AN 1 तीर्थंकर नेमिनाथ का जन्म कल्याणक (सूतिका कर्म) मनाते हुए—५६ दिशा कुमारियां।
Assembly of 56 goddesses of directions performing birth-celebrations (Janma Kalyanaka) of Tirthankar Neminath after post birth cleaning.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



AN 2 (अ) श्रीकृष्ण की व्यायामशाला में नेमिकुमार की बल-परीक्षा
(ब) जल क्रीड़ा के समय श्रीकृष्ण की रानियों द्वारा नेमिकुमार को विवाह के लिए सहमत करना।
(a) Trial of strength between Shrikrishna and Nemikumar in his gymnasium
(b) Shrikrishna's queens persuading Nemikumar for marraige while playing water games

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीकृष्ण ने अपनी बाहु उठाकर सीधी की और नेमिकुमार को उसे झुकाने का प्रयत्न करने को कहा। नेमिकुमार ने सहज ही श्रीकृष्ण की बलशाली भुजा को नीचे झुका दिया। फिर नेमिकुमार ने अपनी भुजा उठाई। श्रीकृष्ण बहुत प्रयत्न करने पर भी उसे नहीं झुका सके। यहाँ तक कि दोनों हाथ से नेमिकुमार की भुजा पकड़कर लटक गए फिर भी वह लौह दण्ड के समान स्थिर ही रही। श्रीकृष्ण चकित रह गये। (चित्र AN-1/1)

(२) जल क्रीड़ा–नेमिकुमार का अतुल बल पराक्रम देख श्रीकृष्ण को अनुभव हुआ कि मुझसे भी अधिक बलशाली यह कुमार अवश्य ही चक्रवर्ती के तुल्य है। किन्तु इन्हें तो संसार के प्रति सर्वथा विरक्ति है, ये षट्खण्ड चक्रवर्ती कैसे बनेंगे? संसार के प्रति अनुरक्त करने का उन्हें एक उपाय सूझा। उन्होंने नेमि-कुमार से विवाह कर लेने का प्रस्ताव किया। नेमिकुमार ने उस ओर कोई रुचि नहीं दिखाई। श्रीकृष्ण ने तब वसन्तोत्सव का आयोजन किया और अपनी प्रमुख रानियों से कहा कि जल क्रीड़ा के समय वे नेमिकुमार को विवाह करने के लिए मनावें। श्रीकृष्ण की रानियाँ आग्रहपूर्वक नेमिकुमार को जल क्रीड़ा के लिए ले गईं और वहाँ अनेक प्रकार से उन्हें विवाह कर लेने को समझाया। श्रीकृष्ण ने भी पुनः आग्रह किया। नेमिकुमार मुस्कराते हुए कुछ सोचते रहे। अपने विशिष्ट ज्ञान से जब उन्हें यह आभास हुआ कि विवाह का आयोजन ही उनके आत्म-कल्याण हेतु प्रयाण का निमित्त बनेगा, तो उन्होंने मना नहीं किया। उनके मौन को स्वीकृति सूचक मानकर यह घोषणा कर दी गई कि नेमिकुमार विवाह के लिये सहमत हैं। (चित्र AN-1/2)

श्रीकृष्ण ने भोजकुल की अत्यन्त सुन्दर कन्या राजीमती को चुना और प्रस्ताव भेजकर विवाहोत्सव की तैयारी कर दी। निश्चित दिन अरिष्टनेमि को गंधहस्ती पर बिठाकर बारात निकाली गई। यादव कुल के सभी राजा और कुमार अपनी सुसज्जित सेनाओं सहित बारात में सम्मिलित हुए। बारात जब अपने गन्तव्य के निकट पहुँच रही थी तब मार्ग में नेमिकुमार ने बाड़ों और पिंजरों में बन्द अनेक पशु-पक्षियों को आर्त्तनाद करते देखा। उनका कोमल हृदय सहानुभूति व करुणा से भर गया और उन्होंने महावत से पूछा कि ये पशु-पक्षी क्यों बन्दी बनाए गए हैं? महावत ने बताया कि ये सब उनके विवाह में आए अतिथियों के भोजन के लिये वध करने को एकत्र किये गए हैं। नेमिकुमार यह सब सुनकर विरक्त हो गए और विवाह न करने का निश्चय कर लिया। उन्होंने अपने सभी मूल्यवान आभूषण वहीं उतारकर महावत को दे दिये और कहा, "मेरे निमित्त इतने जीवों की हत्या मुझे इहलोक-परलोक में कष्टदायी होगी। मैं विवाह नहीं करूँगा अतः इन सभी जीवों को मुक्त करवा दो और द्वारिका लौट चलो।" (चित्र AN-2)

बारात में खलबली मच गई। सभी वरिष्ट यादव नेमिकुमार को समझाने आये पर उनका निश्चय दृढ़ था। उन्होंने सभी को माँसाहार छोड़ने का उपदेश दिया और द्वारिका लौट आये। बारात लौटने का समाचार जब सजी-धजी दुल्हन राजीमती के पास पहुँचा तो वह शोक से मूर्च्छित होकर गिर पड़ी। जब वह होश में आई तो उसने निश्चय किया कि जिन्हें पति मान चुकी अब उन्हीं के मार्ग पर मैं भी चलूँगी। (चित्र AN-3/2)

Elaboration :

Some important incidents from Arhat Arishtanemi's life according to other ancient sources are as follows :

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(1) *Superlative Strength*—Shrikrishna was the son of Arishtanemi's uncle, Vasudev. He was the Vasudev (Appendix) the most powerful person of his era, and it was almost impossible even to lift his weapons to say nothing of using them. One day while wandering around, youthful Arishtanemi reached the hall of weapons of Vasudev Shrikrishna. Seeing the divine weapons and becoming curious he first lifted the Sudarshan Chakra (the disc weapon) on his finger and whirled it easily. He then lifted the giant bow, Saranga, and bent it as effortlessly as a thin cane. After this he lifted the Panchjanya conch, put it to his lips, and blew it hard. The piercing and loud sound emanating from the great conch shocked the town including Shrikrishna. He rushed to the armoury and saw that it was Nemi who had blown the Panchajanya. He was surprised and apprehensive and wondered who was this great soul who was even more powerful than the Vasudev. He invited Nemi to his gymnasium for a friendly trial of strength. They went to the gymnasium and first Shrikrishna raised his arm and held it straight asking Nemi to bring it down. Nemi forced Shrikrishna's arm down without any apparent effort. After this, Nemi raised his arm and Shrikrishna, in spite of all his strength, could not force it down. He even put all his weight on it, but as if it was a beam of steal, the arm of Nemi did not move even a fraction of an inch. Shrikrishna was surprised. (Illustration AN-1/1)

दीक्षा ग्रहण कर ली। दीर्घकाल की आध्यात्मिक साधना के फलस्वरूप तीर्थंकर नाम-गोत्र-कर्म का उपार्जन कर आयुष्य पूर्ण कर ये ग्रैवेयक देवलोक में देवता बने।

देवलोक से आयुष्य पूर्ण कर, कौशांबी नगर के राजा धर की महारानी सुसीमा के गर्भ में अपराजित का जीव अवतरित हुआ। गर्भवती महारानी सुसीमा को एक बार कमल पुष्पों की सेज पर सोने का दोहद उत्पन्न हुआ, जिसे देवताओं ने पूर्ण किया। कार्तिक कृष्ण द्वादशी के दिन चित्रा नक्षत्र का योग आने पर महारानी सुसीमा ने पुत्र को जन्म दिया। यह पुत्र भी कमल पुष्पों की सी कान्ति वाला था। महाराज धर ने उसका नाम पद्मप्रभ रखा। (चित्र G/2)

युवावस्था में उपयुक्त समय पर महाराज धर ने आग्रहपूर्वक उनका विवाह किया और फिर राजतिलक कर स्वयं दीक्षा ग्रहण कर ली। दीर्घकाल तक राज्य करने के बाद पद्मप्रभ अणगार बने। चैत्री पूर्णिमा के दिन वट वृक्ष के नीचे उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। अनेक वर्षों तक धर्म प्रभावना करने के पश्चात् अर्हत् पद्मप्रभ का सम्मेत-शिखर पर मार्गशीर्ष कृष्णा एकादशी के दिन निर्वाण हुआ।

Elaboration :

Brief Story of the Life of Arhat Padmaprabh

Maharaj Aparajit ruled over Susima town in the Purva Videh area. He was a simple and religious person. He got detached after listening to the discourse of an Arhat and took Diksha from Acharya Pihitashrava. As a result of long spiritual practices he earned the Tirthankar-nam-karma-gotra-karma. Completing his age, he was reincarnated as a god in the Graiveyak dimension of gods.

Completing his age in the dimension of gods, the being that was Aparajit descended into the womb of queen Susima, wife of the king of Kaushambi town. One day queen Susima, had a desire of sleeping on a bed made up of lotus flowers. As this was a desire of a pregnant mother, the gods made arrangements for its fulfilment. On the twelfth day of the dark half of the month of Kartik the queen gave birth to a son. The new born also had a soft pink glow like lotus flowers. The king named him as Padmaprabh. (Illustration G/2)

When the prince became older the king persuaded him to marry, and, at an opportune time giving the throne to him, the king took Diksha. After a long and successful reign Padmaprabh became an ascetic. On the full moon day of the bright half of the month of Chaitra he attained omniscience under a banyan tree. Propagating religion for a long time, Padmaprabh wandered and at last arrived at Sammetshikhar. He got nirvana on the eleventh day of the dark half of the month of Margshirsh.

सुमइस्स णं अरहओ जाव प्पहीणस्स एगे सागरोवम-कोडिसय-सहस्से विइक्कंते; सेसं जहा सीयलस्स। तिवास अद्ध-नवमासाहिय-बायालीस-सहस्सेहिं इच्चाइयं ॥१८६॥

(१८६) अर्हत् सुमतिनाथ का निर्वाण अर्हत् पद्मप्रभ के निर्वाण से नब्बे हजार करोड़ सागरोपम वर्ष पूर्व हुआ था।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(186) Arhat Sumatinath (the fifth Tirthankar) attained nirvana before nine hundred billion Sagaropam years of the nirvana of Arhat Padmaprabh.

विस्तार :

अर्हत् सुमतिनाथ का संक्षिप्त जीवन चरित्र

पूर्व महाविदेह क्षेत्र के शंखपुर नगर के राजा विजयसेन थे। उनके पुरुषसिंह नामक पुत्र था। एक दिन राजकुमार उद्यान में घूमने गया था तब वहाँ आचार्य विनयनंदन देव का प्रवचन सुन उसे वैराग्य उत्पन्न हुआ और उसने दीक्षा ग्रहण कर ली। उत्कृष्ट तप और आध्यात्मिक साधना के पश्चात् उसने तीर्थंकर नाम-गोत्र-कर्म का उपार्जन किया और आयुष्य पूर्ण कर वह विजयंत देवलोक में देव बना।

अयोध्या के राजा मेघ की रानी मंगलावती के गर्भ में पुरुषसिंह का जीव देवलोक का आयुष्य पूर्ण कर अवतरित हुआ। पुत्र जन्म के बाद नामकरण उत्सव के समय राजा मेघ ने इस घटना का उल्लेख किया :

कुछ माह पूर्व मेरी राज्यसभा में एक जटिल समस्या आई। एक व्यापारी के दो पत्नियाँ थीं जिनमें से एक के एक पुत्र था तथा दूसरी के कोई सन्तान नहीं थी। पुत्र का लालन-पालन दोनों ने ही स्नेहपूर्वक किया था। अकस्मात् व्यापारी का देहान्त हो गया और तब उसकी दोनों पत्नियाँ सम्पत्ति तथा पुत्र के लिये झगड़ने लगीं। बालक भी दोनों का समान स्नेह-भाजन होने के कारण यह इंगित कर पाने में असमर्थ था कि उसकी वास्तविक माता कौन थी। बालक का जन्म भी कहीं दूर स्थान में हुआ था, अतः उस घटना का साक्षी भी उपलब्ध नहीं था। नगर के पंच व अन्य अधिकारी जब कोई निर्णय नहीं ले सके तो मेरे पास आये। बहुत चेष्टा के बाद मैं भी इस समस्या का हल नहीं कर सका। जब गर्भवती महारानी को इस बात का पता चला तो उन्होंने कहा कि पुत्र सहित दोनों माताओं को उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाय वे इस समस्या का समाधान करेंगी।

महारानी के पास दोनों वणिक पत्नियों को उपस्थित किया गया। उन्होंने सारा विवाद शान्तिपूर्वक सुन कर कहा, "इस समस्या का कोई सामान्य हल नहीं निकल सकता। वस्तु एक है और अधिकार जताने वाले दो। हमारे गर्भ में एक पुण्यात्मा जीव पल रहा है, जब इसका जन्म होगा तब वही इसका निर्णय करेगा। तब तक दिवंगत सेठ की संपत्ति और सन्तान राजकीय संरक्षण में रहेगी।" यह सुनते ही असली माता ने कातर स्वर में कहा, "महारानी जी! मुझे अन्य कुछ भी नहीं चाहिए। किन्तु मैं अपने पुत्र से विलग नहीं हो सकती। सारी संपत्ति उसको दे दीजिए, मुझे सिर्फ मेरा पुत्र दिला दीजिए।" दूसरी माता भी इस पर सहमत हो गई। तब रानी मंगलावती ने मातृ-हृदय की पीड़ा पहचानते हुए कहा कि असली माता तो वह है। इसको पुत्र मिलना चाहिए। संपत्ति लोभी माता को दण्डित करने पर उसने और सच्चाई उगल दी।

"गर्भ स्थित बालक के प्रभाव के कारण महारानी की न्याय-बुद्धि विकसित हुई इस कारण इस बालक का नाम सुमति रखा जायेगा।" (चित्र G/1)

युवावस्था प्राप्त होने पर सुमतिकुमार का विवाह हुआ और फिर राजा मेघ ने उन्हें राज्य सौंप दीक्षा ले ली। दीर्घकाल तक धर्मपूर्वक शासन कर वे अणगार बने। चैत्र शुक्ला एकादशी को प्रियंगु वृक्ष के नीचे उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हुआ तथा चैत्र शुक्ला नवमी के दिन सम्मेत-शिखर पर उनका निर्वाण हुआ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Elaboration :

Brief Story of the Life of Arhat Sumatinath

Vijayasen was the king of Shankhpur town in the Purva Mahavideh area. He had a son named Purushasimha. One day the prince, while he had gone for a walk in the garden, listened to the discourse of Acharya Vinayanadan Dev. He became detached and became an ascetic. As a result of vigorous penances and higher spiritual practices, he earned the Tirthankar nam-gotra-karma. Completing his age, he reincarnated as a god in the Vijayant dimension of gods.

After completing his age in the dimension of gods, the being that was Purushasimha descended into the womb of queen Mangalavati, wife of king Megh of Ayodhya. After the birth of the son, at the time of the naming ceremony, the king related the following incident :

A few months back in my assembly a complicated case was brought to my notice. A merchant had two wives. One of them had a son and the other had no issue. The son was brought up by both ladies with due care and affection. All of a sudden the merchant expired and both his wives started claiming his property as well as the son. The son could not indicate his true mother with confidence as he got equal affection from both. As the boy was born in some remote place there was no eye witness available. When the town elders and other officers could not resolve the dispute, they approached me. Even after a lot of probing and analysis, I too could not arrive at any conclusion. When the pregnant queen heard of this she asked both the women and their son to be presented before her, for she wanted to solve the problem herself.

Both the wives of the merchant were brought before the queen. She patiently heard the details of the dispute and said, "This enigma has no simple solution. There is one object and two claiments. I carry a pious soul in my womb. Let us wait till he is born and is ready to resolve this issue. During this period of waiting, let the son and the property of the deceased be taken into the custody of the state". On hearing this the real mother pleaded, "Your Highness! I do not require anything. But I cannot live without my son. You may give all the wealth to the other woman but kindly let me have my son". The other woman also agreed to this proposal. Appreciating the feeling of a mother, queen Mangalavati decided that the woman pleading to get the child is the real mother. As such, she should certainly get her son. The greedy woman confirmed the truth when she was punished.

"Due to the influence of the foetus the queen had developed a sense of discernment and justice; because of this the new born would be named Sumati (right thinking)". (Illustration G/1)

When he became a young man, Sumati Kumar was married and in due course inherited the kingdom. King Megh became an ascetic. After a long and peaceful reign Sumatinath became an ascetic. He attained omniscience under a Priyangu tree on the eleventh day of the bright half of the month of Chaitra. He got nirvana on Sammetshikhar on the ninth day of the bright half of the month of Chaitra.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

G (अ) महारानी मंगलावती का न्याय (ब) महारानी सुसीमा का पद्म शैय्या पर सोने का दोहद (स) महाराज दृढ़रथ के शरीर के ताप को महारानी के स्पर्श से शान्ति

(A) The justice of queen Mangalavati (B) Queen Susima's desire to sleep on lotus bed (C) The relief to king Dridharath by touch of his queen.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभिणंदणस्स णं जाव प्पहीणस्स दस सागरोवम-कोडी-सय-सहस्सा विइक्कंता; सेसं जहा सीयलस्स, तिवास-अद्ध-नव-मासाहिय-बायालीस-सहस्सेहिं इच्चाइयं॥१८७॥

(१८७) अर्हत् अभिनन्दन का निर्वाण अर्हत् सुमतिनाथ के निर्वाण से नौ लाख करोड़ सागरोपम वर्ष पहले हुआ था।

(187) Arhat Abhinandan (the fourth Tirthankar) attained nirvana before nine trillion Sagaropam years of the nirvana of Arhat Sumatinath.

विस्तार :

अर्हत् अभिनन्दन का संक्षिप्त जीवन चरित्र

पूर्व विदेह की रत्नसंचया नगरी के राजा थे महाबल। उपयुक्त समय पर उन्होंने वैराग्य भावना से प्रेरित होकर विमल सूरि के पास दीक्षा ली। गहन ध्यान और बीस स्थानक की आराधना के फलस्वरूप महाबल ने तीर्थंकर नाम-गोत्र-कर्म का बन्धन किया। आयुष्य पूर्ण कर वे विजय विमान में देवता बने।

महाबल का जीव विजय विमान से आयुष्य पूर्ण कर अयोध्या नगरी के महाराज संवर की रानी सिद्धार्था की कोख में अवतरित हुआ। यथा समय पुत्र जन्म हुआ। उसकी गर्भावस्था में समस्त राज्य में अभूतपूर्व शांति छायी रही। सभी प्रजाजनों में परस्पर अद्‌भुत सौहार्द बना रहा। सभी परस्पर एक-दूसरे का अभिनन्दन करते रहते थे। हर्ष और आनन्द के प्रेरक होने के कारण भी माता-पिता ने शिशु का नाम अभिनन्दन रखा। (चित्र G-2/4)

अर्हत् अभिनन्दन ने अनेक वर्ष राज्य कर दीक्षा ले ली और कठोर तपस्या व ध्यान साधना के बाद पौष कृष्ण चतुर्दशी के दिन केवलज्ञान प्राप्त किया। इनका निर्वाण वैशाख शुक्ला अष्टमी को सम्मेत-शिखर पर हुआ।

Elaboration :

Brief Story of the Life of Arhat Abhinandan

Mahabal was the king of Ratnasanchaya town in Purva Videh. When a feeling of detachment grew in him, he found an opportune moment and took Diksha from an ascetic named Vimal Suri. As a result of deep meditation and worship of the twenty auspicious things he earned the Tirthankar-nam-karma-gotra-karma. Completing his age, he reincarnated as a god in the Vijaya dimension.

The being that was Mahabal, after completing his age in the Vijaya dimension of gods, descended into the womb of queen Siddhartha, wife of king Samvar of Ayodhya. During his period of conception there was unprecedented peace all over the kingdom. All the groups of citizens had an astonishing deep feeling of fraternity and goodwill. As all this happiness and joy appeared to have been inspired by his coming into mundane existence the parents named the new born Abhinandan. (Illustration G-2/4)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

After a long reign Arhat Abhinandan became an ascetic. After rigorous penance and deep spiritual practices, he attained omniscience on the fourteenth day of the dark half of the month of Paush. He attained nirvana on the eighth day of the bright half of the month of Vaishakha.

संभवस्स णं अरहओ जाव प्पहीणस्स वीसं सागरोवम-कोडिसय-सहस्सा विइक्कंता। सेसं जहा सीयलस्स, तिवास-अद्ध-नवमासाहिय-बायालीस-वास-सहस्सेहिं इच्चाइयं ॥१८८॥

(१८८) अर्हत् संभवनाथ का निर्वाण अर्हत् अभिनन्दन के निर्वाण से दस लाख करोड़ सागरोपम वर्ष पहले हुआ था।

(188) Arhat Sambhavanath (the third Tirthankar) attained nirvana before ten trillion Sagaropam years of the nirvana of Arhat Abhinandan.

विस्तार :

अर्हत् संभवनाथ का संक्षिप्त जीवन चरित्र

धातकीखंड की क्षेमपुरी नगरी के राजा थे विपुलवाहन। वे सहृदय तथा प्रजापालक राजा थे। एक बार अकाल पड़ने पर उन्होंने अपनी भोजनशाला के द्वार साधु श्रमणों के लिए खोल दिये, खाद्यान्न के गोदामों के द्वार प्रजा के लिए और खजाने के द्वार विदेश से अन्न मँगाने के लिए। इस निस्पृह मैत्री व दया भाव के कारण जो आत्मिक शुद्धि हुई उससे उन्हें तीर्थंकर नाम-गोत्र-कर्म का उपार्जन हुआ। एक दिन छत पर खड़े उन्होंने पवन के वेग से घने बादलों को तितर-बितर होते देखा तो उन्हें वैराग्य उत्पन्न हो गया और पुत्र को राज्य सौंप उन्होंने स्वयंप्रभ सूरि के पास दीक्षा ले ली। तपस्या, साधना और आराधना से आत्मा को और निर्मल किया और आयुष्य पूर्ण कर आनत देवलोक में जन्म लिया।

आनत देवलोक से आयुष्य पूर्ण कर विपुलवाहन का जीव श्रावस्ती के राजा जितारि की भार्या रानी सेनादेवी की कोख में अवतरित हुआ। उनके गर्भ काल में महाराज जितारि और महारानी सेना जब भी महल की ऊँची छत से चारों ओर देखते उन्हें हरियाली ही हरियाली नजर आती और सारे खेत शंबा (मूँगफली) धान से भरे पूरे दिखाई देते। इस कारण, जन्म होने पर इस पुत्र का नाम उन्होंने शंभव या संभवनाथ रखा। (चित्र G-2/3)

युवा होने पर संभवनाथ का विवाह और राजतिलक हुए। व्यवस्थित और समृद्धिपूर्ण शासन के पश्चात् वे मार्गशीर्ष सुदी पूर्णिमा को अणगार बने। चौदह वर्ष के साधना काल के बाद उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। अर्हत् संभवनाथ का निर्वाण चैत्र शुक्ला पंचमी को हुआ।

Elaboration :

Brief Story of the Life of Arhat Sambhavanath

Vipulvahan was the king of Kshempuri town in Dhatakikhand (a mythical area). He

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



G2 (अ) राजा जितशत्रु दूसरों के समक्ष स्वयं को अजेय समझने लगे (ब) भ. अजितनाथ की ध्यान साधना
(स) राजा जितारि एवं सेना देवी द्वारा नगरावलोकन (द) अयोध्या के प्रजानन परस्पर अभिवादन करने लगे
(A) King Jitashatru believing himself to be unconquerable (B) Ajitnath in meditation
(C) King Jitari and Senadevi enjoying the view of the city (D) Citizens of Ayodhya greeting one another

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

was a soft hearted king who loved his subjects. Once, when there was a draught, he opened his grain yards for the public, his kitchen for the monks and mendicants, and his treasury for the import of food grains. As a result of this detached feeling of fraternity and compassion, he acquired a unique purity of soul and also earned the Tirthankar-nam-karma-gotra-karma. One day while he was standing on the roof top he witnessed dense clouds being scattered by winds. A feeling of intense detachment grew in him. He handed over his kingdom to his son and took Diksha from Svayamprabh Suri. With the help of penance, worship and spiritual practices he further purified his soul; after completing his age, he reincarnated in the Anat dimension of gods.

Completing his age in the Anat dimension, the being that was Vipulvahan descended into the womb of queen Senadevi, wife of king Jitari of Shravasti town. During her pregnancy, whenever the queen went to the high roof top with the king both of them saw lush green fields all around. All the farms appeared to be full of ground-nut (Shamba) plants. This inspired them to name their son as Shambhava or Sambhavanath. (Illustration G-2/3)

At the appropriate age Sambhavanath was married and coronated. After a peaceful reign he became an ascetic on the fifteenth day of the bright half of the month of Mangasar. After a fourteen year period of spiritual practices, he attained omniscience. Arhat Sambhavanath got nirvana on the fifth day of the bright half of the month of Chaitra.

अजियस्स णं जाव प्पहीणस्स पन्नासं सागरोवम कोडि-सय-सहस्सा विइक्कंता। सेसं जहा सीयलस्स। तिवास-अद्ध-नवमासाहिय-बायालीस-वास-सहस्सेहिं इच्चाइयं॥१८९॥

(१८९) अर्हत् अजितनाथ का निर्वाण अर्हत् संभवनाथ के निर्वाण से तीस लाख करोड़ सागरोपम वर्ष पहले हुआ था।

(189) Arhat Ajitnath (the second Tirthankar) attained nirvana before thirty trillion Sagaropam years of the nirvana of Arhat Sambhavanath.

विस्तार :

अर्हत् अजितनाथ का संक्षिप्त जीवन चरित्र

विदेह क्षेत्र की सुसीमा नगरी के शासक थे महाराज विमलवाहन। राज्य वैभव के बीच उन्होंने समत्वपूर्ण जीवन बिताया और उचित समय आने पर अरिंदम सूरि के पास दीक्षा ले ली। अर्हत् आदि शुद्ध आत्माओं के ध्यान में लीन उन्होंने उत्कृष्ट तपस्या की और अपनी आत्मा को शुद्धि के उस स्तर पर ले गये जहाँ तीर्थंकर नाम-गोत्र-कर्म का उपार्जन होता है। आयुष्य पूर्ण कर वे विजय नामक अनुत्तर विमान में देवता बने।

देवलोक में अपनी आयुष्य पूर्ण कर विमलवाहन का जीव भरत क्षेत्र की विनीता नगरी के राजा जितशत्रु की रानी विजयादेवी की कोख में अवतरित हुआ। उस समय एक अद्भुत घटना घटी। जैसे रानी विजयादेवी ने चौदह स्वप्न देखे ठीक वही चौदह स्वप्न राजा के छोटे भाई सुमित्र की पत्नी ने भी देखे। स्वप्नवेत्ताओं से परामर्श करने पर उन्होंने बताया कि विजयादेवी का पुत्र तीर्थंकर बनेगा और वैजयन्ती का पुत्र चक्रवर्ती।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुत्र की गर्भावस्था में महाराज जितशत्रु का प्रभाव इतना बढ़ा कि शत्रु राजा भी उनसे मित्रता करने को तत्पर हो उठे। इससे प्रेरित हो उन्होंने अपने पुत्र का नाम अजित रख दिया। उसी रात वैजयन्ती ने भी एक पुत्र को जन्म दिया जिसका नाम सगर रखा गया। दोनों के युवा होने पर उनके विवाह कर दिये गये। फिर महाराज जितशत्रु ने वैराग्य लेने का निश्चय किया। उन्होंने अपने छोटे भाई सुमित्र को राज्य देना चाहा पर उसने भी वैराग्य लेने का निश्चय किया। तब जितशत्रु ने अजितनाथ का राज्याभिषेक किया। दोनों के पुत्रों के आग्रह पर सुमित्र घर में ही रहकर साधना करने को राजी हो गये और जितशत्रु ने दीक्षा ले ली। (चित्र G-2/1)

दीर्घकाल तक शान्तिपूर्वक शासन कर अजितनाथ सगर को राज्य सौंप अणगार बन गये। बारह वर्ष की कठोर तपस्या और उत्कृष्ट साधना के बाद उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हुआ। अर्हत् अजितनाथ लम्बे समय तक धर्म प्रभावना कर सम्मेत-शिखर आये और वहाँ उन्हें चैत्र शुक्ला पंचमी के दिन निर्वाण प्राप्त हुआ। (चित्र G-2/2)

Elaboration :

Brief Story of the Life of Arhat Ajitnath

King Vimalavahan ruled over Susima town in the Videh area. He led a pious life amidst the princely grandeur, and at an appropriate time became an ascetic under Arindam Suri. Meditating about the omniscient and liberated souls and indulging in harsh penance, he purified his soul to a level where he could earn the Tirthankar nam-gotra-karma. Completing his age, he reincarnated as a god in the Vijay-anuttar dimension.

After completing his age in the dimension of gods, he descended into the womb of queen Vijayadevi, wife of king Jitshatru of Vinita town in Bharata area. As it happens, queen Vijayadevi had fourteen auspicious dreams. Vaijayanti, the wife of king Jitshatru's younger brother, Sumitra, also had the same fourteen dreams; which was a queer coincidence. When the augurs were consulted they proclaimed after deliberations that Vijayadevi will give birth to a Tirthankar and Vaijayanti to a Chakravarti (monarch of six continents).

During the period of the queen's pregnancy the influence of king Jitshatru was elevated to an extant that even the enemy kingdoms sought and negotiated for friendly treaties with him. Inspired by this, he named the new born as Ajit. The same night Vaijayanti also gave birth to a son who was named Sagar. When both the princes came of age they were married. Later when king Jitshatru decided on renunciation he called his younger brother and asked him to accept the throne. Sumitra had no desire for the throne as he too wanted to become an ascetic. The king then called Ajitnath and put him on the throne with due ceremonies. At the request of both the young princes, Sumitra agreed to pursue his spiritual goal while remaining at home and king Jitshatru became an ascetic (Illustration G-2/1)

After a long and peaceful reign Ajitnath handed over his kingdom to Sagar and became an ascetic. After a twelve year period of deep meditation and other spiritual practices he attained omniscience on the eleventh day of the bright half of the month of Paush. Wandering and propagating true religion he arrived at Sammetshikhar and attained nirvana on the fifth day of the bright half of the month of Chaitra. (Illustration G-2/2) ■■

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कौशलिक अर्हत् ऋषभदेव

तेणं कालेणं तेणं समएणं उसहेणं अरहा कोसलिए चउ उत्तरासाढे अभीइ-पंचमे होत्था; तं जहा–उत्तरासाढाहिं चुए, चइत्ता गब्भं वक्कंते, जाव अभीइणा परिनिव्वुए॥१९०॥

(१९०) काल के उस भाग में कौशलिक अर्हत् ऋषभदेव के चार कल्याणक उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में हुए। वे इस प्रकार हैं–च्यवन, जन्म, प्रव्रज्या और केवलज्ञान। अन्तिम एक निर्वाण कल्याणक अभिजित् नक्षत्र में हुआ।

KAUSHALIK ARHAT RISHABHDEV

(190) During that period in that age, the four auspicious events in the life of Kaushalik Arhat Rishabhdev occurred when the moon was in the twenty first (Uttarashadha) lunar mansion. They are—Descent, Birth, Renunciation, and Omniscience. The last auspicious event, Nirvana, occurred when the moon was between twenty first and twenty second lunar mansions (this phase is popularly known as the Abhijit lunar mansion).

तेणं कालेणं तेणं समएणं उसभेणं अरहा कोसलिए जे से गिम्हाणं चउत्थे मासे सत्तमे पक्खे, आसाढ-बहुले, तस्स णं आसाढ-बहुलस्स चउत्थी-पक्खेणं सव्वट्ठ-सिद्धाओ महाविमाणाओ तेत्तीस-सागरोवम-ट्ठिईयाओ अणंतरं चयं चइत्ता, इहेव जंबूद्दीवे दीवे भारहे वासे इक्खागभूमीए नाभिस्सकुलगरस्स मरुदेवीए भारियाए पुव्वरत्तावरत्त-काल-समयंसि आहार-वक्कंतीए जाव गब्भत्ताए वक्कंते॥१९१॥

(१९१) काल के उस भाग में गर्मी का चौथा महींना और सातवाँ पक्ष चल रहा था। तेतीस सागरोपम की आयु पूरी कर भावी ऋषभदेव के जीव ने सर्वार्थसिद्ध नाम के देवलोक से आषाढ़ कृष्ण चतुर्थी के दिन प्रयाण किया। वह जीव जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में नाभि नामक कुलकर की भार्या मरुदेवी की कुक्षि में मध्यरात्रि के समय उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का योग आने पर अवतरित हुआ। (विस्तृत विवरण पूर्व-सम)

(191) During that time in that age it was the fourth month and the seventh fortnight of the summer season. On the fourth day of the dark half

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

of the month of Ashadh, the soul that was to be Rishabhdev left the Sarvarthasiddha dimension of gods after completing his thirty three Sagaropam years age. This soul descended into the womb of Marudevi, the wife of chief (Kulkar) Nabhi of Bharat area in the Jambu continent, when the moon entered the Uttarashadha lunar mansion at midnight. (details as earlier)

विस्तार :

अन्य सूत्रों तथा टीकाओं के अनुसार ऋषभदेव के जीव ने आत्म-शुद्धि की ओर अपनी विकासयात्रा श्रेष्ठी धनवाह के रूप में आरंभ की थी। अपने अंतिम भव के पूर्व उसके बारह भव इस प्रकार रहे– १. धनश्रेष्ठी, २. उत्तर कुरु क्षेत्र में युगलिक, ३. सौधर्म देवलोक में देवता, ४. महाविदेह क्षेत्र में गंधस्मृति नगर के राजा महाबल, ५. ईशान देवलोक में ललितांग देव, ६. पूर्व विदेह क्षेत्र की पुष्कलावती नगरी के राजा वज्रजंघ, ७. उत्तर कुरुक्षेत्र में युगलिक, ८. सौधर्म देवलोक में देवता, ९. विदेह क्षेत्र के क्षितिप्रतिष्ठित नगर में वैद्य-पुत्र जीवानन्द, १०. अच्युत देवलोक में देवता, ११. पूर्व विदेह क्षेत्र में चक्रवर्ती वज्रनाभ, तथा १२. सर्वार्थसिद्ध देवलोक में देवता।

Elaboration :

According to other scriptures and commentaries the being that was to be Rishabhdev started its ascent towards purity in its birth as merchant Dhana. His twelve incarnations prior to the final birth were—1. The merchant Dhana, 2. A twin in north Kurukshetra, 3. A god in the Saudharma dimension, 4. King Mahabal of Gandhasmriti town in Mahavideh area, 5. The god Lalitanga in the Ishan dimension, 6. King Vajrajangha of Pushkalavati town in the east Videh area, 7. A twin in north Kurukshetra, 8. A god in the Saudharma dimension, 9. The Vaidya (medicine man) Jivanand of Kshitipratishthita town in Videh region, 10. A god in the Achyuta dimension, 11. The Chakravarti Vajranabh in the east Videh area, and 12. A god in the Sarvarthasiddha dimension.

उसभेणं अरहा कोसलिए तिन्नाणोवगए यावि होत्था, तं जहा–चइस्सामि त्ति जाणइ, जाव सुमिणे पासइ; तं जहा–गय वसह. गाहा सव्वं तहेव, नवरं पढमं उसभं मुहेण अइयंतं पासइ, सेसाओ गयं। नाभि-कुलगरस्स साहेइ। सुविण-पाढगा नत्थि। नाभि-कुलगरो सयमेव वागरेइ॥१९२॥

(१९२) कौशलिक अर्हत् ऋषभदेव का च्यवन से स्वप्न देखने तक का समस्त विवरण पूर्व के समान है। अन्तर केवल यह है कि माता मरुदेवी पहले स्वप्न में वृषभ को देखती है और अजितनाथ से पार्श्वनाथ तक बाकी बाईस तीर्थंकरों की माताएँ पहले हाथी देखती हैं। मरुदेवी अपने स्वप्नों का वृत्तान्त नाभि कुलकर से कहती हैं। उस समय स्वप्नपाठक नहीं थे इसलिए स्वप्नों का अर्थ नाभि कुलकर ने ही बताया। (चित्र R-1/1)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(192) All the details about the descent, up to the great dreams, are same as mentioned earlier. The only difference is that Marudevi saw a bull first of all in the sequence of dreams, whereas the mothers of the twenty two Tirthankars from Ajitnath to Parshvanath saw an elephant first. Marudevi related the incident of her dreams to Kulkar Nabhi. As there were no augurs during those days, it was Nabhi who explained the significance of those dreams. (Illustration R-1/1)

तेणं कालेणं तेणं समएणं उसभे अरहा कोसलिए जे से गिम्हाणं पढमे मासे, पढमे पक्खे, चित्त-बहुले, तस्स णं चित्त-बहुलस्स अट्ठमी-पक्खेणं, नवण्हं मासाणं बहु-पडिपुण्णाणं अद्धट्ठमाणं य राइंदियाणं जाव आसाढाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आरोग्गा आरोग्गं दारयं पयाया। तं चेव सव्वं जाव देवा देवीओ य वसुहार-वासं वासिंसु। सेसं तहेव चारग-सोहणं, माणुम्माण-वड्ढणं, उस्सुक्कमाइयं ठिइ-पडिय-जूय-वज्जं सव्वं भाणियव्वं ॥१९३॥

(१९३) काल के उस भाग में गर्मी का पहला महीना और पहला पक्ष चल रहा था। चैत्र कृष्ण अष्टमी के दिन गर्भ धारण को नौ महीने और साढ़े सात दिन बीत चुके थे। तब उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का योग आने पर स्वस्थ मरुदेवी ने सुखपूर्वक पुत्र-रत्न को जन्म दिया। उस काल में युगलिक और कुलकर व्यवस्था थी, राज्य और समाज का गठन नहीं हुआ था। अतः जन्मोत्सव आदि में राज्य और समाज परिवार की परम्परानुसार कार्य नहीं होते थे। देवी-देवताओं का आना आदि सभी अन्य कार्य पूर्ववत् हुए।

(193) At that time during that period it was the first month and the first fortnight of the summer season. On the eighth day of the dark half of the month of Chaitra, nine nonths and seven and a half days had passed since the conception. When the moon entered the Uttarashadha lunar mansion, healthy Marudevi gave birth to a son normally. In those days, social and political structure did not exist; the prevailing system consisted of twins and clan chiefs. As such, the birth celebrations did not involve any family, social, or state traditions. All the other acts involving gods and goddesses took place as detailed earlier.

विस्तार :

ऋषभदेव के जन्म के बाद दिक्कुमारियों द्वारा आवश्यक सूतिका कर्म किया गया। इसके पश्चात् सौधर्मेन्द्र प्रकट हुए। उन्होंने पाँच शरीर धारण किये। एक शरीर से शिशु ऋषभ को हाथ में सावधानी से

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उठा लिया। दूसरे शरीर से बालक के पीछे खड़े होकर उसके ऊपर छाया करने को हाथ में छत्र धारण किया। तीसरे और चौथे शरीर से हाथों में चंवर लिए बालक के दोनों ओर स्थित हो गये। पाँचवें शरीर से हाथ में वज्र धारण कर रक्षक के रूप में बालक के आगे स्थित हो गए। इसी संयोजन से सौधर्मेन्द्र बालक ऋषभ को लिए आकाशमार्ग से मेरु पर्वत पर आए। वहाँ समस्त देवी-देवताओं ने शिशु का उत्सव सहित जन्माभिषेक किया और पुनः माता मरुदेवी के पास लौटा लाए। (चित्र R-1/2)

प्रातःकाल मरुदेवी ने देखा कि बालक की जाँघ पर वृषभ का चिह्न था। उन्हें याद हो आया कि उन्होंने महास्वप्नों में भी सर्वप्रथम वृषभ ही देखा था। इससे प्रेरित हो माता-पिता ने उनका नाम ऋषभ रख दिया। ऋषभ जब एक वर्ष के हुए तो वंश की स्थापना के लिये सौधर्मेन्द्र कुलकर नाभि के पास आए। वे अपने हाथ में एक ईख लिए थे। बालक ऋषभ अपने पिता की गोद में बैठे थे। इन्द्र के हाथ में गन्ना देख वे हाथ बढ़ा उसे लेने को आतुर हो गये। इन्द्र ने ईख बालक के हाथ में दे दी और ईक्षु के प्रति बालक के आकर्षण को देख उनके वंश का नाम 'इक्ष्वाकु' रखकर लौट गये। (चित्र R-1/3)

Elaboration :

The post-birth cleansing rituals of Rishabhdev were performed by the goddesses reigning over the directions. After this, the king of gods, Saudharmendra appeared. He created five look alike bodies of himself. With one body he carefully lifted the baby in his hands. With second body he took an umbrella in his hands and stationed the body behind the baby. With the third and fourth bodies he took whisks and stationed these bodies on both sides of himself. With the fifth body he lifted his divine weapon, Vajra, and stationed the body ahead of the baby as a body guard. In this formation the king of gods airlifted the baby to Meru Mountain. There, all the gods ceremoniously performed the post-birth annointment rituals. After this, the baby was brought back to Marudevi. (Illustration R-1/2)

In the morning when the mother saw on the baby's thigh a birth mark resembling a bull. She recalled that in her great dreams the first thing she saw a glorious bull. This inspired the parents to name the baby as Vrishabh or Rishabh (a bull). When Rishabh was one year old, Saudharmendra came to Kulkar Nabhi for formalising the family name. He carried a sugar-cane in his hand. Baby Rishabh was sitting in his father's lap. When he saw the sugar-cane he eagerly extended his hands to take it. Saudharmendra gave the sugar-cane to the baby and seeing his affinity for sugar-cane (Ikshu) he formally named the family as Ikshvaku and left. (Illustration R-1/3)

उसभे णं अरहा कोसलिए कासव-गोत्तेणं, तस्स णं पंच नामधिज्जा एवमाहिज्जंति, तं जहा–उसभेइ वा, पढमराया इ वा, पढम भिक्खायरेइ वा, पढम जिणेइ वा, पढम तित्थयरेइ वा ॥१९४॥

(१९४) कौशलिक अर्हत् ऋषभ काश्यप गोत्र के थे। उनके पाँच प्रसिद्ध नाम हैं–ऋषभ, आदि राजा, आदि भिक्षाचर, आदि जिन, आदि तीर्थंकर।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



R 1 (अ) माता मरुदेवा का स्वप्न दर्शन (ब) इन्द्र द्वारा जन्म महोत्सव (स) इन्द्र के हाथ से इक्षु लेने के लिए बालक ऋषभ की उत्सुकता (द) सुनन्दा एवं सुमंगला के साथ पाणिग्रहण (प) प्रजा को कृषि कार्य का प्रशिक्षण

(a) Dreams of mother Marudeva. (b) Indra celebrating the birth. (c) Child Rishabh's eagerness to take sugar-cane held in Indra's hand. (d) Marriage with Sunanda and Sumangala. (e) Teaching arts and crafts including farming to the public.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



R 2 प्रजांजनों द्वारा कमल पत्रों में जलभर कर ऋषभ का राज्याभिषेक, पीछे खड़े आशीर्वाद देते हैं–नाभिराजा एवं माता मरुदेवा
Citizens annointing Rishabh pouring water from lotus leaves. Standing behind and blessing the first king are Nabhiraja and mother Marudeva.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(194) Kaushalik Arhat Rishabhdev belonged to the Kashyap clan. He became popularly known by five names—Rishabh, Adi-raja (the first king), Adi-bhikshachar (the first mendicant), Adi-jina (the first conqueror of senses), and Adi-tirthankar (the first Tirthankar).

आदि राजा

उसभे णं अरहा कोसलिए दक्खे, दक्ख-पइन्ने, पडिरूवे अल्लीणे, भद्दए, विणीए वीसं पुव्वसय-सहस्साइं कुमारवास-मज्झे वसइ, वसित्ता, तेवट्ठिं पुव्व-सय-सयस्साइं रज्ज-वास-मज्झे वसमाणे, लेहाइयाओ, गणिय-प्पहाणाओ सउणरुय-पज्जवसाणाओ बाहत्तरिं कलाओ, चउसट्ठिं महिलागुणे, सिप्पसयं च, कम्माणं तिन्नि वि पयाहियाए उवदिसइ, उवदिसित्ता पुत्तसयं रज्जसए अभिसिंचइ, अभिसिंचित्ता, पुणरवि लोयंतिएहिं जियकप्पिएहिं देवेहिं, ताहिं इट्ठाहिं जाव वग्गूहिं, सेसं तं चेव सव्वं भाणियव्वं, जाव दाणं दाइयाणं परिभाएत्ता, जे से गिम्हाणं पढमे मासे, पढमे पक्खे, चेत्त-बहुले, तस्स णं चेत्त-बहुलस्स अट्ठमी-पक्खेणं दिवसस्स पच्छिमे-भागे सुदंसणाए सिवियाए सदेव-मणुयासुराए परिसाए समणुगम्ममाण-मग्गे जाव विणीयं रायहाणिं मझं-मज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव सिद्धत्थवणे उज्जाणे, जेणेव असोग-वर-पायवे, तेणेव उवागच्छित्ता असोग-वर पायवस्स अहे जाव सयमेव चउमुट्ठियं लोयं करेइ, लोयं करित्ता छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं आसाढाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं उग्गाणं भोगाणं राइन्नाणं च खत्तियाणं च चउहिं सहस्सेहिं सद्धिं एगं देवदूस-मादाय मुंडे भवित्ता, आगाराओ अणगारियं पव्वइए॥१९५॥

(१९५) अर्हत् ऋषभ दक्ष थे, दक्ष प्रतिज्ञ थे, असाधारण रूपवान थे, सरल स्वभावी और विनम्र थे तथा आत्मलीन रहते थे। वे बीस लाख पूर्व (परिशिष्ट–1) वर्ष तक कुमार अवस्था में रहे। उसके बाद तिरसठ लाख पूर्व तक महाराजा के रूप में राज्य किया। उन्होंने प्रजा के हित के लिए लेखन, गणित, शकुन विचार आदि बहत्तर कलाएँ, स्त्रियों के चौंसठ गुण और सौ प्रकार के शिल्पों का प्रतिपादन किया और प्रजा को सिखाया। उन्होंने अपने राज्य को सौ भागों में बाँटकर अपने सौ पुत्रों का राज्याभिषेक किया। इसके बाद लोकान्तिक देव उनके पास आए और धर्मप्रवर्त्तन हेतु प्रार्थना की।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गर्मी के पहले महीने और पहले पक्ष में चैत्र कृष्णा अष्टमी के दिन अन्तिम प्रहर में ऋषभदेव सुदर्शना नाम की पालकी में बैठ अयोध्या नगरी के बीच होकर सिद्धार्थ वन नामक उद्यान में गए। उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का योग आने पर अशोक वृक्ष के नीचे, चार हजार पुरुषों के साथ, चार मुष्ठि लोच कर वे अनगार बन गए। (महाभिनिष्क्रमणादि का विस्तृत वर्णन पूर्व के समान है।) (चित्र R-3)

The First King

(195) He was a genius, he was .veracious, absolutely introspective, simple, humble and extraordinarily handsome. He remained a prince for two million Purvas (one Purva is eighty four hundred thousand years multiplied by the same number or 7056 x 1010 years). After that he spent sixty three hundred thousand Purvas as a king. For the benefit of the people, he invented and taught seventy two arts including writing, mathematics, augury, etc.; sixty four attributes of women; and one hundred different crafts. He divided his kingdom into one hundred parts and made his one hundred sons rulers of these divisions. After this, the gods from beyond the living worlds approached him for renunciation and propagation of religion.

During the first month and the first fortnight of the summer season on the eighth day of the dark half of the month of Chaitra, around the lst hour of the day, Rishabhdev sat in the palanquin named Sudarshan. Passing through the town of Ayodhya, he arrived in a garden named Siddhartha Vana. When the moon entered the Uttarashadha lunar mansion he became an ascetic under a Ashoka tree, after pulling out four fistsful of hair. With him four thousand other persons also became ascetics (the detailed description of the renunciation is the same as mentioned earlier). (Illustration R-3)

विस्तार :

वह युग युगलियों का था। बालक ऋषभ अपनी युगलिका सुमंगला के साथ तथा देवकुमारों के साथ क्रीड़ा करते विकसित होने लगे और धीरे-धीरे एक रूपवान, शक्तिवान और गुणवान युवक हो गये।

एक दिन एक ताल वृक्ष के नीचे एक अल्पायु युगल क्रीड़ा कर रहे थे। तभी ताल वृक्ष से एक भारी तालफल पुरुष के सिर पर गिरा और उसकी तत्काल मृत्यु हो गई। बालिका अकेली रह गई। कुछ दिनों तक उसके माता-पिता ने उसका लालन-पालन किया और फिर उनकी भी मृत्यु हो गई। उस युवती को अकेली विचरते देख कुछ युगलिक उसे कुलकर नाभि के पास ले गये। नाभि ने उसे ऋषभकुमार की पत्नी बनाने का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निश्चय किया। यथा समय ऋषभदेव का विवाह, देवताओं के सहयोग से, सुमंगला व सुनन्दा से कर दिया गया। (चित्र R-1/4)

ऋषभकुमार का दाम्पत्य जीवन सुखपूर्वक बीतने लगा। काल क्रम से उनके भरत, ब्राह्मी, बाहुबली, सुन्दरी तथा अन्य सन्तानें हुईं। वह युग-परिवर्तन का काल था। सहज स्वभावी युगलियों में भी ईर्ष्या-द्वेष आदि के भाव उत्पन्न होने लगे। वृक्षों से भी आवश्यक सामग्री मिलना कम होने लगा। इन सब कारणों से प्रचलित व्यवस्था बिगड़ने लगी। कुछ युगलिक ऋषभकुमार के पास आये और उनसे यह समस्या बताई। ऋषभकुमार ने कहा, "कुलकर व्यवस्था समाप्त कर राज्य व्यवस्था आरंभ करनी होगी और उसी के साथ दण्ड व्यवस्था भी। आप लोग कुलकर नाभि से प्रार्थना कीजिये कि वे आपको राजा प्रदान करें।"

युगलिक तब नाभि कुलकर के पास गये और प्रार्थना की। नाभि ने कहा, "ऋषभ तुम्हारे राजा हों।" यह सुन युगलिक राज्याभिषेक की तैयारी करने लगे। उसी समय देवताओं ने सोने की वेदी स्थापित की और तीर्थों से लाए जल से ऋषभ का अभिषेक कर उन्हें दिव्य वस्त्राभूषण और मुकुट पहनाये। तब युगलिक भी कमल-पत्रों में जल लेकर आ गये और उन्होंने विनयपूर्वक वह जल राजा ऋषभदेव के चरणों में समर्पित कर दिया। देवराज ने कुबेर को एक नगरी की स्थापना करने की आज्ञा दी। इस सुन्दर और समस्त सुविधापूर्ण नगरी का नाम विनीता (अयोध्या) रखा गया। (चित्र R-2)

अपने दीर्घकालीन राज्यकाल में राजा ऋषभ ने राज्य व दण्ड व्यवस्था स्थापित की। आत्मरक्षा के लिए शस्त्र चलाने की व अन्य युद्ध प्रणालियों का विकास किया। प्रकृति से भोज्य पदार्थ स्वाभाविक रूप से मिलना दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा था, अतः उन्होंने कृषि पद्धति विकसित की। इसी प्रकार मानव समाज की स्थापना करने वाले तथा उसके उपयोग में आने वाली अनेक विद्याओं की शिक्षा के जनक थे राजा ऋषभदेव। उन्होंने अपने बड़े पुत्र भरत को बहत्तर कलाओं की शिक्षा दी, बाहुबली को पशुओं व मनुष्यों के लक्षणों का ज्ञान दिया, ब्राह्मी को लिपियों की और सुन्दरी को गणित की शिक्षा दी। शिल्प, स्थापत्य, वाणिज्य, चिकित्सा आदि अनेक विषयों का ज्ञान-विज्ञान महाराज ऋषभ की ही देन है। (चित्र R-1/5)

अणगार बनने के बाद ऋषभदेव ने मौन धारण कर लिया और अन्य मुनियों के साथ विचरण करने लगे। तपस्या के बाद जब वे पारणे के लिये निकलते तो उन्हें आहार प्राप्त नहीं होता। उस काल के सरल चित्त लोग आहारदान की विधि से अनभिज्ञ थे। भगवान ऋषभदेव के भिक्षा हेतु आने पर वे उन्हें राजा का सा सम्मान देते और बहुमूल्य उपहार आदि भेंट करते। ऋषभदेव बिना कुछ ग्रहण किए ही विहार करने लगते। समय इसी प्रकार बीतने लगा तो उनके साथ रहने वाले मुनियों ने परस्पर परामर्श कर फलादि का आहार करना आरंभ कर दिया। अनेक स्थानों पर विहार करते जब मौन निराहार भगवान ऋषभदेव को एक वर्ष बीत गया तो उन्होंने भिक्षा ग्रहण करने का निश्चय किया और हस्तिनापुर नगर की ओर आए।

हस्तिनापुर में बाहुबलि के पुत्र सोमप्रभ राज्य करते थे। उनके पुत्र श्रेयांसकुमार ने रात्रि को स्वप्न देखा कि सोने का सा चमकता सुवर्णगिरि (मेरुपर्वत) काला पड़ गया है और उन्होंने दूध से भरे कलशों से अभिषेक कर उसे पुनः उज्ज्वल कर दिया है। श्रेयांसकुमार ने अपने स्वप्न की बात मित्रों को सुनाई पर उसका अर्थ कोई नहीं समझ सका। तभी ऋषभदेव के नगर में प्रवेश करने से प्रसन्न प्रजाजनों का कोलाहल उन्हें सुनाई पड़ा। श्रेयांसकुमार ने अपने अनुचर को कोलाहल के कारण का पता लगाने भेजा। उसने

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लौटकर कारण बताया तो श्रेयांसकुमार दौड़कर अपने प्रपितामह के दर्शन को गये। वन्दना के बाद जब उन्होंने ऋषभदेव के मुख की ओर देखा तो उन्हें जाति-स्मरण ज्ञान हो आया। वे पूर्वजन्म में वज्रनाभ राजा के सारथी थे। उनके मन में विचार चल ही रहे थे कि ईख के ताजा रस से भरे १०८ कलश उनके वहाँ आये। श्रेयांसकुमार को निर्दोष दान का ज्ञान था। उन्होंने ऋषभदेव से इक्षु रस ग्रहण करने की प्रार्थना की। ऋषभदेव ने अंजलिबद्ध हाथ आगे बढ़ा दिये और श्रेयांस ने कलश से इक्षुरस उनकी अंजली में उँड़ेला। ऋषभदेव ने पारणा किया और आकाश में देव-दुंदुभी गूँज उठी। वैशाख शुक्ला तृतीया के दिन दिया यह दान अक्षय दान के रूप में प्रसिद्ध हुआ और वह दिन अक्षय तृतीया के नाम से। (चित्र R-4)

Elaboration :

That was the age of twins. The child Rishabh grew up gradually into a handsome, strong, and virtuous young man, playing along with his twin Sumangala and other divine boys.

One day an infant couple was playing under a coconut tree. All of a sudden a ripe fruit fell on the head of the male and he died on the spot. The female was left alone. For a few days her parents looked after her, but they too died. Finding her roaming around alone, some twins took her to Kulkar Nabhi. Nabhi decided that she should be married to Rishabh. At an opportune time Rishabh was wedded to Sumangala (his twin) and Sunanda the orphan. The gods made all the arrangements for this first marriage. (Illustration R-1/4)

Prince Rishabh led a happy married life. In due course his wives gave birth to Bharat, Brahmi, Bahubali, Sundari and many other sons and daughters. It was a transitional era. Feelings of envy, aversion, etc. started sprouting even in the simple minded twins. The yield from the wish fulfilling trees also started diminising. Due to these changes the established system started disintegrating. Some wise twins approached Rishabh Kumar and put their problems before him. Prince Rishabh said, "The time has come to abandon the Kulkar system and launch a kingdom with a system of law and order. You should say so to Kulkar Nabhi and request him to provide you with a king."

The twins, then, went to Kulkar Nabhi and put forth their request. Nabhi said, "May Rishabh be your king." The joyous twins started preparations for the coronation ceremonies. When they left, the gods created a golden seat and annointed Rishabh with the water collected from various pilgrimage centers. They attired him in divine dress and ornaments, and formally put the crown on his head. The twins, now arrived with the water for annointment filled in cups of lotus leaves, and, seeing Rishabh already coronated, humbly poured the water on his feet. The king of gods ordered Kuber, the god of wealth, to construct a suitable city. This beautiful city with all facilities was named Vinita (Ayodhya). (Illustration R-2)

During his long reign king Rishabh established the state and the penal systems. He developed martial arts and a disciplined army for self defence. As the sources of effortlessly available food declined with passage of time he evolved the agricultural sciences. Thus Rishabhdev was not only the founder of the social system but also the inventor of a variety of useful arts and crafts along with an education system. To his elder son Bharat he taught

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



R 3 वस्त्राभूषण उतारकर ऋषभदेव का केश लुंचन, साथ में अनेक राजाओं द्वारा दीक्षा ग्रहण
Rishabh Dev pulling out his hair after shedding his dress and ornaments. Numerous kings following his path of renunciation.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org



R 4 (अ) श्रेयांस कुमार द्वारा मेरु पर्वत को अमृत से धोने का स्वप्न (ब) भगवान ऋषभदेव को इक्षुरस का दान
(a) Shreyans Kumar dreaming of pouring nectar to clean mount Meru.
(b) Giving sugarcane-juice to Rishabh Dev as alms.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

seventy two arts and to Bahubali the sciences of anthropology and zoology. To Brahmi, his eldest daughter, he taught various scripts and languages, and to Sundari the elaborate subject of mathematics. It was king Rishabhdev who is credited with the invention and methods of imparting education in a variety of subjects, including crafts, architecture, commerce, medicine, etc. (Illustration R-1/5)

After becoming an ascetic, Rishabhdev took the vow of total silence and started wandering accompanied by other ascetics. When, after his penances, he went out to beg for food, he did not get anything to eat. The common people of that age were ignorant about the practice of giving food as alms; they did not even appreciate the need to do so. Whenever Rishabh approached them, they offered him respect and valuable gifts as they would to a king. Rishab would then proceed ahead without accepting anything. As time passed the accompanying ascetics conferred among themselves and decided to eat fruits and vegetables naturally available. After an entire year of wandering from place to place without touching any food, Rishabh decided to go to beg food once again. He came to Hastinapur town.

Bahubali's son, Somprabh, was the king of Hastinapur. His son Shreyansa Kumar saw a dream during the night that Suvarnagiri, the golden mountain, had turned black and he had brought back its golden hue by washing it with pitchers filled with milk. He narrated the dream to his friend but no one could interpret its meaning. Just then he heard the noise caused by happy masses who had seen Rishabhdev entering the town. He asked his attendant to go and find out the reason for the commotion. When the attendant, on his return, told about the incident, Shreyansa rushed to welcome his great grand father. After bowing at his feet, when Shreyansa looked at the face of Rishabhdev he acquired the Jatismaran Jnana (the knowledge of past births). The being that was to become Shreyansa was the charioter of king Vajranabh (the being that had been born as Rishabhdev). While he was contemplating all this citizens brought 108 pitchers full of fresh cane juice Shreyansa was aware of the system of giving pure food as alms. He requested Rishabhdev to accept fresh sugar-cane juice. Rishabhdev extended his cupped palms and Shreyansa poured the cane juice from a pitcher. Rishabhdev broke his fast and the skies reverberated with the sound of divine drums. This charity made on the third day of the bright half of the month of Vaishakha became famous as Akshaya (unhindered, unbroken or incessant) Daan (charity). The particular date also became famous as Akshaya Tritiya. (Illustration R-4)

उसभे णं अरहा कोसलिए एगं वास-सहस्सं निच्चं वोसट्ठकाए चियत्तदेहे जाव अप्पाणं भावेमाणस्स एगं वास-सहस्सं विइक्कंतं; तओ णं जे से हेमंताणं चउत्थे मासे सत्तमे पक्खे फग्गुण-बहुले, तस्स णं फग्गुण-बहुलस्स एक्कारसी-पक्खेणं पुव्वण्ह-काल-समयंसि पुरिमतालस्स नगरस्स बहिया सगडमुहंसि उज्जाणंसि नग्गोह-वर-पायवस्स अहे अट्ठमेणं भत्तेणं अपाणएणं आसाढाहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं झाणंतरियाए वट्टमाणस्स अणंते जाव जाणमाणे पासमाणे विहरइ॥१९६॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(१९६) कौशलिक अर्हत् ऋषभ एक हजार वर्ष तक अपने शरीर की ओर से पूरी तरह उदासीन और अनासक्त रहे। हेमन्त ऋतु के चौथे महीने और सातवें पक्ष में फाल्गुन कृष्ण एकादशी के दिन दोपहर से पहले पुरिमताल नगर के बाहर शकटमुख नामक उद्यान में वट वृक्ष के नीचे ऋषभदेव जलरहित अष्टमभक्त (तीन उपवास) तप का पालन करते हुए ध्यानमग्न थे। तब उत्तराषाढ़ नक्षत्र का योग आने पर उन्हें अनन्तादि केवलज्ञान और केवलदर्शन उत्पन्न हुए और वे समस्त लोक के समस्त जीवों के समस्त भावों को जानते-देखते विचरण करने लगे।

(196) For one thousand years Kaushalik Arhat Rishabhdev completely ignored and neglected his body. During the fourth month and the seventh fortnight of the winter season, on the eleventh day of the dark half of the month of Phalgun around forenoon, Rishabhdev was observing a three day fast without water and was meditating under a banyan tree in the Shakatmukh garden outside Purimtal town. At that time when the moon entered the Uttarashadha lunar mansion he attained the infinite etc. (as in para 120) Kewal Jnana and Kewal Darshan. Seeing and knowing everything, he started moving around.

विस्तार :

अर्हत् ऋषभदेव के केवलज्ञान के पश्चात् देवताओं ने उनका समवसरण रचा और ऋषभदेव ने देशना दी। अयोध्या नगरी में महाराज भरत को संदेशवाहकों ने यह सूचना दी। उसी समय भरत को यह समाचार भी मिला कि उनकी आयुधशाला में चक्र-रत्न प्रकट हुआ है। वे चक्र-रत्न की विधिवत् पूजा करने से पूर्व अर्हत् दर्शन के लिए मरुदेवी माता को हाथी पर बैठाकर ले गये। मरुदेवी, जो इससे पूर्व अपने पुत्र की अणगार स्थिति से चिन्तित थीं, समवसरण के निकट पहुँच ऋषभदेव का तेजस्वी मुखमण्डल और उपस्थित देवों का वैभव और हर्ष देखकर चिन्ता मुक्त हुईं। अपने पुत्र के आध्यात्मिक विकास की चरम स्थिति देख उन्हें जो सहज आनन्द मिला वह परमानन्द में परिणत हो गया और उन्हें केवलज्ञान प्राप्त हुआ। उसी समय उनकी आयुष्य पूर्ण हुई और वे सिद्ध बन गईं। मरुदेवी इस काल की प्रथम सिद्ध बनीं। (देखें—समवसरण का चित्र)

अर्हत् ऋषभदेव के समवसरण में उनकी देशना सुन उनकी पुत्री ब्राह्मी, पौत्र ऋषभसेन व मरीचि आदि अनेक व्यक्तियों ने दीक्षा ली और सम्राट् भरत, बाहुबलि, सुन्दरी आदि ने श्रावक धर्म अंगीकार किया। ऋषभदेव तब धर्म प्रभावना हेतु वहाँ से विहार कर गये।

महाराज भरत ने अपने महल में लौटकर चक्र-रत्न की पूजा की और दिग्विजय अभियान आरंभ किया। षट्खण्ड विजय करने के पश्चात् वे अयोध्या लौटे और अर्हत् दर्शन को अपनी बहन सुन्दरी के साथ गए। सुन्दरी ने ऋषभदेव के पास दीक्षा ली और भरत अयोध्या लौट आये। अयोध्या लौटने पर उन्हें ज्ञात हुआ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चित्र सं. ७ तीर्थंकरों की समवसरण-रचना : एक दृश्य

Illustration 7 A birds view of the divine assembly (Samvasarana) of Tirthankars.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कि षट्खण्ड विजय कर लेने पर भी स्वयं उनके भाइयों ने उनकी अधीनता स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने सभी भाइयों के पास दूत भेजे और कहलवाया कि "यदि राज्य की इच्छा है तो महाराज भरत की सेवा करें।" इस सन्देश ने बाहुबलि को छोड़ सभी भाइयों के मन में वैराग्य उत्पन्न कर दिया और उन्होंने ऋषभदेव के पास जाकर दीक्षा ले ली।

बाहुबलि ने भरत की अधीनता स्वीकार नहीं की और दोनों में युद्ध ठन गया। युद्ध क्षेत्र में दोनों की विशाल सेनाएँ आमने-सामने डट गईं। देवताओं ने आकर दोनों भाइयों को युद्ध से विमुख होने की मन्त्रणा दी पर वे नहीं माने। इस पर देवताओं ने कहा कि व्यर्थ ही सैन्य नाश न कर वे दोनों द्वन्द्व-युद्ध कर लें। दोनों भाई इस बात पर सहमत हो गये। दोनों भाइयों ने दृष्टि-युद्ध, वाग्-युद्ध, बाहु-युद्ध, मुष्टि-युद्ध तथा दण्ड-युद्ध किये। इन सभी में बाहुबलि ने भरत को पराजित कर दिया। लज्जा और अपमानजनित क्रोध ने भरत को उत्तेजित कर दिया और उन्होंने अपने चक्र को बाहुबलि की ओर छोड़ा। चक्र स्वगोत्रीय पर प्रहार नहीं करता अतः वह बाहुबलि की प्रदक्षिणा कर लौट आया। भरत के इस अनुचित कार्य से बाहुबलि उत्तेजित हो उठे और बंद मुट्ठी हवा में तान भरत का संहार करने आगे बढ़े। भरत के निकट पहुँचकर वे ठिठके और अपने भाई की ओर देखते-देखते उनका हृदय परिवर्तन हो गया। राज्य हेतु सहोदर की हत्या के जघन्य पाप से भी मनुष्य डरता नहीं, ऐसा सोच उन्हें वैराग्य हो आया। भरत से क्षमा माँगकर उन्होंने अपनी उठी हुई मुट्ठी से ही केश लोच किया और उसी स्थल पर खड़े-खड़े ध्यानमग्न हो गये।

उस स्थल पर ध्यानमग्न खड़े बाहुबलि को एक वर्ष बीत गया। वे शिला की भाँति निश्चल खड़े रहे और उनके शरीर पर लताएँ चढ़ गईं, सूक्ष्म जीवों ने उसे क्रीड़ा स्थल बना लिया। ऋषभदेव ने तब ब्राह्मी और सुन्दरी को बुलाकर कहा कि बाहुबलि लगभग अपने सघन कर्मों का क्षय कर साधना के उच्चतम स्तर पर पहुँच गए हैं। उनके केवलज्ञान में बाधा स्वरूप केवल अल्प मान की भावना रह गई है। उनके निकट जाकर इस बात का इंगित कर देने से वे समझ जायेंगे। ब्राह्मी और सुन्दरी ने बाहुबलि के पास जाकर कहा, "हाथी पर चढ़े व्यक्ति को ज्ञान नहीं होता, भाई, आप हाथी से उतरें।"

बाहुबलि को इन शब्दों से आभास हुआ कि उनके मन में एक छोटी-सी ग्रन्थि पल रही थी कि वे अपने छोटे भाइयों को जो उनसे पूर्व श्रमण बन चुके हैं कैसे वन्दना करेंगे? उनके विचारों में तत्काल परिवर्तन आया, "साधना के पथ पर सांसारिक व्यवहार अर्थहीन हो जाते हैं। चलूँ सभी को वन्दन करूँ।" इस परिवर्तन के साथ ही तत्काल उन्हें केवलज्ञान उत्पन्न हो गया।

Elaboration :

वासावासं पज्जोसवियस्स पाणि-पडिग्गहियस्स भिक्खुस्स नो कप्पइ अगिहंसि पिंडवायं पडिग्गाहित्ता पज्जोसवित्तए। पज्जोसवेमाणस्स सहसा वुट्ठिकाए निवडिज्जा, देसं भोच्चा देसमायाय से पाणिणा पाणिं परिपिहित्ता, उरंसि वा णं निलिज्जिज्जा, कक्खंसि वा णं समाहडिज्जा, अहा-छन्नाणि वा लयणाणि उवागच्छिज्जा, रूक्खमूलाणि वा उवागच्छिज्जा, जहा से पाणिंसि दगे वा, दगरए वा, दगफुसिया वा नो परियावज्जइ ॥२५४॥

(२५४) करपात्री साधु को हाथ में गोचरी लेकर खुले स्थान पर या आसमान के नीचे भोजन करना नहीं कल्पता। वह यदि ऐसा कर रहा हो और अचानक वर्षा आरम्भ हो जाए, तो बने हुए भोजन को हाथ से ढके और सीने से चिपकाकर या काँख में छिपाकर सुरक्षित करे, और किसी गृहस्थ के घर में या पेड़ की छाया में चला जाय। जिस हाथ में भोजन हो उससे अपकाय के जीवों की विराधना न हो अर्थात् पानी की बूँदें उस हाथ को न छू सकें ऐसी प्रवृत्ति करे।

(254) The ascetic without alms-pot is not allowed to take the food and eat it in an open area or under the sky. If at the time of bringing the food it starts raining, he should protect the food from the rain drops by hiding it near his chest or under armpits, and proceed to some house or under the shade of a tree. He should ensure that the hand in which he carries the food is not touched by the rain drops.

वासावासं पज्जोसवियस्स पाणि-पडिग्गहियस्स भिक्खुस्स जं किं चि कणग-फुसिय-मित्तं पि निवडइ, नो से कप्पइ भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२५५॥

(२५५) करपात्री साधु को ऐसी सूक्ष्म फुहार भी पड़ रही हो कि जल का कण मात्र भी स्पर्श करता हो, तब भी आहार-पानी के लिए जाना-आना नहीं कल्पता।

(255) The ascetic without alms-pot is not allowed to go out for begging food even if it is just drizzling or even mist particles touch his body.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासावासं पज्जोसवियस्स पडिग्गहधारिस्स भिखुस्स नो कप्पइ वग्घारिया-वुट्ठिकायंसि गाहावइ-कुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा॥२५६॥

(२५६) वर्षावास में रहे पात्रधारी साधु को निरन्तर वर्षा बरस रही हो तब भोजन-पानी के लिए जाना-आना नहीं कल्पता। यदि कम वर्षा (रह-रहकर बूँदा-बूँदी) हो रही हो तो सूती वस्त्र के ऊपर ऊनी वस्त्र ओढ़कर, पात्र और रजोहरण को भली प्रकार ढककर जाना-आना कल्पता है।

(कुछ आचार्य अल्पवृष्टि का अर्थ वर्षा का अभाव करते हैं तथा कुछ हलकी बूँदा-बूँदी। आचारांग एवं दशवैकालिक सूत्र में वर्षा बरसते समय भिक्षार्थ जाने का निषेध है।)

(256) An ascetic who carries alms-pot is not allowed to go for food or water if it is raining heavily. If it is just drizzling he is allowed to go out only after properly covering his cotton clad body, alms-pots, and the broom with a woollen cloth.

(Acharang and Dashvaikalik disallow even if it is just drizzling. Among the Acharyas there are followers of both the schools.)

आश्रय-मर्यादा

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स निग्गंथीए वा गाहावइ-कुलं पिंडवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय निगिज्झिय वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा, अहे उवस्सयंसि वा, अहे वियडगिहंसि वा, अहे रूक्खमूलंसि वा उवागच्छित्तए।

तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते चाउलोदणे, पच्छाउत्ते भिलिंग-सूवे, कप्पइ से चाउलोदणे पडिग्गाहित्तए, नो से कप्पइ भिलिंग-सूवे पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते भिलिंग-सूवे, पच्छाउत्ते चाउलोदणे, कप्पइ से भिलिंग-सूवे पडिग्गाहित्तए, नो से कप्पइ चाउलोदणे पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं दो वि पुव्वाउत्ताइं वट्टंति, कप्पंति से दो वि पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं दो वि पच्छाउत्ताइं, नो से कप्पंति दो वि पडिग्गाहित्तए। जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते से कप्पइ पडिग्गाहित्तए, जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पच्छाउत्ते से नो कप्पइ पडिग्गाहित्तए॥२५७॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२५७) जब रुक-रुककर वर्षा हो रही हो तब गोचरी के लिए निकले पात्रधारी साधु को बगीचे में पेड़ के नीचे, उपाश्रय के अथवा घर के आश्रय में छायादार स्थान पर जाना कल्पता है। ऐसे स्थान पर साधु के पहुँचने से पहले ही तैयार किया हुआ भात मिले और पहुँचने के बाद तैयार की हुई दाल मिले, तो केवल भात लेना ही कल्पता है, दाल लेना नहीं। इसी प्रकार यदि पहुँचने से पहले दाल बनी है और पहुँचने के बाद भात, तो केवल दाल लेना ही कल्पता है। यदि दोनों वस्तुएँ पहले बनी हों तो दोनों को लेना कल्पता है और यदि दोनों वस्तुएँ बाद में बनी हों तो लेना नहीं कल्पता। आशय यह है कि वहाँ पहुँचने से पूर्व तैयार की हुई कोई भी खाद्य वस्तु लेना कल्पता है, पहुँचने के बाद तैयार की हुई वस्तु लेना नहीं कल्पता।

Rules for Taking Shelter

(257) If the rain is intermittant, an ascetic is allowed to go into a garden under a tree, in a Upashraya or a house, or any other covered place. After reaching there if he finds rice cooked before his reaching there and, pulse cooked after his reaching there, he is allowed to accept only rice and not pulse. Simlilarly if the pulse has been cooked before he reaches and, rice after his reaching, then he is allowed to accept only pulse. In case both the things were cooked before his reaching at the spot, he is allowed to accept both; and if both are cooked after his arrival, he should not accept any of the two. Thus it implies that he is allowed to accept only the things that are already cooked before his arrival and not allowed to accept anything that is cooked after his arrival.

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइ-कुलं पिंडवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय निगिज्झिय वुट्ठिकाए निवएज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा, अहे उवस्सयंसि वा, अहे वियडगिहंसि वा, अहे रुक्खमूलंसि वा उवागच्छित्तए, नो से कप्पइ पुव्वगहिएणं भत्तपाणेणं वेलं उवायणावित्तए। कप्पइ से पुव्वामेव वियडगं भोच्चा पिच्चा पडिग्गहगं संलिहिय संपमज्जिय एगायगं भंडगं कट्टु जाव सेसे सूरिए जेणेव उवस्सए तेणेव उवागच्छित्तए। नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवायणावित्तए॥२५८॥

(२५८) पात्रधारी साधु जब वर्षा के कारण उपयुक्त स्थान पर आश्रय ले तो साथ लाई हुई गोचरी को रखकर समय नष्ट करना नहीं कल्पता। आश्रय स्थान में पहुँचते ही भोजन-पानी ग्रहण कर पात्र को साफ कर एक साथ भली प्रकार बाँधकर रखना और संध्या सूर्यास्त से पूर्व उपाश्रय की ओर जाना कल्पता है। उस स्थान पर रात बिताना नहीं कल्पता।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(258) An ascetic carrying alms-pot should not waste time at the place of shelter by putting away the food he has brought. He should eat the food as soon as he takes shelter, clean his alms-pots, properly wrap them, and return to his staying place, Upashraya, before the evening. He is not allowed to spend the night at the place of shelter.

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइकुलं पिंडवाय-पडियाए अणुप्पविट्ठस्स निगिज्झिय निगिज्झिय वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा, अहे उवस्सयंसि वा, जाव उवागच्छित्तए। तत्थ नो कप्पइ एगस्स य निग्गंथस्स एगाए निग्गंथीए एगयओ चिट्ठित्तए १; तत्थ नो कप्पइ एगस्स निग्गंथस्स दोण्ह य निग्गंथीणं एगयओ चिट्ठित्तए २; तत्थ नो कप्पइ दोण्ह य निग्गंथाणं एगाए य निग्गंथीणं एगयओ चिट्ठित्तए ३; तत्थ कप्पइ दोण्हं य निग्गत्थाणं दोण्ह य निग्गंथीण एगयओ चिट्ठित्तए ४। अत्थि य इत्थ केइ पंचमए खुड्डए वा, खुड्डिया वा, अन्नेसिं वा संलोए सपडिदुवारे एवं ण्हं कप्पइ एगयओ चिट्ठित्तए॥२५९॥

(२५९) पात्रधारी साधु-साध्वियों को रह-रहकर वर्षा होते समय उद्यान या उपाश्रय में आश्रय लेना कल्पता है किन्तु–(१) वहाँ पर अकेले साधु को अकेली साध्वी के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता। (२) अकेले एक श्रमण को दो श्रमणियों के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता। (३) दो साधुओं को अकेली साध्वी के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता। (४) दो साधुओं को दो साध्वियों के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता। किन्तु यदि उस स्थान पर कोई पाँचवाँ व्यक्ति हो, चाहे वह क्षुल्लक (छोटा) या क्षुल्लिका ही हो, या अन्य लोग उन्हें देख सकते हों, या आश्रय स्थान चारों ओर से खुला हो तो दो साधु और दो साध्वियों का एक स्थान पर रहना कल्पता है।

(259) An ascetic carrying alms-pot is allowed to take shelter in a garden or a Upashraya while it rains intermittently provided, (1) a male ascetic is not alone with a female ascetic, (2) a male ascetic is not alone with two female ascetics, (3) two male ascetics are not alone with one female ascetic, and (4) two male ascetics are not alone with two female ascetics. However, in case of the fourth condition two male and two female ascetics are allowed to stay at a place of shelter if there is also a fifth person staying at that place, irrespective of his or her being a child. They can also stay if the place of shelter is open on all sides and others can observe them freely.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइ-कुलं पिंडवाय-पडियाए अणुप्पविट्ठस्स निगिज्झिय निगिज्झिय वुट्ठिकाए निवएज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा, अहे उवस्सयंसि वा जाव उवागच्छित्तए। तत्थ नो कप्पइ एगस्स निग्गंथस्स एगाए य अगारीए एगयओ चिट्ठित्तए, एवं चउभंगो। अत्थि य इत्थ केइ पंचमए थेरे वा, थेरिया वा, अन्नेसिं वा संलोए सपडिदुवारे एवं कप्पइ एगयओ चिट्ठित्तए॥२६०॥

(२६०) ऐसी ही उक्त परिस्थिति में साधु और श्राविका (महिला) के एक साथ रह सकने के संबंध में भी उपरोक्त नियम के चारों अंग (चारों भंग) लागू होते हैं।

(260) The above said four rules are also applicable for a male ascetic and a lay female under the said circumstances.

एवं चेव निग्गंथीए अगारस्स य भाणियव्वं॥२६१॥

(२६१) ऐसी ही परिस्थिति में साध्वी और श्रावक (पुरुष) के एक साथ रह सकने के संबंध में भी उपरोक्त नियम के चारों अंग लागू होते हैं।

(261) The above said four rules are also applicable for a female ascetic and a lay male under the said circumstances.

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाणं वा निग्गंथीण वा अपरिन्नएणं अपरिन्नयस्स अट्ठाए असणं वा १, पाणं वा २, खाइमं वा ३, साइमं वा ४, पडिग्गाहित्तए। से किमाहु भंते? 'इच्छा य परो अपरिन्नए भुंजिज्जा, इच्छा य परो न भुंजिज्जा'॥२६२॥

(२६२) वर्षावास में रहे साधु-साध्वी को अन्य साधु-साध्वी के कहे बिना या उन्हें पूर्व सूचना दिये बिना उनके लिए चारों प्रकार के अशन, पान, खाद्य व स्वाद्य पदार्थों को लेना नहीं कल्पता। क्योंकि इस प्रकार बिना पूछे लाए हुए पदार्थ को खाना या न खाना उनकी अपनी इच्छा पर निर्भर करता है।

(262) It is not allowed for a monk to accept food for other ascetics without a prior information from or to them. This is because it is only their option to eat or not such unasked for food.

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा उदउल्लेण वा ससणिद्धेण वा काएणं असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा आहारित्तए॥२६३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२६३) वर्षावास में रहे साधु-साध्वियों को यदि उनके शरीर पर पानी टपकता हो या उनका शरीर गीला हो तो उन्हें किसी भी प्रकार का खाद्य आदि पदार्थ खाना, लेना नहीं कल्पता।

(263) An ascetic who is wet and/or water is dripping from his body is not allowed to eat anything.

से किमाहु भंते! सत्त सिणेहाययणा पन्नत्ता, तं जहा–पाणी, पाणीलेहा, नहा, नहसिहा, भमुहा, अहरोट्ठा, उत्तरोट्ठा। अह पुण एवं जाणिज्जा विगओदए मे काए, छिन्न-सिणेहे, एवं से कप्पइ असणं वा, पाणं वा, खाइमं वा, साइमं वा आहारित्तए॥२६४॥

प्रश्न–भन्ते ! ऐसा क्यों कहा ?

(२६४) उत्तर–इसका कारण यह है कि शरीर में सात स्थान ऐसे हैं जहाँ पानी टिक सकता है–१. दोनों हाथ, २. दोनों हाथ की रेखाएँ, ३. नाखून, ४. नाखून का अग्र भाग, ५. भौंहें, ६. दाढ़ी, और ७. मूँछ। जब साधु-साध्वी को यह आभास हो जाये कि उनका शरीर जल या आर्द्रतारहित हो गया है तभी उन्हें खाना कल्पता है।

(264) "Why so, Sire!" The reason for this is that in the human body there are seven such spots where water can stay and accumulate—1. both the hands, 2. lines on both palms, 3. nails, 4. tips of nails, 5. eye brows, 6. beard, and 7. moustache. The ascetics are allowed to eat when they are sure that the body is dry and free of any moisture.

आठ सूक्ष्म

वासावासं पज्जोसवियाणं इह खलु निग्गंथाण वा इमाइं अट्ठ-सुहुमाइं, जाइ छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं अभिक्खणं जाणियव्वाइं पासियव्वाइं पडिलेहियव्वाइं भवंति, तं जहा–पाणसुहुमं पणगसुहुमं बीयसुहुमं हरियसुहुमं पुप्फसुहुमं अंडसुहुमं लेणसुहुमं सिणेहसुहुमं॥२६५॥

(२६५) वर्षावास में रहे साधु-साध्वी को आठ सूक्ष्म अवश्य जानने चाहिये। प्रत्येक छद्मस्थ साधु-साध्वी को ये आठ सूक्ष्म बार-बार जानने-देखने-समझने चाहिए। ये आठ सूक्ष्म हैं–१. प्राण-सूक्ष्म, २. पनक-सूक्ष्म, ३. बीज-सूक्ष्म, ४. हरित-सूक्ष्म, ५. पुष्प-सूक्ष्म, ६. अण्ड-सूक्ष्म, ७. लयन-सूक्ष्म, और ८. स्नेह-सूक्ष्म।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Eight Micro-things

(265) Every ascetic should know about the eight micro-things. Every common ascetic should know, see, and understand again and again these eight micro-things. The eight micro-things are—1. micro-beings, 2. micro-fungi, 3. micro-seeds, 4. micro-vegetation, 5. micro-flowers, 6. micro-eggs, 7. micro-dwellings, and 8. micro-moisture.

से किं तं पाण-सुहुमे?

पाण-सुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–किण्हे, नीले, लोहिए हालिद्दे, सुक्किले। अत्थि कुंथु अणूद्धरी नामं जा ठिया अचलमाणा छउमत्थाणं निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा नो चक्खुफासं हव्वमागच्छइ। जा छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं अभिक्खणं जाणियव्वा पडिलेहियव्वा भवइ। से तं पाणसुहुमे॥१॥ ॥२६६॥

(२६६) प्रश्न–पहला सूक्ष्म–प्राण-सूक्ष्म क्या है ?

उत्तर–प्राण-सूक्ष्म वे त्रस जीव हैं जो इतने सूक्ष्म होते हैं कि सामान्यतया आँखों से दिखाई नहीं देते। ये पाँच प्रकार के बताए गए हैं–१. काले रंग के, २. नीले रंग के, ३. लाल रंग के, ४. पीले रंग के, और ५. सफेद रंग के। कुन्थुआ नामक एक सूक्ष्म जीव है जो स्थिर रहने पर साधारण साधु-साध्वी को दिखाई नहीं पड़ता। जब वह हिलने-डुलने या चलने लगता है तब दिखाई देने लगता है। इस कारण साधु-साध्वियों को ऐसे जीवों के विषय में जानना चाहिये, उन्हें देखने का प्रयत्न करना चाहिए और निरीक्षण कर उनके विषय की जानकारी को आत्मसात करना चाहिए।

(266) **First micro-thing**—Micro beings are those living beings which are so small that they are ordinarily invisible to the human eye. These are said to be of five types—1. black, 2. blue, 3. red, 4. yellow, and 5. white in colour. Kunthua or Anuddhari is a micro being that is invisible to the naked eye of an ascetic when it is stationary or unmoving. It is visible only when it stirs or moves. As such, the ascetics should know about such beings. They should try to observe them and gather and understand all information about them.

से किं तं पणग-सुहुमे?

पणग-सुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–किण्हे, नीले, लोहिए, हालिद्दे, सुक्किले। अत्थि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पणग-सुहुमे तद्दव-समाण-वन्नए नामं पण्णत्ते; जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं पणग-सुहुमे॥२॥ ॥२६७॥

(२६७) दूसरा सूक्ष्म–पनक सूक्ष्म–यह लीलन, फूलन, फफूँद, आदि सूक्ष्म जीव हैं। ये भी पाँच प्रकार के होते हैं–काले, नीले, लाल, पीले और, सफेद। अनेक पनक सूक्ष्म होने के साथ ही जिस पदार्थ पर उगते हैं उसी के समान रंग के होते हैं–इसलिये सामान्यतया आँखों से दिखाई नहीं देते। अतः साधु-साध्वियों को इनके विषय में जानना, देखना, समझना चाहिये।

(267) **Second micro-thing**—These are fungal growth of different types on various grains and other things. These are live micro-organisms. These are also of five types—black, blue, red, yellow, and white in colour. Besides being minute many of these fungi are of the same colour as the grains over which they grow. That is why they are normally invisible. As such, ascetics should see, know, and understand these.

से किं तं बीय-सुहुमे?

बीय-सुहुमे पंचवण्णे पण्णत्ते; तं जहा–किण्हे जाव सुक्किले। अत्थि बीय-सुहुमे कण्णिया-समाण-वन्नए नामं पण्णत्ते; जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं बीय-सुहुमे॥३॥ ॥२६८॥

(२६८) तीसरा सूक्ष्म–बीज सूक्ष्म–धूल के कण से भी छोटे गेहूँ, चावल, मूँग आदि धान्य कणों के बीजों को जो सामान्यतया आँखों से दिखाई नहीं देते बीज सूक्ष्म कहते हैं। ये भी पाँच प्रकार के बताए हैं–काले से सफेद तक पूर्ववत्। साधु-साध्वियों को इनके विषय में बार-बार जानना, देखना, समझना चाहिए।

(268) **Third micro-thing**—The tiny seeds that are smaller even as compared with sand particles are called micro-seeds. These are normally invisible. They are also of five types—black, blue, etc. As such, ascetics should see, know and understand these.

से किं तं हरिय-सुहुमे?

हरिय-सुहमे पंचविहे पण्णत्ते; तं जहा–किण्हे जाव सुक्किले। अत्थि हरिय-सुहुमे पुढवी-समाण-वन्नए; जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं अभिक्खणं जाणियव्वे जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं हरिय-सुहुमे ॥४॥ ॥२६९॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२६९) चौथा सूक्ष्म–हरित सूक्ष्म–ये सूक्ष्म वनस्पतियाँ होती हैं जो अपने आस-पास की चीजों के रंग से मेल खाते रंग की होने के कारण सामान्यतया दिखाई नहीं देतीं। ये भी काले से सफेद तक पाँच प्रकार की होती हैं। साधु-साध्वियों को इनके विषय में बार-बार जानना-देखना-समझना चाहिए।

(269) **Fourth micro-thing—**The tiny vegetation that are camouflaged due to similarity of colour and texture with the surrounding vegetation and is difficult to see is known as micro-vegetation. These are also of the above mentioned five types. Ascetics should see, know and understand these.

से किं तं पुप्फ-सुहुमे?

पुप्फ-सुहुमे पंचविहे पन्नत्ते, तं जहा–किण्हे जाव सुक्किले। अत्थि पुप्फ-सुहुमे रुक्ख-समाण-वन्ने नाम पण्णत्ते, जे छउमत्थेण निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं अभिक्खणं जाणियव्वे जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं पुप्फ-सुहुमे ॥५॥ ॥२७०॥

(२७०) पाँचवा सूक्ष्म–पुष्प सूक्ष्म–ये सूक्ष्म फूल होते हैं जो अपने आस-पास की चीजों के रंग से मेल खाते हुए रंग के होने के कारण सामान्यतया दिखाई नहीं देते। ये भी काले से सफेद तक पाँच रंग के होते हैं। श्रमण-श्रमणियों को इनके विषय में बार-बार जानना-देखना-समझना चाहिए।

(270) **Fifth micro-thing—**The tiny flowers that are camouflaged due to similarity of colour and texture with the surroundings and are difficult to see are known as micro-flowers. They are also of said five types. Ascetics should see, know and understand these.

से किं तं अंड-सुहुमे?

अंड-सुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा–उद्दंसंडे, उक्कलियंडे, पिपीलियंडे, हलियंडे, हल्लोहलियंडे; जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं अंड-सुहुमे ॥६॥ ॥२७१॥

(२७१) छठा सूक्ष्म–अण्ड सूक्ष्म–ये छोटे जीवों के छोटे तथा ऐसे अण्डे होते हैं जो अपने आकार व रंग के कारण अपने परिवेश में घुले-मिले रहते हैं और सामान्यतया दिखाई नहीं पड़ते। ये पाँच प्रकार के कहे हैं–१. मधुमक्खी, खटमल आदि के अण्डे, २. मकड़ी के अण्डे,

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३. चींटियों के अण्डे, ४. छिपकली के अण्डे, और ५. गिरगिट के अण्डे। श्रमण-श्रमणियों को इनके विषय में बार-बार जानना-देखना-समझना चाहिए।

(271) **Sixth micro-thing**—The tiny eggs of mini and micro beings that are camouflaged due to their miniscule size and similarity of colour with the surroundings and are difficult to see are know as micro eggs. These are of five types—1. of honey-bee, bed-bug, and other such insects, 2. of various spiders, 3. of various ants, 4. of small reptiles like domestic lizard, 5. of larger reptiles like chameleon. Ascetics should see, know and understand these.

से किं तं लेण-सुहुमे?

लेण-सुहुमे पंचविहे पन्नत्ते, तं जहा—उत्तिंग-लेणे, भिंगु-लेणे, उज्जुए, तालमूलए, संबोकावट्टे नामं पंचमे, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं अभिक्खणं जाणियव्वे जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं लेण-सुहुमे॥ ७॥ ॥२७२॥

(२७२) **सातवाँ सूक्ष्म—लयन सूक्ष्म**—ये छोटे प्राणियों के ऐसे बिल, घरौंदे, या आवास होते हैं जो छोटे तथा गोपन होने के कारण अकस्मात् दिखाई नहीं पड़ते। ये पाँच प्रकार के होते हैं—१. चींटी आदि के मिट्टी के ढेर के समान बिल (भिंगु लेणे), २. पानी सूखने पर धरती की सतह पर दरारें पड़ जाती हैं उनमें बनाए हुए बिल, ३. सामान्य सीधे छेद की तरह बनाए बिल, ४. ताड़ के पेड़ के समान मुँह पर छोटे और भीतर चौड़े बिल, ४. शंख की आकृति के बिल। साधु-साध्वियों को इनके विषय में जानना-देखना-समझना चाहिए।

(272) **Seventh micro-thing**—The small holes, nests and other such abodes of small creatures that are hidden and cannot be seen at a glance are known as micro-dwellings. These are of five types—1. with appearance like a heap of sand (ants, etc.), 2. made within the fractures in the dried soil, 3. cylindrical shaped, 4. cone shaped with an opening at the smaller end. 5. conch like irregular shaped. Ascetics should see, know and understand these.

से किं तं सिणेह-सुहुमे?

सिणेह-सुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा—उस्सा हिमए महिया करए हरतणुए। जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवइ। से तं सिणेह-सुहुमे॥८॥ ॥२७३॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२७३) आठवाँ सूक्ष्म–स्नेह सूक्ष्म–यह सूक्ष्म वह गीलापन है जो सामान्यतया आँखों से दिखाई नहीं देता। यह भी पाँच प्रकार का कहा है–१. ओस, २. हिम, ३. कुहरा, ४. ओले, और ५. हरतनुक (पसीने की तरह भूमि के भीतर से निकलने वाली बूँद या सीलन)। साधु-साध्वियों को इनके विषय में जानना-देखना-समझना चाहिए।

(273) **Eighth micro-thing—**The wetness that can not be observed with naked eye is known as micro-moisture. This is also of five types—1. dew, 2. snow, 3. fog or mist, 4. hail stones, 5. moisture oozing from walls and floors. Ascetics should see, know and understand these.

आज्ञा–अनुमति

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु इच्छिज्जा गाहावइ-कुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा उवज्झायं वा थेरं वा पवत्तिं वा गणिं वा गणहरं वा गणावच्छेययं वा, जं वा पुरओ काउं विहरइ। कप्पइ से आपुच्छिउं आयरियं जाव जं वा पुरओ काउं विहरइ–इच्छामि णं भंते! तब्भेहिं अब्भुणुण्णाए समाणे गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

ते य से वियरेज्जा, एवं से कप्पइ गाहावइ-कुलं भत्ताए वा जाव पविसित्तए वा।

ते य से नो वियरेज्जा, एवं से नो कप्पइ गाहावइ-कुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा।

से किमाहु भंते? आयरिया पच्चवायं जाणंति॥२७४॥

(२७४) वर्षावास में रहे साधु-साध्वियों को आहार-पानी के लिए गृहस्थ कुलों की ओर जाने की इच्छा हो तो आचार्य, उपाध्याय, स्थविर, प्रवर्त्तक, गणि, गणमुख्य, गणावच्छेदक अथवा अन्य गुरुजन, जिनकी आज्ञा में वे चल रहे हों, उनसे आज्ञा, अनुमति लेकर जाना ही कल्पता है अन्यथा नहीं।

साधु गुरुजन से इस प्रकार पूछे, "हे भन्ते! आपकी आज्ञा मिले तो मैं आहार-पानी के लिए गृहस्थों के घरों की ओर जाने की इच्छा रखता हूँ।" इस पर यदि वे गुरुजन आज्ञा दें तो जाना-आना कल्पता है, अन्यथा नहीं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इसका कारण यह है कि आचार्यादि गुरुजन बाहर आने-जाने में विघ्नादि (प्रत्यवाय) एवं उनके निवारण के उपाय के जानकार होते हैं।

Seeking Permission

(274) When they want to go to residential areas of citizens to collect eatables, the ascetics in monsoon-stay should seek permission of their leader, be it an Acharya, Upadhyaya, Sthavir, Pravartak, Gani, Ganamukhya, Ganavachchedak, or any other senior ascetic. It is not allowed to go for alms without permission. The ascetics who want to go for alms should say, "Sire! I want to go out for alms if you permit me." If the senior ascetic gives permission, he may go out otherwise not. This is because senior ascetics like Acharya, etc. have the knowledge of the possible hurdles while wandering out, and the means to overcome.

एवं विहारभूमिं वा, वियारभूमिं वा, अन्नं वा जं किं चि पओयणं एवं गामाणुगामं दुइज्जित्तए॥२७५॥

(२७५) इसी प्रकार विहार-स्थान, विचार-स्थान (स्थंडिल भूमि), स्थान परिवर्तन, यात्रा तथा अन्य प्रत्येक प्रयोजन के लिये उपरोक्त विधि से गुरुजनों की अनुमति प्राप्त करनी चाहिए।

(275) The ascetics should seek permission in the same manner when they want to go out for any other purpose viz. to study, to ease one self, to shift to another place of stay, etc.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु य इच्छिज्जा अन्नयरिं विगइं आहारित्तए नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेययं वा, जं वा पुरओ काउं विहरइ। कप्पइ से आपुच्छित्ता णं तं चेव–इच्छामि णं भंते! तुब्भेहिं अब्भणुन्नाए समाणे अन्नयरिं विगइं आहारित्तए, तं एवइयं वा एवं तिक्खुत्तो वा, ते य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ अन्नयरिं विगइं आहारित्तए। ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पइ अन्नयरिं विगइं आहारित्तए। से किमाहु भंते? आयरिया पच्चवायं जाणंति॥२७६॥

(२७६) साधु यदि किसी प्रकार की एक विगय सामान्य रूप में (निषिद्ध भोजन सामग्री) लेना चाहे तो आचार्यादि गुरुजन से पूछे, "हे भन्ते! आपकी आज्ञा मिले तो मैं कोई भी एक विगय को इतने प्रमाण में इतनी बार ग्रहण करना चाहता हूँ।" इस पर यदि स्वीकृति मिल जाए

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तो उस साधु को एक विगय उतनी ही मात्रा में लेना और खाना कल्पता है, अन्यथा नहीं। इसका कारण यह है कि आचार्यादि गुरुजन तत्संबंधी हानि-लाभ के जानकार होते हैं।

(276) If an asceitc desires to eat any specific prohibited item of food he should ask his senior, "Sire! if you permit me I would like to eat any one of the prohibited things in a specific quantity and frequency." If he gets permission he can eat one prohibited thing in permitted quantity and number of times. If he does not get permission he is not allowed to eat that or any other prohibited thing. This is because the seniors are aware of the good and bad consequences in this regard.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु य इच्छिज्जा अन्नयरियं तेइच्छं आउट्टित्तए तं चेव सव्वं ॥२७७॥

(२७७) साधु-साध्वी रुग्ण होने पर जब किसी भी प्रकार की चिकित्सा करवाने की इच्छा रखता हो तो उसे उपर्युक्त विधि से गुरुजनों की आज्ञा लेनी चाहिए।

(277) When sick and needing treatment, ascetics should seek permission of the seniors in the manner detailed above before taking any treatment.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु य इच्छिज्जा अन्नयरं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ताणं विहरित्तए, तं चेव सव्वं ॥२७८॥

(२७८) साधु-साध्वी जब किसी प्रकार का तप स्वीकार करना चाहे तो उसे उपर्युक्त विधि से गुरुजनों की आज्ञा लेना चाहिए।

(278) Ascetics should also seek permission from the seniors in the above mentioned manner before commencing any penance or other religious practics.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु य इच्छिज्जा अपच्छिम-मारणंतिय-संलेहणा-जूसणा-झूसिए भत्त-पाण-पडिआइक्खिए पाओवगए कालं अणवकंखमाणं विहरित्तए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए वा, उच्चार-पासवणं वा परिट्ठावित्तए, सज्झायं वा करित्तए, धम्म-जागरणं वा जागरित्तए नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता तं चेव ॥२७९॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२७९) साधु-साध्वी जब मृत्यु की आकांक्षा रखे बिना अन्तिम मारणांतिक संलेखना (समाधिमरण) द्वारा शरीर को त्यागने की इच्छा से आहार-पानी त्यागकर पेड़ की तरह (पादपोपगम) निश्चल होकर रहना चाहे, इस हेतु कहीं आना-जाना चाहे, या उससे पहले आहार-पानी की इच्छा करे या मल-मूत्रादि का त्याग करना चाहे या स्वाध्याय करना चाहे या धार्मिक जागरणा करना चाहे तो उसे ये सभी काम पूर्वोक्त विधि से आचार्यादि गुरुजनों की आज्ञा लेकर करना ही कल्पता है, अन्यथा नहीं।

(279) When an ascetic wants to abandon food and drink, and become as immobile as a tree, in order to observe the Samlekhana-vow (fasting till death) without a death-wish, he must seek permission from the seniors in the manner detailed above. If for this purpose he wants to move out, wants to have food or water before the vow, wants to go out for defecation, wants to read or ponder, wants to keep awake during night for contemplation or other religious activities, he should seek permission from the seniors. Without permission it is not allowed to indulge in any of these activities.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु य इच्छिज्जा वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणं वा, अन्नयरिं वा उवहिं आयावित्तए वा पयावित्तए वा, नो से कप्पइ एगं वा अणेगं वा अपडिण्णवित्ता गाहावइ-कुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा। असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए, बहिया विहारभूमिं वा वियारभूमिं वा, सज्झायं वा करित्तए, काउसग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए। अत्थि य इत्थ केइं अभिसमण्णागएज्ज अहासन्निहिए एगे वा अणेगे वा, कप्पइ से एवं वदित्तए--इमं ता अज्जो! तुमं मुहुत्तगं जाणाहि जाव ताव अहं गाहावइ-कुलं जाव काउसग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए। से य से पडिसुणिज्जा, एवं से कप्पइ, गाहावइ-कुलं तं चेव (सव्वं भाणियव्वं), से य से नो पडिसुणिज्जा, एवं से नो कप्पइ गाहावइ-कुलं जाव काउसग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए॥२८०॥

(२८०) साधु-साध्वी को अपने कोई वस्त्र, पात्र, कम्बल, पाद-पोंछन या अन्य कोई उपाधि को धूप में एक या अनेक बार तपाना हो, और उस काम के बीच ही आहार-पानी के लिए जाना हो, स्वाध्याय या कायोत्सर्ग या ध्यान करना हो तो साथ रहे एक या अधिक साधुओं से कहे, "हे आर्यो! आप यदि कुछ समय तक इन वस्तुओं पर ध्यान रखें तो मैं स्वाध्यायादि कर

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लूँ अथवा गोचरी ले आऊँ या आहार कर लूँ आदि।'' यदि वे इस प्रार्थना को स्वीकार कर लें तो उसे वे उक्त सब काम करना कल्पता है, यदि वे स्वीकार नहीं करें तो वहाँ से जाना नहीं कल्पता है।

(280) When an ascetic wants to dry his cloths, alms-pots, blankets, napkins or any other such belongings by putting them in sun, once or many a time, and in between he wants to take leave for collecting alms, eating food, going out to defecate, study, do penance, or meditation, he should request to one or more of his fellow ascetics, "Brethern, if you will kindly keep an eye on these belongings of mine, I may do this specific work (mentioning the desired work)." If the fellow ascetics accept the request he may proceed for the specific work otherwise not.

अन्य नियम

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अणभिग्गहि सेज्जासणियं होत्तए। आयाणमेयं। अणभिग्गहिय-सेज्जासणियस्स अणुच्चाकुइयस्स अणट्ठाबंधिस्स अभियासणियस्स अणातावियस्स असमियस्स अभिक्खणं अभिक्खणं अप्पडिलेहणा-सीलस्स अप्पमज्जणा-सीलस्स तहा तहा णं संजमे दुराराहए भवइ। अणायाणमेयं अभिग्गहिय-सेज्जासणियस्स उच्चाकुवियस्स अट्ठाबंधिस्स मियासणियस्स आयाविस्स समियस्स अभिक्खणं अभिक्खणं पडिलेहणा-सीलस्स पमज्जणा-सीलस्स तहा तहा णं संजमे सुआराहए भवइ॥२८१॥

(२८१) साधु-साध्वियों को शय्या और आसन अपने अवग्रह–अधिकार में लेकर उनकी उचित देख-रेख किये बिना उपयोग में लाना नहीं कल्पता। शय्या और आसन को स्वीकार न करना; जमीन से ऊँचा नहीं रखना, स्थिर नहीं रखना, अकारण बार-बार बाँधना-खोलना, बिना सही नाप के ले रखना, समय-समय पर धूप नहीं दिखाना, निरीक्षण नहीं करना और साफ नहीं करना–ये सब काम दोषपूर्ण (आदान-कर्मबन्ध के कारण) हैं और इनसे संयम-नियम का पालन कठिन हो जाता है।

इनके विपरीत शय्यादि को अपने अवग्रह अधिकार में रखना आदि सावधानियों को निभाना निर्दोष है और उससे संयम नियम का पालन/आराधन सुगम होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Other Rules

(281) The ascetics are not allowed to use the mattress and seat-spread given to their care without proper upkeep. Proper upkeep includes—to keep these in ones own possession, to place them at a height when not in use, to keep them in orderly manner, not to pack or unpack them again and again, to accept them only after proper measurement, to put them in sun from time to time, to check them and clean regularly. If proper care is taken it is helpful in observing discipline and following rules. If not, it is detrimental to the observation of rules and discipline.

वासावासं पज्जोसवियाणं निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तओ उच्चार-पासवण-भूमीओ पडिलेहित्तए, न तहा हेमंत-गिम्हासु, जहा णं वासावासेसु। से किमाहु भंते? वासावासएसु णं ओसन्नं पाणा य तणा य बीया य पणगा य, हरियायणा य भवंति॥२८२॥

(२८२) साधु-साध्वियों को तीन उच्छिष्ट (थूक, लघुशंका, शौच) त्यागने के लिए उचित स्थानों का निरीक्षण कर चुनना चाहिए। सर्दी और गर्मी में जितनी सावधानी की आवश्यकता नहीं होती उतनी सावधानी बरसात में करनी चाहिए। क्योंकि वर्षाकाल में पूर्व लिखित सूक्ष्म जीव व्यापक रूप से और बार-बार उत्पन्न होते हैं।

(282) The ascetics should inspect and select a suitable place for the three acts of releasing body waste (throwing phlegm or spit, urination, and defecation). More care should be taken during the monsoon season as compared to summer and winter. Because during the monsoons there is an abundance of micro-organisms detailed earlier and the atmosphere is conducive to their creation and growth.

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तओ मत्तगाइ गिण्हित्तए। तं जहा–उच्चार-मत्तए, पासवण-मत्तए, खेल-मत्तए॥२८३॥

(२८३) साधु-साध्वियों को थूकने, लघुशंका–मूत्र त्यागने, और शौच–मल त्यागने के लिए तीन प्रकार के पात्रों को लेना, रखना कल्पता है।

(283) The ascetics are allowed to take and keep three different types of pots for spitting, urinating and defecating.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा परं पज्जोसवणाओ गो-लोम-पमाणमित्ते वि केसे तं रयणिं उवायणावित्तए॥२८४॥

(२८४) साधु-साध्वियों को पर्युषण अर्थात् आषाढ़ी चातुर्मास के पचासवें दिन की रात्रि के बाद शरीर (मस्तक) पर केश नहीं रहने देना चाहिए। गाय के रोम जितने केश हों तो भी उन्हें नहीं रहने देना चाहिए। इस तिथि से पहले ही मुण्डन, लोच कर लेना चाहिए।

(284) During the Paryushan or after the fiftieth day since the end of the Ashadhi Chaturmas (the four months of summer) the ascetics should ensure that there is no hair on their bodies. Even if the hair are as small as the hair on a cows body, they should be removed. They should pluck or shave the hair before this date.

उपशमनकल्प

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाणं वा निग्गंथीण वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वदित्तए, जो णं निग्गंथो वा निग्गंथी वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वयइ, से णं अकप्पेणं अज्जो वयसीति वत्तव्वे सिया। जो णं निग्गंथो वा निग्गंथी वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वयइ, से णं निज्जूहियव्वे सिया॥२८५॥

(२८५) साधु-साध्वियों को पर्युषण के बाद अधिकरण (हिंसा, कलह, असत्य आदि से युक्त) वाणी बोलना नहीं कल्पता। जो साधु-साध्वी इस प्रकार की असंयत वाणी बोलता है उससे कहना चाहिए, "हे आर्य! इस प्रकार की वाणी बोलना आचार-विरुद्ध है अतः आपका कथन उचित नहीं है, अकल्प्य है।" जो साधु-साध्वी पर्युषण के बाद दोषपूर्ण वाणी बोलता है वह अपने गण या समूह से निकाल देने योग्य होता है।

Self-discipline

(285) The ascetics should avoid indisciplined language during the monsoon stay, this includes violent, harsh, false, and other offending tones and insinuations. If some ascetic is found to use such a language he should be told, "Arya! This type of language is against the codes of conduct, you are violating the rule. It is not allowed." The ascetic who uses such faulty language during the monsoon stay is subject to removal from his group.

वासावासं पज्जोसवियाणं इह खलु निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अज्जेवं कक्खडे कडुए वुग्गहे समुपज्जिज्जा सेहे राइणियं खामिज्जा, राइणिए वि सेहं खामिज्जा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खामियव्वं खमावियव्वं, उवसमियव्वं उवसमावियव्वं, सम्मइ-संपुच्छणा-बहुलेणं होयव्वं। जो उवसमइ तस्स अत्थि आराहणा; जो न उवसमइ, तस्स नत्थि आराहणा। तम्हा अप्पणा चेव उवसमियव्वं। से किमाहु भंते? उवसमसारं खु सामण्णं॥२८६॥

(२८६) साधु-साध्वियों में परस्पर कोई भी कर्कश व कटु-क्लेश की भावना मन में उठी हो तो संवत्सरी के दिन लघुसाधु-साध्वियों को पूज्य गुरुजनों से क्षमा-याचना कर लेनी चाहिए। गुरुजनों को भी छोटे श्रमणों से क्षमा-याचना कर लेनी चाहिए। क्षमा-याचना करना, क्षमा प्रदान करना, शान्ति रखना और शान्ति के लिए प्रेरित करना चाहिए। साधु-साध्वियों को सन्मति रखकर विनयपूर्वक शास्त्र-सूत्र आदि के संबंध में परस्पर प्रश्न करने का अभ्यास रखना चाहिए। जो उपशम अथवा शान्ति धारण करता है उसकी आराधना होती है। जो कषाय भावों का त्याग नहीं करता उसकी आराधना नहीं होती। अतः अपने आप ही कषाय भावों का त्यागकर शान्ति धारण करनी चाहिए। क्योंकि श्रमण धर्म का सार ही क्षमा है।

(286) If there is any offending or hard or ill feeling in the mind of an ascetic he should on the day of Samvatsari seek forgiveness from his seniors. The seniors should also seek forgiveness from the juniors. Forgiveness should be sought and offered, peace should be kept and promoted. The ascetics should indulge in discussions about texts and aphorisms with mutual goodwill and humility. Those who keep discipline and are tranquil are successful in their practices. Those who do not give up passions do not succeed in their practices. As such, one should get rid of passions and become serene; because to forgive is the essence of Shraman Dharma.

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीणं वा तओ उवस्सया गिण्हित्तए तं जहा—वेउव्विया पडिलेहा साइज्जिया पमज्जणा॥२८७॥

(२८७) साधु-साध्वियों को वर्षावास में तीन उपाश्रय ग्रहण करना कल्पता है। इनमें से दो उपाश्रयों का समय-समय पर निरीक्षण-परीक्षण करते रहना चाहिए और तीसरा, जो उपयोग में आ रहा हो, उसकी बार-बार देखभाल करते रहना चाहिए।

(287) The ascetics should accept three different places of stay (Upashraya) during the monsoon stay. Out of these, two should be inspected and examined from time to time and the third, the one in use, should be regularly looked after.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अन्नयरिं दिसं वा अणुदिसं वा अवगिज्झिय भत्तपाणं गवेसित्तए। से किमाहु भंते? ओसन्नं समणा भगवंतो वासासु तप-संपउत्ता भवंति। तवस्सी दुब्बले किलंते मुच्छिज्ज वा पवडिज्ज वा तामेव दिसं वा अणुदिसं वा समणा भगवंतो पडिजागरंति॥२८८॥

(२८८) साधु-साध्वियों को किसी एक दिशा या विदिशा की ओर पहले से लक्ष्य करके गुरुजनों की आज्ञा लेकर आहार-पानी के लिए जाना कल्पता है। इसका कारण यह है कि वर्षावास में साधु-साध्वी विशेष रूप से तपस्या में लगे रहते हैं। तपस्वी का शरीर दुर्बल तथा थका हुआ होता है। वे आहार-पानी के लिए जाते समय राह में गिर सकते हैं, बेहोश हो सकते हैं। ऐसा कुछ हो जाय और उनके जाने की दिशा पहले से ज्ञात हो तो अन्य साधुगण उनकी खोज-खबर ले सकते हैं।

(288) The Ascetics should predetermine the direction in which to go to collect alms and proceed after taking permission from the elders. This is because during the monsoon stay the ascetics indulge in penances more often and they get weak and tired. While going out to collect alms they may fall down or become unconscious on the way. In such cases if the direction in which they have gone is known, other ascetics may proceed to help them.

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीणं वा चत्तारि पंच जोयणाइं गंतुं पडियत्तए। अंतरा वि से कप्पइ वत्थवए; नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवायणावित्तए॥२८९॥

(२८९) साधु-साध्वियों को बीमार की सेवा या औषधि आदि के लिये अधिकतम चार-पाँच योजन (50-60 किमी.) तक जाकर वापस आना कल्पता है। इसी सीमा में आवश्यक होने पर वहाँ ठहरना भी कल्पता है। परन्तु सेवा कार्य पूरा हो जाने पर एक रात भी वहाँ बिताना नहीं कल्पता।

(289) For the purpose of nursing an ailing ascetic or to get the required medicine the ascetics are allowed to go to a maximum distance of 4 to 5 Yojanas (approx 50 to 60 kms.) and return. If need be they can stay overnight upto this distance. However, they are not allowed to extend the stay, even for a night, once the work is concluded.

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपसंहार

इच्चेयं संवच्छरियं थेरकप्पं अहासुत्तं अहाकप्पं अहामग्गं अहातच्चं सम्मं काएण फासित्ता पालित्ता सोभित्ता तीरित्ता किट्टित्ता आराहित्ता आणाए अणुपालित्ता अत्थेगइया समणा निग्गंथा तेणेव भवग्गहणेणं सिज्झंति, बुज्झंति, मुच्चंति, परिनिव्वायंति, सव्वदुक्खाणमंतं करेंति। अत्थेगइया दोच्चेणं भवग्गहणेणं सिज्झंति जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेंति। अत्थेगइया तच्चेणं भवग्गहणेणं जाव अंतं करेंति; सत्तट्ठ-भवग्गहणाइं पुण नावक्कमंति॥२९०॥

(२९०) इस तरह से साम्वत्सरिक स्थविरकल्प के सूत्र, आचार-शास्त्र के नियम और धर्म मार्ग के अनुसार प्राप्त उपदेश को भली प्रकार से मन, वचन, काया से आचरण कर, पालन कर, शुद्ध कर या शोभित हो इस तरह से जीवन भर पालन कर, दूसरों के सामने प्रतिपादन कर, पूर्ण रूप से आराधना कर और भगवान की आज्ञा के अनुसार चलकर कितने ही श्रमण उसी भव में सिद्ध-बुद्ध-मुक्त हो, परिनिर्वाण को प्राप्त कर, सभी दुःखों का अन्त करते हैं। कितने ही दूसरे भव में, कितने ही तीसरे भव में सिद्ध होते हैं और कितने ही अधिक से अधिक सात या आठ भवों में सिद्ध हो जाते हैं।

Conclusion

(290) These rules of the Sthavirkalpa (the code of conduct for the ascetics) and the Canons relating to conduct, and discourses conforming to the spiritual path, if followed and acted upon with mind, speech and body throughout the life by an ascetic help his endeavour for liberation. After perfecting them fully, and by following the tenets of the Jina many ascetics during this life, many after one, two or at the most eight reincarnations end all their sorrows and get liberated.

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे रायगिहे नयरे गुणसिलए चेइए बहूणं समणाणं बहूणं समणीणं बहुणं सावयाणं बहुणं सावियाणं बहूणं देवाणं बहूणं देवीणं मज्झगए चेव एवमाइक्खइ, एवं भासइ, एवं पण्णवेइ एवं परूवेइ पज्जोवासणाकप्पो नामऽज्झयणं सअट्ठं सहेउयं सकारणं ससुत्तं सअत्थं सउभय सवागरणं भुज्जो भुज्जो उवदंसेइ; त्ति बेमि॥२९१॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(२९१) उस काल उस समय में राजगृह नगर के गुणशीलक नाम के चैत्य में बहुत से श्रमण-श्रमणियों, श्रावक-श्राविकाओं और देव-देवियों के बीच बैठे श्रमण भगवान महावीर इस प्रकार बोलते हैं, प्रतिपादन करते हैं, और प्ररूपण करते हैं। वे पज्जोसवणाकल्प (पर्युपशमन या क्षमा प्रधान कल्प) नामक अध्ययन को अर्थ, हेतु कारण व सूत्रार्थ सहित और विवेचनापूर्वक बार-बार वर्णन करते हैं–ऐसा मैं कहता हूँ।

(291) During that period of time Shraman Bahagvan Mahavir, sitting in the assembly of numerous ascetics, common people, and gods and goddesses, thus spoke, propagated and established. He repeated the Pajjosavankalpa Chapter with its import, its mode of observation, its proper rationale, its causes, its text and meaning alongwith elaborations and explanations. So I state.

卐 पज्जोवासणा-कप्पो समत्तो 卐

卐 अट्ठमऽज्झयणं समत्तं 卐

卐 पर्युषणाकल्प समाप्त 卐

दशाश्रुतस्कंध सूत्र का आठवाँ अध्ययन समाप्त हुआ।

Thus ends the Paryushankalpa

Thus ends the eighth chapter of Dashashrutskandha

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट
(Appendix)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट १

तीर्थंकरों के पंच कल्याणक

तीर्थंकर की आत्मा संसार में परम विशिष्ट लोकोत्तम आत्मा होती है। उनका जन्म केवल स्वयं के कल्याण हेतु नहीं, किन्तु सम्पूर्ण विश्व के कल्याण का कारण होता है, इसलिए तीर्थंकर देव का जन्म 'जन्म कल्याणक' कहलाता है। इसी प्रकार उनका गृह-त्याग कर प्रव्रजित होना, केवलज्ञान प्राप्त करना और संसार से मुक्त होकर निर्वाण प्राप्त करना भी 'कल्याणक' (कल्याणकारी) कहा जाता है।

जैन सूत्रों में सभी तीर्थंकरों के पंच कल्याणक का उल्लेख मिलता है :

१. च्यवन कल्याणक–मनुष्य जन्म धारण करने हेतु स्वर्ग (आदि) से आत्मा का प्रस्थान 'च्यवन कल्याणक' कहलाता है। इसी समय उनकी माता चौदह शुभ स्वप्न देखती हैं। त्रिशला क्षत्रियाणी के गर्भ-प्रत्यारोपण की घटना का सम्बन्ध सिर्फ भगवान महावीर के जीवन से ही है।

२. जन्म कल्याणक–माता के गर्भ से जन्म ग्रहण करना। जन्म के समय छप्पन दिशाकुमारियाँ आकर सूतिका कर्म करती हैं। सौधर्मेन्द्र अपनी देह के पाँच रूप बनाकर तीर्थंकर शिशु को मेरु पर्वत पर ले जाकर उनका जन्म अभिषेक जन्मोत्सव मनाते हैं।

३. दीक्षा कल्याणक–तीर्थंकर जब गृह त्याग कर दीक्षा ग्रहण करते हैं तब देव मनुष्य सभी उत्सव के रूप में उनकी विशाल शोभा यात्रा निकालते हैं। और फिर तीर्थंकर भगवान सर्व आभूषण आदि सांसारिक वस्तुओं का परित्याग कर स्वयं के हाथ से अपने केशों का लुंचन (पंचमुष्टि लोच) करते हैं।

४. केवलज्ञान कल्याणक–तप-ध्यान संयम की उत्कृष्ट साधना द्वारा चार घातिया कर्म का क्षय करके लोकालोक प्रकाशी निराबाध केवलज्ञान, केवलदर्शन की प्राप्ति होने पर देव, देवेन्द्र, मानव सभी भगवान के दर्शन करने आते हैं। समवसरण की रचना कर भगवान का केवल महोत्सव मनाया जाता है।

५. निर्वाण कल्याणक–समस्त कर्मों का नाश कर तीर्थंकर देव देह-मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। तब वह देह विसर्जन 'निर्वाण कल्याणक' के रूप में मनाया जाता है। (देखो चित्र)

APPENDIX 1

THE FIVE AUSPICIOUS EVENTS IN THE LIFE OF THE TIRTHANKAR

A Tirthankar is a highly elevated and supremely perfect soul. His life is not only for purification and elevation of his own soul, but also the source of inspiration for development and consequent welfare of humanity. As such, the birth of a Tirthankar is termed as 'Janma Kalyanak' or the auspicious birth. Same is true for other such important events in his life including renunciation and liberation.

In the Jain scriptures there is mention of five such auspicious events in the life of every Tirthankar:

1. Chyavan Kalyanak (the auspicious descent)—To take birth as a human being, the soul descends from various dimensions of gods. This event is known as the auspicious descent. At this moment of descent the conceiving mother dreams of fourteen auspicious things. The incident of transplanting of foetus in the womb of Trishla Kshatriyani is an incident unique to Bhagavan Mahavir's life.

2. Janma Kalyanak (the auspicious birth)—This is the event of taking birth. After the birth fifty six goddesses of directions arrive and do the post birth cleaning and other rituals. The king of gods creates his five look-alike bodies and takes the new born Tirthankar to the Meru Mountain for the ritual celebrations of post birth annointing.

3. Diksha Kalyanak (the auspicious renunciation)—When a Tirthankar renounces his mundane abode and life-style and proceeds to accept Diksha (initiation into the ascetic way of life), gods and humans assemble and take out a procession heading toward the spot of initiation. After arriving there the Tirthankar gives away all his possessions including ornaments and apparels, and pulls out five fistful of hair with his own hands.

4. Kewalajnana Kalyanak (the auspicious omniscience)—Destroying the four vitiating karmas with the help of his superlative practices of discipline, penance, and meditation, the Tirthankar acquires the all enlightening and unhindered knowledge and perception and becomes an omniscient. At this time gods and humans come to behold him and be blessed. The gods create a divine pavilion (Samavasaran) and celebrate the event.

5. Nirvana Kalyanak (the auspicious liberation)—Destroying all the karmas the Tirthankar leaves his mundane body and gets liberated. This event of the disintegration of the physical body is celebrated as the Nirvana Kalyanak or the auspicious liberation. (Illustrations overleaf).

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट २ APPENDIX 2

तीर्थंकर परिचय
DETAILS ABOUT TIRTHANKARS

संख्या No.	नाम Name	लांछन Symbcl	वंश नाम Family Name	पिता Father	माता Mother
1.	ऋषभदेव Rishabhdev	वृषभ Bull	इक्ष्वाकु Ikshvaku	नाभि Nabhi	मरुदेवी Marudevi
2.	अजितनाथ Ajitnath	गज Elephant	इक्ष्वाकु Ikshvaku	जितशत्रु Jitshatru	विजया Vijaya
3.	संभवनाथ Sambhavnath	अश्व Horse	इक्ष्वाकु Ikshvaku	जितारि Jitari	सेना Sena
4.	अभिनन्दन Abhinandan	बंदर Monkey	इक्ष्वाकु Ikshvaku	संवर Samvar	सिद्धार्था Siddhartha
5.	सुमतिनाथ Sumatinath	क्रौंच-पक्षी Kraunch-bird	इक्ष्वाकु Ikshvaku	मेघरथ Meghrath	सुमंगला Sumangala
6.	पद्मप्रभ Padmaprabh	पद्म Lotus	इक्ष्वाकु Ikshvaku	श्रीधर Shridhar	सुसीमा Susima
7.	सुपार्श्वनाथ Suparshvanath	स्वस्तिक Swastika	इक्ष्वाकु Ikshvaku	प्रतिष्ठ Pratishtha	पृथ्वी Prithvi
8.	चन्द्रप्रभ Chandraprabh	चन्द्र The Moon	इक्ष्वाकु Ikshvaku	महसेन Mahasen	लक्ष्मणा Laxmana
9.	सुविधिनाथ Suvidhinath	मकर Crocodile	इक्ष्वाकु Ikshvaku	सुग्रीव Sugriv	रामा Rama
10.	शीतलनाथ Shitalnath	श्रीवत्स Shrivatsa	इक्ष्वाकु Ikshvaku	दृढ़रथ Dridhrath	नंदा Nanda
11.	श्रेयांसनाथ Shreyansanath	गेंडा Rhinocerous	इक्ष्वाकु Ikshvaku	विष्णु Vishnu	विष्णु Vishnu

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

12.	वासुपूज्य Vasupujya	महिष Buffalo	इक्ष्वाकु Ikshvaku	वासुपूज्य Vasupujya	जया Jaya
13.	विमलनाथ Vimalnath	शूकर Boar	इक्ष्वाकु Ikshvaku	कृतवर्म Kritvarm	स्यामा Syama
14.	अनन्तनाथ Anantnath	बाजपक्षी Falcon	इक्ष्वाकु Ikshvaku	सिंहसेन Simhasen	सुयशा Suyasha
15.	धर्मनाथ Dharmnath	वज्र Vajra	इक्ष्वाकु Ikshvaku	भानु Bhanu	सुव्रता Suvrata
16.	शान्तिनाथ Shantinath	मृग Deer	इक्ष्वाकु Ikshvaku	विश्वसेन Vishvasen	अचिरा Achira
17.	कुन्थुनाथ Kunthunath	बकरा Goat	इक्ष्वाकु Ikshvaku	सूर Sur	श्री Shri
18.	अरनाथ Arnath	नन्दावर्त Nandavart	इक्ष्वाकु Ikshvaku	सुदर्शन Sudarshan	देवी Devi
19.	मल्लिनाथ Mallinath	कुम्भ Urn	इक्ष्वाकु Ikshvaku	कुम्भ Kumbh	प्रभावती Prabhavati
20.	मुनिसुव्रत Munisuvrat	कछुवा Turtle	हरिवंश Harivamsh	सुमित्र Sumitra	पद्मावती Padmavati
21.	नमिनाथ Naminath	नील कमल Blue Lotus	इक्ष्वाकु Ikshvaku	विजय Vijaya	वप्रा Vapra
22.	अरिष्टनेमि Arishtanemi	शंख Conchshell	हरिवंश Harivamsh	समुद्रविजय Samudravijaya	शिवादेवी Shivadevi
23.	पार्श्वनाथ Parshvanath	सर्प Snake	इक्ष्वाकु Ikshvaku	अश्वसेन Ashvasen	वामादेवी Vamadevi
24.	महावीर Mahavir	सिंह Lion	इक्ष्वाकु Ikshvaku	सिद्धार्थ Siddhartha	त्रिशला Trishala

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संख्या No.	च्यवन स्थान Source of Descent	च्यवन तिथि Date of Descent	जन्म भूमि Place of Birth	जन्म तिथि Date of Birth	दीक्षा तिथि Date of Renunciation	ज्ञान स्थान Place of Enlightenment	ज्ञान तिथि Date of Enlightenment
1.	सर्वार्थसिद्ध Sarvarthasiddha	4—II—4	विनीता Vinita	1—II—8	1—II—8	पुरिमताल Purimtal	12—II—11
2.	विजय Vijaya	2—I—13	विनीता Vinita	11—I—8	11—II—9	अयोध्या Ayodhya	10—II—11
3.	सप्तम ग्रैवेयक Seventh Graiveyak	12—I—8	सावत्थी Savathi	9—I—14	9—I—15	सावत्थी Savathi	8—II—5
4.	जयंत Jayant	2—I—4	विनीता Vinita	11—I—2	11—I—2	अयोध्या Ayodhya	10—II—14
5.	जयंत Jayant	5—I—2	विनीता Vinita	2—I—8	2—I—9	अयोध्या Ayodhya	1—II—11
6.	नवम ग्रैवेयक Ninth Graiveyak	11—II—8	कौशांबी Kaushambi	8—II—12	8—II—13	कौशांबी Kaushambi	1—I—15
7.	षष्ठ ग्रैवेयक Sixth Graiveyak	6—II—8	वाराणसी Varanasi	3—I—12	3—I—13	वाराणसी Varanasi	12—II—6
8.	वैजयन्त Vaijayant	1—II—5	चन्द्रपुरी Chandrapuri	10—II—12	10—II—13	चन्द्रपुरी Chandrapuri	12—II—7
9.	आनत Anat	12—II—9	काकंदी Kakandi	9—II—5	9—II—6	काकंदी Kakandi	8—I—3
10.	प्राणत Pranat	2—II—6	भद्दिलपुर Bhaddilpur	11—II—12	11—II—12	भद्दिलपुर Bhaddilpur	10—II—14
11.	अच्युत Achyut	3—II—6	सिंहपुरी Simhapuri	12—II—12	12—II—13	सिंहपुरी Simhapuri	11—II—15
12.	प्राणत Pranat	3—I—9	चम्पापुरी Champapuri	12—II—14	12—I—14	चम्पापुरी Champapuri	11—I—2

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

13.	सहस्रार Sahasrar	2—I—12	कम्पिलपुर Kampilpur	11—I—3	11—I—4	कम्पिलपुर Kampilpur	10—I—6
14.	प्राणत Pranat	5—II—7	विनीता Vinita	2—II—13	2—II—14	अयोध्या Ayodhya	2—II—14
15.	विजय Vijaya	2—I—7	रत्नपुरी Ratnapuri	11—I—3	11—I—13	रत्नपुरी Ratnapuri	10—I—15
16.	सर्वार्थसिद्ध Sarvarthasiddha	6—II—7	हस्तिनापुर Hastinapur	3—II—13	3—II—14	हस्तिनापुर Hastinapur	10—I—9
